सूर्योदय 5:36 सूर्यास्त 6:59

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 12.1 न्यू | 21.2 अधि |
| धर्मशाला | 13.2 न्यू | 28 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 80,641 |
| निफ्टी | 24,379 |
| सोना | 98,450 |
| चांदी | 99,535 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान




खुश रहने के लिए छोड़ी कप्तानी : कोहली

पृष्ठ 14 पर

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | बुधवार, 7 मई 2025 | 25 बैशाख, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 2, अंक 128, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

## आज का मैच

चेन्नई सुपर किंग्स vs कोलकाता नाइट राइडर्स

समय: रात 7:30 बजे (कोलकाता)

## न्यूज शॉर्ट्स

### आईपीएस अधिकारी की पत्नी से 10 लाख ठगे

**अनंत ज्ञान, शिमला।** हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला में एक सीआरपीएफ कॉन्स्टेबल की पत्नी द्वारा आईपीएस अधिकारी की पत्नी से 10 लाख रुपए की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। आईपीएस अधिकारी की पीड़ित पत्नी अंजू ओझा ने शिमला के छोटा शिमला थाने में इसकी शिकायत दर्ज कराई है।

### कर्नाटक : पूर्व मंत्री रेड्डी को अवैध खनन मामले में 7 साल की सजा

**एजेंसी, हैदराबाद।** तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद स्थित सीबीआई की विशेष



अदालत ने ओबुलापुरम खनन कंपनी (ओएमसी) द्वारा अवैध खनन के मामले में राज्य के पूर्व मंत्री एवं विधायक जी जनार्दन रेड्डी तथा अन्य तीन लोगों को मंगलवार को दोषी ठहराया। अदालत ने सभी को सात साल की सजा सुनाई है और प्रत्येक पर 10,000 रुपए का जुर्माना लगाया है। (अनंत ज्ञान)

### हिमाचल प्रशासनिक सेवा परीक्षा 29 जून को

**अनंत ज्ञान, शिमला।** हिमाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग ने एचपीएएस (एचपीसीए) प्रतियोगी परीक्षा-2025 की प्री-परीक्षा की तिथि तय कर दी है। एचएएस की प्रारंभिक परीक्षा 29 जून को आयोजित की जाएगी। यह परीक्षा दो सत्रों में होगी। पहला सत्र सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक चलेगा। वहीं दूसरा सत्र दोपहर 2 बजे से शाम 4 बजे तक होगा।

### सड़क हादसों में घायल के इलाज को सरकार देगी 1.5 लाख

**एजेंसी, नई दिल्ली।** सरकार ने देश भर में सड़क दुर्घटना पीड़ितों के लिए कैशलेस उपचार योजना को अधिसूचित किया है, जिसके तहत वे प्रति दुर्घटना, प्रति व्यक्ति अधिकतम डेढ़ लाख रुपए के हकदार होंगे। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय द्वारा जारी एक अधिसूचना के अनुसार, यह योजना पांच मई से लागू हो गई है। अधिसूचना में कहा गया, ''किसी भी सड़क पर मोटर वाहन से दुर्घटना का शिकार होने वाला कोई भी व्यक्ति इस योजना के प्रावधानों के अनुसार कैशलेस उपचार का हकदार होगा।'' (अनंत ज्ञान)

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- दोस्त ने जैकेट पहनाई तो लगा मैं पद्मश्री के काबिल हूं : हरिमन — पेज 3
- झंडूता बाजार में न शौचालय, न पार्किंग सुविधा — पेज 6
- डॉक्टरों के खाली पद नहीं भरे तो करेंगे प्रदर्शन — पेज 9
- रहने को नहीं कोई ठिकाना, बेटों ने घर से निकाला — पेज 11
- भारत में 2032 तक 12.3 करोड़ होंगे इलेक्ट्रिक वाहन : रिपोर्ट — पेज 13


# प्राकृतिक फसलों का एमएसपी बढ़ा घरेलू सहायिकाओं को 1500 पेंशन

## हिमाचल मंत्रिमंडल ने लिए निर्णय, पांगी राज्य का पहला प्राकृतिक खेती उपमंडल घोषित

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला**



शिमला स्थित राज्य सचिवालय में कैबिनेट बैठक की अध्यक्षता करते सीएम सुक्खू।

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में दूसरे दिन आयोजित मंत्रिमंडल की बैठक में घरेलू कार्य करने वाली महिलाओं को इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख सम्मान निधि योजना में शामिल करने का निर्णय लिया गया। जिन महिलाओं ने घरेलू सहायिका के रूप में न्यूनतम 100 दिन कार्य किया है, वे महिलाएं अब इस योजना के अंतर्गत लाभ प्राप्त करने के लिए पात्र होंगी। इसके अलावा इन महिलाओं की 21 वर्ष या उससे अधिक आयु की बेटियां भी इस योजना के तहत पात्र होंगी और उन्हें 1500 रुपए प्रति माह पेंशन के रूप में प्रदान किए जाएंगे।

मंत्रिमंडल ने राज्य में प्राकृतिक पद्धति से तैयार की गई फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में वृद्धि को मंजूरी दी है। इस पद्धति से तैयार गेहूं के एमएसपी को 40 रुपए से बढ़ाकर 60 रुपए तथा मक्की के एमएसपी को 30 रुपए से बढ़ाकर 40 रुपए प्रति किलोग्राम करने का निर्णय लिया गया है।

इसके अलावा, प्राकृतिक रूप से उगाई गई कच्ची हल्दी के लिए 90 रुपए प्रति किलोग्राम और जिला चंबा के पांगी खंड में उगाए गए जौ के लिए 60 रुपए प्रति किलोग्राम एमएसपी को मंजूरी प्रदान की गई है। पांगी को राज्य का पहला प्राकृतिक खेती उपमंडल घोषित करने का भी निर्णय लिया गया। बैठक में राज्य के लोगों को बेहतर परिवहन सेवाएं उपलब्ध करवाने और बेरोजगार युवाओं को स्वरोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए निजी ऑपरेटरों को 422 स्टेज कैरिज रूट आवंटित करने को मंजूरी दी गई।

मंत्रिमंडल ने सड़कों के किनारे गाड़ियां पार्क करने और ट्रैफिक जाम की समस्या के समाधान के लिए जहां व्यवहारिक हो, उन बंद बेसमेंट फ्लोर को पार्किंग सुविधा के लिए खोलने को मंजूरी दी। वहीं, मंत्रिमंडल ने डॉ. राधाकृष्णन राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, हमीरपुर में नेफ्रोलॉजी, न्यूरोलॉजी और गैस्ट्रोएंटरोलॉजी विभागों को आरंभ करने तथा उनके सुचारु संचालन के लिए विभिन्न श्रेणियों के 118 पदों को सृजित कर भरने को मंजूरी दी। (अनंत ज्ञान)

### प्रदेश के लिए नई होमस्टे नीति लागू

**बैठक** में राज्य के विभिन्न कृषि विज्ञान केंद्रों के अंतर्गत 43 विभिन्न तकनीकी पदों को भरने, हमीरपुर जिले के सुजानपुर में जल शक्ति विभाग का एक नया मंडल खोलने, नई होमस्टे नीति को मंजूरी तथा चंबा जिले के पांगी उप-मंडल में होमस्टे के लिए पंजीकरण शुल्क मानक दर का 50 प्रतिशत निर्धारित करने का निर्णय लिया। वहीं, मंत्रिमंडल ने कांगड़ा जिला के जयसिंहपुर विधानसभा क्षेत्र के कोसरी में आयुर्वेदिक स्वास्थ्य केंद्र को 10 बिस्तरों वाले आयुर्वेदिक अस्पताल में स्तरोन्नत करने तथा आवश्यक पदों को सृजित कर भरने को भी मंजूरी दी।

### सुक्खू कैबिनेट के बड़े फैसले

- सुजानपुर में जल शक्ति विभाग का डिवीजन खोलने को मंजूरी।
- हमीरपुर मेडिकल कॉलेज में 118 पदों का सृजन।
- राज्य के विभिन्न कृषि विज्ञान केंद्रों में 43 पद भरने को मंजूरी।
- 1000 से कम रेंट वाले कमरे पर जीएसटी नहीं।
- पांगी में होम-स्टे के लिए पंजीकरण शुल्क पर 50 प्रतिशत।
- सात आईटीआई महिलाओं के संस्थान भी होंगे विलय।
- 7 स्टेट ऑफ आर्ट्स औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के विलय को मंजूरी।
- नवगठित 14 नगर पंचायतों को जल शुल्क से राहत देने का फैसला।
- ऊना जिले के पंजावर में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्तरोन्नत करने और आवश्यक पदों को सृजित कर भरने को मंजूरी दी।

# भारत आज पाकिस्तान बॉर्डर पर करेगा हवाई अभ्यास

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव के बीच कल (7 मई) को एयरफोर्स पाकिस्तान बॉर्डर (एलओसी) के पास हवाई अभ्यास करेगी। एयरफोर्स ने इसके लिए नोटम जारी किया है। नोटम जारी करने का मतलब होता है पायलटों और हवाई जहाज से जुड़ी एजेंसियों को कोई जरूरी जानकारी देना, ताकि वे उड़ान भरते समय सतर्क रहें।

वहीं, रूस में बने एक मॉडर्न स्टील्थ युद्धपोत 'तमल' को भारतीय नौसेना को मई के अंत (28 मई) में सौंपा जाएगा। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, जून में इसे आधिकारिक रूप से नौसेना में शामिल किया जाएगा। यह जंगी जहाज ब्रह्मोस मिसाइल से लैस होगा, जो रडार की पकड़ में भी नहीं आएगा। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और सेना प्रमुख जनरल आसिम मुनीर ने इस्लामाबाद के आबपारा स्थित आईएसआई मुख्यालय का दौरा किया। इस दौरे को लेकर कई सवाल उठ रहे हैं। पहलगाम आतंकी हमले में पाकिस्तान की भूमिका को लेकर आरोप लगाए जा रहे हैं।

पुंछ जिले में एलओसी (लाइन ऑफ कंट्रोल) के पास भारतीय सेना ने मंगलवार को पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) के एक निवासी वकास को पकड़ा है, जो तारखल, पुंछ (पीओके) का रहने वाला है। सेना उससे पूछताछ कर रही है और मामले से जुड़ी ज्यादा जानकारी का इंतजार है। पाकिस्तान ने लगातार 12वें दिन सीजफायर तोड़ा है। पाकिस्तानी सेना ने 5-6 मई की रात एलओसी के आसपास आठ जगहों फायरिंग की। (अनंत ज्ञान)

### आसमान में गरजेंगे राफेल सुखोई और मिराज, नोटम जारी



### पाक रक्षा मंत्री बोले- भारत कभी भी कर सकता है हमला

**पाकिस्तान** के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने सोमवार को दावा किया कि भारत एलओसी पर किसी भी समय सैन्य कार्रवाई कर सकता है। उसका मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। ख्वाजा आसिफ ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राजनीतिक लाभ के लिए क्षेत्र को परमाणु युद्ध के कगार पर धकेल रहे हैं। भारत खैबर पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान में आतंकवाद फैला रहा है।

# देशभर में 244 जगहों पर मॉक ड्रिल आज

**एजेंसी, नई दिल्ली**

पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तान से तनाव के बीच बुधवार (7 मई) को देश के 244 इलाकों में युद्ध के दौरान बचाव के तरीकों की मॉक ड्रिल होगी। गृह मंत्रालय ने इन इलाकों को सिविल डिफेंस डिस्ट्रिक्ट के तौर पर लिस्ट किया है। ये सामान्य प्रशासनिक जिलों से अलग हैं।

सिविल डिफेंस डिस्ट्रिक्ट्स को उनकी संवेदनशीलता के आधार पर 3 कैटेगरी में बांटा गया है। कैटेगरी-1 सबसे संवेदनशील और कैटेगरी-3 कम सेंसेटिव है। गृह मंत्रालय ने 5 मई को सभी राज्यों को मॉक ड्रिल कराने के आदेश जारी किए थे। दिल्ली में गृह मंत्रालय में आज हुई हाईलेवल मीटिंग में मॉक ड्रिल की तैयारियों की समीक्षा की गई। इसमें राज्यों के मुख्य सचिव और सिविल डिफेंस चीफ समेत कई हाई रैंक ऑफिसर मौजूद थे।

गृह मंत्रालय ने मंगलवार को मॉक ड्रिल वाले जिलों की लिस्ट जारी की। इनमें राज्यवार संवेदनशीलता के आधार पर जिलों को बांटा गया है। देश के 25 राज्यों के कुल 244 सिविल डिफेंस डिस्ट्रिक्ट को कैटेगरी-1 से 3 के बीच रखा गया है।गृह मंत्रालय के सूत्रों के मुताबिक, नागरिकों को यह हिदायत भी दी जाएगी कि वे मेडिकल किट, राशन, टॉर्च और मोमबत्तियां व कैश भी अपने घरों पर रखें। (अनंत ज्ञान)

**युद्ध में बचने के सिखाए जाएंगे तरीके**

### रांची में 'संविधान बचाओ रैली' में बोले कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़गे

# पीएम के पास था पहलगाम हमले का इनपुट, इसलिए किया दौरा रद्द

**एजेंसी, रांची**



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने मंगलवार को दावा किया कि गत 22 अप्रैल को हुए पहलगाम आतंकी हमले से तीन दिन पहले खुफिया रिपोर्ट के आधार पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपना जम्मू-कश्मीर दौरा रद्द कर दिया था। उन्होंने यहां कांग्रेस की 'संविधान बचाओ रैली' को संबोधित करते हुए यह सवाल भी किया कि इसी खुफिया रिपोर्ट के आधार पर लोगों की सुरक्षा क्यों नहीं की गई?

उन्होंने कहा कि सरकार ने पहलगाम आतंकी हमले को लेकर खुफिया विफलता की बात स्वीकार की है और ऐसे में उसे 26 लोगों की मौत की जिम्मेदारी भी लेनी चाहिए। खड़गे ने इस बात को दोहराया कि पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद के खिलाफ उठाए गए हर कदम का कांग्रेस समर्थन करेगी तथा सरकार के साथ खड़ी होगी।

खड़गे ने पहलगाम आतंकी हमले का उल्लेख करते हुए कहा, ''22 अप्रैल को देश में एक बहुत बड़ा आतंकी हमला हुआ, जिसमें 26 बेगुनाह लोग मारे गए। सरकार ने यह माना कि यह खुफिया विफलता है और इसे सुधारने की जरूरत है। उन्होंने सवाल किया, ''जब आपको यह (खुफिया विफलता) मालूम है तो पहले ही अच्छी व्यवस्था क्यों नहीं की गई?'' खड़गे ने इस बात पर जोर दिया, ''जब आप चूक को मान रहे हैं तो इतने लोगों की मौत की जिम्मेदारी भी आपको लेनी चाहिए।'' उनका कहना था, ''पाकिस्तान की आतंकी गतिविधियों के खिलाफ लड़ने के लिए सरकार जो भी कदम उठाएगी, हम उसका पूरा समर्थन करेंगे।''

उन्होंने दावा किया, ''मुझे यह भी सूचना मिली है, अखबारों में भी यह आया है कि हमले के तीन दिन पहले वहां से खुफिया रिपोर्ट मोदी को भेजी गई थी। इसी कारण मोदी ने कश्मीर जाने का कार्यक्रम रद्द किया था।'' खड़गे ने आरोप लगाया कि मोदी सरकार गरीबों को तंग और तबाह करना चाहती है, इसलिए सभी लोगों को अन्याय के खिलाफ आवाज उठानी होगी।

# तारपीन फैक्टरी में लगी आग, दो कामगार जले

**अनंत ज्ञान, बद्दी**



रामशहर क्षेत्र के भियुंखरी में मंगलवार तड़के एक बंद पड़ी तारपीन फैक्टरी में अचानक आग भड़क उठी। इस हादसे में यूपी के दो कामगारों की जिंदा जलने से मौत हो गई। आग से करीब ढाई करोड़ रुपए की संपत्ति का नुकसान हुआ है। फैक्टरी में आग कैसे लगी, इसका पता लगाने के लिए जांच जारी है।

जानकारी के अनुसार, मंगलवार सुबह करीब सवा चार बजे फैक्टरी में आग लगी, जो तेजी से फैलकर पास बने रिहायशी कमरों तक जा पहुंची। इन कमरों में दो दर्जन से अधिक मजदूर रहते थे। आग का अहसास होते ही अधिकतर मजदूर भाग निकले, लेकिन गोंडा (यूपी) निवासी शिव कुमार (24) और अर्जन कुमार (50) सोए रह गए और आग की चपेट में आकर उनकी मौके पर ही मौत हो गई। अन्य मजदूर जान बचाकर पास की खड्ड की ओर भागे।

दमकल विभाग की कई घंटों की मशक्कत के बाद दोपहर 2 बजे तक आग पर पूरी तरह काबू पाया गया। आग ठंडी होने के बाद शेड के नीचे से दबे हुए दोनों कामगारों के शव बाहर निकाले। अग्निशमन अधिकारी जयपाल ठाकुर ने बताया कि बॉयलर और आसपास की अन्य फैक्टरियों को सुरक्षित बचा लिया गया। आग का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है।


# प्रधानाचार्य पद पर पदोन्नति की प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण करे शिक्षा विभाग : सीएम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने शिक्षा विभाग की उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता करते हुए विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशालाओं में प्रधानाचार्य के पदों पर पदोन्नति के लिए प्रक्रिया अतिशीघ्र पूर्ण की जाए। उन्होंने कहा कि कर्मचारी कल्याण प्रदेश सरकार की प्राथमिकता सूची में शामिल है। कर्मचारी प्रदेश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, इसलिए उन्हें समय पर लाभ प्रदान करना सुनिश्चित किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षा क्षेत्र में अनेक सकारात्मक बदलाव ला रही है, ताकि छात्रों को गुणात्मक शिक्षा प्रदान करने के लक्ष्य को हासिल किया जा सके। शिक्षक सरकार के इस ध्येय को पूर्ण करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

### पीडब्ल्यूडी मिनिस्टर विक्रमादित्य सिंह बोले-

# हिमाचल में पीएमजीएसवाई-3 के तहत 3,123 किमी सड़क निर्माण को मिली मंजूरी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



पीडब्ल्यूडी मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा है कि राज्य ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई)-3 के तहत उल्लेखनीय प्रगति हासिल की है। विभाग ने 3,345.81 करोड़ रुपए की कुल लागत से 3,123 किलोमीटर ग्रामीण सड़कों और 43 पुलों के निर्माण के लिए सफलतापूर्वक मंजूरी प्राप्त की है।

**केंद्र ने 43 पुलों के लिए 3,345 करोड़ रुपए किए स्वीकृत**

विक्रमादित्य ने पत्रकार वार्ता में बताया कि विभाग ने इन कार्यों के निष्पादन में तेजी लाने के लिए ठोस प्रयास किए हैं। अब तक 517.334 किलोमीटर लंबी सड़कें पूरी हो चुकी हैं, जिन पर 802.59 करोड़ रुपए खर्च हुए हैं।

उन्होंने कहा कि यह प्रगति समयबद्ध तरीके से ग्रामीण कनेक्टिविटी में सुधार के प्रति विभाग की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। केंद्र सरकार से वर्ष 2025-26 के लिए आवंटन को दोगुना करके 1,300 करोड़ रुपए करने का अनुरोध किया है। पीडब्ल्यूडी पीएमजीएसवाई-4 पर सक्रिय रूप से काम कर रहा है। 1,560 बस्तियों की मैपिंग पूरी हो चुकी है और जिनमें से 1,115 बस्तियों को ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा योग्य पाया गया है। अब तक, चरण-1 के तहत 102 सहित 862 बस्तियों को मंत्रालय द्वारा पहले ही मंजूरी दी जा चुकी है। (अनंत ज्ञान)

### 247 बस्तियों में से 151 के लिए भूमि उपलब्ध

**विक्रमादित्य** ने बताया कि टीम ने पीडब्ल्यूडी अधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा की और आश्वासन दिया कि जिन 247 बस्तियों को पहले खारिज कर दिया गया था, उन पर उचित सत्यापन के बाद केस-टू-केस आधार पर पुनर्विचार किया जाएगा। पीडब्ल्यूडी मंत्री ने कहा कि राज्य ने बताया है कि इन 247 बस्तियों में से 151 के लिए भूमि उपलब्ध है और हमने अनुरोध किया है कि इन्हें जल्द से जल्द मंजूरी दी जाए। एक बार अनुमोदन प्रक्रिया पूरी हो जाने के बाद, राज्य पीएमजीएसवाई-4 के तहत 1,400 किलोमीटर को कवर करने वाली लगभग 250 विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार करने में सक्षम होगा। उन्होंने कहा कि समय पर निष्पादन सुनिश्चित करने के लिए यह काम फास्ट-ट्रैक मोड में किया जा रहा है।

# एक वर्ष में पूरी होगी करुणामूलक आधार पर लंबित भर्ती प्रक्रिया : सुक्खू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने करुणामूलक आधार पर लंबित रोजगार संबंधी मामलों की प्रक्रिया को एक वर्ष के भीतर पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री करुणामूलक रोजगार नीति पर आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इन भर्तियों की पात्रता के लिए वार्षिक आय सीमा को 2.50 लाख रुपए से बढ़ाकर तीन लाख रुपए किया जाएगा। करुणामूलक आधार पर लंबित मामलों को तीन चरणों में निपटाया जाएगा। पहले चरण में विधवा तथा 45 वर्ष से कम आयुवर्ग के उन आवेदकों को प्राथमिकता दी जाएगी, जिनके माता-पिता नहीं है। वर्तमान में प्रदेश में इस श्रेणी में 141 विधवाएं और 159 अनाथ बच्चे शामिल हैं।

उन्होंने कहा कि दूसरे चरण में कम वार्षिक आय वाले पात्र व्यक्तियों को करुणामूलक आधार पर रोजगार प्रदान किया जाएगा तथा शेष पात्र आवेदकों को तीसरे चरण में नौकरी दी जाएगी। शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर, तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी, आयुष मंत्री यादविंद्र गोमा, प्रधान सचिव देवेश कुमार, सचिव एम सुधा देवी और राकेश कंवर तथा सचिव विधि शरद कुमार लगवाल बैठक में उपस्थित थे।

**सालाना आय सीमा अढ़ाई से बढ़ाकर की तीन लाख**

**कवायद**

### सूखी गुच्छी 25 हजार से 40 हजार रुपए प्रति किलो तक बिकती है बाजार में

# गुच्छी मशरूम की व्यावसायिक खेती की तैयारी में डीएमआर

**आर मोहन चौहान, सोलन**





डीएमआर सोलन में पैदा की गई गुच्छी।

राष्ट्रीय खुंभ निदेशालय चंबाघाट (डीएमआर) में गुच्छी मशरूम को ग्रीन हाउस में उगाने में सफलता हासिल करने के बाद इसकी व्यावसायिक खेती की तैयारी की जा रही है। अब डीएमआर सोलन गुच्छी मशरूम के आकार और बीज विकसित करने पर काम कर रहा है।

राष्ट्रीय खुंभ निदेशालय के वैज्ञानिकों ने करीब 5 साल के शोध के बाद ग्रीन हाउस में गुच्छी मशरूम को पैदा करने में सफलता हासिल की है। अभी तक गुच्छी हिमाचल प्रदेश के चंबा, कुल्लू- मनाली, शिमला जिला के ऊंचाई वाले देवदार व कायल के जंगलों में फरवरी से अप्रैल तक प्राकृतिक तौर उगती है। इसके अलावा उत्तराखंड व कश्मीर माथी गच्छी पाई जाती है। स्थानीय लोग इसे जंगलों में खोज कर बाजार में बेचते हैं। इसके लिए लोगों को कड़ी मशक्कत करनी पड़ती है। यह ऐसी जगह में पाई जाती है जहां इसे आसानी से नहीं देखा जा सकता। अभी तक इसे खेतों में उगाना संभव नहीं था, क्योंकि इसका बीज तैयार नहीं हो पाया था। सूखी हुई गुच्छी बाजार में 25 हजार से 40 हजार रुपए प्रति किलो तक बिकती है। अगर इसे खेतों में व्यावसायिक तौर पर उगाया जा सके तो इससे लोग लाखों रुपए की आमदनी कर सकते हैं। जब उत्पादन बढ़ेगा तो कीमत पर कम होंगी। (अनंत ज्ञान)

### बीमारियों से लड़ने में है सहायक

**वैज्ञानिकों** के मुताबिक गुच्छी में कई प्रकार के औषधीय तत्व रहते हैं। गुच्छी में विटामिन डी, सी, आयरन, कॉपर, जिंक व फॉस्फोरस अच्छी मात्रा में पाया जाता है। इसका सेवन हार्ट के लिए संजीवनी की तरह है। इसके अलावा गठिया, थायराइड, बोन हेल्थ व मानसिक तनाव को खत्म करने के लिए भी यह सहायक मानी जाती है। शरीर की चोट को भी जल्द भरने में यह लाभकारी है।

### ग्रीन हाउस में उगाई गई गुच्छी

**डीएमआर** के विशेषज्ञ डॉ. अनिल कुमार ने कहा कि प्राकृतिक और ग्रीन हाउस में उगाई गई है। गुच्छी की क्वालिटी एक समान है। ऐसे गुच्छी मशरूम के विकास के लिए उचित तापमान भी होना जरूरी है। इसके लिए दिन का तापमान 15 से 20 डिग्री सेल्सियस के बीच और रात का तापमान 5 से 9 डिग्री सेल्सियस के बीच होने पर यह तेजी से ग्रोथ करता है। ग्रीन हाउस के अंदर गुच्छी तैयार करने में सफल रहने के बाद भारत ने चीन, अमेरिका, फ्रांस, कनाडा समेत अन्य कर देशों की सूची में अपना नाम शामिल लिया है। पिछले वर्ष किए अंतिम शोध में गुच्छी की बंपर क्रॉप निकली थी। डीएमआर के डायरेक्टर डॉ. वीपी शर्मा ने कहा कि गुच्छी को ग्रीन हाउसे में पैदा करना बड़ी उपलब्धि है। अब इसके बीज तैयार करने और आकार पर शोध किया जा रहा है। आने वाले दिनों में इसकी व्यावसायिक खेती भी हो सकेगी।

## न्यूज ब्रीफ

### आज बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी

**अनंत ज्ञान, रंगस।** 11/ 33 केवी विद्युत सब-स्टेशन रंगस के तहत आने वाले 11 केवी रैल फीडर की मरम्मत और रखरखाव के चलते 7 मई को बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। जानकारी देते हुए विद्युत सब स्टेशन रंगस के एसडीओ संदीप संगल ने बताया कि इस दिन रैल, लाहड़, मांसोली, बरडियाल, सपड़ेह, टिकरू इत्यादि गांवों में सुबह 9 से शाम 5 बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। उन्होंने बताया कि अगर इस दिन मौसम खराब रहा तो यह कार्य 8 मई को किया जाएगा। उन्होंने प्रभावित उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

### गायब हुई नाबालिगा परिजनों को सौंपी

**अनंत ज्ञान, बड़सर।** थाना बड़सर के बिझड़ी क्षेत्र की एक महिला की शिकायत पर अपहरण का मामला पंजीकृत हुआ था जिसमें उक्त महिला ने दर्ज करवाया था कि उनकी नाबालिग बेटी को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला-फुसलाकर अपहरण कर ले गया है। पुलिस अधीक्षक भगत सिंह ठाकुर के दिशा निर्देशानुसार टीम गठित करके कार्रवाई करते हुए विभिन्न तकनीकी व मानवीय संसाधनों की मदद से 5 मई को उक्त लड़की को पुलिस की टीम द्वारा बरामद कर लिया गया। बरामद की गई लड़की को नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करने के बाद उसके परिवार के सदस्यों को सकुशल सौंप दिया गया है।

### भोटा से गुमशुदा हुई महिला मेरठ में मिली

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** थाना सदर हमीरपुर के अधीन पुलिस सहायता कक्ष भोटा में एक स्थानीय क्षेत्र की महिला की गुमशुदगी का मामला दर्ज हुआ था। इस मामले में भी पुलिस अधीक्षक भगत सिंह ठाकुर के दिशा निर्देशानुसार टीम गठित करके कार्यवाही करते हुए विभिन्न तकनीकी व मानवीय संसाधनों की मदद से 5 मई को उक्त गुमशुदा महिला को पुलिस की टीम द्वारा नेपाल वाली गली मोकमपुर जिला मेरठ (उप्र) से बरामद कर लिया गया। बरामद की गई उक्त महिला को नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करने के बाद उसके परिवार के सदस्यों को सकुशल सौंप दिया गया है।

### मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का जताया आभार

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** कांग्रेस नेता राजकुमार शर्मा और कांग्रेस नेत्री सुषमा शर्मा ने सुजानपुर में जल शक्ति विभाग के डिवीजन को खोले जाने की कैबिनेट मंजूरी मिलने पर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का आभार जताया है। दोनों कांग्रेस नेताओं ने कहा कि मुख्यमंत्री का सुजानपुर के प्रति विशेष लगाव है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पहले भी कह चुके हैं कि वह ही सुजानपुर के विधायक हैं तथा मुख्यमंत्री भी हैं। उन्होंने कहा कि सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने सुजानपुर के विकास के लिए कोई कसर नहीं छोड़ी है। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार में सुजानपुर विकास की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने सुजानपुर होली मेला में यहां पर जलशक्ति डिवीजन खोले जाने की घोषणा की थी, जिसे पूरा कर दिया गया है।

### कार्तिक ठाकुर 1600 मीटर दौड़ में रहा प्रथम



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** 17वीं जिलास्तरीय पुरुष वर्ग की खेलकूद प्रतियोगिता में वालिया आईटीआई मंडयाणी के कार्तिक ठाकुर ने 1600 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान हासिल किया है। संस्थान के प्रबंधक भागीरथ शर्मा ने स्कूल पहुंचने पर कार्तिक का स्वागत किया। उन्होंने छात्र को स्कूल की ओर से सम्मानित भी किया। इस अवसर पर स्कूल के अध्यापकों सहित छात्रों ने भी कार्तिक को बधाई दी। कार्तिक ने अपनी सफलता का श्रेय अध्यापकों व माता पिता को दिया है।

### स्नेक मैन ने लंगा गांव में किया सांप का रेस्क्यू

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** जालग पंचायत के लंगा गांव के अश्विनी कुमार के घर के आंगन में आठ दस दिन से बहुत बड़ा सांप रह रहा था। परिवार सांप को देखकर अंधविश्वास में पड़ गया था, परिवार सोचने लगा कि कहीं सांप हमारे पीछे तो नहीं लगा दिया है। तीन चार दिन से परिवार वाले उस घर में नहीं सो रहे थे, वे अपने पुराने मकान में रह रहे थे। पंडित द्वारा पूरा एक दिन पूजा पाठ भी करवा दिया गया था, लेकिन फिर भी सांप नहीं गया। अंत में स्नेक मैन हिमाचल के नाम से मशहूर माथुर धीमान को बुलाया गया। माथुर अपनी बेटी खुशी धीमान को लेकर मौके पर पहुंचे लेकिन तब तक सांप छिप गया था, बड़ी मशक्कत करने के सांप का रेस्क्यू करके परिवार को भयमुक्त किया।

### रेडिनेस मेले में बच्चों की विभिन्न गतिविधियां आयोजित

**अनंत ज्ञान, धनेटा।** राजकीय प्राथमिक पाठशाला नगारड़ा में खंड स्तरीय रेडिनेस मेले का आयोजन किया गया, जिसमें पाठशाला के अध्यापकों ने निर्पणु मेले में आयोजित होने वाली विभिन्न गतिविधियां शारिरिक विकास, बौधिक विकास, गणित की पूर्व तैयारी, भाषा विकास, बच्चों का कोना आदि गतिविधियां करवाई गईं। पाठशाला में बच्चों ने और उनके अभिभावकों ने इस मेले मे बढ़-चढ़कर भाग लिया। मेले के अंत में बच्चों से कुछ सांस्कृतिक गतिविधियों भी करवाई गईं। मेले के दौरान खंड शिक्षा अधिकारी कमलेश कुमार द्वारा बच्चों के द्वारा करवाई गई गतिविधियों का विवरण दिया गया और यह बताया कि उनके बच्चों का विकास किस तरह से हो रहा है और क्या सीख रहे हैं। उन्हें भविष्य में क्या करना चाहिए कि बच्चे और ज्यादा सीख सकें और अन्य प्राथमिक पाठशालाओं में भी रेडिनेस मेले का अयोजन करने को कहा गया। इस मेले में अन्य राजकीय केंद्र प्राथमिक पाठशालाओं के केंद्र मुख्य अध्यापक भी उपस्थित रहे और मेले में गतिविधियां करवाने में पाठशाला के अध्यापकों की सहायता की। इस मेले में प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन से नवीन कुमार, सुशील कुमार उपस्थित रहे।

### महिला मंडल की महिलाओं ने सांसद अनुराग ठाकुर व उपायुक्त को सौंपी शिकायत

# भड़मेली में शराब ठेके बर्दाश्त नहीं

**अनिल कुमार, हमीरपुर**



महिला मंडल शिव शक्ति की प्रधान और सदस्य शराब के ठेके न खोले जाने के विरोध में अनुराग ठाकुर और डीसी से मिलने जाती हुईं।

चबूतरा पंचायत के तहत भड़मेली कस्बे में देसी व अंग्रेजी शराब के ठेके खोले जाने का प्रपोजल है। महिला मंडल शिव शक्ति की प्रधान और सदस्यों को इन शराब के ठेकों को खोले जाने की जानकारी मिली तो उन्होंने इसका विरोध जताया शुरू कर दिया है। महिला मंडल शिव शक्ति की प्रधान अंजना कुमारी, सदस्य व गांव की अन्य महिलाओं ने हमीरपुर के डीसी अमरजीत सिंह को शराब के ठेके न खोलने को लेकर 100 महिलाओं के हस्ताक्षर युक्त शिकायत सौंपी है।

महिलाओं ने सांसद व उपायुक्त से गुहार लगाई कि शराब के ठेके खोलने की परमीशन दी जाए। वहीं, महिलाओं ने आबकारी एवं कराधान विभाग से जहां पर शराब के ठेके खोले जा रहे हैं, वहां पर विजिट करने का आग्रह किया है। महिला मंडल शिव शक्ति की प्रधान अंजना कुमारी ने बताया कि भड़मेली में दो शराब के ठेके खोले जा रहे हैं, जो हमें किसी भी सूरत में मंजूर नहीं हैं। उन्होंने बताया कि एक चबूतरा से यहां शिफ्ट किया जा रहा है और दूसरा हमीरपुर की तरफ से शराब के ठेकेदार खोला जा रहा है। उन्होंने बताया कि जहां पर शराब के ठेका खोलने की मंजूरी दी गई है, वहां पर सदियों पुराना मंदिर है जहां पर लोगों का आना जाना लगा रहता है।

इसी के साथ भड़मेली के पास शराब का ठेका खुल जाने से गांव की महिलाओं को परेशानी का सामना करना पड़ेगा और बच्चों पर भी इसका बुरा असर पड़ेगा। उन्होंने बताया कि भड़मेली से तीन किलोमीटर दूरी पर चबूतरा और कुठेड़ा में पहले ही शराब के ठेके खुले हैं, ऐसे में यहां पर शराब का ठेका खोलने की मंजूरी को रद्द किया जाए। उन्होंने बताया कि चबूतरा पंचायत में शराब का ठेका न खोलने को लेकर प्रस्ताव पास किया गया है लिहाजा महिलाओं की सुरक्षा के मद्देनजर शराब का ठेका न खोला जाए।

महिलाओं द्वारा शराब के ठेके न खोलने के लिए दी गई शिकायत को लेकर उपायुक्त अमरजीत सिंह ने आबकारी एवं कराधान विभाग के सहायक आयुक्त को कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। वहीं पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सांसद अनुराग ठाकुर ने उपायुक्त से इस मामले में उचित कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। इस बारे में आबकारी एवं कराधान विभाग के सहायक आयुक्त अपूर्व चंदेल ने बताया कि जो सरकारी की पॉलिसी है उसके अनुसार की शराब के ठेके खोले जा रहे हैं।

उन्होंने बताया कि महिला मंडल की महिलाओं की शराब के ठेके न खोलने को लेकर शिकायत आई है। उन्होंने बताया कि उस जगह का विजिट करने के बाद मंडी और शिमला को इसकी रिपोर्ट भेज दी जाएगा, जिसके बाद ही विभाग निर्णय लेगा। (अनंत ज्ञान)

## ब्लॉक प्रारंभिक शिक्षा कार्यालय बिझड़ी में कर्मचारियों का टोटा

**एसके ठाकुर, बड़सर**

10 में से 9 क्लर्क के पद रिक्त
एक देख रहा सारी व्यवस्थाएं

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू गृह जिला हमीरपुर के ब्लॉक प्रारंभिक शिक्षा कार्यालय बिझड़ी में कर्मचारियों का भारी कमी के चलते कार्य प्रभावित हो रहे हैं। कांग्रेस सरकार ने सत्ता में आने से पहले प्रदेश की जनता के लिए ऐसी व्यवस्था करने की घोषणा की थी कि आम जनमानस को किसी तरह की कोई परेशानी न हो सके, परंतु सत्ता में आने के बाद सरकार लोगों के हित में कम और अहित में ज्यादा कार्य हो रहे हैं।

वीईपीओ ऑफिस बिझड़ी में क्लर्कों के 10 पद से स्वीकृत हैं परंतु विडंबना यह है कि इनमें से 9 पद काफी समय से रिक्त चल रहे हैं। इस कार्यालय में एक क्लर्क के सहारे ही काम चलाया जा रहा है। अब सोचने का विषय यह है कि 10 आदमियों का काम एक आदमी करेगा तो उसके ऊपर कितना मेंटली प्रेशर होगा। कल को कोई ऐसा हादसा हो जाता है तो इसका कौन जिम्मेदार होगा? हाल ही में एक वरिष्ठ अधिकारी विमल नेगी जिसने सुसाइड कर लिया था, उसके ऊपर भी एक्स्ट्रा ऑर्डिनरी प्रेशर रहता था, परंतु उस हादसे के बाद भी सरकार और अधिकारी कोई सीख नहीं ले रहे हैं। इसी कार्यालय में फोर्थ क्लास चार पोस्ट हैं, जिनमें से दो खाली हैं। हालांकि इस प्राथमिक शिक्षा खंड कार्यालय के अंतर्गत 93 प्राइमरी स्कूल आते हैं जिनमें लगभग 350 के करीब शिक्षक कार्यरत हैं। काबिलेगौर है कि एक कर्मचारी ही डीए बिल, मेडिकल बिल, टीए बिल यहां तक की शिक्षकों के सैलरी स्टेटस भी इस कर्मचारियों को देखना पड़ता है, भला एक कर्मचारी क्या-क्या कर सकता है।

इस विषय पर जब प्राथमिक खंड शिक्षा अधिकारी अरुण चौधरी से बात हुई तो उनका कहना था कि इस बारे में उच्च अधिकारियों को अवगत करवा दिया गया है किसी प्रकार की नियुक्ति करना मेरे कार्य क्षेत्र से बाहर है। हम तो सरकार की एक एजेंसी हैं। (अनंत ज्ञान)

### शहर में जूतों की दुकान में घुसा सांभर

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** शहर के साथ जंगल है और यहां पर अकसर जंगली जानवर आते-जाते रहते हैं, लेकिन कई बार यह जंगली जानवर रास्ता भटक जाते हैं और यहां वहां चले जाते हैं। मंगलवार को भी कुछ ऐसा ही हुआ जंगल से रास्ता भटककर सांभर शहर की एक जूतों की दुकान में घुस गया, जिस कारण वहां पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। सांभर लोगों को देखकर घबरा गया और बाहर नहीं निकला।

दुकान के मालिक ने इसकी सूचना वाइल्ड लाइफ विभाग को भी दी। वाइल्ड लाइफ विभाग की टीम मौके पर पहुंची और उसे बेहोश कर जंगल में छोड़ दिया। वाइल्ड लाइफ विभाग के डीएफओ रॉय ने बताया कि जंगलों में आग लगने के कारण यह जानवर एक से दूसरी जगह चले आते हैं। उन्होंने बताया कि जंगल से रास्ता भटक कर यह शहर में पहुंच गया था जिसे जंगल में छोड़ दिया है।

## जलशक्ति विभाग के डिवीजन की मंजूरी से सुजानपुर में खुशी की लहर

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**



ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राजेंद्र वर्मा व अन्य।

कैबिनेट मीटिंग में सुजानपुर टीहरा में जलशक्ति विभाग का डिवीजन खुलने की मंजूरी मिलने से सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई है। राष्ट्र स्तरीय होली मेला में शिरकत करने आए मुख्यमंत्री सुक्खू ने इस बारे विधिवत घोषणा की थी और अब कैबिनेट की मंजूरी से इस कार्यालय का खुलना निश्चित हो गया है।

कांग्रेस पार्टी की निर्भरता निवर्तमान ब्लॉक अध्यक्ष राजेंद्र वर्मा, कैप्टन चंबेल सिंह, राजेश ठाकुर, सेक्टर प्रभारी सुरेश कुमार, जगदीश कौशिक, कोट पंचायत प्रधान गुलशन कुमार, विनय शर्मा, राजीव गांधी पंचायतीराज संगठन के सुजानपुर के अध्यक्ष देश ाज व महासचिव अशोक चौधरी, कैप्टन संजीव राणा, युवा कांग्रेस के केशव ठाकुर,विजय कुमार,पवन कुमार, दिव्यांशु, अजय कुमार ने इस डिवीजन के खुलने पर मुख्यमंत्री व विधायक का हार्दिक धन्यवाद किया है।

उन्होंने कहा कि अब पूर्व विधायक की सुजानपुर में जलशक्ति विभाग का डिवीज़न खोलने बारे राजनीतिक बयानबाजी पर पूर्ण विराम लग गया है। सुजानपुर में इस कार्यालय का खुलना पूरे विधानसभा क्षेत्र के लिए ही एक बहुत बड़ी उपलब्धि है।

## कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, गलोड़**



कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल रहीं।

क्षेत्र के लोअर हड़ेटा गांव के रामतीरथ (गगल में महिला भागवत कमेटी लोअर हड़ेटा व समस्त गांव वासियों के सौजन्य से श्रीमद् भागवत कथा का कलश यात्रा के साथ शुभारंभ हुआ। पवित्र जलस्रोत से जल भरने के साथ शुरू हुई कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल रहीं।

पवित्र जलस्रोत से कलश को भर कर लाने के बाद कथा आयोजन स्थल पर धार्मिक विधि एवं मंत्रोच्चरण के साथ कलशों को स्थापित किया गया। आरती के साथ शुरू किए गए श्रीमद् भागवत कथा में शास्त्री अमित लखनपाल ने उपस्थित श्रद्धालुओं को सर्वप्रथम इसकी महिमा से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि विश्व में सभी कथाओं में ये श्रेष्ठ मानी गई है, जिस स्थान पर इस कथा का आयोजन होता है, वह तीर्थ स्थल कहलाता है। इसका सुनने एवं आयोजन कराने का सौभाग्य भी प्रभु प्रेमियों को ही मिलता है, ऐसे में अगर कोई दूसरा अन्य भी इसे गलती से भी श्रवण कर लेता है, तो भी वह कई पापों से मुक्ति पा लेता है। इसलिए सात दिन तक चलने वाली इस पवित्र कथा को श्रवण करके अपने जीवन को सुधारने का मौका हाथ से नहीं जाने देना चाहिए।

अगर कोई सात दिन तक किसी व्यस्तता के कारण कथा को नहीं सुन सकता है, तो वह दो तीन या चार दिन ही इसे सुनने के लिए अपना समय अवश्य निकाले। तब भी वो इसका फल प्राप्त करता है, क्योंकि ये कथा भगवान श्रीकृष्ण के मुख की वाणी है, जिसमें उनके अवतार से लेकर कंस वध का प्रसंग का उल्लेख होने के साथ-साथ इसकी व्यक्ति के जीवन में महत्ता के बारे में भी बताया गया है।

इसके सुनने के प्रभाव से मनुष्य बुराई त्याग कर धर्म के रास्ते पर चलने के साथ साथ मोक्ष को प्राप्त करता है। शास्त्री ने बताया कि इस कथा को सबसे पहले अभिमन्यु के बेटे राजा परीक्षित ने सुना था, जिसके प्रभाव से उसके अंदर तक्षक नामक नाग के काटने से होने वाली मृत्यु का भय दूर हुआ और उसने मोक्ष को प्राप्त किया था।

## करुणामूलक रोजगार नीति पर सीएम की संवेदनशील पहल सराहनीय : मोंटी संधू

**शशि सोनल, नादौन**



हिमाचल पथ परिवहन निगम के निदेशक मोंटी संधू ने मुख्यमंत्री सुक्खू द्वारा करुणामूलक रोजगार नीति पर लिए गए निर्णय की सराहना करते हुए कहा कि यह निर्णय प्रदेश सरकार की संवेदनशीलता और जनभावनाओं के प्रति गहन प्रतिबद्धता का प्रतीक है।

उन्होंने कहा कि कैबिनेट बैठक में मुख्यमंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि करूणामूलक आधार पर लंबित सभी रोजगार मामलों का निपटारा एक वर्ष के भीतर तीन चरणों में किया जाएगा। यह फैसला न केवल प्रशासनिक सुधार की दिशा में एक बड़ा कदम है, बल्कि उन सैकड़ों परिवारों के लिए भी राहत लेकर आया है जो अपने प्रियजनों के निधन के बाद लंबे समय से न्याय और रोजगार की प्रतीक्षा कर रहे थे।

हिमाचल पथ परिवहन निगम सरकार के निर्देशों का पालन करते हुए त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित करेगा ताकि पात्र परिवारों को समयबद्ध राहत मिल सके। (अनंत ज्ञान)

## राज्यपाल रेडक्रॉस दिवस पर विभिन्न कार्यक्रमों में होंगे शामिल

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**



राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल के 8 मई को प्रस्तावित हमीरपुर दौरे को लेकर बैठक आयोजित

हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल के 8 मई को हमीरपुर के प्रस्तावित दौरे को लेकर मंगलवार को उपायुक्त कार्यालय हमीरपुर में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त अमरजीत सिंह ने की।

उपायुक्त ने बताया कि राज्यपाल अंतरराष्ट्रीय रेडक्रॉस दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में बतौर मुख्य अतिथि भाग लेंगे। राज्यपाल सुबह सर्किट हाउस हमीरपुर से स्कूली बच्चों की जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। इसके उपरांत वह मेडिकल कॉलेज अस्पताल परिसर में दोबारा शुरू की जा रही रेडक्रॉस लैब का शुभारंभ करेंगे।

राज्यपाल शहीद कैप्टन मृदुल तथा भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। इसके पश्चात वे जिला रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा बचत भवन में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में भाग लेंगे। इस अवसर पर राज्यपाल, पहचान संस्था के विशेष बच्चों द्वारा निकाले जाने वाले रैफरल ड्रा में भी मौजूद रहेंगे।

इस रैफरल ड्रा का प्रथम पुरस्कार ह्यूंडई क्रेटा कार है। राज्यपाल द्वारा रेडक्रॉस के क्षेत्र में अधिक रक्तदान करने वाले स्वयंसेवकों, उदार दानदाताओं तथा खेल, कला और संगीत जैसे क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले दिव्यांगजनों को सम्मानित भी किया जाएगा।

बैठक में एसपी भगत सिंह ठाकुर, एसडीएम संजीत सिंह, सहायक आयुक्त अनुपम ठाकुर, जिला विकास अधिकारी अस्मिता ठाकुर, जिला राजस्व अधिकारी जगदीश सांख्यान, जिला सांख्यिकीय अधिकारी अशोक कुमार, जिला योजना अधिकारी अरुण चौधरी तथा जिला रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव लवकेश शर्मा सहित अन्य संबंधित अधिकारियों ने भाग लिया और तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए अपने सुझाव दिए।

## अंतरराष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड में हैप्सियनों ने 85 मेडल झटककर दिखाई अपनी प्रतिभा

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**



प्राचार्य शशि बाला ने विजेता छात्रों को मेडल व प्रमाण पत्र देकर किया सम्मानित।

हिम अकादमी पब्लिक स्कूल हीरानगर में हिंदी विकास मंच द्वारा अंतरराष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड प्रथम चरण 2024-25 का आयोजन करवाया गया। इस परीक्षा में विद्यालय के कक्षा एक से लेकर दसवीं तक के 169 छात्रों ने भाग लिया। इनमें 24 छात्रों ने स्वर्ण, 27 छात्रों ने रजत व 39 छात्रों ने कांस्य पदक प्राप्त किए। अनवी गुप्ता, लक्ष्य, रियार्थ, भारवी, दिविशिका व आर्येश ने शत-प्रतिशत अंक प्राप्त किए। प्राचार्या शशि बाला ने विजेता छात्रों को मेडल व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया व हिंदी विभाग के अध्यापकों विनोद शर्मा, उमा शर्मा, प्रेमलता, रु चिका, पूनम चौहान, त्रिखा व शालिनी को बधाई दी।

## बगैर किसी मुद्दे का भाजपा का विरोध-प्रदर्शन रहा फ्लॉप शो : भारती

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**



जिला कांग्रेस के निवर्तमान अध्यक्ष सुमन भारती शर्मा ने भाजपा द्वारा हमीरपुर में आयोजित विरोध-प्रदर्शन को बगैर किसी मुद्दे का फ्लॉप शो करार दिया है। उन्होंने कहा कि भाजपा नेताओं ने जिस तरह का अजीबोगरीब प्रदर्शन किया, वह सिर्फ जनता को भटकाने और अपनी सरकार की विफलताओं को छिपाने की कोशिश है।

शर्मा ने कहा कि भाजपा के लोकसभा सांसद अनुराग ठाकुर और अन्य नेताओं ने पाकिस्तानियों को भारत छोड़ने की मांग करके एक बेमतलब का नाटक किया। उन्होंने पूछा कि देश में इस वक्त किसकी सरकार है? विदेश मंत्री, गृहमंत्री और रक्षा मंत्री किस पार्टी से हैं?

अगर भाजपा को प्रदर्शन करना ही है, तो वे अपनी ही सरकार के खिलाफ क्यों नहीं करते? उन्होंने आगे कहा कि पहलगाम जैसी घटना भाजपा सरकार की नाकामी का नतीजा है, लेकिन वे असली मुद्दों से ध्यान हटाने के लिए ऐसे प्रदर्शन कर रहे हैं।

### सुरक्षा बलों का दुरुपयोग और सरकार की चुप्पी

**सुमन** ने भाजपा पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि इस प्रदर्शन में शामिल तीन नेताओं राजेंद्र राणा, इंद्रदत्त लखनपाल और आशीष शर्मा को केंद्र सरकार ने सुरक्षा बलों की सुविधा दी है, जबकि उन्होंने कोई वीरता नहीं दिखाई। ये नेता राजनीति की मंडी में खुद को बेचकर सुरक्षा पा गए, जबकि पहलगाम जैसी सेंसिटिब जगह पर, जहां 4000 से अधिक सैलानी थे, एक भी सुरक्षा गार्ड नहीं लगाया गया। शर्मा ने भाजपा सरकार से कड़े सवाल पूछते हुए कहा कि अग्निवीर भर्ती योजना क्यों लाई गई, जिससे सैन्य संरचना कमजोर हुई?

सुरक्षा बलों की संख्या पूरे देश में क्यों घटाई गई? पुलवामा हमले के बाद क्या जांच हुई? क्यों दोषियों को सजा क्यों नहीं मिली? उन्होंने कहा कि भाजपा को अपनी गलतियों को स्वीकार करते हुए देश से माफी मांगनी चाहिए, न कि झूठे प्रोपेगेंडे से जनता को भ्रमित करना चाहिए। सुमन शर्मा ने कहा कि भाजपा का यह झूठा प्रचार अब जनता के सामने है। हिमाचल की जनता अब भाजपा के बहकावे में नहीं आएगी। वे समझ चुके हैं कि यह पार्टी सिर्फ मुद्दे बनाकर अपनी कमियों को छिपाने की कोशिश करती है।

## सुजानपुर टिहरा में योग सर्वोदय का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** आयुष विभाग जिला आयुष अधिकारी डॉ. बृज नंदन शर्मा की देखरेख में सुजानपुर टिहरा शहर के निवासियों के लिए एक विशेष योग कार्यक्रम श्योग सर्वोदय शुरू करने जा रहा है। इस कार्यक्रम के तहत प्रतिदिन सुबह 6.30 से 7.30 बजे गर्मियों में और सुबह 7 बजे से 8 बजे तक सर्दियों में ऐतिहासिक चौगान के कला मंच के ऊपर किया जाएगा।

इस कार्यक्रम में विभाग के प्रशिक्षित योगा गाइड योगाभ्यास कराएंगे। उन्होंने स्थानीय लोगों से अनुरोध किया है की इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए अपने-अपने योगा मैट या दरी साथ लेकर आएं। डॉ. बृज नंदन शर्मा ने सभी से स्वस्थ और निरोगी शरीर के लिए हर दिन योग सर्वोदय कार्यक्रम में भाग लेने की अपील की है।

**निपटारा** पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं हमीरपुर के सांसद अनुराग ठाकुर ने सुनी जनसमस्याएं, कई मामलों का मौके पर किया समाधान, बोले-

# 60 साल में अनुसूचित जाति व गरीबों के उत्थान के प्रति उदासीन रही कांग्रेस

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**



जन समस्याएं सुनते हुए अनुराग ठाकुर।

पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं हमीरपुर के सांसद अनुराग ठाकुर ने जिले के बराड़ा क्षेत्र के सपनेहड़ा में स्थानीय जनता को संबोधित किया। इसके अलावा उन्होंने सांसद कार्यालय में जनसमस्याएं भी सुनीं। इस दौरान बड़ी संख्या में नागरिकों ने विभिन्न समस्याओं से उन्हें अवगत कराया जिस पर कार्रवाई करते हुए ठाकुर ने गंभीरता से सभी मुद्दों को सुनकर कई मामलों का मौके पर ही समाधान किया।

इसके अतिरिक्त ठाकुर ने हमीरपुर में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति दिशा कमेटी की बैठक के दौरान जिले में चल रहे विकास कार्यों पर संबंधित अधिकारियों से विस्तृत चर्चा की व इसके समुचित क्रियान्वयन के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जनसभा को संबोधित करते हुए अनुराग ने कहा कि कांग्रेस पार्टी अपने 60 वर्षों के शासन में अनुसूचित जाति व गरीबों के उत्थान के प्रति उदासीन रही। कांग्रेस ने तो सदा बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर जी तक को अपमानित करने उन्हें दबाने का काम किया।

बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर ने संविधान देकर भारत गर्व के साथ प्रगति पथ पर आगे बढ़ने का मार्ग दिखाया था, मगर कांग्रेस पार्टी ने आजादी के बाद से ही भारत रत्न बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर जी के दिए संविधान की आत्मा पर प्रहार कर इसे खत्म करने के अनेक प्रयास किए हैं। नेहरू एक के बाद एक करके बाबा साहेब के संविधान में संशोधन करते चले गए, क्योंकि उन्हें हजम ही नहीं हुआ कि कैसे एक गरीब व अनुसूचित परिवार में जन्मे व्यक्ति ने भारत को संविधान देने का काम किया। इंदिरा के शासनकाल में तो आपातकाल लगा कर संविधान को तार-तार कर दिया गया। एक तरफ तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बाबा साहेब के सपनों का भारत बनाने के लिए कार्यरत हैं तो वहीं दूसरी तरफ आजादी के समय से ही कांग्रेस बाबा साहेब को अपमानित करने व उनका प्रतिनिधित्व मिटाने के लिए काम करती रही।

कांग्रेस ने संविधान सभा तक बाबा साहेब के जाने की राह में रोड़े अटकाए। बाबा साहेब को बंगाल से संविधान सभा जाने से रोकने के लिए कांग्रेस ने सारे हथकंडे अपनाए और उनके चुनाव क्षेत्र को पाकिस्तान को दे दिया, बाद में पुणे से हिंदू महासभा नेता एमआर जयकर ने अपनी सीट खाली कर बाबा साहेब को दी जिससे वह संविधान निर्माण में अपनी भूमिका निभा सके। ठाकुर ने कहा कि यह हमारी ही सरकार है, जिसने संविधान दिवस मनाया और बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की जयंती को राष्ट्रीय अवकाश के रूप में घोषित किया। बाबा साहब को भारत रत्न भी गैर कांग्रेसी सरकार में मिला। प्रधानमंत्री मोदी ने दिल्ली में डॉ. अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर का निर्माण करवाया ताकि उनमें श्रद्धा रखने वाले करोड़ों भारतीय आकर उनके बारे में जान सकें। ठाकुर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनता की शिकायतों का शीघ्रता से निपटारा किया जाए और विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सांसद ने कहा कि क्षेत्र के नागरिकों की सेवा करना उनका दायित्व है और वह सदैव इसके लिए तत्पर रहेंगे। (अनंत ज्ञान)

## भोटा स्कूल की सुनैना को मिला बेस्ट वोकेशनल टीचर अवॉर्ड




भोटा स्कूल की सुनैना मैडम को उपलब्धि के लिए सम्मानित किया गया।

**अनंत ज्ञान, भोटा**

पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भोटा की वोकेशनल अध्यापिका सुनैना (आईटी-आईटीईएस) को प्रदेश के सर्वश्रेष्ठ व्यावसायिक प्रशिक्षक पुरस्कार से नवाजा गया है। बता दें हाल ही में एआईएससीटी द्वारा विकसित भारत - 2025 के निर्माण में कौशल विकास, वित्तीय समावेशन और सामाजिक उद्यमिता की भूमिका विषय पर वार्षिक राज्य सम्मेलन का आयोजन किया गया, जो कि पालमपुर में हुआ था।

इस समारोह में प्रदेशभर में व्यावसायिक शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रशिक्षकों को सर्वश्रेष्ठ व्यावसायिक प्रशिक्षक पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इनमें भोटा स्कूल की अध्यापिका सुनैना का नाम भी शामिल है। उनकी इस उपलब्धि पर स्कूल प्रिंसिपल सनम सहित स्कूल स्टाफ ने उन्हें बधाई और शुभकामनाएं



# दोस्त ने जैकेट पहनाई तो लगा में पद्मश्री के काबिल हूं : हरिमन

## राष्ट्रपति भवन जाने से पहले डॉ. पीएल गौतम की दोस्ती ने निभाया बड़ा किरदार

## सेब सम्राट के पद्मश्री सम्मान के पीछे संघर्ष, नवाचार और दोस्ती की मिसाल

*जब बात हिमाचल की धरती पर जन्मे प्रगतिशील बागवान सेब सम्राट हरिमन शर्मा की होती है, तो केवल एक किसान की कहानी नहीं, बल्कि जुनून, इनोवेशन और समर्पण से भरी एक प्रेरणादायक यात्रा सामने आती है। हाल ही में हरिमन शर्मा को भारत सरकार ने पद्मश्री पुरस्कार से नवाजा, लेकिन इस सम्मान के पीछे जितनी महत्वपूर्ण उनकी मेहनत रही, उतनी ही अहम रही एक सच्चे मित्र की भूमिका। दिल्ली में जब हरिमन शर्मा को पद्मश्री पुरस्कार लेने राष्ट्रपति भवन जाना था, तो उनके साथ परिवार का कोई सदस्य नहीं था, बल्कि वर्षों पुराने अधिकारी मित्र डॉ. पीएल गौतम थे, जो वर्तमान में डॉ. राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय के चांसलर हैं। यह बात अनंत ज्ञान से एक्सक्लूसिव बातचीत में पद्मश्री हरिमन शर्मा ने कही।*

पद्मश्री हरिमन शर्मा से
**अनंत ज्ञान की विशेष बातचीत**

शुभम राही
बिलासपुर

### 40 से 45 डिग्री सेल्सियस में उग जाता है हरिमन-99

**हरिमन** शर्मा की खोज हरिमन-99 नामक सेब की एक विशेष किस्म है, जो 40 से 45 डिग्री सेल्सियस तक के तापमान में भी फल दे सकती है। 2021 में भारत सरकार ने इस किस्म को आधिकारिक रूप से दर्जा और पेटेंट प्रदान किया। बिलासपुर जिले के घुमारवीं उपमंडल के पनियाला गांव के रहने वाले हरिमन ने पारंपरिक सोच को चुनौती देते हुए यह साबित कर दिया कि सेब केवल बर्फीले और ठंडे इलाकों में ही नहीं, बल्कि तपते प्रदेशों में भी उगाए जा सकते हैं।

### कोहरे से बर्बाद हो रहे थे आम के पेड़, फिर तलाशा विकल्प

**हरिमन** शर्मा कहते हैं कि बिलासपुर क्षेत्र में जब आम के पेड़ अत्यधिक कोहरे से बर्बाद हो रहे थे तो मैंने सेब के पौधे लगाने का विकल्प तलाशा। पहले एक बीज से सेब का पौधा तैयार किया और उसे प्लम पर मल्टीप्लाई किया। आविष्कार साकार होता देखकर मैंने सेब की ग्राफ्टिंग की। इसके बाद सेब का फल लगना शुरू हो गया। सात सालों की कड़ी मेहनत के बाद सन् 2007 में पूर्ण सफलता हासिल हुई। बिलासपुर के पनियाला में उनकी सेब की एक बड़ी नर्सरी है, जहां सेब के पौधे उगाए जा रहे हैं। वह नेशनल इनोवेशन फाउंडेशन गांधीनगर गुजरात के साथ संबद्ध हैं और अपने पौधे इस फाउंडेशन के माध्यम से डिमांड के अनुरूप भेजते हैं।

### देश ही नहीं, विदेश में भी है डिमांड

**हरिमन** शर्मा ने नागपुर में दो हजार पौधे तैयार किए हैं, जबकि पूरे महाराष्ट्र में एचआरएमएन-99 वैरायटी के डेढ़ लाख पौधे महक रहे हैं। आज इस वैरायटी की देशभर में भारी मांग है। देश के 29 राज्यों में उनका सेब सफलतम रूप से तैयार होकर फल दे रहा है, जबकि विदेश तक भी इसकी पहुंच बन चुकी है। जर्मनी, बांग्लादेश, साउथ अफ्रीका और नेपाल में भी सेब का सफल उत्पादन किया जा रहा है। हाल ही में ओमान को हरिमन-99 के 7,000 पौधे निर्यात किए हैं।

### अब लग रहा है मेरा दोस्त पूरा हिमाचली किसान

**हरिमन** शर्मा बताते हैं कि अगर आज मुझे देशभर में पहचान मिली है, तो इसके पीछे मेरे मित्र डॉ. पीएल गौतम का बहुत बड़ा हाथ है। दिल्ली रवाना होने से ठीक एक दिन पहले डॉ. गौतम ने उन्हें पारंपरिक पहाड़ी टोपी और शॉल खरीदवाई। जब हरिमन राष्ट्रपति भवन के लिए रवाना हुए, तो डॉ. गौतम ने अपनी जैकेट उन्हें पहनाते हुए कहा कि अब मेरा दोस्त हरिमन पूरा हिमाचली किसान लग रहा है।

### ऐसे आया नंगे पांव पद्मश्री लेने का विचार

**हरिमन** शर्मा साधारण कमीज और पेंट में ही राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के हाथों पद्मश्री लेने के लिए नंगे पांव ही स्टेज पर पहुंच गए। यह दृश्य देख राष्ट्रपति भी हैरान रह गई। यह उनकी सादगी और आत्मविश्वास की कहानी बयां करता है। उन्होंने बताया कि यह विचार उनके मन में यकायक आया। हरिमन कहते हैं कि मैं जिस प्रतिष्ठित सम्मान को लेने जा रहा हूं तो उसके प्रति मुझे भी पूरा सम्मान देना चाहिए। जैसे हम किसी मंदिर में नंगे पांव जाते हैं वैसे ही मैंने भी नंगे पांव ही यह सम्मान पाने की सोची।



### पीएम मोदी के गोद लिए गांव में भी लहरा रहा हरिमन सेब

**पीएम** मोदी के गोद लिए वाराणसी के जयापुर गांव में भी सेब के 500 पौधों के माध्यम से किसान-बागवानों की आर्थिक उन्नति का मार्ग प्रशस्त हुआ है। हरिमन शर्मा का कहना है कि नगालैंड, मणिपुर, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश और असम में 1.25 लाख पौधे बांटे गए हैं। पौधे वितरण का कार्य विज्ञान एवं तकनीकी मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से किया गया है। जो भी जानकारी प्राप्त करना चाहे वह उनकी नर्सरी आकर ट्रेनिंग ले सकता है।

### शुरू में कोई नहीं करता था विश्वास

*हरिमन शर्मा ने बताया कि वर्ष 1999 में नई किस्म पर रिसर्च शुरू की। 2006 में सफलता मिली। उस समय कोई विश्वास नहीं करता था। फिर वर्ष 2007 में सेब व आम के फल तत्कालीन मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल को सचिवालय में भेंट किए थे जिस पर मुख्यमंत्री ने कृषि एवं उद्यान विभाग के अधिकारियों की बैठक बुलाई और सबको बताया कि गर्म क्षेत्रों में भी सेब पैदा हो रहा है। मीडिया के माध्यम से प्रचार बढ़ने लगा। वर्ष 2013 में गुजरात के तत्कालीन मुख्यमंत्री नरेंद्र मोदी ने वाइब्रेंट कृषि समिति उत्सव का आयोजन किया था, जिसमें उन्हें भी आमंत्रित किया गया था। इसके बाद नेशनल इनोवेशन फाउंडेशन गांधीनगर गुजरात के साथ संबद्ध हुए और एक नई पहचान मिली।*

### पूर्व मुख्यमंत्री धूमल ने दिया था सेब को हरिमन नाम

**7 जुलाई** 2008 को हरिमन शर्मा अपने बगीचे में तैयार हुए सेब को टोकरी में लेकर शिमला आए। यहां एक दिलचस्प वाक्या सामने आया। हरिमन शर्मा ने सेब की टोकरी हिमाचल के तत्कालीन मुख्यमंत्री मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल के सामने रखी। मुख्यमंत्री ने तुरंत अपने कैबिनेट के सहयोगियों को बुलाया और उन सभी ने उन सेबों को चखा। इनका स्वाद लाजवाब था। पूर्व मुख्यमंत्री ने इस सेब को हरिमन नाम दिया। इसके बाद बागवानी विश्वविद्यालय और विभाग के कई विशेषज्ञ हरिमन के बगीचे में गए और सेब के पौधों को देखकर आश्चर्यचकित हुए। आखिर में हरिमन शर्मा की तैयार की गई किस्म का नाम उन्हीं के नाम पर हरिमन-99 रख दिया गया। हरिमन-99 किस्म के 55 सेब के पौधे राष्ट्रपति भवन में लगाए हैं।



अनंत ज्ञान को अपना समर्थन देते सेब सम्राट पद्मश्री हरिमन शर्मा।

### इन अवॉर्ड से किया गया है सम्मानित

*हरिमन शर्मा को अब तक 18 राष्ट्रीय, 15 राज्य स्तरीय और 7 अन्य प्रतिष्ठित पुरस्कारों से सम्मानित किया जा चुका है। पद्मश्री के साथ अब उनके नवाचारों और उपलब्धियों को राष्ट्रीय स्तर पर सबसे बड़ी मान्यता मिली है। प्रमुख पुरस्कार इस प्रकार से हैं।*

15 अगस्त 2008 में राज्य स्तरीय सर्वश्रेष्ठ किसान पुरस्कार।
15 अगस्त 2009 में प्रेरणा स्रोत सम्मान पुरस्कार।
*2010 में सर्वश्रेष्ठ हिमाचली किसान शीर्षक से सम्मानित।*
2011 में सेब का सफलतापूर्वक उत्पादन पुरस्कार।
भा. कृषि अनुसंधान संस्थान, दिल्ली में प्रगतिशील किसान सम्मान।
राष्ट्रपति भवन में नई खोज के लिए राष्ट्रपति से पुरस्कार।
19 जनवरी 2017 को कृषि पंडित पुरस्कार।
पूसा भवन दिल्ली में केंद्र से मिला आईएआरई फेलो आवार्ड।
21 मार्च 2016 में राष्ट्रीय नवोन्मेषी कृषक सम्मान।
3 फरवरी 2016 को हिमाचल के राज्यपाल ने सम्मानित किया।
नेशनल इनोवेशन फाउंडेशन ने 4 मार्च 2017 से दिया द्वितीय राष्ट्रीय अवार्ड।
9 मार्च 2017 को राजस्थान बीकानेर में फार्मर साइंटिस्ट अवार्ड।
इफको की जयंती पर 29, मार्च 2017 को उत्कृष्ट कृषक पुरस्कार।

## न्यूज ब्रीफ

### शिमला में आज बजेगा 'युद्ध' का सायरन

**अनंत ज्ञान, शिमला।** शिमला में बुधवार को सिविल डिफेंस मॉकड्रिल होगी। यह देश के 244 जिलों में होने जा रही है। पुलिस समेत अन्य रेस्क्यू टीमों को युद्ध के दौरान बचने की ट्रेनिंग दी जाएगी। मॉकड्रिल के दौरान हवाई हमले की चेतावनी देने वाले सायरन बजाया जाएंगा। पाकिस्तान से युद्ध की आशंकाओं के बीच यह अभ्यास करवाया जाएगा। केंद्रीय गृह सचिव ने आज सुबह 11 बजे सभी राज्यों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से मॉकड्रिल की तैयारियों का रिव्यू किया। हिमाचल के अतिरिक्त मुख्य सचिव ओंकार शर्मा ने बताया कि गृह सचिव ने मॉकड्रिल के आयोजन को लेकर निर्देश दिए है। ओंकार ने बताया कि शिमला में दोपहर बाद चार बजे मॉक ड्रिल शुरू होगी।

### सीएम सुक्खू ने किया स्मारिका का विमोचन



**अनंत ज्ञान, शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने शिमला में हिम खेल एवं सांस्कृतिक संघ द्वारा प्रकाशित स्मारिका का विमोचन किया। इस अवसर पर हिमाचल प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया, प्रधान सलाहकार (मीडिया) नरेश चौहान और विधानसभा सचिव यशपाल शर्मा सहित विधानसभा में जनसंचार के संयुक्त निदेशक हरदयाल भारद्वाज मौजूद रहे।

### लोक निर्माण के गेस्ट हाउसों में ऑनलाइन होगी बुकिंग

**अनंत ज्ञान, शिमला।** हिमाचल प्रदेश के सभी पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउसों में अब ऑनलाइन बुकिंग के माध्यम से कमरे बुक किया जा सकेंगे। पारदर्शिता बनाए रखने व वीआईपी कल्चर खत्म करने को यह मजबूत कदम उठाया गया है। इस नवीन नियमावली के तहत फर्स्ट कम फर्स्ट सर्व के आधार पर कमरें उपलब्ध होंगे। बता दें कि पूरे प्रदेश में लोक निर्माण विभाग के विभिन्न गेस्ट हाउसों में 2000 से ज्यादा कमरे हैं, अभी तक देखने में आया है कि इनमें ऊपरी सिफारिश के मद्देनजर वीआईपी लोग ही ठहरते आए हैं। अब ताजातरीन फैसले के बाद आम जनता भी ऑनलाइन बुकिंग के माध्यम से पीडब्ल्यूडी के गेस्ट हाउसों में ठहराव कर पाएगी। ये जानकारी शिमला में पीडब्ल्यूडी मिनिस्टर विक्रमादित्य सिंह ने दी। उन्होंने उम्मीद जताई की इससे विभाग के गेस्ट हाउसों में आम लोगों को ठहरने की आसान सुविधा मिल पाएगी।

### ईसीआई ने राजनीतिक दलों से सीधा संवाद किया शुरू

**अनंत ज्ञान, शिमला।** भारतीय निर्वाचन आयोग (ईसीआई) ने राष्ट्रीय और राज्य स्तर के राजनीतिक दलों के साथ सीधे संवाद की पहल शुरू की है। यह पहल लोकतांत्रिक प्रक्रिया को अधिक समावेशी और सहभागितापूर्ण बनाने के उद्देश्य से की गई है। इस संवाद के माध्यम से राजनीतिक दलों के अध्यक्षों को आयोग के साथ सीधे अपनी समस्याओं, सुझावों और विचारों को साझा करने का अवसर मिल रहा है, जिससे पारदर्शिता और सहयोग को बढ़ावा मिल रहा है। इससे पूर्व आयोग द्वारा देशभर में 4,700 से अधिक सर्वदलीय बैठकों का आयोजन करवाया जा चुका है, जिनमें 28,000 से अधिक दलों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया और निर्वाचन संबंधी विषयों पर व्यापक चर्चा की।

### वाहन चालकों को एक ही दिन में लगा 12 लाख का जुर्माना

**अनंत ज्ञान, नाहन।** आरटीओ सोना चंदेल ने नियमों की अवहेलना करने वालों के खिलाफ जीरो टोलरैंस की नीति को अपनाते हुए वाहन चालकों पर कार्रवाई की है। जानकारी के अनुसार लोक निर्माण विभाग की तरफ से बांगरन पुल पर लोडिड वाहनों की क्षमता 9 टन निर्धारित की गई है, लेकिन बावजूद इसके उक्त पुल से 30 से 40 टन ओवरलोडिड ट्राले गुजरने की शिकायत विभाग को मिली थी। इसके बाद आरटीओ ने टीम सहित सोमवार रात्रि करीब साढ़े 3 बजे दबिश दी। इस दौरान क्षमता से अधिक भार लेकर चलने वाले 30 ट्रकों के चालान किए। इसके साथ 3 ओवरलोड ट्रैक्टरों पर भी कार्रवाई अमल में लाई गई। पांवटा साहिब में बिना इंश्योरैंस और पासिंग के चलने वाले 14 ई-रिक्शा और अधूरे कागजों के पांवटा साहिब में आए गुजरात और यूपी के 2 ऑटो के भी न केवल चालान किए गए, बल्कि विभाग ने इन्हें जब्त भी कर लिया। मंगलवार शाम तक चली इस कार्रवाई में कुल 72 वाहनों के चालान किए गए, जिन पर लगभग 12 लाख रुपए का जुर्माना किया गया। इसमें से 4.13 लाख रुपए का जुर्माना मौके पर ही वसूल किया गया। इस कार्रवाई के दौरान एक ही दिन में 19 वाहनों को जब्त किया गया।

### हिमाचल में 400 नई पंचायतों का होना था गठन, फील्ड से नहीं आ पाई जरूरी रिपोर्ट

# नई पंचायतों का गठन लटका



**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला**

हिमाचल प्रदेश में नई पंचायतों का गठन ठंडे बस्ते में पड़ गया है। तमाम संभावनाएं तलाशने के बाद नतीजा शून्य निकला है। बड़ी पंचायतों को पुनर्गठन के दायरे में लाया जाना था। विकास की दृष्टि से नई पंचायतों का गठन होना था। आवश्यक जांच पड़ताल के बाद पुनर्गठन का मामला अब जहां का तहां अटक गया है।

पंचायती राज निदेशालय ने आवश्यक तैयारियों को सिरे भी चढ़ा दिया था, मगर जरूरी प्रक्रिया में तीन से चार माह का समय लगना है, अगले महीने जून माह तक यह प्रक्रिया पूरी होनी थी, मगर ऐसा संभव नहीं हो पाया। फील्ड से सही रिपोर्ट नहीं मिल पाई, जिससे कई तरह का कन्फ्यूजन पैदा हुआ है। प्रधान या उपप्रधान की सिफारिशों पर नई पंचायतें नहीं बनेगी। उसके लिए भौगोलिक परिस्थितियों के अलावा स्थानीय लोगों की मांग सहित मौजूदा पंचायत का आकार कितना बड़ा है, उसका स्वरूप क्या है, इन सब बातों की पड़ताल होनी लाजिमी थी।

जानकारी के अनुसार मौजूदा समय में प्रदेश के अंदर 3615 पंचायतें अस्तित्व में है, इन्हीं पंचायतों का पुनर्गठन होना था, जिसके तहत 400 के करीब नई पंचायतों के गठन का प्रस्ताव था, इन्हीं सब प्रस्तावों को पंचायती राज विभाग के राज्य निदेशालय में जमा कराया गया था। हालांकि 300 अन्य प्रस्ताव भी पहले से ही पेंडिंग पड़े हैं, 400 पंचायतों के गठन की सहमति जरूर बन गई थी। 300 अन्य प्रस्ताव पर विचार के बाद उन्हें फाइल बंद किया गया था। (अनंत ज्ञान)

#### 7 माह के अंदर होंगे पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव

**बताया** गया है कि अगले 7 माह के अंदर राज्य में पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव होने वाले हैं, उस सूरत में आवश्यक कार्यवाही पूरी करने में परेशानी आ रही है। तमाम तरह की दिक्कतों को देखते हुए पंचायती राज विभाग के निदेशालय ने ग्रामीण एवं पंचायती राज मंत्री अनिरुद्ध सिंह को इस बाबत अवगत करा दिया है और उन्हें पूरी वस्तु:स्थिति से अवगत कराया गया है, अब मंत्री अनिरुद्ध सिंह इस संदर्भ में सीएम सुक्खू को अवगत करवाएंगे। सीएम इस पर क्या फैसला लेते हैं। यह सब उनके आधिकारिक बयान के बाद ही पता चल पाएगा।

**जून में पूरी होनी थी प्रक्रिया जांच में कन्फ्यूजन आई सामने**

#### सैकड़ों प्रस्ताव में प्रक्रिया के लिए वक्त चाहिए : निदेशक

**पंचायतीराज** विभाग के निदेशक राजेश शर्मा का कहना है कि उनके पास नई पंचायतों के गठन के लिए सैंकड़ों प्रस्ताव आए हैं, जिस पर थोड़े समय में विचार करना अब असंभव है, इसमें आवश्यक प्रक्रिया अपनाए जाने को लेकर लंबा वक्त चाहिए, जो अब नहीं बचा है। आगामी दिसंबर माह में पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव होने हैं, उसके लिए अभी से तैयारियाँ करनी जरूरी है। ताकि, आगे चलकर पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव सफलतापूर्वक संपन्न कराए जा सके।

# चहेतों को टेंडर देने में सरकार कर रही धांधली : जयराम ठाकुर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

जयराम ठाकुर ने कहा कि सुक्खू सरकार केंद्र सरकार की वित्त पोषित योजनाओं में भी भ्रष्टाचार के रास्ते तलाश रही है। सरकार कहीं परियोजनाओं के टेंडर की शर्तों में फेरबदल कर चहेते लोगों को लाभ दिलवा रही है, तो कहीं टेंडर के राष्ट्र स्तरीय मानकों का पालन नहीं करके धांधली की कोशिश कर रही है। केंद्र सरकार द्वारा प्रायोजित फिन्ना सिंह परियोजना के टेंडर में जल शक्ति विभाग ने ज्वाइंट वेंचर पर रोक लगा दी है।

उन्होंने आरोप लगाया कि 293 करोड़ की इस परियोजना के टेंडर में ज्वाइंट वेंचर पर रोक लगाकर सरकार किसे लाभ पहुंचाना चाहती है। जबकि केंद्रीय राजमार्ग एवं सड़क परिवहन, एनएचएआई, बॉर्डर रोड संगठन (बीआरओ) हिमाचल लोक निर्माण विभाग की परियोजनाओं में 100 करोड़ से अधिक के प्रोजेक्ट में ज्वाइंट वेंचर की अनुमति है।



#### सरकार किसको फायदा पहुंचाने की फिराक में

**जयराम** ने बताया कि ऐसे में सवाल उठता है कि प्रतिष्ठित केंद्रीय संस्थाओं के नियमों के विपरीत हिमाचल सरकार और जल शक्ति विभाग फिन्ना सिंह सिंचाई परियोजना के टेंडर में ज्वाइंट वेंचर पर रोक कैसे लगा सकती है? अपने इस कदम से सरकार किसको फायदा पहुंचाना चाहती है?

#### पेयजल परियोजनाओं में रहा भ्रष्टाचार

**वर्ल्ड** बैंक द्वारा पोषित शिमला की पेयजल परियोजनाओं में टेंडर की शर्तों में बदलाव कर भ्रष्टाचार करने के आरोप लग चुके हैं। इस परियोजना के पूरा होने के बाद सुल्याली की 4025 हेक्टेयर से ज्यादा जमीन को सिंचाई सुविधा मिलेगी, जिससे लगभग 60 गांवों के लोग लाभान्वित होंगे और क्षेत्र में हरित क्रांति आएगी।

# पधर में अवैध अफीम के एक लाख 9 हजार 486 पौधे बरामद



अफीम की अवैध खेती को नष्ट करते हुए।

**अनंत ज्ञान, मंडी**

एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स कुल्लू टीम ने मंडी जिला के पधर में अवैध अफीम की खेती में एक लाख 9 हजार 486 पौधे बरामद किए हैं। एएनटीएफ टीम ने बरठवाण, सुरंग और बधोण में यह कार्रवाई अमल में लाई है। मौके से रासायनिक परिक्षण के लिए सैंपल लेने के बाद सभी अफीम के पौधों को पुलिस ने नष्ट कर दिया है।

पुलिस ने 4 एफआईआर दर्ज किए हैं। पुलिस अफीम की अवैध खेती में भूमि मालिक का पता करने के लिए राजस्व रिकॉर्ड खंगाल रही है। एसपी मंडी साक्षी वर्मा ने कहा कि प्रदेश पुलिस की विशेष टीम एएनटीएफ कुल्लू ने बधोण धार में दो खेतों से 10 हजार 155, गांव बरठवाण 17 खेतों से 55832 और 12 खेतों से 38932 और गांव बुलंग में एक खेत से 45670 अवैध रूप से उगाए गए अफीम के पौधे बरामद किए हैं।

पुलिस ने सैंपल लेने के बाद अफीम के पौधों को पूरी तरह से नष्ट कर दिया है। साक्षी वर्मा ने कहा कि नशे की अवैध खेती को लेकर पुलिस द्वारा कड़ी कार्रवाई आरोपियों के खिलाफ अमल में लाई जाएगी और मामलों में आगामी जांच जारी है।

**संभावना** प्रदेश के कई जिलों में तूफान और आकाशीय बिजली गिरने का अलर्ट

# हिमाचल में चार दिन खराब रहेगा मौसम

**अनंत ज्ञान, शिमला**

हिमाचल प्रदेश में खराब मौसम का दौर जारी है। राज्य के अधिकांश इलाकों में मंगलवार को भी गरज के साथ बारिश हुई। राजधानी शिमला में दोपहर के समय बादल बरसे। किन्नौर को छोड़कर प्रदेश में आने वाले कुछ दिन तक मौसम खराब रहेगा।

मौसम विभाग ने कई जिलों में तूफान और आकाशीय बिजली गिरने का अलर्ट जारी किया है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला द्वारा मंगलवार को जारी बुलेटिन के अनुसार अगले चार दिनों तक प्रदेश में मौसम खराब बना रहेगा। इस दौरान गरज के साथ तेज हवाएं चलने, बिजली गिरने और ओलावृष्टि की संभावनाएं जताई गई हैं। विभाग ने स्पष्ट किया है कि कुछ जिलों में तेज तूफान 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से भी चल सकता है जो जनजीवन और खेती दोनों के लिए नुकसानदायक हो सकता है। मौसम विभाग ने राज्य के अधिकांश जिलों के लिए 7 मई से 10 मई तक तेज हवाएं, आंधी-तूफान, बिजली गिरने और कुछ क्षेत्रों में ओलावृष्टि की चेतावनी जारी की है। विभाग ने इस दौरान लोगों से सतर्क रहने और खुले में न जाने की सलाह दी है।

**60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चल सकता है तूफान**



#### किसान फसलों की सुरक्षा करें सुनिश्चित

**मौसम** विभाग ने किसानों को सलाह दी है कि वे अपनी फसलों की सुरक्षा सुनिश्चित करें। खासकर सेब, टमाटर और सब्जियों की फसलें तेज हवाओं और ओलावृष्टि से प्रभावित हो सकती हैं। विभाग ने खेतों में मजबूत संरचनाएं बनाने और फलों की थैलियों की जांच करने की सलाह दी है। मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि लोग पेड़ों और बिजली के खंभों से दूर रहें।

#### प्रदेश के इन जिलों में जारी हुआ अलर्ट

**8** मई को सोलन, सिरमौर और किन्नौर को छोड़कर बाकी नौ जिलों के लिए येलो अलर्ट रहेगा। वहीं, 9 और 10 मई को चंबा, कांगड़ा, कुल्लू, मंडी, शिमला और लाहौल-स्पीति जिलों में भी येलो अलर्ट जारी किया गया है।40 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं।

वहीं जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति में अगले चार दिनों तक 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने का पूर्वानुमान है। हालांकि किन्नौर में 7 से 9 मई तक मौसम विभाग ने किसी प्रकार की चेतावनी जारी नहीं की है। केवल 10 मई को यहां हल्की हवाएं चलने की संभावना जताई गई है।

## न्यूज ब्रीफ

### सिविल डिफेंस मॉकड्रिल में भाग लेने का आह्वान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने केंद्रीय गृह मंत्रालय की ओर से 7 मई को देशभर में आयोजित की जा रही 'सिविल डिफेंस मॉकड्रिल' में युवाओं-विद्यार्थियों को बढ़-चढ़कर सहभागिता करने का आह्वान किया है। हाल ही में कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले और सीमा पार से बढ़ते सुरक्षा खतरे, जिनमें साइबर हमले और शत्रुतापूर्ण गतिविधियां भी शामिल हैं, उनके अंतर्गत यह राष्ट्रव्यापी मॉकड्रिल नागरिक और संस्थागत तंत्र की तैयारियों को सुदृढ़ करने की दिशा में एक आवश्यक कदम है। इस अभ्यास में एयर रेड वार्निंग सायरन का परीक्षण, क्रैश ब्लैकआउट अभ्यास, नागरिकों की सुरक्षित निकासी का पूर्वाभ्यास, और विद्यार्थियों व आम नागरिकों को आपात स्थिति में सुरक्षा के उपाय सिखाने का प्रशिक्षण सम्मिलित है।

### जनकल्याण संस्था तलवाड़ लगाएगी आंखों का कैंप

**अनंत ज्ञान, जयसिंपुर।** जनकल्याण संस्था तलवाड़ जयसिंहपुर की मासिक बैठक प्रधान कुलदीप ठाकुर की अध्यक्षता में सीएसडी कैंटीन जयसिंहपुर में हुई, जिसमें जिला परिषद जयसिंहपुर संजीव ठाकुर कोषाध्यक्ष त्रिलोक चौधरी और सह सचिव शक्ति चंद के अतिरिक्त लगभग 30 समाजसेवकों ने भाग लिया। सर्वप्रथम पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए निर्दोष लोगों और संस्था के सदस्य पवन कुमार अमृतसर की माता के निधन पर 2 मिनट का मौन रखा। रविंदर भाटिया और प्रमोद डोगरा ने आंखों का फ्री कैंप लगाने का प्रस्ताव रखा, जिसको बैठक में सर्व समिति से 18 मई को गर्ग हॉस्पिटल के तत्वावधान संस्था की ओर से तलवाड़ में आयोजित किया जाएगा। बैठक में प्रधान कुलदीप ठाकुर जिला परिषद संजीव ठाकुर शक्ति चंद्र शास्त्री रिटायर प्रिंसिपल रूपलाल धीमान और कैप्टन टेक सिंह जी ने अपने विचार रखें। चार आवेदन दो आर्थिक सहायता पर दो धाम के समान के लिए आए जो की सर्व समिति से पास किए गए।

### 8 और 9 को टांडा रेंज में फायरिंग अभ्यास

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** सहायक आयुक्त ने बताया कि टांडा फील्ड फायरिंग रेंज में भारतीय सेना की ओर से 8 और 9 मई को सुबह 8 बजे से रात्रि 10 बजे तक फायरिंग का अभ्यास किया जाएगा। उन्होंने पंचायत कोहाला, कछियारी, खोली, घुरकड़ी व साथ लगते क्षेत्रों के लोगों से अपील की है कि इस दौरान वह फायरिंग रेंज से दूर रहें तथा अपने पालतु पशुओं को भी न जाने दें, ताकि किसी भी प्रकार की जान-माल की हानि से बचा जा सके।

### दलाईलामा आज होंगे दीर्घायु प्रार्थना में शामिल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मैक्लोडगंज।** तिब्बतियों के धर्मगुरु दलाईलामा बुधवार सुबह मुख्य तिब्बती मंदिर में शांग गादेन चोखोरलिंग मठ नेपाल, चत्रिंग समुदाय और फारी समुदाय की ओर से उनके लिए की जाने वाली दीर्घायु प्रार्थना में शामिल होंगे। धर्मशाला में सभी शिक्षणों के लिए भाग लेने के लिए पंजीकरण आवश्यक किया है। पंजीकरण शिक्षण की वास्तविक शुरुआत से कुछ दिन पहले शुरू हुई है और शिक्षण के पहले दिन से एक दिन पहले समाप्त होगी। पंजीकरण का समय मुख्य तिब्बती मंदिर (त्सुग्लखांग) प्रांगण में सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक और दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक है। पंजीकरण के उद्देश्य से सभी विदेशियों को अपने पासपोर्ट, भारतीय वीजा और सी फॉर्म की प्रतियां लानी होंगी। भारत में रहने वाले लोगों को अपने आधार कार्ड की प्रतियां लानी होंगी। दलाईलामा अपनी पुरानी नीति के अनुसार अपने भाषणों के लिए कोई शुल्क नहीं लेते हैं। जहां टिकट खरीदने की आवश्यकता होती है, वहां आयोजकों से हमारे कार्यालय की ओर से अनुरोध किया जाता है कि वे केवल अपनी लागतों को कवर करने के लिए न्यूनतम प्रवेश शुल्क लें।

### डलहौजी रोड पर गाड़ियों पर गिरा पेड़, नुकसान

**अनंत ज्ञान, पठानकोट।** पठानकोट के डलहौजी रोड पर सुबह 6:30 बजे के करीब एक सफेदे की भारी टहनी टूटकर 4 गाड़ियों पर गिर गई। इससे चारों गाड़ियों को भारी नुकसान हुआ है। लोगों ने बताया कि सुबह एक धमाके जैसी आवाज आई, जिसके बाद जब जाकर देखा तो वहां पर एक सफेदे की भारी टहनी पेड़ के नीचे लगी गाड़ियों पर गिर गई था। स्कूल बस ड्राइवर जो कि गाड़ी को स्टार्ट करने जा रहा था, वह थोड़ी देर के लिए बाहर रुक गया और यह पेड़ गिर गया, नहीं तो जानी नुकसान हो सकता था। उन्होंने प्रशासन से मांग की है की रिहाइशी इलाकों में जो बड़े-बड़े पुराने पेड़ हैं, कटाई-छंटाई करवाई जाए।

### प्लास्टिक बेस्ड यूनिट ने किया काम करना शुरू : बीडीओ अशोक

# पंद्रेहड़ प्लास्टिक बेस्ड यूनिट में होगा नूरपुर की पंचायतों के कूड़े का निष्पादन

**अनंत ज्ञान, नूरपुर**

**नूरपुर** विधानसभा की पंद्रेहड़ पंचायत में बना प्लास्टिक बेस्ड यूनिट पूरी तरह इनस्टॉल हो गया है और अब काम करना भी शुरू कर दिया है।

बीडीओ नूरपुर अशोक कुमार ने कहा कि पंद्रेहड़ पंचायत भवन के साथ बना यह प्लास्टिक यूनिट वैसे तो 17 पंचायतों के लिए बना है, लेकिन फिलहाल इसे विधानसभा की सभी पंचायतों के लिए उपयोग में लाया जाएगा। उन्होंने कहा कि सभी पंचायतों को पंचायत सभा में अप्रूवल करवाकर स्वच्छता सेस लगाने के लिए कहा है, जिसमें



- **वर्तमान में 17 पंचायतों के लिए बना है यह यूनिट**
- **सुखार और औंद पंचायत में भी खोलने का है प्रपोजल**

अधिकतर पंचायतों ने इसे अप्रूव करवा लिया है और कुछ पंचायतें रह गई हैं। वहीं पंद्रेहड़ पंचायत के उपप्रधान सिकंदर राणा ने बताया कि उनकी पंचायत में बना प्लास्टिक बेस्ड यूनिट पूरी तरह बनकर तैयार है और उन्होंने अपनी पंचायत में इसका उपयोग करना भी शुरू कर दिया है। दूसरी पंचायतों से कूड़ा लाने की बात है तो जब सरकार की तरफ से गाड़ी और मैन पावर मिल जाएगी, तो विधानसभा स्तर पर काम किया जाएगा।

#### हर 15 दिन में घरों से कूड़ा लेकर जाएगी गाड़ी

**अशोक** ने कहा कि स्वच्छता सेस के माध्यम से हर 15 दिन के बाद पंचायत घरों में गाड़ी जाया करेगी और वहां से कूड़ा लाकर इसे प्लास्टिक यूनिट लाएगी, जहां से सरकार का सीमेंट फैक्टरी के साथ हुए एमओयू के तहत उसे वहां भेजा जाएगा। बीडीओ बताया कि भविष्य में नूरपुर विधानसभा में औंद और सुखार पंचायतों में भी प्लास्टिक बेस्ड यूनिट खोलने का प्रपोजल है, लेकिन जब तक स्थापित नहीं होते तब तब पंद्रेहड़ पंचायत के प्लास्टिक यूनिट से काम लिया जाएगा।

## न्यूजीलैंड के डिप्टी हाई कमिश्नर ने की सीयू के कुलपति से मुलाकात



सीयू के कुलपति से मुलाकात करते न्यूजीलैंड के डिप्टी हाई कमिश्नर।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**न्यूजीलैंड** के डिप्टी हाई कमिश्नर मैथ्यू हेयर्स ने मंगलवार को केंद्रीय विश्वविद्यालय हिमाचल प्रदेश के राजनीति विज्ञान विभाग का दौरा किया।

इस दौरे का उद्देश्य हिमाचल के प्रमुख राजनीतिक हितधारकों की गहरी समझ प्राप्त करना और न्यूजीलैंड व इस क्षेत्र के बीच भविष्य में सहयोग के संभावित रास्तों की खोज करना रहा। वहीं, हेयर्स ने विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सत प्रकाश बंसल से भेंट की। दोनों के बीच केंद्रीय विश्वविद्यालय और न्यूजीलैंड के शैक्षणिक संस्थानों के बीच अकादमिक और शोध सहयोग की संभावनाओं पर सार्थक संवाद हुआ। हेयर्स ने प्रो. सत प्रकाश बंसल को संभावित साझेदारियों पर आगे चर्चा के लिए न्यूजीलैंड उच्चायोग आने का औपचारिक निमंत्रण भी दिया।

## लेखन प्रतियोगिता में नितिन शर्मा ने झटका पहला स्थान



अध्यापकों के साथ बच्चे।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

भारतीय डाक विभाग हिमाचल परिमंडल शिमला की ओर से आयोजित की ढाई आखर पत्र लेखन स्पर्धा के तहत वर्ष 2024-25 में डिजिटल युग में पत्र लेखन का महत्व में ग्राम व डाकघर चड़ी के निवासी एवं राजकीय उच्च विद्यालय भितलू में शास्त्री के पद पर कार्यरत नितिन शर्मा ने 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में हिमाचल प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में उनके पत्र को पूरे हिमाचल प्रदेश परिमंडल में सभी आवेदनों में उत्कृष्ट पाया गया, जिसके लिए उन्हें प्रथम पुरस्कार के रूप में 25,000 राशि व प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन राजकीय उच्च विद्यालय भितलू में किया गया, जहां नितिन शर्मा को यह सम्मान धर्मशाला डाक मंडल के रविंद्र शर्मा अधीक्षक डाकघर ने कमल शर्मा सहायक अधीक्षक डाकघर, अदिती शर्मा उपडाकपाल चड़ी उपस्थिति में प्रदान किया। इस अवसर पर राजकीय उच्च विद्यालय भितलू की मुख्याध्यापिका ज्योति थापा भी उपस्थित रहे।

# 9 करोड़ से बनेगा आदर्श अस्पताल फतेहपुर का नया भवन

## सात नए डॉक्टर हुए तैनात, ओपीडी भवन का निर्माण कार्य युद्धस्तर पर हुआ शुरू

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर**

**फतेहपुर** में 9 करोड़ रुपए की लागत से फतेहपुर अस्पताल का नया भवन बनाया जाएगा। हाल ही में सात नए डाक्टरों ने फतेहपुर अस्पताल में अपना पद संभाल लिया, लेकिन अस्पताल में ओपीडी कमरे कम पड़ गए हैं। वहीं, दिन-रात नई ओपीडी भवन के निर्माण का कार्य युद्धस्तर पर चला हुआ है। नए भवन के लिए बजट सेक्शन हो चुका है।

इस सिविल अस्पताल को 100 बिस्तरों की सुविधा में अपग्रेड करने के लिए धनराशि स्वीकृत की है। इस धन का उपयोग एक नए बाह्य रोगी विभाग के निर्माण के लिए किया जाएगा, जो क्षेत्र में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं की मांग को पूरा करेगा। वहीं, फतेहपुर विधानसभा की जनता के साथ-साथ जवाली, नूरपुर व इंदौरा विधानसभाओं की जनता भी फतेहपुर के इस अस्पताल में स्वास्थ्य सुविधाएं प्राप्त कर रही है। योजना बोर्ड के उपाध्यक्ष एवं फतेहपुर के विधायक भवानी सिंह पठानिया ने बताया कि सिविल अस्पताल को आदर्श अस्पताल का दर्जा प्राप्त हो चुका है। फतेहपुर सिविल अस्पताल में 7 नए स्पेशलिस्ट डॉक्टरों ने अपनी सेवाएं देनी शुरू कर दी हैं, जबकि सर्जन और एनेस्थिसिया डॉक्टरों के आदेश भी हो गए हैं। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रें व सिविल अस्पताल रैहन में भी डाक्टरों की नियुक्त हो रही है। रें एक नए डॉक्टर ने ज्वॉइन कर लिया है।



अस्पताल में चला भवन निर्माण का कार्य।

#### 4 आईसीयू बेड इमरजेंसी और जनरल वार्ड में किए गए स्थापित : भवानी

**भवानी** सिंह पठानिया ने बताया कि आदर्श अस्पताल फतेहपुर में 4 ओपीडी के नए कमरों सहित ऑपरेशन थिएटर, रोगियों के बैठने का स्थान व डॉक्टरों के आवास पर कार्य आरंभ हो गया है। अगले पंद्रह दिनों तक यह जनता को समर्पित हो जाएंगे। दो नए ओपीडी कमरे बनकर तैयार हैं, जहां डॉक्टर अपनी सेवाएं देंगे, जबकि 4 आईसीयू बेड भी इमरजेंसी और जनरल वार्ड में लगाए गए हैं। उन्होंने कहा कि जल्द सब काम पूरा करके फतेहपुर की जनता को उच्च स्वास्थ्य संबंधी सेवाएं उपलब्ध करवाई जाएगी।



## अनंत फैशन एंड ब्यूटी



# समर फैशन में ये यूनिक रंग देंगे नया ट्विस्ट

*क्या आप भी रोजाना ट्रेंडी और फैशनेबल दिखना पसंद करती हैं? लेटेस्ट ट्रेंड के हिसाब से आपको खुद को प्रेजेंट करना पसंद हैं? तो इस समर सीजन में अपने वॉर्डरोब में इन 5 कलर्स को जरूर शामिल करें, जो इस वक्त फैशन वर्ल्ड में छाए हुए हैं। जी हां, हम बात कर रहे हैं 2025 के 5 सबसे शानदार कलर शेड्स के बारे में, जिन्हें बॉलीवुड इंडस्ट्रीज से लेकर हॉलीवुड हब्स तक कैरी कर रहा है। इन शेड्स ऑप्शन में बटर येलो से लेकर आइस ब्लू कलर तक शामिल हैं। तो आइए इस कलर ट्रेंड के बारे में विस्तार से जानते हैं और अपने फैशन गेम में इन्हें शामिल करते हैं। गर्मी का मौसम आते ही हमें अपने फैशन लुक के साथ एक्सपेरिमेंट करने का ढेर सारा मौका मिलता है। मैक्सी ड्रेस, स्कर्ट स्टाइल, शर्ट एंड शॉर्ट्स, फ्लोर लेंथ ड्रेसेस, वर्सेटाइल बॉटमवियर और न जाने क्या-क्या। हम रोजाना अलग-अलग तरह के कपड़े पहनना पसंद करते हैं, लेकिन क्या आपको मालूम है कि ड्रेसेस से ज्यादा कलर्स के साथ एक्सपेरिमेंट करने से हमारा फैशन लुक ज्यादा आकर्षक दिखता है। हमेशा ब्लैक एंड व्हाइट जैसे कपड़े पहनने से अच्छा है कि आप ट्रेंडिंग कलर्स फॉर समर 2025 को फॉलो करें। ये आपको रोजाना यूनिक और अट्रैक्टिव लुक देंगे। साथ ही, आपके ड्रेसिंग सेंस की हर कोई तारीफ करेगा।*

**पाउडर पिंक :** यह रंग केवल रोमांस और सॉफ्टनेस का प्रतीक नहीं है। इसमें एक फेमिनिन पावर वाली फीलिंग भी आती है। लड़के और लड़कियों दोनों के लिए यह रंग कॉन्फिडेंस का प्रतीक बन चुका है। स्ट्रक्चर्ड ब्लेजर से लेकर फ्लोई ड्रेसेज तक, इस रंग में हर आउटफिट एलिगेंस के साथ-साथ दमदार अपील देता है। डेली वियर के लिए आप इस शेड में टॉप और टी शर्ट ले सकते हैं। फॉर्मल मीटिंग्स के लिए इसमें शर्ट परफेक्ट फिट ऑप्शन हैं।

**बटर येलो :** यह कलर अपने आप में एक लाइट और सूदिंग फील देता है। हल्के शेड में इसे खुशमिजाज रंगों की लिस्ट में शामिल किया गया है। नजर पड़ते ही इस समर सीजन में गर्मियों की मिठास और ताजगी दोनों महसूस होती है। लड़कियां इस शेड में फ्लोई मैक्सी ड्रेसेज, प्लेजफुल टॉप्स और मिनिमल कुर्तियां ले सकती हैं। वहीं, लड़कों पर इस शेड में शर्ट या फिर शॉर्ट कुर्ता खूब जंचेगा।

**कर्मिट ग्रीन :** टीज, टी शर्ट से लेकर, टॉप और कुर्ती तक में यह कलर खूब चल रहा है। कर्मिट ग्रीन कलर, वो रंग है जो किसी भी आउटफिट को फौरन लाइमलाइट में ले आता है। ब्रंच डेट्स, डे पार्टीज या वीकेंड ट्रिप्स पर आप इस कलर के आउटफिट्स पहन सकते हैं। इस कलर में एक्सेसरीज या फुटवियर को भी स्टाइलिंग में शामिल किया जा सकता है।

# नेचुरल ब्यूटी सीक्रेट्स से पाएं ग्लोइंग और यंग लुक

**क्या आप भी चाहते हैं कि आपकी त्वचा हर मौसम में चमकती रहे और आपकी उम्र का अंदाजा लगाना मुश्किल हो जाए? बाजार में मिलने वाले महंगे प्रोडक्ट्स और केमिकल्स से भरपूर ट्रीटमेंट्स के बजाय अब वक्त है नेचर की ओर लौटने का। कुछ आसान और नेचुरल ब्यूटी सीक्रेट्स की मदद से आप न सिर्फ अपनी स्किन को ग्लोइंग बना सकते हैं, बल्कि उसे लंबे समय तक यंग और फ्रेश भी रख सकते हैं। चलिए जानते हैं ऐसे घरेलू उपाय, जो आपकी त्वचा को देंगे एक नई जान और वो भी बिना किसी साइड इफेक्ट के।**



### नींबू और शहद का फेस पैक

**नींबू** में ब्लीचिंग गुण होते हैं, जबकि शहद त्वचा को हाइड्रेट करता है। इन्हें मिलाकर एक फेस पैक बनाएं और अपने चेहरे पर लगाएं। यह पैक त्वचा के डेड सेल्स को निकालता है और आपको देता है ग्लोइंग लुक।

### दूध और हल्दी का उपयोग

**हल्दी** में एंटी-इंफ्लेमेट्री गुण होते हैं और दूध आपकी त्वचा को नमी प्रदान करता है। दोनों को मिलाकर एक पैक तैयार करें और इसे अपनी त्वचा पर लगाएं। इससे आपकी त्वचा साफ, उज्जवल और यंग दिखेगी।

### एलोवेरा जेल

एलोवेरा जेल में विटामिन ई और एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं, जो त्वचा को हाइड्रेट करने के साथ-साथ त्वचा की उम्र बढ़ने के संकेतों को भी कम करते हैं। इसे रातभर चेहरे पर लगाकर छोड़ दें और सुबह उठकर धो लें।

### विटामिन सी से भरपूर फल

संतरा, कीवी, स्ट्रॉबेरी और पपीता जैसे विटामिन सी से भरपूर फल खाएं। यह आपकी त्वचा को अंदर से निखारने में मदद करता है और फ्री रैडिकल्स से होने वाले नुकसान से बचाता है।



### नींबू और गुलाब जल

**रोजाना** नींबू और गुलाब जल का मिक्सचर अपने चेहरे पर लगाएं। यह आपकी त्वचा के रंग को हल्का करेगा और डार्क स्पॉट्स को कम करेगा, जिससे आपकी त्वचा और भी खूबसूरत दिखेगी।

### कच्चा दूध और आलू

आलू में ब्लीचिंग गुण होते हैं, जो त्वचा के रंग को हल्का करने में मदद करते हैं। कच्चे दूध और आलू के रस को मिक्स करके चेहरे पर लगाएं और कुछ मिनटों के लिए छोड़ दें। इससे त्वचा पर चमक आ जाएगी।

### पानी पीना न भूलें

**अपनी** त्वचा को हाइड्रेट रखने के लिए दिनभर पर्याप्त पानी पिएं। यह आपकी त्वचा को अंदर से स्वस्थ बनाता है और उसकी चमक को बनाए रखता है।

# झुर्रियों से हैं परेशान तो अपनाएं घरेलू उपाय



**बढ़ती** उम्र के साथ लोगों को कई तरह की परेशानियों से गुजरना पड़ता है। इसमें चेहरे पर झुर्रियां होने लगती हैं। कई ऐसे लोग होते हैं जिन्हें कम उम्र में ही इस समस्या से गुजरना पड़ता है। इस बारे में ब्यूटी एक्सपर्ट आरजू खान कहते हैं कि लोगों को कम उम्र में झुर्रियां होने लगती हैं। ऐसे में इसे खत्म करने के कई उपाय हैं। इसमें अधिक से अधिक पानी पीने की जरूरत है। चेहरे पर होने वाली झुर्रियां को खत्म करने के लिए अधिक से अधिक पानी पीएं। इसके साथ ही फेस पैक तैयार कर लेना चाहिए। केला सेहत के लिए जितना लाभकारी है उससे अधिक फेस के लिए है। केले में बी6, विटामिन ए और सी पाया जाता है। ये चेहरे के लिए बहुत लाभकारी होता है। इस फेस पैक को बनाने के लिए सबसे एक केला लें। इसके बाद इसके छिलका हटाकर गुदे को अच्छी तरह से मेश कर लें। इसके बाद इसे अपने चेहरे कर अप्लाई करें। इसे 20 मिनट तक बने रहने दें। इसके बाद इसे 20 मिनट के बाद ठंडे पानी से धो लें। एलोवेरा बहुत ही गुणकारी होता है। इसका सेवन करने से कई बीमारियों का सामना नहीं कारण पड़ता है। ऐसे में एलोवेरा को चेहरे पर अप्लाई करें ताकि झुरियां खत्म हो जाएं। फेस पैक बनाने के लिए सबसे पहले 2 चम्मच एलोवेरा जेल लें। इसके बाद इसमें आधा चम्मच हल्दी को डालकर अच्छे से मिक्स कर लें। इसके बाद इस पैक को चेहरे पर 2 से 3 मिनट मसाज करें। इसके बाद एलोवेरा जेल को चेहरे पर 10 मिनट के लिए रहने दें. इसके बाद नॉर्मल वाटर से चेहरा धो लें। चावल के आटे के साथ चावल का पानी भी बहुत उपयोगी है। इसके लिए चावल के आटे में चावल का पानी मिक्स करें। इसके बाद इस पैक को चेहरे पर लगाएं और सूख जाने के बाद धो लें।



# संजय रत्न ने गुगाणा में 33 लाख रुपए से नवनिर्मित पंचायत भवन का किया शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, ज्वालामुखी**

**विधायक** संजय रत्न ने कहा कि ज्वालामुखी विस क्षेत्र की सभी पंचायतों के लिए पंचायत भवन स्वीकृत किए गए हैं, ताकि पंचायत प्रतिनिधियों को कामकाज निपटाने में बेहतर सुविधा मिल सके।

मंगलवार को ज्वालामुखी के गुगाणा पंचायत में 33 लाख से नवनिर्मित पंचायत भवन का उद्घाटन करने के उपरांत विधायक संजय रत्न ने कहा कि नवनिर्मित पंचायत भवन में आधुनिक सुविधाएं हैं, जो पंचायत प्रशासन की दक्षता और पहुंच में सुधार के लिए बनाई गई हैं। उन्होंने कहा कि गुगाणा पंचायत भवन के ऊपर कम्युनिटी हाल बनाया जाएगा, जिसके लिए एस्टीमेट तैयार करने के निर्देश दिए

### बोले- सभी पंचायतों के लिए पंचायत भवन किए हैं स्वीकृत

हैं। विधायक ने कहा कि घेडा में एक लाख लीटर और मखरोड में 50 हजार लीटर पानी का टैंक बनाया गया है, ताकि आसपास की पंचायतों में होने वाली पानी की समस्या को दूर किया जा सके। उन्होंने कहा कि इसी पंचायत के नजदीक हिरण पंचायत में पैराग्लाइडिंग की साइट तैयार हो रही है जिससे पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। इस अवसर पर कोपड़ा स्कूल के बच्चों की ओर से सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। इस मौके पर उपमंडल अधिकारी ज्वालामुखी डॉक्टर संजीव शर्मा, बीडीओ सुराणी अंशु चंदेल, भारत भूषण आदि मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### श्री साई कॉलेज ऑफ एजुकेशन का रिजल्ट सराहनीय

**अनंत ज्ञान, पठानकोट।** श्री साई कॉलेज ऑफ एजुकेशन बढानी पठानकोट कैंपस बीएड तीसरे सेमेस्टर का परिणाम सराहनीय रहा। प्रिंसिपल डॉ. नवदीप सांवल बताया कि 48 स्टूडेंट्स ने प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं, सभी स्टूडेंट्स ने 90 फीसदी अंक लेकर कॉलेज व माता-पिता का नाम रोशन किया है। ग्रुप के चेयरमैन एसके पुंज ने स्टाफ और स्टूडेंट्स को संबोधित करते हुए कहा कि बीएड (बैचलर ऑफ एजुकेशन) एक शिक्षक बनने का एक महत्वपूर्ण कदम है और एक अच्छा कॉलेज चुनना बहुत जरूरी है। एक प्रतिष्ठित बीएड कॉलेज वह है, जो छात्रों को उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा प्रदान करता है। अनुभवी और योग्य शिक्षकों के साथ और एक मजबूत शैक्षणिक वातावरण प्रदान करता है। इस अवसर चेयरमैन एसके पुंज, एमडी तृप्ता पुंज और सीमडी कंवर तुषार पुंज ने स्टूडेंट्स और प्रिंसिपल तथा स्टाफ को बधाई दी और उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### प्रताप वर्ल्ड स्कूल में एनसीसी कैडेट्स का चयन

**अनंत ज्ञान, पठानकोट।** प्रताप वर्ल्ड स्कूल पठानकोट में एनसीसी आर्मी विंग के नए कैडेट्स के बैच के लिए चयन परीक्षा का सफल आयोजन किया गया। चयन प्रक्रिया में 80 विद्यार्थियों ने भाग लिया, जिसमें शारीरिक और लिखित परीक्षा के आधार पर 25 श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले कैडेट्स का चयन किया गया। यह कार्यक्रम 7 पंजाब बटालियन एनसीसी की प्रतिष्ठित निगरानी में आयोजित किया गया, जिसकी अगुआई गुरदासपुर से कमांडिंग ऑफिसर कर्नल अजय कुमार शर्मा ने की। स्कूल के निदेशक सनी महाजन ने कहा कि प्रताप वर्ल्ड स्कूल में हम अपने विद्यार्थियों को न केवल अकादमिक उत्कृष्टता के लिए तैयार करते हैं, बल्कि उन्हें देश के जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए भी प्रेरित करते हैं। निदेशक ओशिन महाजन ने कहा कि हमारे छात्रों की प्रतिक्रिया अत्यंत उत्साहजनक रही। प्राचार्या शुभ्रा रानी ने कहा कि यह हमारे विद्यालय के लिए अत्यंत गर्व का क्षण था कि हमने इस महत्वपूर्ण परीक्षा की मेजबानी की।

### तिनबड़ के पास कार पलटी, एक घायल



**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** चढ़ियार पंचरुखी सड़क पर तिनबड़ के पास मंगलवार सुबह एक कार अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे लुढ़क गई। कार में दो लोग सवार थे, जिसमें एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल गया, जबकि दूसरे को मामूली चोटें आई हैं। दोनों देहली के रहने वाले थे। दिल्ली नंबर की कार से बैजनाथ के मझेरना में दोस्त की शादी में जा रहे थे। तिनबड़ के पास सुबह कार खजूरनू में पहुंची तो मोड़ काटते समय कार अनियंत्रित होकर पलट गई। गंभीर रूप से घायल व्यक्ति हो गया, जिसे पालमपुर अस्पताल ले गए, जहां उसकी स्थिति को देखते हुए टांडा अस्पताल रेफर किया गया है।

### कोटला मंदिर में मनाई मां बगलामुखी जयंती

**अनंत ज्ञान, कोटला।** बगलामुखी का मंदिर कोटला में मां बगलामुखी की जयंती मनाई गई। इस मंदिर की सुरक्षा के लिए गुलेर रियासत के राजा ने चौदहवीं ईस्वी में किला बनाया था। मां भगवती बगलामुखी माता पर श्रद्धालु अटूट विश्वास आस्था रखते हैं, जो सदियों से यहां आने वाले श्रद्धालुओं से लगाया जा सकता है। वहीं, जवाली विधानसभा से विधायक और संसदीय सचिव रहे नीरज भारती ने भी मंदिर में शीश नवाया और सभी को माता रानी की जयंती की शुभकामनाएं दीं।

### आदर्श ने पावर लिफ्टिंग में जीते 3 स्वर्ण



**राकेश डोगरा, डरोह।** परौर गांव के 16 वर्षीय आदर्श कुमार ने हाल ही आगरा में आयोजित राष्ट्रीय पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप में 3 गोल्ड मेडल जीतकर पूरे इलाके का नाम रोशन किया है। आगरा में 2 से 4 मई तक आयोजित राष्ट्रीय पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप में डेडलिफ्ट, बेंचप्रेस और पावरलिफ्टिंग में तीन गोल्ड मेडल अपने नाम किए हैं। आदर्श ने इस जीत का सारा श्रेय अपने गुरुजनों और माता-पिता को दिया है। (अनंत ज्ञान)

# नगरोटा बगवां विधानसभा क्षेत्र में बढ़ाएंगे पेयजल भंडारण क्षमता : बाली

## केरटा और पंडोल में बुजुर्गों से करवाया पेयजल भंडारण योजनाओं का उद्घाटन

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**

**पर्यटन** निगम के अध्यक्ष कैबिनेट रैंक मंत्री आरएस बाली ने कहा कि प्रदेश में जल आपूर्ति की गुणवत्ता में सुधार लाने के उद्देश्य से 200 करोड़ रुपए के प्रावधान के साथ नई मुख्यमंत्री स्वच्छ जल शोधन योजना की शुरुआत की जाएगी।

उन्होंने कहा कि नगरोटा बगवां विधानसभा क्षेत्र के गांवों में लोगों को स्वच्छ पेयजल मिले, उसके लिए योजनाबद्ध तरीके से पेयजल भंडारण योजनाओं के विस्तार का निर्माण कार्य किया जा रहा है। यह बात बाली ने मंगलवार को गांव के बुजुर्गों से केरटा, पंडोल (सुन्नी) और बड़ी दा लाहड (खावा) में पेयजल भंडारण योजनाओं का उद्घाटन करवाने के बाद कही। बाली ने सुन्नी पंचायत के पंडोल और केरटा में 20 लाख की लागत से निर्मित 2 लाख लीटर की क्षमता के पेयजल भंडारण टंकी का बुजुर्गों से उद्घाटन करवाया। इसके बाद 11 लाख पांच हजार रुपए की लागत से 25 हजार लीटर क्षमता के पेयजल टैंक का उद्घाटन बुजुर्गों से करवाया। वहीं, खावा पंचायत के बड़ी दा लाहड पहंचे 30 हजार लीटर की क्षमता के पेयजल टैंक का उद्घाटन भी गांव के बुजुर्गों से करवाया, जिसे 17 लाख रुपए की लागत से बनाया गया है।



पेयजल भंडारण योजना का उद्घाटन करते पर्यटन निगम के अध्यक्ष कैबिनेट रैंक मंत्री बाली।

### एक माह में पूरा करें सुन्नी-केरटा क्षतिग्रस्त सड़क का कार्य

**बाली** ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि गांवों के अंदर बनी पानी की टंकियों की भंडारण क्षमता को अब बढ़ाने की जरूरत है, ताकि लोगों को बेहतर पानी की सुविधा मिल सके। उन्होंने सुन्नी केरटा में क्षतिग्रस्त सड़क के कार्य को एक माह में पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने लोगों की समस्याओं को भी सुना और मौके पर उनका निपटारा किया। इस दौरान अधिशाषी अभियंता राजीव शर्मा, विवेक ठाकुर, कमल चैधरी, अन्य अधिकारी प्रधान संजीवना, शशि बाला और ग्रामीण मौजूद रहे।

## बैजनाथ में अध्यापकों को दिए टीचिंग स्किल्स के टिप्स

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** गोस्वामी गणेश दत्त शिक्षा समिति बैजनाथ के सौजन्य से पंडित अमरनाथ सनातन धर्म विद्यालय बैजनाथ में टीचिंग स्किल्स फॉर प्राइमरी टीचर नामक एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य प्राथमिक शिक्षकों की कार्य कुशलता को बढ़ाना था। अध्यापक सपना ने रिसोर्स पर्सन के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका नभाई तथा अध्यापकों को टीचिंग स्किल्स और टीचिंग एड में महत्वपूर्ण जानकारी दी। सपना ने बताया कि इन स्किल्स का प्रयोग करके अध्यापक किस प्रकार से कक्षा शिक्षण को प्रभावी बना सकते हैं तथा छात्रों को उनकी रुचि के अनुसार शिक्षण दे सकते है। इस कार्यशाला में शिक्षा समिति के समन्वयक तथा अमरनाथ सनातन धर्म के प्राचार्य प्रदीप कुमार एवं स्कूल के अध्यापक नंद कुमार, सनातन धर्म विद्यालय सिद्धपुर मोहरला की प्रधानाचार्य किरण गुलेरिया एवं स्कूल के अध्यापक और स्थानीय स्कूल की प्रधानाचार्या रीता देवी व विद्यालय के अध्यापक उपस्थित रहे।

## हैप्पी बर्थडे



भडवार के अथर्व ठाकुर को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

## सालगिरह मुबारक



हमीरपुर के कोहलवीं गांव के देशराज शर्मा और जमना देवी को शादी की 56वीं सालगिरह पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।



अपर बरोट के रामेश कुमार भारद्वाज व कौशल्या भारद्वाज को शादी की 36वीं सालगिरह पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

### बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 88945-21702 पर भेजें।

## बंदला के जंगल में लटका मिला बैजनाथ के युवक का शव

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** कांगड़ा जिले के पालमपुर उपमंडल के बंदला के जंगल में युवक का शव मिला है। बैजनाथ का अभिषेक (26) दिल्ली में काम करता था। वह पिछले करीब आठ से दस दिन से लापता था। युवक की दिल्ली में गुमशुदगी की रिपार्ट दर्ज करवाई गई है। अब युवक का शव मंगलवार को पालमपुर के बंदला में मिला है।

युवक का शव एक पेड़ से लटकता हुआ मिला है। वहीं, पुलिस ने मामले में जांच शुरू कर दी है। अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि युवक ने आत्महत्या की है या उसकी हत्या हुई है। पुलिस हर पहलू से जांच कर रही है। पुलिस अधिकारियों ने भी मौके का दौरा किया है। पुलिस के अनुसार शव की हालत को देखकर लग रहा है कि मामला आठ से 10 दिन पहले का है। पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

# काजल ने दिए चंगर क्षेत्र में पर्याप्त पानी मुहैया करवाने के आदेश

## कहा- अधिकारियों की नकारात्मक कार्यप्रणाली से शुरू नहीं हो सकी पेयजल योजना

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा**

**प्रदेश** भाजपा उपाध्यक्ष विधायक पवन काजल ने जलशक्ति विभाग के अधिकारियों को कांगड़ा विधानसभा क्षेत्र के चंगर क्षेत्र में भीषण गर्मी दौरान पर्याप्त पीने का पानी मुहैया करवाने के आदेश दिए हैं।

मंगलवार को जनसंपर्क अभियान के तहत ताकीपुर पंचायत के कोपड लाहड़ गांव में विधायक काजल ने कहा कि लगभग दस साल पहले चंगर क्षेत्र में पानी कि समस्या के समाधान के लिए 21 करोड़ रुपए कि लागत से नई पायजल योजना का निर्माण शुरू करवाया है, लेकिन अधिकारियों की नकारात्मक कार्यप्रणाली के चलते अभी तक यह योजना शुरू नहीं हो पाई है।

उन्होंने कहा कि विधानसभा में भी इस पेयजल योजना का निर्माण शीघ्र करवाकर ग्रामीणों को पीने का पानी मुहैया करवाने का मामला उठाया है, जिसके चलते पूर्व भाजपा सरकार की ओर से शुरू जलशक्ति विभाग के एक्सईएन कार्यालय, जिसे कांग्रेस सरकार ने बंद कर दिया था, उसे दोबारा शुरू कर दिया है।



कोपड़ लाहड़ में जली गोशाला का निरीक्षण करते विधायक पवन काजल। पीड़िता को हरसंभव सहायता मुहैया करवाने का आश्वासन दिया।

### तकीपुर पीएचसी जल्द होगी अपग्रेड

**काजल** ने कहा तकीपुर पीएचसी को शीघ्र अपग्रेड कर सीएचसी बनाकर ग्रामीणों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मुहैया करवाई जाएंगी। काजल ने ग्रामीणों से तकीपुर राजकीय डिग्री कॉलेज में अधिक से अधिक अपने बच्चों के दाखिला करवाने की अपील की। काजल ने कोपड़ लाहड़ गांव आग की भेंट चढ़ी अजीत की गोशला का निरीक्षण किया और पीड़ित परिवार को हरसंभव सहायता देने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार हर मोर्चे पर विफल रही है। सरकारी कर्मचारियों को समय पर सैलरी और पेंशन नहीं मिल रही है। महिलाएं अभी भी 15-1500 रुपए प्रति का इंतजार कर रही हैं। उन्होंने ग्रामीणों से गर्मी दौरान जंगलों को आग से बचाने की अपील की। इस मौके पर तकीपुर पंचायत प्रधान सुरेश कुमार, उपप्रधान नबल किशोर, सरूप, मस्या देबी, शिवानी, रवि कुमार भी उपस्थित रहे।

## रप्पड़ पंचायत को मिली 9 लाख की विकास योजनाओं की सौगात

**अनंत ज्ञान, इंदौरा।** विधायक मलेंद्र राजन ने मंगलवार को इंदौरा विधानसभा क्षेत्र की रप्पड़ पंचायत में विभिन्न विकास कार्यों का विधिवत शिलान्यास किया। उन्होंने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि इंदौरा क्षेत्र का सर्वांगीण विकास उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है और वे जनसमस्याओं को जमीनी स्तर पर समझकर योजनाओं को साकार रूप देने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। विधायक मलेंद्र राजन ने चरोड़ गांव के वार्ड नंबर 4 में 1.50 लाख रुपए की लागत से बनने वाली जीप योग्य सड़क, 2 लाख की लागत से प्रस्तावित रास्ता एवं पुलिया निर्माण कार्य और 3 लाख रुपए की लागत से अन्य एक रास्ता एवं पुलिया निर्माण कार्य का शिलान्यास किया।

इसके अलावा, वार्ड-5 में 1 लाख की लागत से सुरक्षा दीवार एवं रास्ता निर्माण कार्य और वार्ड नंबर 3 में भूमि संरक्षण के लिए 1.50 लाख रुपए की लागत से सुरक्षा दीवार निर्माण कार्यों की आधारशिला भी रखी।

उन्होंने कहा कि इन कार्यों के पूर्ण होने से न केवल ग्रामीण संपर्क बेहतर होगा, बल्कि जल निकासी एवं भूमि क्षरण जैसी पुरानी समस्याओं का समाधान भी संभव होगा। वर्षों से जिन क्षेत्रों में लोग कच्चे रास्तों और बुनियादी सुविधाओं के अभाव से परेशान थे, वहां अब पक्के निर्माण कार्यों की शुरुआत हो चुकी है। विधायक ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी निर्माण कार्य समयबद्ध, पारदर्शी और उच्च गुणवत्ता के साथ पूरे किए जाएं, ताकि लोगों को शीघ्र लाभ मिल सके।

## सिविल डिफेंस प्लान के संचालन में नोडल अधिकारियों की अहम भूमिका : डीसी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**डीसी** हेमराज बैरवा ने कहा कि कांगड़ा जिले में सिविल डिफेंस प्लान के सुचारु कार्यान्वयन के लिए विभिन्न विभागों के प्राधिकृत नोडल अधिकारी तत्परता के साथ कार्य करें, ताकि विशेष परिस्थितियों में आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। मंगलवार को एनआईसी सभागार में सिविल डिफेंस प्लान की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीसी ने कहा कि सिविल डिफेंस के मानकों के अनुसार, प्रत्येक पंचायत से जनसंख्या का एक प्रतिशत वलंटियर्स तैयार करना जरूरी है। उन्होंने सभी उपमंडलाधिकारियों को इस संबंध में उचित कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

उन्होंने कहा कि डिफेंस प्लान की तैयारियों को परखने के लिए निकट भविष्य में कांगड़ा जिले में सिविल मॉकड्रिल भी आयोजित की जाएगी, ताकि आपातकालीन स्थितियों में बेहतर तरीके से कार्य किया जा सके। उन्होंने कहा कि ड्रिल लोगों को सायरन की आवाज और उसका

### बोले- तैयारियों को परखने और लोगों को जागरूक करने के लिए जल्द होगी मॉकड्रिल

मतलब समझाने, साथ ही सुरक्षित स्थान में जाने जैसी त्वरित प्रतिक्रिया का अभ्यास करवाने के लिए होती है। उन्होंने कहा कि सिविल डिफेंस ड्रिल में ब्लैकआउट प्रॉटोकॉल लागू करने का मतलब है युद्ध, हवाई हमला या अन्य बड़े खतरे के दौरान सभी बत्तियां बुझाना। यह एक ऐसी प्रक्रिया है जिसमें रात के समय या विशेष परिस्थितियों में घरों, इमारतों, सड़कों आदि की बत्तियों को बंद या ढक दिया जाता है ताकि दुश्मन के हवाई हमलों या निगरानी से बचा जा सके। उन्होंने कहा कि ड्रिल नागरिकों और अधिकारियों को प्रशिक्षित करती है कि आपात स्थिति में ब्लैकआउट को तुरंत और प्रभावी ढंग से लागू कैसे करना है। उन्होंने कहा कि स्ट्रीट लाइट्स, वाहनों की हेडलाइट्स, और रोशनी के अन्य स्रोतों को कंट्रोल करना सिखाया जाता है।

# आशीष बुटेल ने घाड़ पंचायत में किए 62 लाख रुपए के लोकार्पण और शिलान्यास

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**

**पालमपुर** विधायक आशीष बुटेल ने मंगलवार को घाड़ पंचायत में प्रदेश फसल विविधीकरण प्रोत्साहन परियोजना, जाईका (चरण-II) के तहत लगभग 23 लाख से निर्मित बहाव सिंचाई योजना वलेहड़ कूहल का लोकार्पण किया। वहीं, 27 लाख रुपए की लागत से निर्मित होने वाली बहाव सिंचाई योजना नुआड़ा कूहल का भी शिलान्यास किया। इससे पहले विधायक ने लगभग 12 लाख रुपए की लागत से संपर्क मार्ग टोपू बस्ती का भी विधिवत लोकार्पण किया।

इस दौरान विधायक ने कृषि विभाग की जाईका परियोजना के तहत एक दिवसीय जागरूकता शिविर को संबोधित करते हुए कहा कि वलेहड़ कूहल से घाड़ पंचायत के 35 परिवारों की लगभग 300 कनाल भूमि को सिंचाई की सुविधा उपलब्ध रहेंगी। उन्होंने कहा कि इसी पंचायत के 50 परिवारों की लगभग 370 कनाल भूमि की सिंचाई सुविधा के लिए बहाव सिंचाई योजना नुआड़ा कूहल का शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि कूलह के निर्माण कार्य पर 27 लाख व्यय होंगे। उन्होंने कहा कि टोपू बस्ती के लिए काफी समय पहले से सड़क सुविधा की मांग थी, जिसे आज अथक प्रयासों से पूर्ण कर दिया है। उन्होंने कहा कि यहां के लोगों को अब बेहतर सड़क सुविधा उपलब्ध हुई है।



घाड़ पंचायत में कूहल का लोकार्पण करते विधायक आशीष बुटेल।

### दो महिला मंडल भवनों को 2-2 लाख देने की घोषणा

**आशीष** बुटेल ने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों की आर्थिक को सुदृढ़ करने के लिए वचनबद्ध है। प्रदेश सरकार की ओर से प्राकृतिक विधि से उगाई गई कच्ची हल्दी को 90 रुपए प्रति किलो के हिसाब से खरीदा जाएगा। उन्होंने इस क्षेत्र में कूहलों के निर्माण से किसानों की फसलों का उत्पादन बेहतर होगा, जिससे उनकी आर्थिकि भी सुदृढ़ होगी। उन्होंने पंचायत प्रतिनिधियों की मांग पर शिव मंदिर भवन सराय के शेष बचे कार्य को पूर्ण करने के लिए 2 लाख, सरस्वती महिला मंडल के दो भवनों के निर्माण के लिए 2-2 लाख रुपए देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि लोगों की ओर से दिए गए सभी कार्यों को पूर्ण करना उनकी प्राथमिकता है। इस अवसर पर वूल फेडरेशन निदेशक मंडल सदस्य त्रिलोक चंद, स्थानीय पंचायत उप प्रधान ललिता बलिया, जिला परियोजना प्रबंधक पालमपुर डॉ. योगेंद्र पाल कौशल, विषय बाद विशेषज्ञ डॉ. रजनीश शर्मा, खंड परियोजना प्रबंधक पालमपुर डॉ. अमित भूषण आदि मौजूद रहे।

## गुड न्यूज — कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति बोले- पालमपुर क्षेत्र की मिट्टी ब्लूबेरी की पैदावार के लिए उपयुक्त

# प्रदेश में ब्लूबेरी बागवानी की अपार संभावनाएं: प्रो. नवीन

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**

**चौधरी** सरवण कुमार हिमाचल प्रदेश कृषि विश्वविद्यालय राज्य में ब्लूबेरी खेती को बढ़ावा देने में अग्रणी है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नवीन कुमार ने बताया कि कांगड़ा जिले के पालमपुर क्षेत्र की मिट्टी और जलवायु ब्लूबेरी की बागवानी के लिए उपयुक्त है। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय में चल रही अनुसंधान परियोजनाओं से कुछ किस्मों के लिए आशाजनक परिणाम मिल रहे हैं।

ब्लूबेरी को सुपरफूड के रूप में जाना जाता है। कार्बोहाइड्रेट, विटामिन, एंथोसायनिन और कई जैव सक्रिय यौगिकों से भरपूर होती है, जो उम्र बढ़ने की प्रक्रिया को धीमा करने और उम्र से संबंधित याददाश्त समस्याओं को कम करने में मदद करती है। उन्होंने कहा कि भारत में व्यावसायिक रूप से ब्लूबेरी की खेती अभी शुरुआती दौर में है, लेकिन यह फसल भविष्य में फसल विविधीकरण और पोषण सुरक्षा को समर्थन देने की महत्वपूर्ण क्षमता रखती है।



### कई उच्च प्रदर्शन वाली किस्मों की पहचान

विश्वविद्यालय में चल रही अनुसंधान परियोजनाओं ने कई उच्च प्रदर्शन वाली किस्मों की पहचान की है, जैसे ज्वेल, मिस्टि, शार्पब्लू, गल्फकोस्ट, आलापाहा और ऑस्टिन। ये किस्में हिमाचल के मध्य पर्वतीय क्षेत्रों में परिणाम दिखा रही हैं, जिनमें प्रति पौधा 2 से 4 किलो तक उपज हो रही है। विशेष रूप से ज्वेल किस्म ने सबसे बड़े फल आकार पैदा किए हैं। अधिकांश किस्मों में टोटल सॉल्यूबल सॉलिड्स का स्तर 11 प्रतिशत से अधिक पाया गया है, जो अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप है।

### जांच में खरी उतरी कई किस्में

**उद्यानिकी** एवं कृषि वानिकी विज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ. एनडी नेगी ने विश्वविद्यालय की ओर से अब तक किए गए शोध के परिणामों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि हमारा पहला उद्देश्य प्रदेश में विभिन्न ब्लूबेरी किस्मों का व्यावसायिक बाग स्थापित करना था। विश्वविद्यालय के प्रदर्शनी फार्म में ज्वेल, मिस्टि, शार्पब्लू, गल्फकोस्ट, आलापाहा जैसी कुछ किस्मों के प्रजनन ब्लॉक सफलतापूर्वक स्थापित किए गए हैं, जो अब व्यावसायिक उत्पादन दे रहे हैं। जांच में इन किस्मों का प्रदर्शन काफी उत्साहजनक रहा है और उनकी उत्पादन क्षमता लगभग 2 से 4 किलो प्रति पौधा पाई गई है।

### पौधों की उत्पादन क्षमता और वृद्धि दर बेहतर

**ब्लूबेरी** पौधों की छंटाई और ट्रिमिंग के अध्ययन में यह पाया कि इन्हें नियमित रूप से छांटना महत्वपूर्ण है। 5 से 6 साल पुरानी शाखाओं में से 30 से 40 प्रतिशत तक को हटा देने और नए शाखा के ऊपरी हिस्से को 'हेडिंग बैक' करने से पौधों की उत्पादन क्षमता और वृद्धि दर बेहतर पाई गई। इसके अलावा पौधों के बढ़ने के विभिन्न माध्यमों पर किए गए अध्ययन में यह पाया गया कि सड़ा हुआ पाइन पत्तियां और छाल को मिट्टी में मिलाने से मिट्टी का पीएच स्तर कम होता है और मिट्टी में नमी भी बढ़ती है, जो ब्लूबेरी की खेती के लिए लाभकारी है। इसके अलावा, बोरॉन, कैल्शियम और जिंक जैसे माइक्रो तत्वों का छिड़काव करने से पौधों की वृद्धि, फल सेट और फल की भंडारण क्षमता में वृद्धि पाई गई।

# विधायक किशोरी लाल ने की चाय प्रसंस्करण फैक्टरी की पुनः शुरुआत

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ**

**बैजनाथ** विधायक किशोरी लाल की ओर से मंगलवार को स्थापित आधुनिक चाय प्रसंस्करण फैक्टरी की पुनः शुरुआत की। यह चाय फैक्टरी स्थानीय चाय किसानों की मेहनत को उचित मूल्य दिलाने, गुणवत्ता में सुधार लाने और उत्पादन को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय बाजार तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाएगी।

फैक्टरी में नवीनतम मशीनों और तकनीकों का उपयोग किया जाएगा, जिससे पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ उत्पादन में दक्षता सुनिश्चित की जा सकेगी। उन्होंने बताया कि इस फैक्टरी से शत-प्रतिशत स्थानीय कच्चे माल का उपयोग होगा।

यह फैक्टरी लगभग 2 साल तक बंद पड़ी थी और प्रदेश सरकार के प्रयासों से इस फैक्टरी को नया रूप मिला है। उन्होंने कहा कि इस फैक्टरी से न केवल क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को बल मिलेगा, बल्कि युवाओं को रोजगार और किसानों को आय के बेहतर अवसर भी प्राप्त होंगे।



बैजनाथ विधायक किशोरी लाल को फूलों की मालाएं पहनाकर स्वागत किया गया।

### बोले- इस फैक्टरी से कई लोगों को मिलेगा रोजगार

**किशोर** लाल ने कहा कि फैक्टरी से लगभग 200 से 300 लोगों को प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रोजगार मिलेगा। इस मौके पर नागेंद्र चंद कटोच, प्राण पुरोहित, मनसा राम, द्वारका सूद, भवन चंद कटोच, अमित मेहता, नरेंद्र कटोच, विशाल कटोच, कांता देवी, कुलभूषण पालसरा व मिलाप चंद राणा मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### युवक से 4.43 ग्राम चिट्टा किया बरामद

**दशमी रावत, रोहड़ू।** पुलिस उपमंडल रोहड़ू की विशेष टीम ने सोमवार देर रात गश्त के दौरान नशा तस्करों के खिलाफ बड़ी सफलता हासिल की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस टीम ने नया बस स्टैंड रोहड़ू के समीप गश्त के दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति अभिषेक माल्टा (20 ) को पकड़ा, जो गांव खारला तहसील रोहड़ू का निवासी है। तलाशी के दौरान उसके पास से 4.43 ग्राम चिट्टा (हिरोईन) व एक सुई बरामद की गई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकद्दमा दर्ज कर लिया है। एसडीपीओ रोहड़ू प्रणव चौहान ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि आगामी छानबीन की जा रही है।

### मृणाल ने संस्कृत ओलंपियाड में झटका गोल्ड

**अनंत ज्ञान, सुन्नी।** सरस्वती विद्या मंदिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सुन्नी के छात्र मृणाल धवल द्वारा संस्कृत ओलंपियाड 2024 में प्रथम स्थान प्राप्त कर क्षेत्र और विद्यालय का नाम रोशन किया है । वर्ष 2024 में केंद्रीय संस्कृत यूनिवर्सिटी नई दिल्ली द्वारा आयोजित ऑनलाइन संस्कृत ओलिंपियाड के विद्यालय सत्र के परिणामों में विद्या मंदिर सुन्नी के दसवीं कक्षा के छात्र मृणाल धवल ने पहला स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल हासिल किया है । विद्यालय की प्रधानाचार्य चंपा वर्मा ने विजेता छात्र को मेडल प्रदान कर सम्मानित किया और इस उपलब्धि के लिए छात्र को शुभकामनाएं भी प्रेषित की ।

### विधायक ने ड्राइंग-स्टोरेज हॉल की दी सौगात

**अनंत ज्ञान, रोहड़ू।** रोहड़ू विधानसभा क्षेत्र के विधायक मोहन लाल ब्राक्टा ने मंगलवार को ग्राम पंचायत बनोटी के ढुमरेडा में ड्राइंग व स्टोरेज हाल का लोकार्पण किया। यह भवन आयुष विभाग की ओर से 20 लाख रुपये की लागत से बनाया गया है। इस अवसर पर मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए विधायक ने बताया कि रोहड़ू विधानसभा क्षेत्र में विकास के कार्य इसी तरह से निरंतर चलते रहेगें। इस दौरान विधायक के साथ जिला परिषद शिमला के उपाध्यक्ष सुरेंदर रेटका, जिला शिमला प्रधान परिषद के अध्यक्ष एवं स्थानीय पंचायत प्रधान ललित (बंटी) कायथ, ब्लॉक युवा कांग्रेस रोहड़ू के अध्यक्ष अनुप ठाकुर, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता जनार्धन नेगी एवं शिव पाल ठाकुर, किसान सैल रोहड़ू के उपाध्यक्ष सिकंदर कायथ, ब्लॉक युवा कांग्रेस छौहारा के अध्यक्ष हरीश कायथ, पूर्व सचिव कांग्रेस मंडल रोहड़ू कृष्ण जिंटा व देस राज मेहता व इशान शौंधी सहित कांग्रेस पार्टी के कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### उपायुक्त को किया स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** उपायुक्त शिमला अनुपम कश्यम से पौड़िया पंचायत प्रधान तपेंद्र मोहन शर्मा ने शिष्टाचार भेंट की। प्रधान ने उपायुक्त को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। उपायुक्त ने पंचायत में प्लास्टिक पंचवटी पार्क के निर्माण के लिए सराहना की। उन्होंने कहा कि पंचायत के लोगों ने पार्क बनाकर प्रदेश भर में अनोखी मिसाल की है। जिलाभर में इसी तरह अन्य पंचायतों को प्लास्टिक एकत्रित करके पार्क बनाने की दिशा में कार्य करना चाहिए ।

### लोभ त्यागने का संदेश देती है राम कथा: सौम्या

**अनंत ज्ञान ब्यूरो शिमला।** दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान की ओर से संजोली में चल रही राम कथा के तृतीय दिवस में कथा व्यास साध्वी सौम्या भारती ने अपने प्रवचनों में कहा कि प्रभु राम ऋषि विश्वामित्र के संग वन प्रांत में जाकर आसुरी शक्तियों को समाप्त करते हैं। साध्वी ने समझाते हुए कहा कि वास्तव में हमारा मन एक वन का प्रतीक है। ताड़का और सुबाहु मारीच इत्यादि असुर हमारे मन में उठने वाले लोभ, मोह, अहंकार का प्रतीक है। जिस प्रकार से वन प्रांत में प्रभु राम के प्रकट होने पर आसुरी शक्तियों का अंत हुआ। अंधकार व अज्ञानता समाप्त हुए और शांति के साम्राज्य की स्थापना हुई ठीक वैसे ही हमारे अंतर्गत में जब राम का प्राकट्य होगा, तब इन विकारों के ऊपर अंकुश लग पाएगा। आवश्यकता है एक सतगुरु के शरणागत होकर अपने अंदर राम को प्रकट करने की। साध्वी ने बताया कि प्रभु राम जनकपुरी में जाते हैं। जहां प्रभु राम की मुलाकात पुष्प वाटिका में मां जानकी से होती है। माता सीता प्रभु राम की सहयोगिनी बन कर उनकी नर लीला में सहयोगी देती है।



# गरीबों को आशियाने देने की कवायद तेज

## ढली में बनेंगे गरीबों के लिए मकान; 17 साल बाद होगा सपना पूरा, नगर निगम ने चिन्हित की भूमि

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला**

**प्रदेश** की राजधानी शिमला में गरीबों को आशियाने देने की कवायद तेज हो गई है। भूमिहीन परिवारों का फायदा तो होगा ही, साथ ही शहर में रहने वाले गरीब परिवार भी लाभ ले पाएंगे। 17 सालों से गरीब अपने आशियाने को तरस रहे थे। जमीन की कमी से उन्हें आवास नहीं मिल पा रहे थे, अब नगर निगम शिमला ने उनके लिए ढली में जमीन चिन्हित कर ली है।

अनंत ज्ञान खास खबर

जानकारी मिली है कि 17 साल से यह प्रोजेक्ट लटका हुआ था। आवास बनाने को आशियाना प्रोजेक्ट का करीब 13 करोड़ रुपये का बजट भी पड़ा है, ऐसे में अब गरीब परिवारों को आवास मिलने की उम्मीद जगी है। शहरी गरीब और भूमिहीन परिवारों को ये आवास मिलेंगे।

बता दें कि शिमला नगर निगम ने साल 2008 में भी ढली में ही गरीब परिवारों के आवास बनाने के लिए जमीन चिह्नित की गई थी, उस समय यहां 384 आवास बनने थे, इनमें 84 आवास ऐसे थे, जो ढली कैथलीघाट फोरलेन के दायरे में आ रहे थे। बावजूद इसके, निर्माणाधीन आवासों को तोड़ना पड़ा था। हैरानी की बात यह रही कि अब फोरलेन की अलाइनमेंट बदल चुकी है, इसलिए ढली क्षेत्र में ही नए सिरे से अब ये आवास बनाए जाएंगे। (अनंत ज्ञान)



आशियाना प्रोजेक्ट के तहत तैयार होंगे

### कृष्णानगर में 16 परिवारों के लिए आवासीय भवन किया जा रहा तैयार

**शहर** में सबसे ज्यादा गरीब परिवार कृष्णानगर क्षेत्र में रहते हैं। ये फिलहाल अभी ढारे में रह रहे हैं। कई परिवार किराये के मकानों में रह रहे हैं। अब इनके लिए पक्के मकान बनेंगे। नगर निगम पहले भी ढली में आशियाना प्रोजेक्ट के तहत दर्जनों गरीब परिवारों को बसा चुका है। कृष्णानगर में भी गरीबों के आवास बने हैं। कृष्णानगर नाले में ही 16 परिवारों के लिए आवासीय भवन तैयार किया जा रहा है।

### एमसी ने केंद्र को भेजा है प्रस्ताव

**शिमला** नगर निगम ने अपने सालाना बजट में भी शहर के करीब 500 गरीब परिवारों को आवासीय सुविधा देने की घोषणा की थी। इसके लिए एक प्रस्ताव केंद्र को भी भेजा गया है अगर केंद्र इस पर अपनी मोहर लगाता है, तो उस सूरत में नगर निगम शिमला का यह लक्ष्य आसानी से पूरा हो जाएगा।

## ग्रीष्मोत्सव शिमला की स्मारिका के लिए लेख और तस्वीरें आमंत्रित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** शिमला के उपायुक्त अनुपम कश्यप ने जानकारी देते हुए बताया कि अंतरराष्ट्रीय ग्रीष्मोत्सव शिमला-2025 के अवसर को यादगार बनाने के लिए मेला समिति द्वारा एक स्मारिका का प्रकाशन को विभिन्न विषय में लेख आमंत्रित किए हैं, जिसमें जिला शिमला के इतिहास, कला, साहित्य, लोक संस्कृति, परंपराओं, रीति-रिवाजों, मेलों, देव संस्कृति, पर्यटन स्थलों आदि विषयों के लेखों को प्रकाशित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, शिमला जिला से संबंधित पुरानी व दुर्लभ तस्वीरें भी साझा करें ताकि लोगों को जिला की ऐतिहासिक धरोहरों व विकासात्मक यात्रा से भी अवगत करवाया जा सके।

शिमला के बुद्धिजीवियों, लेखकों, साहित्यकारों से उपरोक्त किसी एक विषय पर अपना लेख व उच्च गुणवत्ता वाली फोटो dloshimla.hp@gmail.com या dproshimlapr@gmail.com पर दिनांक 15 मई तक भेजने का आग्रह किया गया है ताकि लेख और तस्वीरों को स्मारिका में प्रकाशित किया जा सके। उन्होंने कहा कि जो भी फोटो स्मारिका के लिए चयनित की जायेंगी, उन्हें साभार प्रकाशित किया जायेगा।

# हर्षित 151 मत लेकर बने हेड ब्वॉय

## पदम सीनियर सेकेंडरी स्कूल रामपुर में छात्र काउंसिल का गठन

**आत्मा सिंह, रामपुर बुशहर**

**पदम** राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रामपुर में प्रधानाचार्य रतन चंद गुप्ता के निर्देश अनुसार लोकतांत्रिक प्रक्रिया के अंतर्गत छात्र कौंसिल का गठन किया गया। इसमें मतदान प्रक्रिया द्वारा हेड ब्वॉय व कक्षा प्रतिनिधियों का चयन किया गया।

विद्यालय के राजनीतिशास्त्र-प्रवक्ता डॉ. राम सरन शर्मा की देख-रेख में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए विद्यालय के हेड ब्वॉय के लिए कक्षा 12वीं के छात्र अंकित, हर्षित, सौमिल मेहता और प्रवीण के मध्य मुकाबला हुआ, जिसमें हर्षित ने 585 में से 151 मत प्राप्त कर विजयश्री प्राप्त की। इसके अलावा अंकित को 147 मत, सौमिल मेहता को 123 मत और प्रवीण को 87 मत प्राप्त हुए, जबकि नोटा में 77 मत पड़े। इसके अलावा विद्यालय में कक्षा छठी में त्रिलोक राणा, कक्षा सातवीं में देवाशीष, कक्षा आठवीं में सुदेश कुमार, कक्षा 9वी-अ में ऋतिक ठाकुर, कक्षा 9वीं-ब में हितेश, कक्षा दसवीं-अ में धीरज और कक्षा दसवीं-ब में अंशुल शर्मा कक्षा प्रतिनिधि चयनित हुए।

इसके अतिरिक्त कक्षा 11वीं के विज्ञान संकाय में आशीष ठाकुर, वाणिज्य संकाय में स्वर्णित ठाकुर और कला संकाय में अनुज कश्यप कक्षा प्रतिनिधि बने। जबकि कक्षा 12वीं के विज्ञान संकाय में अतुल सयोगी, वाणिज्य संकाय में सुजल मेहता और कला संकाय में सुजल कक्षा प्रतिनिधि बने।

इस अवसर पर राजकीय केंद्र प्राथमिक विद्यालय रामपुर केंद्र मुख्य शिक्ष सरोज मेहता, विद्यालय के समस्त शिक्षक एवं कर्मचारी तथा राजकीय केंद्र प्राथमिक विद्यालय रामपुर के समस्त शिक्षक एवं बीएड कॉलेज के प्रशिक्षुगण उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)



पदम सीनियर सेकेंडरी स्कूल रामपुर में गठित की गई छात्र काउंसिल।

## सुन्नी को नप बनाने का फैसला वापस ग्रामीणों में खुशी

**अनंत ज्ञान, सुन्नी।** प्रदेश सरकार ने सुन्नी को नगर परिषद बनाने का फैसला वापस ले लिया है, जिससे शकरोड़ी और घरयाणा के ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है। बीते सोमवार को कैबिनेट की बैठक में इस फैसले को वापस लेने की मंजूरी दी गई। यह खबर सुन्नी, शकरोड़ी और घरयाणा के ग्रामीणों के लिए बहुत सकारात्मक है। सरकार द्वारा सुन्नी को नगर परिषद बनाने का फैसला वापस लेने से इन पंचायतों के ग्रामीणों की चिंताएं दूर हो गई हैं। पिछले कुछ महीनों से सुन्नी को नप बनाने के प्रस्ताव का विरोध हो रहा था। शकरोड़ी व घरयाणा पंचायत के कुछ वार्डों को सुन्नी के साथ मिलाकर नप बनाने की योजना थी, लेकिन ग्रामीणों ने इसका विरोध किया था। लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह के समक्ष ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं रखी थीं और नगर परिषद में शामिल किए जाने का विरोध प्रकट किया था। मंत्री ने इन पंचायतों को बाहर रखने का वादा किया था। ग्रामीणों ने इस फैसले का स्वागत किया है।

# विधायक ब्राक्टा ने किया महिला मंडल भवन बनोटी का लोकार्पण





महिला मंडल भवन बनोटी का लोकार्पण करते हुए विधायक मोहन लाल ब्राक्टा।

**दशमी रावत, रोहड़ू**

**रोहड़ू** विधानसभा क्षेत्र के विधायक मोहन लाल ब्राक्टा ने मंगलवार को ग्राम पंचायत बनोटी में महिला मंडल भवन का लोकार्पण किया।

इस अवसर पर उनके साथ जिला परिषद शिमला के उपाध्यक्ष सुरेंद्र रेटका, जिला शिमला प्रधान परिषद के अध्यक्ष एवं स्थानीय पंचायत प्रधान ललित (बंटी) कायथ, ब्लॉक युवा कांग्रेस रोहड़ू के अध्यक्ष अनुप ठाकुर, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता जनार्धन नेगी एवं शिव पाल ठाकुर सहित कांग्रेस पार्टी के कई कार्यकर्ता मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

# फ्लेक्स-साइन बोर्ड लगाने के लिए नगर परिषद की अनुमति होगी जरूरी

## नप घुमारवीं की बैठक में पहलगाम हमले में मारे गए लोगों को दी श्रद्धांजलि

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

नगर परिषद घुमारवीं की ओर से बैठक का आयोजन किया गया। इसमें शहर से जुड़े कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई और अहम निर्णय लिए गए। बैठक की शुरुआत जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि देने से हुई।

बैठक में शहर में बढ़ रही लावारिस पशुओं और बंदरों की समस्या पर गहरी चिंता व्यक्त की गई। इन पशुओं के कारण आम नागरिकों को रोजमर्रा के जीवन में कई प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में निर्णय लिया कि नगर परिषद प्रशासन को पत्र लिखकर जल्द लावारिस पशुओं को पशुशालाओं में भेजने की व्यवस्था करने की अपील करेगी। इसके अलावा परिषद की ओर से इस बात पर भी सहमति बनी की नशे के खिलाफ लिए गए पुराने निर्णय को प्रभावी बनाने के लिए पुलिस प्रशासन को एक पत्र भेजा जाएगा। इस पत्र के माध्यम से परिषद क्षेत्र में नशे, विशेषकर चिट्टे जैसे मादक पदार्थों में संलिप्त व्यक्तियों की जानकारी मांगेगी। जानकारी के आधार पर ऐसे लोगों को चिह्नित किया जाएगा और नगर परिषद की ओर से उन्हें मिलने वाली सरकारी सुविधाओं से वंचित किया जा सकेगा। बैठक में निर्णय लिया कि अब शहर में फ्लेक्स और साइन बोर्ड केवल नगर परिषद की ओर से चिन्हित स्थानों पर ही लगाए जा सकेंगे। इकसे लिए दकड़ी चौक, पट्टा व ओवरहेड फ्रूट ब्रिज और सिल्ह के पास स्थान चिन्हित किए गए हैं। इन स्थानों पर फ्लेक्स या साइन बोर्ड लगाने के लिए नगर परिषद से पूर्व अनुमति लेना अनिवार्य होगा। इसके अलावा शहर में अन्य किसी भी स्थान पर बिना अनुमति फ्लेक्स या बोर्ड लगाना प्रतिबंधित रहेगा। इस बैठक की अध्यक्षता नगर परिषद की अध्यक्ष रीता सहगल ने की। उनके साथ उप प्रधान श्याम शर्मा, पार्षद कपिल शर्मा, कार्यकारी अधिकारी खेमचंद वर्मा तथा अन्य पार्षद उपस्थित रहे।



नगर परिषद घुमारवीं की बैठक में शहर के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई।

## शिव शक्ति व्यापार मंडल भराड़ी ने सौंपा ज्ञापन

**अनंत ज्ञान, दधोल।** शिव शक्ति व्यापार मंडल भराड़ी ने प्रवासी लोगों को लेकर नायाब तहसील कार्यालय भराड़ी में ज्ञापन सौंपा। व्यापार मंडल के प्रधान पृथी चंद ने बताया कि क्षेत्र में सैकड़ों प्रवासी मौजूद हैं। कई प्रवासी गांवों में बेचने का काम कर रहे हैं, लेकिन इन लोगों का थानों में कोई रिकॉर्ड नहीं है। प्रधान के मुताबिक, क्षेत्र में किराए के कमरे में रह रहे प्रवासी मजदूरों का मकान मालिकों ने भी कोई पंजीकरण नहीं करवाया है। नायाब तहसीलदार भराड़ी कार्यालय के कार्य से बाहर थे, जिस दौरान सहायक अधीक्षक वीपिन राव को ज्ञापन दिया और मांग की कि जो भी प्रवासी व्यक्ति बिना पंजीकरण घूमता है या कोई मकान मालिक बिना पंजीकरण करवाए कमरे किराए पर प्रवासी लोगों को देता है तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाए। इस मौके पर व्यापार मंडल प्रधान प्रधान पृथी सिंह, सचिव अजय शर्मा, सह सचिव कामराज, कोषाध्यक्ष अनूप कुमार, दूनी चंद शर्मा, संजीव चौधरी, बलवीर सिंह, सुशील कुमार, गरजा राम, बलदेव, पंकज, जनक राज शर्मा सहित अन्य व्यापारी उपस्थित रहे।

# चमलोग गांव के बुजुर्ग से युवक ने लूटे 40,000 रुपए

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

**थाना** बरमाणा के तहत एक बुजुर्ग से ठगी और पर्स छीनने का मामला सामने आया है। पीड़ित परिवार के अनुसार, मानर निवासी देवराज शर्मा सोमवार को बिलासपुर से पैसे निकालकर लौट रहे थे।

रात करीब 9 बजे जब वह घाघस पहुंचे, वहां पर उन्हें एक युवक मिला, जिसने खुद को चमलोग गांव का ही निवासी बताया तथा कहा कि वह उन्हें घर छोड़ देगा। इसके बाद वह बुजुर्ग के साथ चल पड़ा। बताया जा रहा है कि जब वह दोनों सरयाली खड्ड के पास पीपल के पेड़ के नजदीक पहुंचे, तो युवक ने अचानक कहा कि उसके पास पैसे नहीं हैं और उसने बुजुर्ग से 100 रुपए मांगे। इस पर बुजुर्ग ने पर्स निकालकर आरोपी को जैसे ही 100 रुपए दिए। आरोपी ने पर्स को पैसों से भरा देखा और बुजुर्ग का पर्स लेकर फरार हो गया। पर्स में 40,000 रुपए नकद, पैन कार्ड, आधार कार्ड सहित अन्य दस्तावेज मौजूद थे। पीड़ित ने बताया कि उसने 33,000 रुपए बैंक से निकाले गए थे, जबकि 7,000 रुपए पहले से ही उनके पास थे। आरोपी ने काली टी-शर्ट व नीली पेंट पहन रखी थी। पुलिस प्रवक्ता डीएसपी बिलासपुर मदन धीमान ने बताया कि आरोपी के विरुद्ध थाना बरमाणा में मामला दर्ज कर लिया है। युवक की तलाश जारी है।

**पैसे का भरा पर्स लेकर भागा पुलिस ने किया मामला दर्ज**

### ओयल पंचायत के दनोह में दंगल 18 को

**बिलासपुर।** बिलासपुर शहर के साथ लगती ओयल पंचायत के दनोह में होने वाले दंगल की तैयारियां शुरू हो गई हैं। लखदाता पीर छिंज कमेटी दनोह-कोसरियां की ओर से जनसहयोग से दंगल का आयोजन 18 मई को किया जाएगा। इससे पहले 17 मई को शवाल की रस्म निभाई जाएगी। कुल 5 लाख रुपए की इनामी राशि वाले दंगल में छोटी व बड़ी माली के साथ ही कुश्ती के सीधे मुकाबले भी करवाए जाएंगे। दंगल में भाग लेने के लिए नामी पहलवानों को भी आमंत्रित किया गया है।

### बिलासपुर में आज करवाई जाएगी मॉकड्रिल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** पाकिस्तान से उत्पन्न हालिया तनाव को देखते हुए केंद्र ने सभी राज्यों को सुरक्षा तैयारियों की समीक्षा के लिए व्यापक मॉकड्रिल आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। इस क्रम में राज्य सरकार द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मुख्य सचिव प्रमोद सक्सेना की अध्यक्षता में सभी जिला प्रशासन को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए। मुख्य सचिव ने बताया कि सर्वप्रथम 7 मई को शिमला में मॉकड्रिल आयोजित की जाएगी, जिसके उपरांत प्रदेश के अन्य जिलों में भी चरणबद्ध रूप से इस प्रकार की ड्रिल की जाएगी। डीसी राहुल कुमार ने बताया कि जिले में भी अन्य जिलों की भांतिमॉक ड्रिल आयोजित की जाएगी। इसका उद्देश्य नागरिकों को आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने के लिए प्रशिक्षित करना और प्रशासनिक तैयारियों का मूल्यांकन करना है।

### डियारा में भगवती जागरण की तैयारियां तेज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** श्री नवदुर्गा संकीर्तन मंडल की ओर से डियारा सेक्टर में शनिवार को 25वें विशाल भगवती जागरण के आयोजन के लिए तैयारियां शुरू हो गई हैं। मंगलवार को जागरण मैदान में भव्य पूजा-अर्चना कर ध्वजारोहण किया गया। संकीर्तन मंडल के प्रधान अजय चंदेल सहित अन्य सदस्यों ने इसमें भाग लिया। प्रधान अजय चंदेल ने बताया कि नगर परिषद बिलासपुर के प्रांगण में आयोजित होने वाले इस भक्तिमय समागम की सभी तैयारियां शुरू कर दी हैं। इस जागरण में 9 शक्तिपीठों से मां की पावन ज्योतियां जागरण स्थल तक सादर लाई जाएंगी। शनिवार शाम को करीब 4: 00 बजे सभी ज्योतियां नगर की परिक्रमा करते हुए श्री विश्वकर्मा मंदिर में कुछ देर के ठहराव के लिए रखी जाएंगी।

### ट्रक ने तीन गाड़ियों को मारी टक्कर, एक घायल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** बरमाणा क्षेत्र में मंगलवार दोपहर एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। यहां सड़क किनारे खड़ी तीन गाड़ियों को एक बेकाबू ट्रक ने टक्कर मार दी, जिससे एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल की पहचान अजय कुमार (34) पुत्र गांव लाघाट निवासी के रूप में हुई है। घायल को उपचार के लिए एम्स बिलासपुर में भर्ती कराया है। हादसे के बाद आरोपी चालक अपनी गाड़ी लेकर मौके से फरार हो गया, लेकिन बरमाणा पुलिस ने उसे पकड़ लिया। चालक को भी हल्की चोटें आई हैं, जिसका इलाज एम्स कोठीपुरा में किया जा रहा है। फिलहाल मामला दर्ज नहीं किया गया है, लेकिन आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

# हिमाचल महिला कबड्डी टीम ने जीता स्वर्ण पदक

**नीरज शर्मा, घुमारवीं**

**हिमाचल** की महिला कबड्डी टीम ने अपनी जीत के सिलसिले को जारी रखते हुए प्रदेश के लिए एक और स्वर्ण पदक जीत कर अपना परचम लहराया है। इस बार टीम ने एमेच्योर कबड्डी फेडरेशन ऑफ इंडिया की ओर से आयोजित चौथे सीनियर महिला फेडरेशन कप 2025 के फाइनल मुकाबले में इंडियन रेलवे की टीम को हराकर कप पर कब्जा किया है।

हिमाचल कबड्डी एसोसिएशन के महासचिव कृष्ण लाल ने बताया कि प्रदेश की महिला कबड्डी टीम ने अपने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए सेमीफाइनल मुकाबले में हरियाणा की टीम को एक अंक से मात देकर फाइनल में प्रवेश किया, जबकि फाइनल मुकाबले में इंडियन रेलवे की टीम को आठ अंक से हराकर अपने जीत के क्रम को जारी रखा। टीम में पुष्पा राणा, साक्षी शर्मा, ज्योति ठाकुर, भावना ठाकुर, अंकिता चंदेल, शगुन, तन्वी लुक्टा, दिव्या मेहता, शैली चंदेल, स्वाति, अंशुल, रंजना, कृतिका व दिव्या ज्योति शामिल थीं। जबकि कोच के रूप में पूजा ठाकुर तथा टीम मैनेजर के रूप में सुमन शर्मा साथ थीं। महासचिव ने इस सफलता का श्रेय खिलाड़ियों की मेहन शानदार कोचिंग के साथ हिमाचल प्रदेश कबड्डी एसोसिएशन को दिया है। उन्होंने कहा कि हिमाचल की टीम न केवल विभिन्न चौंपियनशिपों में जीत दर्ज कर रही है बल्कि इंडिया की टीम में खेलकर भी प्रदेश की खिलाड़ियों ने प्रदेश का नाम रोशन किया है। उधर, एसोसिएशन के राज्य अध्यक्ष राज कुमार ब्रांटा ने भी इस सफलता पर खिलाड़ियों को बधाई दी है। (अनंत ज्ञान)



**नाराजगी** बाजार में अव्यवस्थाओं को लेकर व्यापार मंडल खफा, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

# झंडूता बाजार में न शौचालय, न पार्किंग सुविधा



झंडूता व्यापार मंडल के दुकानदार ज्ञापन देने के दौरान सामूहिक चित्र में।

**अनंत ज्ञान, झंडूता**

**झंडूता** उपमंडल के प्रमुख व्यापारिक केंद्र, झंडूता बाजार में लंबे समय से चली आ रही अव्यवस्थाओं के खिलाफ स्थानीय व्यापार मंडल खफा है।

व्यापार मंडल झंडूता के प्रधान प्रशांत शर्मा के नेतृत्व में दर्जनों व्यापारियों ने एकजुट होकर मंगलवार को एसडीएम झंडूता कुनिका अर्ष को एक ज्ञापन सौंपा। इस ज्ञापन के माध्यम से व्यापारियों ने बाजार में व्याप्त गंभीर समस्याओं जैसे बसों और टैक्सियों के लिए पार्किंग की कमी, सार्वजनिक शौचालय का अभाव, फेरी वालों की ओर से निम्न गुणवत्ता वाले सामान की बिक्री जैसे मुद्दों को जोरदार तरीके से उठाया।

झंडूता बाजार न केवल स्थानीय निवासियों के लिए, बल्कि पूरे झंडूता विधानसभा क्षेत्र के लिए एक प्रमुख व्यापारिक और सामाजिक केंद्र है। यहां प्रतिदिन सैकड़ों लोग खरीदारी, कार्यालयी कामकाज और अन्य जरूरतों के लिए आते हैं, लेकिन बाजार में बुनियादी सुविधाओं की कमी ने लोगों का जीना मुहाल कर दिया है।

### बोले-सड़क पर अव्यवस्था का आलम, जाम की बनी रहती स्थिति

**व्यापार** मंडल के प्रधान प्रशांत शर्मा ने बताया कि बाजार में बसों और टैक्सियों के लिए कोई व्यवस्थित पार्किंग स्थल नहीं है। इससे सड़कों पर अव्यवस्था और जाम की स्थिति बनी रहती है। इसके अलावा, सार्वजनिक शौचालय की कमी के कारण विशेष रूप से महिलाओं और बुजुर्गों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ता है। ज्ञापन में सार्वजनिक शौचालय की कमी को सबसे गंभीर मुद्दों में से एक बताया गया। व्यापारियों का कहना है कि बाजार में हजारों लोग रोजाना आते हैं, लेकिन शौचालय की सुविधा न होने से लोगों को खुले में शौच के लिए मजबूर होना पड़ता है। व्यापारियों ने फेरी वालों की ओर से बिना बिल के निम्न गुणवत्ता वाले सामान की बिक्री पर भी कड़ा ऐतराज जताया। प्रशांत शर्मा ने कहा कि यह फेरी वाले न तो कोई बिल दिखाते हैं और न ही उनके सामान की गुणवत्ता की कोई गारंटी होती है। इससे स्थानीय व्यापारियों को भारी नुकसान हो रहा है।

# बिलासपुर कॉलेज के रिटेल मैनेजमेंट के विद्यार्थियों का रिलायंस कंपनी में चयन



रिटेल कंपनी रिलायंस ब्रांड लिमिटेड में चयनित हुए बिलासपुर कॉलेज के विद्यार्थी।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बिलासपुर के बीवॉक (रिटेल मैनेजमेंट) विभाग के स्टूडेंट्स कॉलेज में आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव के माध्यम से देश की अग्रणी रिटेल कंपनी रिलायंस ब्रांड लिमिटेड में चयनित हुए हैं।

इन विद्यार्थियों को 4.50 लाख रुपए वार्षिक पैकेज के साथ भारत के प्रमुख शहरों मुंबई, दिल्ली ,बेंगलुरु ,चेन्नई और हैदराबाद जैसे प्रमुख शहरों में कार्य करने का सुनहरा अवसर मिला है। यह उपलब्धि महाविद्यालय बीवॉक विभाग के प्राध्यापकों और विद्यार्थियों की संयुक्त मेहनत का प्रतिफल है। महाविद्यालय परिसर में चार चरणों में प्लेसमेंट ड्राइव हुआ, जिसमें बीवॉक विभाग के विद्यार्थियों ने भाग लिया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. पीएस कटवाल ने बीवॉक विभाव को हार्दिक बधाई दी और खुशी जाहिर करते हुए कहा कि यह सब इंडस्ट्री-ओरिएंटेड शिक्षा प्रणाली का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि मैं इसका श्रेय विभाग के नोडल अधिकारी प्रोफेसर सुरजीत चंदेल, प्राध्यापक वर्ग और समस्त बच्चों को देना चाहता हूं, जिनके अथक प्रयास से आज बिलासपुर महाविद्यालय ऊंचाइयों तक पहुंचा है। उन्होंने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

**4.50 लाख वार्षिक पैकेज पर हुआ प्लेसमेंट**

# स्वच्छता की नई पहल, अब हर वाहन में लगेगा कूड़ादान


चुवाड़ी बस स्टैंड में टैक्सी चालकों, बस चालकों और परिचालकों को जागरूक किया गया।

**बबलू पठानिया, चुवाड़ी**

**प्रदेश** को हरित और स्वच्छ छवि को बनाए रखने की दिशा में भटियात प्रशासन ने एक सराहनीय पहल की है। चुवाड़ी बस स्टैंड पर मंगलवार को आयोजित जागरूकता शिविर में टैक्सी चालकों, बस चालकों और परिचालकों को प्लास्टिक प्रबंधन और कूड़ेदान की अनिवार्यता को लेकर जागरूक किया गया। उपमंडल अधिकारी (एसडीएम) भटियात पारस अग्रवाल ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से प्लास्टिक कचरे के निष्पादन हेतु सभी सार्वजनिक और निजी वाहनों में कूड़ेदान रखना अनिवार्य कर दिया गया है। सरकार द्वारा जारी निर्देशों का पालन न करने की स्थिति में जुर्माने का भी प्रावधान रखा गया है।

शिविर में तहसीलदार सुमन धीमान ने अड्डा प्रभारी, टैक्सी यूनियन के चालक व अन्य मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी चालक अपने वाहनों में कूड़ेदान की व्यवस्था सुनिश्चित करें और एकत्रित प्लास्टिक कचरे को नगर पंचायत चुवाड़ी के कार्यालय में जमा करवाएं। (अनंत ज्ञान)

# चंबा को मिली 15.47 करोड़ की सौगात


## लूणा (चिरचिंड नाला) पर बनेगा 41.5 मीटर का स्टील ब्रिज] केंद्र सरकार ने दी मंजूरी

**आरके सहगल, चंबा**

**भरमौर** के लोगों के लिए लंबे इंतजार के बाद उम्मीद की किरण रोशनी बनकर आई है। दुर्गम और संवेदनशील क्षेत्र लूणा (चिरचिंड नाला) पर अब 41.5 मीटर लंबे अत्याधुनिक स्टील कंपोजिट ब्रिज का निर्माण होगा। यह घोषणा किसी आम परियोजना की नहीं, बल्कि इलाके के सामाजिक-आर्थिक विकास को रफ्तार देने वाली ऐतिहासिक उपलब्धि की है। केंद्र सरकार ने इसके लिए 15.47 रुपए करोड़ की राशि को तकनीकी व प्रशासनिक मंजूरी दे दी है।

इस संबंध में भरमौर-पांगी से विधायक डॉ. जनकराज ने जैसे ही यह जानकारी अपने सोशल मीडिया हैंडल पर साझा की, क्षेत्र में उत्सव जैसा माहौल बन गया। लोगों ने इसे 'विकास की असली जीत' बताया। डॉ. जनकराज ने लिखा, 'यह सिर्फ पुल नहीं, बल्कि हमारे क्षेत्र के विकास, आत्मनिर्भरता और मजबूत भविष्य का प्रतीक है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी का हृदय से आभार।' यह ब्रिज लूणा आरडी 150/450 पर बनाया जाएगा, जिसमें स्टील कंपोजिट ब्रिज के साथ-साथ पुराने बैली ब्रिज को हटाने, फॉर्मेशन कटिंग, फिलिंग, प्रोटेक्शन वर्क, मेटलिंग, टारिंग, सड़क किनारे की ड्रेन और रोड फर्नीचर का भी निर्माण शामिल है। इस कार्य के लिए तकनीकी स्वीकृति के साथ-साथ प्रशासनिक मंजूरी भी मिल गई है। (अनंत ज्ञान)


विधायक डॉ. जनक राज की घोषणा बनी जन-उत्सव



### परियोजना में ये हैं शामिल

- 41.5 मीटर का स्टील कंपोजिट ब्रिज, मौजूदा बैली ब्रिज को हटाना,
- फॉर्मेशन कटिंग और भराई कार्य, सुरक्षा दीवारें, सड़क किनारे की नालियां
- मेटलिंग, टारिंग और ग्रेड फर्नीचर।

### लोगों से जुड़ी कई उम्मीदें

**यह** पुल न केवल वाहनों की निर्बाध आवाजाही सुनिश्चित करेगा, बल्कि भरमौर, पांगी और भटियात जैसे दुर्गम क्षेत्रों को बाकी हिमाचल से बेहतर ढंग से जोड़ेगा। यह जीवनदायिनी सड़क नेटवर्क का हिस्सा बनकर क्षेत्रीय विकास को नई उड़ान देगा।

### तय समय-सीमा में पूरा किया जाए कार्य : मंत्रालय

**मंत्रालय** ने यह भी स्पष्ट किया है कि कार्य तय समय-सीमा में पूर्ण किया जाए, ताकि किसी प्रकार की लागत-वृद्धि न हो। 50 प्रतिशत काम होने पर मूल्यांकन कर संशोधित बजट का प्रावधान पहले ही कर लिया जाएगा।

# चमेरा डैम विस्थापितों की गुहार वर्षों बाद भी नहीं मिला रोजगार


चमेरा डैम विस्थापित पीड़ित परिवार न्याय की गुहार लगाते हुए।

**अनंत ज्ञान, चंबा**

**एनएचपीसी** चमेरा पावर स्टेशन S-II डैम परियोजना के कारण विस्थापित हुए कई परिवार आज भी रोजगार और पुनर्वास की प्रतीक्षा में हैं। पीड़ितों का कहना है कि 7 जनवरी, 2021 को उनकी दुकानों और आवासीय भूमि का अधिग्रहण किया गया था, लेकिन इसके बावजूद उन्हें आज तक कोई स्थायी रोजगार नहीं मिला है। इन परिवारों ने बताया कि उनके माता-पिता अशिक्षित और आर्थिक रूप से बेहद कमजोर रहे, जिस कारण वे समय रहते कानूनी लड़ाई नहीं लड़ सके। जबकि हाल ही में कुछ परिवारों को हाई कोर्ट के आदेशों पर एनएचपीसी में रोजगार प्रदान किया गया है। इससे बाकी पीड़ित परिवारों में भी न्याय की उम्मीद जगी है। पीड़ित परिवारों के अनुसार, वे लंबे समय से सरकार और प्रशासन से गुहार लगाते आ रहे हैं कि उन्हें भी प्राथमिकता के आधार पर न्याय दिया जाए। उन्होंने सरकार से यह भी मांग की है कि उनके लिए एक सक्षम सरकारी वकील की नियुक्ति की जाए, ताकि वे भी अपने अधिकारों के लिए मजबूती से अपनी बात रख सकें।

परिवारों का कहना है कि वे किसी भी प्रकार के टकराव के पक्ष में नहीं हैं, बल्कि शांतिपूर्वक और लोकतांत्रिक तरीके से अपने हक की मांग कर रहे हैं। अब यह देखना अहम होगा कि प्रशासन और सरकार कब तक इन विस्थापितों की वर्षों पुरानी पीड़ा का समाधान कर पाते हैं। अब इन दावों में कितनी सच्चाई है, यह तो वक्त ही बताएगा, लेकिन यदि इनमें दम है तो सरकार को चाहिए कि वह इस गंभीर मुद्दे को प्राथमिकता के आधार पर सुलझाए, ताकि वर्षों से न्याय की बाट जोह रहे विस्थापित परिवारों को राहत मिल सके।

# साल खड्ड के पानी को मोड़ने से बिगड़ा साहू घाटी का प्राकृतिक संतुलन : चौफला

**अनंत ज्ञान, चंबा**

**बहादुरी** के लिए राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित और सामाजिक कार्यकर्ता नवनीत चौफला ने एक बार फिर जनहित में एक अत्यंत महत्वपूर्ण मुद्दा उठाया है। इस बार यह मुद्दा है साहू घाटी में गर्मियों के दौरान जल प्रवाह को नियंत्रित करने का, जिससे स्थानीय तापमान में 3 डिग्री तक की खतरनाक बढ़ोतरी देखी जा रही है।

साहो से पत्यूर कैलाश जल विद्युत परियोजना तक साल खड्ड के जल को मोड़ने के कारण, इस क्षेत्र में न केवल प्राकृतिक संतुलन बिगड़ा है, बल्कि स्थानीय लोगों का जीवन भी प्रभावित हुआ है। चौफला का कहना है कि इस बदलाव के चलते 16 पंचायतों के लोग बेहाल है और यह दृश्य अभूतपूर्व है। जहां कभी ठंडी हवाएं बहती थीं, वहां आज पंखे और एसी की जरूरत महसूस हो रही है।

नवनीत चौफला ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि मई और जून की दो महीनों की गर्मी में हर रोज सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक साल नदी में पानी छोड़ा जाए। इस कदम से न केवल तापमान में गिरावट आएगी, बल्कि प्राकृतिक जल स्रोतों, स्थानीय फसलों, मवेशियों और पैदल चलने वालों को भी राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि अगर जलविद्युत परियोजनाओं द्वारा केवल मुनाफे के लिए इस तरह के निर्णय लिए जाते रहे, तो प्राकृतिक आपदाएं और स्वास्थ्य समस्याएं आम हो जाएंगी। पत्थरों, बजरी और रेत के गर्म होने से स्थानीय पारिस्थितिकी पर गंभीर असर पड़ रहा है। आप प्रकृति से खेलोगे, तो वह अपने ढंग से जवाब देगी। चौफला ने दो टूक कहा। उनका यह विचार आज की जरूरत बन चुका है — एक समग्र और संवेदनशील दृष्टिकोण, जो विकास और पर्यावरण के बीच संतुलन बनाए। अब देखना यह है कि क्या सरकार और प्रशासन इस चेतावनी को गंभीरता से लेते हैं और साहू घाटी के लोगों को राहत देने के लिए त्वरित कदम उठाते हैं।


प्रदेश सरकार से समाधान के लिए लगाई गुहार

# लोक गायक उमेश ठाकुर ने चंबा की लोक संस्कृति को दी नई उड़ान

**अनंत ज्ञान, चंबा।** लोक गायक उमेश ठाकुर ने जिला चंबा की पारंपरिक धरोहर घुरेई के विभिन्न स्वरूपों जैसे सिया डोबै, पंजभारे, हैरे रेश्मो, गुड़क चमक, मिली-जुली और मेरी तामक तुलिए को ऑडियो फॉर्म में रिलीज किया है। इसके साथ ही उन्होंने मैया मेरी और शेरांवालिये भजनों को भी लोकसंगीत प्रेमियों के लिए प्रस्तुत किया। 'गुड़क चमक' शब्द चंबा की लोकभाषा में प्रसिद्ध शैली है, जो अब अपने नए कलेवर में संजीवनी पा रही है। उमेश ठाकुर की इस पहल को चंबा की लोकसंस्कृति के संरक्षण और प्रचार में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। उनके नए लोकगीतों और भजनों ने न केवल परंपरा को जीवित किया है, बल्कि युवा पीढ़ी में भी लोकसंगीत के प्रति रुचि जगाई है। इस रिलीज को श्रोताओं का जबरदस्त समर्थन मिल रहा है और सोशल मीडिया पर भी इन गीतों को खूब सराहा जा रहा है। चंबा की मिट्टी से जुड़े लोक सुरों को इस तरह सहेजना लोकगायक उमेश ठाकुर की कला और समर्पण का परिचायक है।



# सिहुंता के अभिनव की चंडीगढ़ में मौत

**अनंत ज्ञान, भटियात।** सिहुंता के मौतला गांव का माहौल उस वक्त गमगीन हो गया जब खबर आई कि गांव के 29 वर्षीय युवा अभिनव शर्मा की चंडीगढ़ में एक दर्दनाक सड़क हादसे में मौत हो गई। अभिनव एक निजी कंपनी में कार्यरत था और हाल ही में परिवार के एकमात्र सहारे के रूप में जिम्मेदारियां निभा रहा था। चार महीने पहले ही उनके पिता का निधन हो गया था, जिसके बाद परिवार की पूरी जिम्मेदारी अभिनव के कंधों पर आ गई थी। घर में केवल उनकी मां और एक बहन हैं। अभिनव के असमय निधन की खबर सुनते ही पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। स्थानीय लोग और रिश्तेदार चंडीगढ़ के लिए रवाना हो गए हैं। सूत्रों के मुताबिक, हादसा उस समय हुआ जब अभिनव अपनी ड्यूटी से लौट रहा था और उनकी बाइक का एक्सीडेंट हो गया।


## कार्यालय ग्राम पंचायत चौबीन
विकास खंड व तह. बैजनाथ, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)

### निविदा सूचना

यह कि बैठक पंचायत में प्रधान महोदया द्वारा प्रस्ताव लाया गया 18 वर्ष 2025-26 के लिये रेत, बजरी, क्रशर, पक्की इंट, पत्थर फाडा, सोलिंग स्टोन लकड़ी, लोहा, एंगल, पाईप, सारिया, टाईल आदि की खरीद के लिए निविदाएं आमंत्रित हैं। निविदायें दिनांक 18-5-25 को ग्राम पंचायत कार्यालय में 10 से 5 बजे तक डाक या पंचायत कार्यालाय में बंद लिफाफे में दी जा सकती हैं निविदाएं दिनांक 20-5-25 को खोली जायेगी निविदा के फार्म पंचायत से प्राप्त कर सकते हैं। निविदा को रद्द करने का अधिकार पंचायत के पास होगा।

प्रधान/सचिव
ग्राम पंचायत चौबीन
विकास खंड व तह. बैजनाथ, जिला कांगड़ा ( हि.प्र. )


# चुराह में ड्राइविंग टेस्ट और फिटनेस प्रक्रिया रद्द

**अनंत ज्ञान, चुराह।** उपमंडल चुराह में 7 मई को प्रस्तावित ड्राइविंग टेस्ट तथा पासिंग/फिटनेस प्रक्रिया को प्रशासनिक कारणों से रद्द कर दिया गया है। यह जानकारी उपमंडल अधिकारी (ना.) चुराह अशिष द्वारा जारी एक आधिकारिक आदेश में दी गई। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम को परिवहन निदेशक प्रदेश द्वारा जारी कार्यालय आदेश संख्या आरटीए (सी)- ड्राइविंग टेस्ट प्रोग्राम /12351-66 दिनांक 30-04-2025 के अंतर्गत आयोजित किया जाना था। लेकिन अब इसे स्थगित करते हुए आगामी तिथि की सूचना पृथक रूप से जारी की जाएगी। उपमंडल अधिकारी अशिष ने स्पष्ट किया कि यह निर्णय पूरी तरह से प्रशासनिक कारणों के चलते लिया गया है।

# सभी व्यावसायिक वाहनों में अनिवार्य होंगे डस्टबिन

## उपायुक्त ने की स्वच्छता को सुदृढ़ बनाने को लेकर आयोजित बैठक की अध्यक्षता

**अनंत ज्ञान, चंबा**


चंबा में स्वच्छता को सुदृढ़ बनाने को लेकर आयोजित की अध्यक्षता करते उपायुक्त।

**जिला** मुख्यालय चंबा में स्वच्छता को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से आज एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने की। बैठक में व्यवसायिक वाहनों में डस्टबिन की अनिवार्यता और उसके क्रियान्वयन की प्रगति पर विस्तार से चर्चा की गई। इस पहल का उद्देश्य सड़कों को कूड़ा मुक्त बनाना और सफाई व्यवस्था को और अधिक सशक्त करना है।

परिवहन विभाग तथा एचआरटीसी के अधिकारियों और कर्मचारियों की मौजूदगी में उपायुक्त ने निर्देश दिए कि जिले के सभी व्यवसायिक वाहनों में डस्टबिन लगाना अनिवार्य किया जाए ताकि सार्वजनिक स्थलों पर कचरे के फैलाव को रोका जा सके। एचआरटीसी के डीडीएम शुगल सिंह ने बताया कि प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार चंबा जिले में परिवहन निगम की 70 बसों में पहले ही डस्टबिन स्थापित किए जा चुके हैं। शेष बसों में आगामी एक सप्ताह के भीतर यह कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा। साथ ही, एचआरटीसी बस अड्डा चंबा में सूखा व गीला कचरा अलग-अलग फेंकने हेतु दो बड़े डस्टबिन भी स्थापित किए जा रहे हैं, जिनका नियमित निपटान नगरपालिका द्वारा किया जाएगा। इस अवसर पर क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी कार्यालय, चंबा के अधीक्षक संजीव कुमार ने जानकारी दी कि सभी निजी परिवहन संगठनों को भी व्यवसायिक वाहनों में डस्टबिन लगाने के लिए लिखित निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

बैठक में कार्यकारी अधिकारी नगर परिषद चंबा रूचि महाजन सहित अन्य विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।


## कार्यालय ग्राम पंचायत ठारु
विकास खंड, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि. प्र.)

### निविदा सूचना

कार्यालय ग्राम पंचायत ठारु द्वारा सूचित किया जाता है कि मनरेगा व अन्य मदों के लिए वर्ष 2025-26 के लिए रेत, बजरी, बोल्डर, फाड़ा क्रेशर बजरी, क्रेशर रेत, गटका, पत्थर फाड़ा सेटरिंग, ईंट व सामान ढुलाई तथा मिक्सचर आदि की निविदाएं ली जानी हैं समान कार्य स्थल पर ही लिया जायेगा इछुक फर्म के पास जीएसटी नं. होना जरूरी है निविदाएं दिनांक 15-05-2025 बंद लिफाफे में कार्यालय ग्राम पंचायत ठारु में पहुंच जानी चाहिए

प्रधान/सचिव
ग्राम पंचायत ठारु, विकास खंड
नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा ( हि. प्र. )


### सूडोकु नवताल- 7423 (मध्यम)

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 9 | | | 7 | 4 | | 8 | |
| | 8 | 5 | 6 | 2 | | | 4 | 9 |
| 7 | | | | | | 6 | | 3 |
| | 3 | 9 | 5 | | | | 1 | |
| 1 | | | | 8 | | | | 5 |
| | 6 | | | | 2 | 9 | 3 | |
| 4 | | 7 | | | | | | 2 |
| 8 | 2 | | | 5 | 9 | 1 | 7 | |
| | 1 | | 2 | 3 | | | 5 | 8 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु नवताल - 7422 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 5 | 3 | 9 | 1 | 7 | 2 | 8 | 4 |
| 9 | 1 | 8 | 2 | 6 | 4 | 3 | 7 | 5 |
| 7 | 4 | 2 | 5 | 3 | 8 | 1 | 9 | 6 |
| 3 | 7 | 1 | 6 | 9 | 2 | 4 | 5 | 8 |
| 8 | 6 | 9 | 1 | 4 | 5 | 7 | 2 | 3 |
| 5 | 2 | 4 | 8 | 7 | 3 | 9 | 6 | 1 |
| 2 | 9 | 5 | 4 | 8 | 1 | 6 | 3 | 7 |
| 4 | 3 | 6 | 7 | 5 | 9 | 8 | 1 | 2 |
| 1 | 8 | 7 | 3 | 2 | 6 | 5 | 4 | 9 |

अनंत ज्ञान

# आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

## आज का पंचांग

बुधवार, 7 मई 2025

**विक्रमी संवत :** 2082, **शक संवत :**1947 (विश्वासवसु), **मास :** अमांत बैशाख, **तिथि** दशमी (10:22): **नक्षत्र** पूर्वाफाल्गुनी (06:17), **पक्षः** शुक्ल, **योग :** व्याघात (01:03) **शुभ मुहूर्त :** अभीजित कोई नहीं **राहुकाल** (12:17-01:58)।

**विशेष दिन**

07 मई : विश्व अस्थमा दिवस आज।

07 मई : विश्व एथलेटिक्स दिवस आज।

**मेषः** व्यापारी अपनी प्रखर सोच के लिए प्रशंसा एवं सम्मान के पात्र बनेंगे। आर्थिक रूप से आप सुरक्षित महसूस करेंगे और आप संपत्ति या संप्रेषण में निवेश कर सकते हैं।

**वृषभः** जल्दबाजी में निर्णय न लें और जोखिम भरे उपक्रमों से बचें। आज आपका स्वास्थ्य या आपका कोई करीबी थोड़ा परेशान कर सकता है। दिन मंगलकारी रहेगा।

**मिथुनः** आप एक नई साझेदारी में प्रवेश कर सकते हैं, जो आने वाले समय में आपके लाभ को बढ़ा सकते हैं। आप चाहते है कि परिजन आप को प्रेम करें इसके लिए पहले आप को उन्हें प्रेम देना होगा।

**कर्क:** आप अपनी बुद्धि और कौशल से अपने प्रतिद्वंद्वियों से आगे निकल जाएंगे। कार्यस्थल पर आप के द्वारा किए कार्यों से सहकर्मियों को इर्ष्या होगी।

**सिंहः** घर में कोई शुभ कार्य संपन्न हो सकता है। अगर आप विदेश यात्रा के बारे में सोच रहे हैं, तो उत्तम समय है। आप बहुत ज्यादा बोलते हैं, अपने विचारों पर संयम रखें।

**कन्याः** समय कमजोर चल रहा है। अतः धैर्य और संयम के साथ अपने कार्यों में निरंतरता बनाए रखें। नए और बड़े निवेश से बचें। जिंदगी में यह हुनर भी आजमाना चाहिए।

**तुलाः** अपनी कमजोरियों को किसी के आगे न बताएं चाहे वह कितना भी करीबी क्यों न हो। नौकरी बदलने का खयाल छोड़ दें। अपने स्वभाव में नम्र और सहज बनें।

**वृश्चिकः** कार्य स्थल पर बाधाओं और कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा। खर्च बढ़ेंगे। आपको एक नया दृष्टिकोण अपनाना होगा। आपका महत्व लोगों को पता चलेगा।

**धनुः** आर्थिक रूप से आप सुरक्षित रहेंगे, लेकिन खर्चों का दबाव अधिक रहेगा। आत्मविश्वास के साथ काम करना जारी रखें। कारोबार में विश्वासप्रद वातावरण रहेगा।

**मकरः** आमदनी में बढ़ोतरी संभव है। साथ ही आज व्यावसायिक संदर्भ में कुछ परेशानियां रह सकती हैं। आपके महत्व को स्वीकार किया जाएगा। सुखद एवं सफल यात्रा के योग बनेंगे।

**कुंभः** वरिष्ठों को खुश करना थोड़ा मुश्किल हो सकता है। इस अवधि के दौरान कड़ी मेहनत और विनम्र स्वाभाव ही सफलता की कुंजी है। कयासों के लिए समय ठीक नहीं है।

**मीनः** आपकी आमदनी बढ़ेगी और आपको आर्थिक लाभ प्राप्त करने के नवीन रास्ते भी मिलेंगे। आज आपके सहकर्मी समूह के मध्य आपकी लोकप्रियता में वृद्धि संभव है।

# लाव लश्कर से गांव की परिक्रमा को निकले देवादि देव गहरी नेर

**रूपी ठाकुर, बरोट।** छोटा भंगाल घाटी के समस्त लोगों की अटूट आस्था के प्रतीक देवादि देव गहरी नेर प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी अपने लाव लश्कर के साथ पूरी तरह सजधज कर उनके अधीन आने वाले गांवों की परिक्रमा के लिए निकले हुए हैं। देव गहरी नेर मंदिर कमेटी के अध्यक्ष संजय ने बताया कि देव गहरी प्रति वर्ष ही बैजनाथ में होने वाली महाशिवरात्रि मेले में शरीक होने के साथ मन्नते पूरी होने पर किसी भी समय लोगों द्वारा आयोजित की जाने वाली देव जातरों में भी भाग लेते आ रहे हैं वहीं देव गहरी नेर अपने क्षेत्र का भ्रमण करने के लिए हर तीन वर्ष बाद निकलते हैं। इस बार भी अपने क्षेत्र की परिक्रमा करने के लिए वैशाख माह की 20 प्रविष्टे 2 मई से अपने मूल स्थल नेर से निकले हुए हैं। उन्होंने बताया कि देव गहरी नेर परिक्रमा के दौरान अपने मूलस्थल नेर से निकल कर गांव नेर, धरमान, सरमान, उहलधार, शढ़ौहता, कुराण आदि गांवों का भ्रमण करते हुए मंगलवार के दिन बुनाड़ गांव में गनाव वासियों द्वारा आयोजित देव जातर को स्वीकारते हुए दयोट गांव में रात्रि ठहराव करने के बाद बुधवार को वहां पर भी आयोजित देव जातर को स्वीकार करने के बाद शेष रहे दयोट, मुल्थान, सेर, सरला आदि गांवों का दौरान पूर्ण करने के बाद 10-11 दिनों बाद देव गहरी नेर पूरे विधिविधान के साथ अपने मूल स्थल नेर में पुनः विराजमान हो जाएंगे। (अनंत ज्ञान)


## कार्यालय ग्राम पंचायत गोडा गागल, विकास खण्ड बल्ह, जिला मंडी (हि. प्र.)

### निविदा आमंत्रण सूचना

यह कि अध्यक्ष महोदय के द्वारा प्रस्ताव रखा गया कि वित् वर्ष 2025-26 के लिए सामग्री की निविदाएं आमंत्रित किया जाना अति आवश्यक है। ताकि ग्राम पंचायत के कार्य सुचारू रूप से चल सके। सामग्री का विवरण इस प्रकार से है। 1. रेत (खड्डु/नदी की)-प्रति घन मीटर, 2. रेल (क्रशर की)-प्रति घन मीटर, 3. बजरी 20,40 एमएम (खड्डु/नदी)-प्रति घन मीटर, 4. बजरी 20,40 एमएम (क्रशर)-प्रति घन मीटर, 5. सोलिंग/बोल्डिंग पत्थर-प्रति घन मीटर, 6. पत्थर (कट स्टोन)-प्रति पत्थर, 7. पकी इंटे (मिटटी के भटे की)- प्रति ईंट, 8. मशीन द्वारा कटान (cutting through L&T) -प्रति घंटा, 9. मशीन द्वारा कटान (Cutting through JCB Machine) -प्रति घंटा, 10. सामग्री ढुलान ट्रेक्टर/जीप/अन्य वाहन द्वारा (प्रति कि.मी.)- प्रति घन मीटर एंड प्रति क्विंटल, 11. सामग्री ढुलान घोड़े द्वारा 1 कि.मी.-प्रति क्विंटल, 12. शटरिंग टाइप 1 (Slab/roof)- प्रति वर्ग फुट, 13. शटरिंग टाइप 2 (Road/path) - प्रति रनिंग मीटर, 14. सीमेंट ढुलाई HPCSE डिपो से ग्राम पंचायत के स्टोर/कार्यस्थल तक (with लोडिंग एंड अनलोडिंग) -प्रति बैग, 15. RCC PIPE DIFFERENT DAYA - प्रति मीटर/प्रति पाईप, 16. दीवार टाईल और फ्लोर टाईल- प्रति बॉक्स, 17. पेंट सामग्री (सभी प्रकार की) - प्रति लीटर, 18. साईन बोर्ड (2×2), (3×3) With all Material - 19. PVC PIPE DIFFERENT DIYA - प्रति मीटर / प्रति पाईप, 20. दीवार राईटिंग/पेंटिंग- प्रति वर्ग फुट, 21. फर्नीचर (टेबल कुर्सी) डिफरेंट साइज़ -प्रति आइटम, 22. टोर सरिया ISI मार्क- प्रति क्विंटन। **नियम व शर्तेः-** 1) निविदाकर्ता प्लेन पेपर (A4 size) में ही अपना आवेदन यथावत उपरलिखित सामग्री विवरण अनुसार ही भरकर दें। निविदादाता को अपने आवेदन के साथ vehicle RC. No, GST/CST.No(active), PAN Card, aadhar card की छाया प्रति लगाना अनिवार्य है। 2) ठेकेदार आपूर्तिकर्ता को खलन विभाग से हस्ताक्षरित M-Form जमा करवाने होंगे, M-Form उपलब्ध न करवाने की स्थिति में सामग्री सबंधी अदाएगी नही की जाएगी। सभी निविदाएं सील बन्द लिफाफे में देनी अनिवार्य होगी । अधूरी व खुली निविदाएं मान्य नहीं होगी यदि अधूरी व खुली निविदाएं प्राप्त होती है तो उसे रद समझा जाएगा। 3) GST/CST दरें निविदा प्रपत्र में भरी गई दरों में ही शामिल होगी । 4) पंचायत पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों के परिवार से सम्बन्धित सदस्यों की निविदाएं मान्य नहीं होगी । 5) सामग्री की आपूर्ति लोक निर्माण विभाग के स्पेसिफिकेशन के अनुरूप होगी । 6) निर्माण सामग्री कार्य स्थल / सड़क तक उपलब्ध करवानी होगी । 7) पारित निविदादाता को मु0 25000/-रूपये धरोहर / सुरक्षित राशी के रूप में ग्राम पंचायत के पास जमा करनी होंगी । 8) ग्राम पंचायत के समस्त क्षेत्राधिकार में एक ही मूल्य देय होगा व अस्वीकृत सामग्री की अदायगी देय नहीं होगी। 9) निविदादाला यदि सामग्री आपूर्ति समयानुसार नहीं कर पाता है तो उसकी गत समय में दी गयी सामग्री की देय राशी का भुगतान नहीं किया जायेगा और न ही अग्रिम / सुरक्षित राशी वापिस होगी । 10) किसी भी निविदा को बिना कारण बताए स्वीकृत / अस्वीकृत करने, सशर्त निविदा, समान दर रहने की स्थिति में, एक या एक से अधिक निविदादाताओं के लिए कार्य आदेश निर्गत करने, सामयी की गुणवता के चयन तथा निविदाएं किसी भी समय रद्द करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत/विभाग के पास सुरक्षित रहेगा । 11) सामग्री लेने का अंतिम मूल्य / निर्णय विभाग की Justification व पारित निविदादाता के साथ negotiation अनुसार/उपरांत किया जायेगा । 12) जिस भी निविदाकर्ता की निविदा पास होगी उसे पंचायत द्वारा दिया गया घोषणा पत्र भरकर जमा करवाना होगा ।। नोटः-उपरोक्त निविदाए पंचायत कार्यालय में दिनाक शाम 4 बजे तक पहुंच जानी चाहिए । उसके उपरान्त कोई भी प्राप्त निविदा स्वीकार नही होगी। निविदाए दिनाक को कार्यालय ग्राम पंचायत ...... में दोपहर 12 बजे खोली जाएगी।

प्रधान/सचिव
कार्यालय ग्राम पंचायत गोडा गागल, विकास खण्ड बल्ह, जिला मंडी (हि. प्र.)



## कार्यालय ग्राम पंचायत खलाणु विकास खंड सदर मंडी, जिला मंडी, हि.प्र.

### निविदा आमंत्रण सूचना

ग्राम पंचायत खलाणु विकास खंड सदर मंडी जिला मंडी आवश्यकता अनुसार समय-समय पर निम्न निर्माण सामग्रियों की, वित्त वर्ष 2025-26 में कार्यों के निष्पादन हेतु आपूर्ति के लिए अधिकृत विक्रेताओं से मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 12.05.2025 को 5 बजे तक पंचायत कार्यालय में स्वीकार की जाएगी व दिनांक 13.05.2025 को अपराहन 12 बजे निविदादाताओं या उनके प्रतिनिधियों के समक्ष पंचायत कार्यालय में खोली जाएगी।

**सामग्री का विवरण-** 1. रेत (KANSA QUERRY) -Per cubic meter, 2. रेत (CRUSHER) -Per cubic meter, 3. बजरी (20MM KANSA QUERRY)- Per cubic meter, 4. बजरी (10,20,40एमएम CRUSHER)- Per cubic meter , 5.सोलिंग/बोल्डर पत्थर - Per cubic meter, 6. ईंट- Per brick/per thousand, 7. जेसीबी कार्य ढुलाई व ब्रेकर-Per hour, 8.सेटरिंग लकड़ी, स्टील इत्यादि -Per sqm. 9. सीमेंट किराया HPS CSC Depot -Per Bags

**शर्तेः** 1. निविदादाता के पास अपना पंजीयन पैन संख्या, जीएसटी नंबर होना आवश्यक है। 2. दरें अंको और शब्दों दोनों में लिखी जाएं। 3. ठेकेदार/आपूर्तिकर्ता की व विभाग से हस्ताक्षतिर एम फार्म जमा करवाने होंगे। 4. सामग्री की आपूर्ति लोक निर्माण विभाग के स्पेसिफिकेशन के अनुरूप होगी। 5. निविदादाता प्रति सामग्री आपूर्ति समयानुसार नहीं कर पाता है तो उसकी गत समय में की गई सामग्री आपूर्ति की देय राशि का भुगतान नहीं किया जाएगा। 6. किसी भी निविदा को बिना कारण बताये स्वीकृत/अस्वीकृत करने, समान दर रहने की स्थिति में एक या एक से अधिक निविदादाताओं के लिए कार्य आदेश निर्गत करने तथा सामग्री गुणवत्ता के चयन का अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरिक्षत रहेगा तथा ग्राम पंचायत को निविदाएं किसी भी समय रदद करने का पूर्ण अधिकार रहेगा। 7. सामग्री की उपलब्धता निर्माण स्थल तक (जहां तक गाडी जा सकती हो) करवानी आवश्यक होगी। 8. निविदाता को 10000/-रू धरोहर राशि साथ में जमा करवानी होगी।

प्रधान/सचिव
ग्राम पंचायत खलाणु, विकास खंड सदर मंडी



## कार्यालय ग्राम पंचायत धन्यारा विकास खंड सदर मंडी, जिला मंडी, हि.प्र.

### निविदा आमंत्रण सूचना

ग्राम पंचायत धन्यारा विकास खंड सदर मंडी जिला मंडी आवश्यकता अनुसार समय-समय पर निम्न निर्माण सामग्रियों की, वित्त वर्ष 2025-26 में कार्यों के निष्पादन हेतु आपूर्ति के लिए अधिकृत विक्रेताओं से मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 20.05.2025 को 5 बजे तक पंचायत कार्यालय में स्वीकार की जाएगी व दिनांक 21.05.2025 को अपराहन 12 बजे निविदादाताओं या उनके प्रतिनिधियों के समक्ष पंचायत कार्यालय में खोली जाएगी।

**सामग्री का विवरण-** 1. रेत (KANSA QUERRY) -Per cubic meter, 2. रेत (CRUSHER) -Per cubic meter, 3. बजरी (20MM KANSA QUERRY)- Per cubic meter, 4. बजरी (10,20,40एमएम CRUSHER)- Per cubic meter , 5.सोलिंग/बोल्डर पत्थर - Per cubic meter, 6. ईंट- Per brick/per thousand, 7. जेसीबी कार्य ढुलाई व ब्रेकर-Per hour, 8.सेटरिंग लकड़ी, स्टील इत्यादि -Per sqm. 9. सीमेंट किराया HPS CSC Depot -Per Bags

**शर्तेः** 1. निविदादाता के पास अपना पंजीयन पैन संख्या, जीएसटी नंबर होना आवश्यक है। 2. दरें अंको और शब्दों दोनों में लिखी जाएं। 3. ठेकेदार/आपूर्तिकर्ता की व विभाग से हस्ताक्षतिर एम फार्म जमा करवाने होंगे। 4. सामग्री की आपूर्ति लोक निर्माण विभाग के स्पेसिफिकेशन के अनुरूप होगी। 5. निविदादाता प्रति सामग्री आपूर्ति समयानुसार नहीं कर पाता है तो उसकी गत समय में की गई सामग्री आपूर्ति की देय राशि का भुगतान नहीं किया जाएगा। 6. किसी भी निविदा को बिना कारण बताये स्वीकृत/अस्वीकृत करने, समान दर रहने की स्थिति में एक या एक से अधिक निविदादाताओं के लिए कार्य आदेश निर्गत करने तथा सामग्री गुणवत्ता के चयन का अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरिक्षत रहेगा तथा ग्राम पंचायत को निविदाएं किसी भी समय रदद करने का पूर्ण अधिकार रहेगा। 7. सामग्री की उपलब्धता निर्माण स्थल तक (जहां तक गाडी जा सकती हो) करवानी आवश्यक होगी। 8. निविदाता को 10000/-रू धरोहर राशि साथ में जमा करवानी होगी।

प्रधान/सचिव
ग्राम पंचायत धन्यारा, विकास खंड सदर मंडी



## कार्यालय ग्राम पंचायत बड़ा ग्रां, कोठी कोहड़, स्वाड
विकास खण्ड बैजनाथ, जिला कांगड़ा, हि.प्र.

### निविदा आमंत्रण सूचना

ग्राम पंचायत बड़ा ग्रां, कोठी कोहड़, स्वाड विकास खण्ड बैजनाथ जिला कांगड़ा, हिमाचल प्रदेश के अन्तर्गत होने वाले विकास कार्यों के लिए वित वर्ष 2025-26 के लिए आवश्यक SOR सामग्री हेतु अधिकृत समिति द्वारा प्रस्तुत प्रचलित बाज़ार दरों या उसमें कम दरों पर विक्रेता, सुचीबद्ध किये जाने है। इच्छुक आवेदनकर्ता ग्राम पंचायत बड़ा ग्रां, कोठी कोहड़, स्वाड के कार्यालय से निविदा फॉर्म प्राप्त कर सकते है। औपचारिक्ताओं को पूर्ण करने के उपरान्त फॉर्म सम्वन्धित पंचायत कार्यालय में सीधे अथवा डाक द्वारा प्रेषित किये जा सकते । फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि दिंनाक 15-05-2025 शाम 3:00 बजे तक है । निविदायें दिंनाक 16-05-2025 को प्रातः 11:00 बजे सम्वन्धित पंचायत कार्यालय में खोली जाएगी । सम्वन्धित पंचायत द्वारा जारी व हस्ताक्षरित निविदा फॉर्म मान्य होगी । विस्तृत शर्ते निविदा फॉर्म के साथ सलंगन है ।

प्रधान/सचिव
ग्राम पंचायत बड़ा ग्रां, कोठी कोहड़, स्वाड
विकास खण्ड बैजनाथ, जिला कांगड़ा, हि.प्र.



## कार्यालय ग्राम पंचायत मालग विकास खंड नादौन जिला हमीरपुर हि.प्र.

### निविदा आमंत्रण सूचना

आज दिनांक 24.05.2025 की ग्राम पंचायत मालग में श्रीमति वीना देवी ने बैठक मे उपस्थित सदस्यों को अवगत करवाया की ग्राम पंचायत मालग के लिए निविदाएं आमंत्रित की जानी है। अतः बैठक में चर्चा उपरांत पास हुआ कि निविदाएं डाक द्वारा या बाई हैंड 08.05.2025 तक ग्राम पंचायत में जमा करवाए और दिनांक 09.05.2025 को समय 11 बजे निविदाएं ग्राम पंचायत कार्यालय में समिति द्वारा खोली जाएगी।

**सामग्री का विवरणः-** रेता क्रशर/धुला प्रति घन फुट, बजरी 20, 40, 10 एमएम प्रति घन फुट, डस्ट क्रशर प्रति घन फुट, बोल्डर पत्थर प्रति घन फुट, शटरिंग/लकड़ी/स्टील/रास्ता प्रति स्केयर फुट, पानी टैंकर प्रति टैंक, ढुलाई सीमेंट हमीरपुर से कांगू प्रति बैग, ढुलाई सीमेंट नादौन से कांगू प्रति बैग, ईंट अब्बल/दोयम प्रति ईंट, साईन बोर्ड प्रति बोर्ड, मिक्सचर मशीन डीजल सहित प्रति दिन, मिक्सचर मशीन बिना डीजल के प्रति दिन, जेसीबी प्रति घंटा, शटरिंग लेंटर प्रति फुट, बैंच कंक्रीट प्रति पीस, बैंच स्टील प्रति पीस, शटरिंग भवन प्रति स्केयर फुट।

**नोटः-** जीएसटी काटा जाना व सरकार को अदा करना आवश्यक होगा, एमफार्म आवश्यक होंगे/वेंडर प्रमाण पत्र देना होगा की एम फार्म का प्रयोग उसी बिल के साथ किया गया है जो ग्राम पंचायत को दिया गया है। विभाग द्वारा जारी शपथ पत्र देना भी अनिवार्य होगा केवल उसी वेंडर की निविदा पर विचार किया जायेगा जिस के द्वारा धरोहर राशी दी जाएगी/निविदा शुक्रवार 08 मई 2025 शाम 5 बजे तक पंचायत कार्यालय में पहुंच जानी चाहिए। निविदा के साथ जीएसटी नंबर और पैन कार्ड का कॉपी संलग्न करना आवश्यक है। बिना जीएसटी के निविदा रद्द की जाएगी निविदा पास होने पर सप्लाई ना देने पर 25000/- तक जुर्माना हो सकता है। निविदा पारित फर्म को माल कार्य स्थल तक पहुंचाना होगा। ग्राम पंचायत के पास निविदा को बिना सूचना के रद्द करने का पूरा अधिकार होगा। सिक्यूरिटी मनी के तौर पर 10000/- रुपए जमा करवाने होंगे दी जाएगी। नादौन ब्लॉक में वेंडर को वरीयता दी जाएगी।

प्रधान/सचिव
ग्राम पंचायत मालग

देश का सबसे अच्छा दिमाग क्लासरूम के आखिरी बेंचों पर मिल सकता है। -डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम

## संपादकीय

# साहसिक फैसला

सुक्खू सरकार ने लगातार दूसरे दिन कैबिनेट बैठक कर तोहफों की बरसात की है। सरकार ने कई महत्वपूर्ण फैसले लिए हैं। कैबिनेट ने हिमाचल प्रदेश में घरेलू कामगार महिलाओं यानी दूसरे के घरों में काम करने वाली मेड को भी 1500 रुपए की मासिक पेंशन की हकदार बना दिया है। इन महिलाओं को इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख सम्मान निधि योजना में शामिल करने की मंजूरी प्रदान की गई है। सुक्खू सरकार की ओर से घरेलू कामगार महिलाओं को 1500 रुपए मासिक पेंशन देने का फैसला एक साहसिक और जनकल्याणकारी कदम है, जो सामाजिक न्याय और महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक ठोस प्रयास के रूप में देखा जा सकता है। हालांकि, इस निर्णय के आर्थिक पहलुओं को लेकर विपक्ष की ओर से सवाल उठाए जा सकते हैं, विशेषकर जब राज्य पहले से ही भारी कर्ज के बोझ तले दबा हुआ हो। ऐसे में सरकार को अपने फैसले का बचाव करने के लिए न केवल ठोस तर्क प्रस्तुत करने होंगे, बल्कि योजनाओं की पारदर्शिता और वित्तीय प्रबंधन की क्षमता भी प्रदर्शित करनी होगी।

भाजपा यह सवाल उठा सकती है कि जब प्रदेश की वित्तीय स्थिति अत्यंत खराब है और सरकारी खजाने पर पहले से ही दबाव है, तब घरेलू सहायिकाओं को मासिक 1500 रुपए की आर्थिक सहायता कैसे दी जाएगी? इसके अलावा, विपक्ष यह भी कह सकता है कि सरकार ने पहले ही अपने चुनावी वादे के तहत सभी महिलाओं को 1500 रुपए देने की बात कही थी, जो अब तक पूरी नहीं हो सकी है। ऐसे में जब पूर्व वादे पूरे नहीं हो सके, तो नया वादा कितना व्यवहारिक है, इस पर प्रश्न उठना स्वाभाविक है। सरकार को यह स्पष्ट करना होगा कि यह योजना केवल आर्थिक सहायता नहीं, बल्कि सामाजिक सुरक्षा का हिस्सा है। घरेलू सहायिकाएं समाज का वह वर्ग हैं जो सबसे अधिक उपेक्षित रहता है। उन्हें इस योजना में शामिल कर सरकार सामाजिक न्याय को सशक्त बना रही है। यह केवल 'वोट बैंक' की राजनीति नहीं, बल्कि संवेदनशील प्रशासनिक दृष्टिकोण का हिस्सा है। सरकार को यह भी बताना होगा कि इस योजना के लिए धन की व्यवस्था कैसे की जा रही है।

यही नहीं, सरकार को यह समझाना होगा कि सभी महिलाओं को 1500 रुपए देने का वादा एक दीर्घकालिक प्रक्रिया है और इसे चरणबद्ध रूप से लागू किया जा रहा है। जैसे लाहौल-स्पीति और पांगी की महिलाओं को पहले चरण में सहायता दी गई, उसी तरह अन्य वर्गों को भी शामिल किया जा रहा है। यह बताना होगा कि घरेलू सहायिकाओं को जोड़ना उसी क्रम की अगली कड़ी है। यदि सरकार ने राज्य के राजस्व को बढ़ाने या खर्चों को नियंत्रित करने के लिए कोई नई योजना बनाई है, जैसे पर्यटन, बागवानी, जलविद्युत या स्टार्टअप सेक्टर में निवेश, तो उसका हवाला दिया जाना चाहिए। यह दिखाना जरूरी है कि सरकार सिर्फ खर्च कर रही है, बल्कि अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के भी प्रयास कर रही है। कुल मिलाकर सरकार को यह सुनिश्चित करना होगा कि इस योजना का लाभ सही व्यक्तियों तक पहुंचे।

इसके लिए डाटा संग्रहण, पहचान सत्यापन और डिजिटल भुगतान जैसी व्यवस्था का प्रचार करना चाहिए। यदि योजना पारदर्शी और लक्षित होगी, तो उस पर भ्रष्टाचार या दुरुपयोग के आरोप लगाना कठिन होगा। सुक्खू सरकार को विपक्ष की आलोचना को व्यक्तिगत या राजनीतिक कटाक्ष मानने के बजाय, उसे लोकतांत्रिक बहस के रूप में लेना चाहिए। सभी सवालों का जवाब तथ्यों, दस्तावेजों और योजनाओं के माध्यम से देने से सरकार की छवि मजबूती से उभरेगी। सरकार को मीडिया के माध्यम से अपनी योजनाओं की वास्तविक तस्वीर जनता के सामने लानी चाहिए। अगर पेंशन का लाभ किसी घरेलू सहायिका को मिला है, तो उसकी कहानी को प्रचारित किया जाना चाहिए। इस प्रकार की कहानी आम जनता के बीच योजना की वास्तविक उपयोगिता को साबित करती है। साथ ही, यह भी जरूरी है कि योजनाओं की वेबसाइट या पोर्टल पर लाभार्थियों की संख्या और वितरित की गई राशि की जानकारी सुलभ हो।

बहरहाल, सुक्खू सरकार का यह फैसला निश्चय ही गरीब वर्ग की महिलाओं के जीवन को सुधारने की दिशा में उठाया गया एक महत्वपूर्ण कदम है। हालांकि, आर्थिक संसाधनों की सीमाएं और राज्य की मौजूदा वित्तीय हालत को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता, लेकिन अगर सरकार पारदर्शिता, चरणबद्ध कार्यान्वयन और सही प्राथमिकताओं के साथ आगे बढ़े, तो यह योजना न केवल सफल हो सकती है, बल्कि सरकार की जनकल्याणकारी छवि को भी मजबूत कर सकती है। विपक्ष के सवालों का उत्तर तथ्यात्मक, योजनागत और सकारात्मक दृष्टिकोण से देना ही सरकार के लिए उचित रणनीति होगी। ■


## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

# भारत के स्वतंत्रता सेनानी

**नारायण** सुब्बाराव हार्डिकर भारत के स्वतंत्रता सेनानी और कांग्रेस के प्रसिद्ध राजनेता थे, जिन्होंने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के दिनों में प्रसिद्ध 'हिंदुस्तान सेवादल' की स्थापना की थी। 'बंगाल विभाजन' के विरोध में सुब्बाराव ने 'आर्य बाल सभा' का गठन किया था। आजादी के बाद वर्ष 1952 में उन्हें राज्यसभा का सदस्य चुना गया था। देश के प्रति निष्ठा और सेवा भावना को देखते हुए भारत सरकार ने सुब्बाराव को 'पद्मभूषण' से सम्मानित किया था। नारायण सुब्बाराव हार्डिकर का जन्म ब्रिटिश शासन काल में मैसूर राज्य (कर्नाटक) के धारवाड़ जिले में हुआ था। इनके पिता का नाम सुब्बाराव तथा माता यमुनाबाई थीं। अपनी आरंभिक शिक्षा पूर्ण करने के बाद वे अध्ययन के लिए पुणे चले गए। पुणे में प्रसिद्ध क्रांतिकारी लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक के समाचार पत्रों में अनेक विचार पढ़कर सुब्बाराव हार्डिकर के अंदर भी राष्ट्रीय भावना का उदय हुआ। देशभक्ति की भावना मन में जागृत होते ही वे विद्यार्थी जीवन से ही सार्वजनिक कार्यों में रुचि लेने लगे। 'बंग भंग' के विरोध में उन्होंने 'आर्य बाल सभा' का गठन भी किया था। इंटर की परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद आगे उच्च शिक्षा के अध्ययन के लिए सुब्बाराव 1913 में अमरीका चले गए। वहां उन्होंने 'मैचिंगन यूनिवर्सिटी' में अपना अध्ययन पूरा किया। प्रसिद्ध राष्ट्रीय नेता लाला लाजपत राय भी उन दिनों अमरीका में ही थे। ■



नारायण सुब्बाराव हार्डिकर
जन्म : 7 मई, 1889
मृत्यु : 26 अगस्त, 1975



कविता

## पर्वत तुम डराने लगे हो

*अर्चना सिंह, गांव डरोह, पालमपुर*

*तुम तो कवि के नगपति विशाल हो,*
*तुम फिर क्यों भुरभुराने लगे हो।*
*तुम तो शरणस्थली हो पिता हो पालक हो,*
*फिर क्यों नाराज हो, पर्वत तुम डराने लगे हो।*
*कृतघ्न मानव से बदला ले रहे हो,*
*उसकी करनी उसको ही लुटा रहे हो।*
*सोचती हूं तुम कहां गलत हो,*
*जब छाती में खंजर घोपेंगे, तब धराशायी तो होंगे।*
*साथ अपने अनेक को लील लोगे,*
*पर्वत तुम डराने लगे हो, उमापति की विचरण स्थली हो।*
*तुम तो पवित्र पावन हो, नहीं समझता मानव तो।*
*तुम ही सब्र धैर्य धर लो, हे ! अटल-अचल क्यों गिर रहे हो,*
*पर्वत तुम डराने लगे हो।*

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# राष्ट्रीय विरासत की वैश्विक प्रतिष्ठा और चुनी हुई चुप्पी

इस वर्ष अपैल का महीना भारत के लिए खासा महत्वपूर्ण रहा। खुशी-गम, हर्ष-विषाद, मुस्कान और आंसू दोनों नजरिए से। अभी 18 अप्रैल को विश्व धरोहर दिवस के मौके पर यूनेस्को ने भारतीयता के दो प्रतीक ग्रंथों-श्रीमद्भागवत गीता और नाट्यशास्त्र-को वैश्विक विरासत घोषित करने का उल्लास पूरा भी न हो पाया था कि 22 अप्रैल को कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले ने विषाद से भर दिया।



लेखक : हरीश शिवनानी
स्वतंत्र टिप्पणीकार

इन दोनों महत्वपूर्ण घटनाओं के संदर्भ में भारत के बौद्धिक जगत का पूर्वाग्रही और दोहरी मानसिकता का स्याह पक्ष एक बार फिर उजागर हो गया है। यूनेस्को से मिली भारत की वैश्विक प्रतिष्ठा पर जिस रहस्यमय तरीके से यह वर्ग उदासीन, खामोश रहा, वहीं आतंकी हमले के बाद एक सुनिश्चित-सी योजना के तहत परोक्ष रूप से आतंकवादियों, आतंकवाद के लिए जिम्मेदार देश के और आतंकवाद के मानसिक समर्थकों के पक्ष में चीख-चीख अपने दोहरे चरित्र का परिचय दिया, वो गौरतलब है। यहां बात भारत को मिले वैश्विक सम्मान और उनकी चुप्पी की है। संयुक्त राष्ट्र संघ के वैश्विक संघटक संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन (यूनेस्को) ने विश्व धरोहर दिवस पर जो घोषणा की वो भारतवासियों के लिए सामान्य घोषणा नहीं थी। यूनेस्को ने इस वर्ष भारतीयता की अस्मिता और मानव समाज के लिए अद्भुत भेंट 'श्रीमद्भागवत गीता' और ललित कलाओं के अतुल्य ग्रंथ 'नाट्यशास्त्र' को 'मेमोरी ऑफ वर्ल्ड रजिस्टर' (विश्व समृति दस्तावेज) में शामिल कर उन्हें वैश्विक सम्मान दिया। भारत भारतवासियों के लिए यह गौरवशाली क्षण था।

उन एक ऐसी उपलब्धि रही कि न केवल भारतीय, बल्कि विश्व जगत के समूचे बौद्धिक वर्ग ने इस पर प्रसन्नता व्यक्त व्यक्त कर यूनेस्को की



इस पहल को सराहनीय बताया। इन सबके बीच भारतीय समाज का ही एक ऐसा वर्ग है जिसने अपने ही देश के इस अंतरराष्ट्रीय सम्मान पर अपने होंठ कसकर सी लिए और हमेशा की तरह एक चुनी हुई चुप्पी धारण कर ली है। हमारे लिए ये आह्लादकारी गौरव के क्षण इसलिए नहीं हैं कि इन ग्रंथों को यूनेस्को के विश्व स्मृति दस्तावेज में अंकित किया गया है।

वस्तुत: इसकी घोषणा एक ऐसे समय में की गई है जब भारतीय समाज का एक बौद्धिक वर्ग भारत के स्वर्णिम अतीत, भारतीय प्रज्ञा, उसकी विलक्षण मेधा, उसके ज्ञान-दर्शन-साहित्य सहित समस्त विषयों, अकादमिक अनुशासन, अद्भुत मानवीय कौशल, उसकी विस्मयकारी उपलब्धियों को, यहां तक कि एक राष्ट्र के रूप में भारत और भारतीयता के विचार को ही पूरी चेष्टा के साथ नकारने में जुटा रहता है।

इतना ही नहीं, इसे लेकर वे पत्र-पत्रिकाओं, विभिन्न मंचों के साथ सोशल मीडिया पर पूरे जोर-शोर से नकारात्मक नरेशन (मिथ्या, असत्य, निराधार धारणाएं) गढ़ने और उसे फैलाने में भी सक्रिय हो जाते हैं। यह पहली बार नहीं है। इतिहास साक्षी है जब कभी, कहीं भारतीयता और भारतीय दृष्टि, आस्था, परंपराओं, मूल्यों, मान्यताओं, स्थापनाओं, धर्म, दर्शन ग्रंथों की चर्चा चलती-निकलती है, उस समय भारतीय बौद्धिक जगत का यह समूह विस्मयकारी चुप्पी धारण कर लेता है या फिर अपनी पूरी मानसिक, शारीरिक ऊर्जा से उसे नकारने, उसका खंडन करने, उसकी प्रासंगिकता, उसकी सामयिकता, उसकी वैज्ञानिकता खोजने में लग जाता है। ऐसा विशेष कर उस समय, दौर विशेष में होता है जब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर राष्ट्र के लिए गौरव के पल होते हैं।

भारत और भारतीयता, भारतीय संस्कृति की चर्चा मात्र निकलने से उसकी 'प्रश्नाकुल मानसिकता' कुलबुलाने लगती है, उसका 'तर्कपूर्ण मस्तिष्क' एक सीमा तक आते-आते कुतर्कपूर्ण तरीके से उसके मूल्यों को कटघरे में खड़ा करने लगता है। निर्मल वर्मा ने 'चुनी हुई चुप्पी' शब्द का प्रयोग भारतीय बौद्धिक जगत की उस खामोशी को उजागर करने के लिए किया था, जो राजनीतिक निहितार्थों, प्रलोभनों और वर्तमान के अलावा भविष्य की कई 'संभावनाओं' के मद्देनजर व्यक्त नहीं की जाती है।

इस वर्ग की चुनी हुई चुप्पी या मुखरता के अंतर्विरोध का आलम यह है कि यह समूह कभी किसी हिंसक तामसी परंपराओं या अमानवीय स्त्री विरोधी रवायतों का खुलकर समर्थन ही नहीं करेगा, बल्कि उसमें भागीदार बन कर जश्न मनाते हुए मुबारकबाद भी देगा। वहीं, किसी आस्था से जुड़े सात्विक पर्व की वैज्ञानिकता और प्रासंगिकता पर प्रश्न खड़े करेगा। भारतीय बौद्धिक जगत की यह खामोशी लोकतंत्र के लिए स्वस्थ नहीं है। भारतीय बौद्धिक वर्ग के इस चरित्र को रेखांकित करते हुए मार्टिन लूथर किंग जूनियर के ये शब्द बेहद प्रासंगिक लगते हैं- 'अंत में, हम अपने शत्रुओं के शब्दों को नहीं, बल्कि अपने मित्रों की चुप्पी को याद रखेंगे।'

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## नजरिया

# पाकिस्तान का नया हथियार, हर भारतीय बने डिजिटल सिपाही

अब युद्ध बंदूकों के साथ विचारों के जहर से लड़ा जा रहा है। दुश्मन बॉर्डर पर नहीं, मोबाइल की स्क्रीन के उस पार बैठा है।' भारत आज सिर्फ LOC पर नहीं लड़ रहा, बल्कि एक नई जंग शुरू हो चुकी है, वो है डिजिटल युद्ध। इस युद्ध में गोलियों की जगह कंटेंट है और सैनिक वो हैं जो दिखते तो भारतीय हैं, लेकिन भाषा पाकिस्तान की बोलते हैं। ऐसे अकाउंट्स, ऐसे चेहरे, जो सालों तक आम नागरिक की तरह रहते हैं और फिर एक दिन अचानक सोशल मीडिया पर जहर उगलने लगते हैं।



लेखक : चेतन बरागटा
प्रवक्ता भाजपा (हि. प्र.)

इनका काम भारत की नींव को अंदर से हिलाना है। ये डिजिटल स्लीपर सेल्स दुश्मन का चेहरा, अपने जैसा दिखता है। ये लोग Facebook, witter, YouTube और Instagram पर आपके जैसे ही प्रोफाइल बनाते हैं। वर्षों तक कुछ खास पोस्ट नहीं करते, पर अचानक किसी मुद्दे पर एक्टिव हो जाते हैं। इनका लक्ष्य सिर्फ एक होता है अस्थिरता, अविश्वास, और असंतोष फैलाना। पाकिस्तान की डिजिटल जिहाद रणनीति अब Keyboard से Kargil है, मतलब ISI के दिशा-निर्देशन में सोशल मीडिया के फेक अकाउंट्स के माध्यम से झूठी वीडियो, मॉर्फ्ड तस्वीरें और झूठे समाचार पोर्टल्स से दिमागी हमले करना तथा कट्टरपंथी यूट्यूब चैनल्स के जरिए युवाओं को गुमराह करना।

CAA, NRC, कश्मीर, किसान आंदोलन, दिल्ली दंगे इन सब में इनकी सक्रियता प्रमाणित हो चुकी है। आपके WhatsApp ग्रुप में रोज जो Breaking News आती है। क्या आपने उसकी सच्चाई कभी जांची? आपका बच्चा जो YouTube चैनल देख रहा है, क्या वो चैनल भारत की छवि को बिगाड़ रहा है? आपके सोशल मीडिया फ्रेंड्स जो फेसबुक पर गुस्से से भरे पोस्ट लिखते हैं, कहीं वो किसी डिजिटल एजेंडे का हिस्सा तो नहीं? युद्ध अब घर में घुस आया है और हम अभी तक सो रहे हैं। हमें अब देश को मोबाइल से भी बचाना होगा।



हर मैसेज, हर खबर के बारे में दो बार सोचे, किसी वीडियो या ट्वीट को देखकर उत्तेजित न हों पहले सत्यता की पुष्टि करें। रिपोर्ट करें, रिएक्ट नहीं फेक न्यूज फैलाने वाले चैनल्स, प्रोफाइल्स और ग्रुप्स को रिपोर्ट करें। उनका मुकाबला तर्क और कानूनी तरीके से करें, गुस्से से नहीं। एकता को तोड़ने वालों को एक्सपोज करें।

किसी को भी धर्म, जाति या क्षेत्र के नाम पर बंटने न दें। उन्हें सार्वजनिक रूप से बेनकाब करें। डिजिटल सतर्कता बरतना आज की जरूरत है। देशभक्ति अब सिर्फ सेना ही नहीं, हर नागरिक को भी चौकन्ना रहना होगा। देश अब सिर्फ LOC पर नहीं, Login पर भी रक्षा चाहता है। पाकिस्तान जानता है कि वह यह लड़ाई हार जाएगा। इसलिए उसने भारत के ही नागरिकों के दिमाग को हथियार बना लिया है। सोशल मीडिया को हथियार बनाकर वह हमारी एकता, सोच और भविष्य को निशाना बना रहा है। अब सवाल सिर्फ सरकार या एजेंसियों का नहीं है।

अब सवाल है कि क्या आप देश के लिए कीबोर्ड उठाएंगे? या चुप रहकर इस युद्ध को हार जाने देंगे? यह सिर्फ चेतावनी नहीं, आह्वान है। हर भारतीय डिजिटल सिपाही बने, अपने परिवार, समाज और राष्ट्र को इस अंदरुनी डिजिटल युद्ध से बचाना अब हमारी नैतिक और राष्ट्रीय जिम्मेदारी है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## अपनी बात

**हिमाचल** प्रदेश अब अपनी आदतें बदल रहा है, तरक्की के हिमालय पर गहरे जख्म उगा रहा है। अब पर्यटन को छूने की आदत में नेचर भी कहीं मौसम में बढ़ते ताप को छूने लगी है। हर दिन हजारों वाहन और जाम में उठते धुएं ने आसमान की छतरी में छेद कर दिए, फिर भी उत्साह है कि हिमाचल प्रदेश को सारी दिशाओं में देखा जाए। हिमाचली जायका नहीं, अब तो हिमाचली फ्लेवर है जो पहाड़ पर मैगी की बिक्री बढ़ा देता है। इस सीजन को खरीदने की आदत है, हम जो बेच रहे क्या वे सही मायने में हिमाचली व्यंजन हैं। हम रेहड़ी पर बर्गर स्टालों के पीछे किसी बाहरी व्यक्ति का श्रम देखते हैं, तो अब मंडी में बाहर से आकर लोग सिड्डू बनाने का हुनर बेच रहे हैं। आश्चर्य यह कि हिमाचली धाम की क्षेत्रीय पहचान में जिले तक अलग-अलग दिखने लगे, परंतु वास्तविक स्वाद पर कमाई की परत चढ़ गई। बाजार में 'हिमाचली धाम' की गुणवत्ता का कोई परीक्षण या मानकीकरण नहीं देखा जा रहा है। इसके लिए सरकारी तंत्र को ध्यान देना होगा। **रवि, शाहपुर**

# देवभूमि को नशे के चक्रव्यूह से निकालने के लिए सख्त कदमों की जरूरत

देवभूमि हिमाचल प्रदेश, जो अपनी शांत वादियों और प्राकृतिक सुंदरता के लिए जाना जाता है, आज एक गंभीर संकट से जूझ रहा है चिट्टे का नशा। यह नशा अब हिमाचल के युवाओं को तेजी से अपनी चपेट में ले रहा है। आए दिन ऐसी खबरें सामने आती हैं जहां कोई नौजवान ड्रग ओवरडोज के कारण अपनी जान गंवा देता है। पंजाब में तो यह समस्या पहले से ही भयावह रूप ले चुकी है, जहां समूचे गांव के गांव नशे की वजह से बर्बाद हो गए हैं, लेकिन अब हिमाचल में भी चिट्टा रूपी दानव अपने पैर पसार रहा है। अच्छे-अच्छे घरों के शरीफ और पढ़े-लिखे लड़के भी अब इस लत के शिकार होकर अपनी जिंदगी को खतरे में डाल रहे हैं।



लेखक : सौरभ धीमान
नालागढ़

हाल के कुछ आंकड़े इस संकट की गंभीरता को और साफ करते हैं। हिमाचल पुलिस के अनुसार, 2023 में नशे से संबंधित 1,200 से ज्यादा मामले दर्ज किए गए और इनमें से 60 प्रतिशत मामले चिट्टे या सिंथेटिक ड्रग्स से जुड़े थे। नेशनल क्राइम रिकॉर्ड्स ब्यूरो की रिपोर्ट के मुताबिक, हिमाचल में ड्रग ओवरडोज से होने वाली मौतों में 30 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है, और इनमें से ज्यादातर पीड़ित 18 से 30 साल की उम्र के युवा हैं। साथ ही एनडीपीएस के तहत दर्ज हुए मामलों की संख्या में हिमाचल पूरे देश में दूसरे स्थान पर है। ये आंकड़े बताते हैं कि यह समस्या अब मात्र कुछ घटनाओं तक सीमित नहीं है अपितु एक सामाजिक आपदा बन चुकी है।

इस संकट को समझने और इसका समाधान खोजने के लिए हमें तीन पक्षों पर ध्यान देना होगा—पुलिस, सरकारी और सामाजिक पक्ष। पहला पक्ष है पुलिस की भूमिका। आज यदि हिमाचल के किसी गांव या शहर का एक नाबालिग युवा नशा करना चाहे, तो वह चंद घंटों में ही नशीले पदार्थों का जुगाड़ कर लेता है। यह स्थिति बेहद चिंताजनक है। अगर एक कम उम्र का लड़का इतनी आसानी से ड्रग्स हासिल कर सकता है, तो क्या हमारी पुलिस इतनी सक्षम नहीं कि यह पता लगा सके कि ये नशे के सौदागर कहां-कहां छुपे हैं? क्यों बार-बार पुलिस नशे के बड़े माफियाओं को पकड़ने में नाकाम साबित हो रही है? हिमाचल पुलिस के आंकड़ों के अनुसार, 2023 में नशे से जुड़े मामलों में 1,500 से ज्यादा लोग गिरफ्तार किए गए, लेकिन इनमें से 80 प्रतिशत या तो छोटे डीलर थे या व्यक्तिगत उपभोग करने वाले लोग, जिनके पास सीमित मात्रा में ड्रग्स मिले। बड़े माफिया और इस नेटवर्क के असली मास्टरमाइंड हमेशा कानून की पकड़ से बाहर क्यों रहते हैं? क्या इसके पीछे कोई साठ-गांठ है, या फिर पुलिस के पास सही संसाधन और रणनीति की कमी है? यह सवाल हर हिमाचली के मन में उठता है, खासकर तब जब वह अपने किसी अपने को नशे की वजह से खो देता है।



इसके अलावा, एक और गंभीर पहलू है जिसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। जो व्यक्ति एक बार नशे के इस जंजाल में फंस जाता है, उसकी जिंदगी की कीमत ही जैसे खत्म हो जाती है। अगर कोई नशे का सौदागर या कोई और उसे जबरन ओवरडोज करवाकर उसकी जान ले ले, तो यह आम धारणा बन जाती है, इस धारणा के चलते उसकी मौत की जांच ज्यादा आगे नहीं बढ़ पाती, और उसकी फाइल धूल फांकती रहती है।

शायद ही कोई ऐसा मामला हो जहां ड्रग ओवरडोज से हुई मौत के बाद किसी को सख्त सजा मिली हो। यह बेहद दुखद और अन्यायपूर्ण है। ऐसे मामलों में नशे के सौदागरों पर न केवल मादक पदार्थ अधिनियम की धाराओं के तहत कार्रवाई होनी चाहिए, बल्कि हत्या का मुकदमा भी दर्ज करना चाहिए। यह सख्त कदम नशे के कारोबारियों में डर पैदा करेगा और उन्हें इस तरह के अपराध करने से पहले सोचने पर मजबूर करेगा। पुलिस को अपनी कार्यप्रणाली में सुधार लाना होगा—अधिक गुप्तचर तंत्र विकसित करना होगा, सीमावर्ती क्षेत्रों में निगरानी बढ़ानी होगी और बड़े डीलरों तक पहुंचने के लिए विशेष अभियान चलाने होंगे। दूसरा पक्ष है सरकार की जिम्मेदारी। हिमाचल में नशे की बढ़ती समस्या को देखते हुए सरकार को ऐसी नीतियां बनानी होंगी जो इस संकट को जड़ से खत्म कर सकें। यदि किसी क्षेत्र में नशे के कारण किसी की मौत होती है, तो उस क्षेत्र की स्थानीय पुलिस की जिम्मेदारी तय की जानी चाहिए। संबंधित पुलिस जिला के एसपी, डीएसपी व स्थानीय थाना प्रभारी की वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट में इसका उल्लेख होना चाहिए। समाज को जागरूक होकर अपने बच्चों पर नजर रखनी होगी, पुलिस को अपनी कार्यप्रणाली में सुधार लाना होगा, और सरकार को सख्त नीतियां बनानी होंगी। अगर हम सब मिलकर इस संकट के खिलाफ लड़ें, तो ही हम अपने हिमाचल को, अपने युवाओं को इस अंधेरे से बचा सकते हैं।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# भारत के राष्ट्रगान जन गण मन के रचियता रविंद्रनाथ टैगोर

आधुनिक भारतीय विचारक रविंद्र नाथ टैगोर की ख्याति मुख्यत: विश्व प्रसिद्ध कवि, लेखक, साहित्यकार, चित्रकार तथा कलाकार के रूप में है। रविंद्रनाथ टैगोर जो महान विद्वान, उपन्यासकार तथा भारतीय संस्कृति को विश्व स्तर पर एक पहचान दिलाने वाले विश्व कवि भारत रूपी पवित्र धरा पर आगमन का प्रतीक है। भारत के महान सपूतों में से एक रविंद्रनाथ टैगोर बहुआयामी प्रतिभा संपन्न व्यक्ति थे। कवि, चिंतक, अध्यापक तथा नाटककार के रूप में उन्होंने अपने समय के समाज को पूर्ण गहराई से समझा।



लेखक : लकेश चंदेल
बिलासपुर

रविंद्र नाथ टैगोर का जन्म 7 मई 1861 को कोलकाता में हुआ। विश्वकवि रवींद्रनाथ टैगोर जी का जन्म दिवस वैशाख के 25वें दिन मनाया जाता है। नोबेल पुरस्कार प्राप्तकर्ता रविंद्र नाथ टैगोर जी की जयंती संपूर्ण भारत में हर्षोल्लास व धूमधाम से मनाई जाती है। टैगोर जी ने अपने लेखों के माध्यम से मानव मूल्यों के बारे में जो विचार प्रकट किए हैं।

वह राजनीतिक चिंतन की दृष्टि से भी कम महत्वपूर्ण नहीं है। रविंद्रनाथ टैगोर व्यक्ति की सकारात्मक स्वतंत्रता पर विशेष बल देते थे। टैगोर तथा गांधी जी दोनों एक दूसरे के व्यक्तित्व का आदर व प्रशंसा करते थे। रविंद्रनाथ टैगोर को गुरुदेव की उपाधि महात्मा गांधी जी ने दी थी तथा टैगोर जी ने गांधी जी को महात्मा कहा। रविंद्रनाथ टैगोर ने भारत के राष्ट्रगान जन गण मन के साथ साथ बांग्लादेश के राष्ट्रगान आमार सोनार बांग्ला की भी रचना की। 1913 में उनकी रचना गीतांजलि के लिए टैगोर को साहित्य के नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया।



रवींद्रनाथ टैगोर जयंती पर विशेष

विश्वकवि रवींद्रनाथ टैगोर जी के दार्शनिक वक्तव्यों के संकलन में 'साधना' एक प्रमुख कृति है इसके अंतर्गत नियम और स्वतंत्रता की समस्या पर विस्तृत विचार किया गया है। टैगोर के अनुसार व्यक्ति के अस्तित्व के दो रूप हैं एक तरफ उसका भौतिक अस्तित्व जो विश्व के नियमों से बंधा है।

अत: यहां वह अन्य व्यक्तियों के समान है। दूसरी ओर उसका अध्यात्मिक अस्तित्व है जो उसे अन्य व्यक्तियों से अलग व अद्वितीय स्थिति प्रदान करता है। अत: आत्म निर्णय ही स्वतंत्रता का सार तत्व है। किसी भी तरह की विवशता के अधीन किया गया कार्य स्वतंत्रता का निषेध है। टैगोर के अनुसार स्वतंत्रता की कामना मनुष्य को अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाती है स्वतंत्रता कभी भी धूमिल वातावरण में नहीं रह सकती। रविंद्रनाथ टैगोर जी ने बहुत ही सुंदर शब्दों में कहा है कि गुड़ता की स्थिति से मुक्ति पाने के लिए बीज अंकुरित होने को छटपटाता है, फूल की कली भी खिलने को मचलती है। इसी तरह मनुष्य भी अपनी विवशता से मुक्ति पाने के लिए कठिन प्रयास करता है। विवशता दूर हो जाने के बाद जो कार्य मनुष्य को आनंद प्रदान करता है उसे करना ही स्वतंत्रता है। संश्लेषणात्मक सार्वभौमवाद सिद्धांत भी गुरुदेव रविंद्रनाथ टैगोर की देन है जो राष्ट्रवाद को अंतरराष्ट्रीय वाद के साथ मिलाकर मानववाद को बढ़ावा देता है। टैगोर को बचपन से ही प्राकृतिक वातावरण में रहना बहुत पसंद था वह हमेशा सोचते थे कि प्रकृति के बीच में ही विद्यार्थियों को अध्ययन कराया जाना चाहिए।

अपनी इसी कल्पना को मूर्त रूप देने के उद्देश्य से उन्होंने पेड़ों बगीचों के बीच और एक पुस्तकालय के साथ पश्चिम बंगाल में शांति निकेतन नाम की एक शैक्षणिक और सांस्कृतिक संस्था की भी स्थापना की तथा आगे चलकर 1921 में विश्व भारती विश्वविद्यालय की स्थापना की। टैगोर जी 7 अगस्त 1941 को इस दुनिया से चल बसे, लेकिन आज भी उनके जीवन उपदेश, शिक्षा, साहित्य रचनाएं तथा मार्गदर्शिका हमारे समक्ष जीवित है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

अनंत ज्ञान
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# पानी व सीवरेज व्यवस्था में जल्द करें सुधार: वीरेंद्र भट्ट

## नगर निगम की बैठक में महापौर ने जल शक्ति विभाग के अधिकारियों को दिए निर्देश

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी

**नगर** निगम के महापौर वीरेंद्र भट्ट शर्मा द्वारा नगर निगम क्षेत्राधिकार से प्राप्त हो रही पानी व सीवरेज की शिकायतों के संदर्भ में जल शक्ति विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में नगर निगम क्षेत्राधिकार के आम जनमानस भी उपस्थित रहे।

महापौर वीरेंद्र भट्ट शर्मा ने नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए विभाग को दिशा निर्देश दिए कि पानी व सीवरेज व्यवस्था में सुधार के लिए त्वरित कार्रवाई की जाए। बैठक में चर्चा की गई की आम जनमानस को अभी तक पानी के अदायगी के लिए बिल प्राप्त नहीं हो रहे हैं। जिस पर जलशक्ति विभाग से आए हुए अधिकारी ने बताया को वेबसाइट में दिक्कत के कारण पानी के बिल अपडेट नहीं हो पा रहे थे। शीघ्र ही पानी के बिल आम जनमानस को आवंटित कर दिए जाएंगे। आम जनमानस ने आग्रह किया कि जनहित को मध्यनजर रखते हुए पंचवक्त्र से बंगला पुल पार्किंग को दोपहिया वाहन के लिए खोला जाए।



बैठक की अध्यक्षता करते हुए महापौर वीरेंद्र भट्ट शर्मा।

नगर निगम के क्षेत्राधिकार में जितने भी सीवरेज के चैंबर लीक करते हैं वहां पर पानी के प्रवाह से उन चैम्बरों की सफाई की जाए तथा चैंबरों को रेज किया जाए। नगर निगम मंडी में सम्मिलित नए क्षेत्रों में सीवरेज कुनैक्शन व पानी के कनेक्शन लगाए जाएं। नगर निगम के क्षेत्राधिकार में जिन बावड़ियों की मरम्मत नहीं हुई है उन बावड़ियों की शीघ्र ही मरम्मत की जाए। इस पर जल शक्ति विभाग से आए हुए अधिकारियों द्वारा शीघ्र ही इन शिकायत पत्रों को चरणबद्ध तरीके से निष्पादन करने का आश्वासन दिया गया।

इस अवसर पर पार्षद अलकनंदा हांडा, राजेंद्र मोहन, योगराज, वीरेंद्र सिंह आर्य, सुदेश कुमारी, हरदीप सिंह, नेहा कुमारी, निर्मल वर्मा, दीपाली जसवाल, कृष्ण भानु, यशकांत कश्यप, नितिन भाटिया, संजय शर्मा, नगर निगम के अतिरिक्त आयुक्त विजय कुमार, अनुभाग अधिकारी राकेश गुलेरिया, जलशक्ति विभाग मंडी के अधिशासी अभियंता राजकुमार सैनी, मंडल-1 के सहायक अभियंता रोहित गुप्ता, कनिष्ठ अभियंता श्याम लाल, सीवरेज सेक्शन के कनिष्ठ अभियंता हिम्मत राम, बग्गी जल शक्ति विभाग के सहायक अभियंता विनय कुमार तथा लगभग 30 के करीब आम जनमानस उपस्थित रहे।

संयुक्त फोरलेन संघर्ष समिति का आरोप- एनएचएआई अधिकारियों के कारण 10 वर्षों से अटका है मामला

# नौलखा-डडौर फोरलेन में कोर्ट के फैसले को नहीं किया जा रहा लागू

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी

**संयुक्त** फोरलेन संघर्ष समिति ने आरोप लगाया कि नौलखा से डडौर-किरतपुर-नेरचौक फोरलेन राष्ट्रीय उच्च मार्ग के परियोजना अधिकारी बीते दस सालों से उच्च न्यायालय के फैसले को लागू नहीं कर रहे हैं।

इस मामले को लेकर संयुक्त फोरलेन संघर्ष समिति नौलखा से डडौर का प्रतिनिधिमंडल जोगिंदर वालिया की अध्यक्षता में उप परियोजना अधिकारी एके झा से मिला और उन्हें संयुक्त फोरलेन संघर्ष समिति की ओर से एक मांग पत्र दिया सौंपा। जिसमें मुख्य रूप से 9 मार्च, 2015 को उच्च-न्यायालय के फैसले को लागू करने को कहा गया। इस फैसले में न्यायालय ने साफ कहा है कि आम जनता को बुनियादी सुविधाओं के साथ सर्विस लेन प्रदान करें। लेकिन आज तक 10 वर्षों के उपरांत भी जो मकान प्रस्तावित सड़क में आ चुके हैं, उनका मूल्यांकन व अवार्ड लंबित पड़ा हुआ है। जबकि कुछ मकानों की भूमि अभी तक भी अधिग्रहण नहीं की गई है। जोकि प्रस्तावित सर्विस रोड़ के दायरे में हैं, जिसकी वजह से सर्विस रोड़नहीं बन पा रहा है। मांगपत्र में यह भी मांग की गई कि उपरोक्त भूमि/मकानों की भी निशानदेही करवाकर मूल्यांकन व अवार्ड घोषित किए जाए और बची हुई भूमि पर पक्की बुर्जियां लगाने की भी मांग की गई।


उपपरियोजना अधिकारी को संयुक्त फोरलेन संघर्ष समिति मांग पत्र सौंपते हुए।

इसके अलावा पैदल पथ नलोखा, तरोट व भौर के साथ डडौर-भौर एवं कनैड स्कूल, भौर में बस स्टैंड भी बनाया जाए। राष्ट्रीय उच्च मार्ग से बेसहारा पशुओं को हटाया जाए। इसके अलावा टीसीपी में राहत देने, फोरलेन के कारण तीन प्रभावित कुओं, 11 हैंडपंप, सामुदायिक शौचालय (कनैड) को पुनर्स्थापित किया जाए। जबकि भूमि अधिग्रहण, 2013 के अनुसार नौलख से डडौर में 4चार गुना मुआवजा व कनैड, भौर में 12 प्रतिशत ब्याज की अदायगी तथा दुकानदारों को मुआवजा दिया जाए। प्रतिनिधिमंडल में जोगिंदर वालिया के अलावा, सचिव विजय ठाकुर, क़ानूनी सलाहकार जितेंद्र वर्मा आदि शामिल रहे। उप परियोजना अधिकारी एके झा ने संयुक्त फोरलेन संघर्ष समिति को आशवस्त किया कि 20 मई तक इसमें कार्य शुरू कर दिया जाएगा। संघर्ष समिति ने चेतावनी दी है कि अगर कार्य शुरू नहीं किया गया तो राष्ट्रीय उच्च मार्ग को घेराव किया जाएगा।

## न्यूज ब्रीफ

### जम्मू-कश्मीर के युवक से 510 ग्राम चरस बरामद

**अनंत ज्ञान, मंडी।** जिला के खोतीनाला में पुलिस ने जम्मू-कश्मीर निवासी 21 वर्षीय युवक से 510 ग्राम चरस बरामद कर गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार पुलिस थाना औट की टीम ने नाकाबंदी के दौरान कुल्लू-मंडी हाइवे पर खोतीनाला में आरोपी युवक को कुल्लू से जम्मू जा रही एचआरटीसी की बस नंबर एचपी-94-0378 की चेकिंग के दौरान चरस बरामद की है। आरोपी की पहचान अर्पित अबरोल पुत्र राकेश अबरोल निवासी घर क्रमांक- 290 बख्शी नगर जम्मू, जम्मू और कश्मीर के तौर पर हुई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है। मामले में पुलिस की आगामी जांच जारी है। एसपी मंडी साक्षी वर्मा ने बताया कि पुलिस थाना औट ने आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

### वन अधिकार समितियों का समयबद्ध करें गठन

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** वन अधिकार अधिनियम-2006 के तहत जोगिंदरनगर में विकास खंड द्रंग की 10 ग्राम पंचायतों के अधीन आने वाली वन अधिकार समितियों (एफआरसी) के प्रधान व सचिवों के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला की अध्यक्षता एसडीएम मनीष चौधरी ने की। इस अवसर पर उन्होंने निर्देश दिए कि निष्क्रिय पड़ी समितियों का समयबद्ध गठन सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश में उपमंडल स्तर पर ग्राम सभा, राजस्व व वन अधिकारियों को जागरूक करने के लिए प्रशिक्षण दिया जा रहा है। एफआरसी सदस्य, वन अधिकारी तथा राजस्व अधिकारी द्वारा एफआरए दावों का क्षेत्र स्तरीय निरीक्षण किया जाए तथा ग्राम सभा में प्रस्तुत कर अनुमोदित करवाएं।

### रेडक्रॉस दिवस पर लगेगा रक्तदान शिविर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** अतिरिक्त उपायुक्त रोहित राठौर ने बताया कि विश्व रेडक्रॉस दिवस के अवसर पर 8 मई को एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि यह जिला स्तरीय आयोजन उपमंडलाधिकारी (ना.) बल्ह के कार्यालय परिसर में होगा। इस वर्ष विश्व रेडक्रॉस दिवस की थीम 'मानवता के पक्ष में' (ऑन द साइड ऑफ ह्यूमैनिटी) रखी गई है। उन्होंने बताया कि जिला रेडक्रास सोसायटी एवं हिम समाज सेवा समिति के संयुक्त तत्वावधान में यह शिविर 08 मई को प्रातः 10 बजे सायं 4 बजे तक आयोजित किया जा रहा है। श्री लाल बहादुर शास्त्री राजकीय आयुर्विज्ञान महाविद्यालय नेरचौक से चिकित्सा विशेषज्ञ भी शिविर के सफल आयोजन में अपना सहयोग देंगे।

### वन मित्रों को दी वनों के महत्व की जानकारी

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** सुकेत वन मंडल के अंतर्गत सरकाघाट वन परिक्षेत्र कार्यालय में बल्द्वाड़ा व सरकाघाट परिक्षेत्र की 19 बीटों के लिए चयनित 19 वन मित्रों का पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ। इनमें सरकाघाट परिक्षेत्र के 12 और बल्द्वाड़ा परिक्षेत्र के 7 वन मित्र शामिल रहे, जो प्रशिक्षण पूर्ण कर कल से अपने-अपने बीट में तैनात होंगे। प्रशिक्षण कार्यक्रम के पहले दिन आरएफओ सरकाघाट मदन शर्मा व बल्द्वाड़ा आरएफओ अभिनव ठाकुर ने वन मित्रों का स्वागत कर विभाग की संरचना व कार्यप्रणाली से अवगत करवाया। इसके पश्चात सरकाघाट वन परिक्षेत्र अधिकारी ने वनों के महत्व व विरोजा निकासी नियमों की जानकारी दी। पांच दिवसीय प्रशिक्षण में वन खंड अधिकारी विजय कुमार व उनकी टीम ने वन मित्रों को लैंटाना उन्मूलन, साल्वेज, रेजिन से संबंधित कार्यों की तकनीकी व व्यवहारिक जानकारी प्रदान की।

### वन संरक्षण, पौधरोपण पर दिया प्रशिक्षण

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** वन मंडल जोगिंदरनगर के अंतर्गत चयनित 56 तथा वन्य प्राणी परिक्षेत्र बरोट से संबंधित 7 वन मित्रों के लिए पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। वन मंडलाधिकारी जोगिंदर नगर अश्वनी कुमार ने बताया कि पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम 1 मई से प्रारंभ हुआ, जो कि आज सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण के लिए जोगिंदरनगर वन परिक्षेत्र कार्यालय, लड़भड़ोल वन परिक्षेत्र कार्यालय, धर्मपुर वन परिक्षेत्र कार्यालय तथा उरला वन परिक्षेत्र कार्यालय। इन चारों स्थलों पर कुल 63 वन मित्रों को प्रशिक्षण दिया गया, जिनमें से 56 वन मित्र जोगिंदर नगर वन मंडल से तथा 7 वन मित्र वन्य प्राणी परिक्षेत्र बरोट से संबंधित हैं। उन्होंने बताया कि जोगिंदर नगर में 12, लड़भड़ोल में 09, धर्मपुर में 17 तथा उरला में 25 वन मित्रों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया।

### पुष्पवर्षा से होगा रथ यात्रा का प्रवेश

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** श्रीसत्य साई बाबा की पावन जन्म शताब्दी के उपलक्ष्य में देशभर में निकाली जा रही 'प्रेम प्रवाहिनी रथ यात्रा' का आगमन आगामी 1 जून को जोगिंदरनगर में होने जा रहा है। कार्यक्रम को लेकर जोगिंदरनगर के सनातन धर्म मंदिर में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें नगर के विभिन्न सामाजिक और धार्मिक संगठनों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। बैठक की अध्यक्षता श्रीसत्य साई सेवा समिति जोगिंदरनगर यूनिट की अध्यक्ष जीतू पंत ने की, जबकि रथ यात्रा के जिला संयोजक रोशन रैना ने यात्रा की रूपरेखा और कार्यक्रम की जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि रथ यात्रा का भव्य स्वागत जोगिंदरनगर की सीमा पर किया जाएगा, जहां पारंपरिक वाद्ययंत्रों की गूंज, श्रद्धालुओं की जयघोष और फूलों की वर्षा के साथ रथ को नगर में प्रवेश दिलाया जाएगा। इस अवसर पर पूरा जोगिंदरनगर रंग-बिरंगी रोशनी और धार्मिक झंडियों से सजाया जाएगा।

# एकजुट होकर करें चिट्टा तस्करों का सामना: सागर चंद्र

**सुनील शर्मा, गोहर।** गोहर उपमंडल के चैलचौक पंचायत में ग्रामीणों के आक्रोश को देखते हुए एएसपी मंडी सागर चंद्र ने एक बैठक की। बता दें कि गत रोज एक युवक ने दूसरे युवक की यह आरोप लगाते हुए उसके घर में घुस कर पिटाई कर दी थी कि आपने पुलिस को चिट्टा बेचने की सूचना दी है। इसको दुखद घटना को लेकर ग्रामीणों ने पुलिस थाना के बाहर प्रदर्शन किया और पुलिस से जांच की मांग की थी। मंगलवार को एएसपी सागर चंद्र ने कहा कि ये लोग तो छोटे-छोटे चिट्टा सप्लायर सांप हैं, इनके पीछे बड़े-बड़े कोबरा बैठे हैं, लेकिन धीरे-धीरे वह सब कानून के शिकंजे में आएंगे। उन्होंने पुलिस पर लगाए गए आरोपों का खारिज करते हुए कहा कि सभी लोग एकजुट होकर चिट्टा तस्करों का सामना करें। (अनंत ज्ञान)

जोगिंद्रनगर में डॉक्टरों की कमी को लेकर विधायक प्रकाश राणा ने सरकार को दिया 15 दिन का अल्टीमेटम

# डॉक्टरों के खाली पद नहीं भरे तो करेंगे प्रदर्शन

अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर

**जोगिंद्रनगर** अस्पताल में चिकित्सकों की भारी कमी को लेकर भाजपा विधायक प्रकाश राणा ने प्रदेश सरकार को 15 दिन का अल्टीमेटम दिया है। उन्होंने कहा कि यदि निर्धारित समय के भीतर रिक्त पदों को नहीं भरा तो भाजपा कार्यकर्ता सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे।

विधायक राणा ने पत्रकारवार्ता में कहा कि भाजपा सरकार के समय अस्पताल में 19 में से 16 पदों पर डॉक्टर तैनात थे, लेकिन वर्तमान में केवल 4 डॉक्टर ही सेवाएं दे रहे हैं। यह अस्पताल उपमंडल की सवा लाख से अधिक आबादी की स्वास्थ्य आवश्यकताओं का केंद्र है, लेकिन डॉक्टरों के अभाव में मरीजों को ज़मीन पर बैठना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने हाल ही में 228 विशेषज्ञ डॉक्टरों की नियुक्ति की है, जिनमें मंडी जिले को 31 विशेषज्ञ मिले, लेकिन जोगिंद्रनगर को एक भी नहीं मिला। इससे साफ है कि सरकार क्षेत्र के साथ भेदभाव कर रही है। विधायक ने बताया कि भडोल अस्पताल में 6 में से केवल 1 डॉक्टर है और चौंतड़ा अस्पताल भी मात्र एक चिकित्सक के भरोसे चल रहा है। जोगिंद्रनगर का सिविल अस्पताल अब सिर्फ 'रैफर अस्पताल' बनकर रह गया है। उन्होंने कहा कि इस विषय में उन्होंने सीएमओ मंडी से बात की, लेकिन उन्होंने इसे अपने अधिकार क्षेत्र से बाहर बताया। स्वास्थ्य मंत्री ने फोन नहीं उठाया और मुख्यमंत्री से भी बात नहीं हो पाई। इसके साथ ही विधायक राणा ने हिम युवा जनकल्याण संगठन, नई दिल्ली द्वारा नशे के खिलाफ आयोजित रैली की सराहना की।


जोगिंद्रनगर अस्पताल का निरीक्षण करने के दौरान डॉक्टरों से बातचीत करते हुए विधायक प्रकाश राणा।

उन्होंने कहा कि यह संगठन वर्षों से अच्छा कार्य कर रहा है, लेकिन कुछ लोगों ने इसमें राजनीति करने की कोशिश की और संगठन की छवि धूमिल करने के लिए सोशल मीडिया का दुरुपयोग किया। इस संबंध में पुलिस में शिकायत दी गई है और संबंधित व्यक्ति की गतिविधियों की रिपोर्ट केंद्र सरकार को भेजी जा रही है। इस मौके पर भाजपा प्रदेश प्रवक्ता पंकज जमवाल, मंडल अध्यक्षगण, उपाध्यक्ष राजीव सूद और प्रवक्ता केहर सिंह भी मौजूद रहे।

# संगठन ने अब तक 250 से अधिक जरूरतमंदों को दी सहायता: सतवीर


जोगिंदरनगर में प्रेसवार्ता करते हुए हिम युवा कल्याण संगठन के पदाधिकारी।

अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर

**जोगिंदरनगर** हिम युवा कल्याण संगठन, दिल्ली बीते 12 वर्षों से गरीब बेटियों की शादियों, स्वास्थ्य उपचार तथा अन्य सामाजिक कार्यों में सक्रिय भूमिका निभा रहा है। संगठन अब तक लगभग 40 लाख की सहायता कर चुका है।

यह जानकारी संगठन के अध्यक्ष सतवीर ठाकुर ने सोमवार को एक पत्रकार वार्ता में दी। ठाकुर ने बताया कि वर्ष 2010 में मात्र 30 सदस्यों के साथ शुरू हुआ यह संगठन अब 150 सदस्यों तक पहुंच चुका है। सभी सदस्य संगठन के कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए निर्धारित शुल्क अदा करते हैं। अब तक संगठन 250 से अधिक जरूरतमंदों को सहायता प्रदान कर चुका है। उन्होंने बताया कि दिल्ली में प्रतिवर्ष संगठन की ओर से एक वार्षिक समारोह आयोजित किया जाता है। इस मौके पर संगठन के सचिव प्रताप ने भी अपने विचार साझा किए।

# जनता और पुलिस के सहयोग से ही संभव है अपराध पर नियंत्रण: कपूर

अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर

**क्षेत्र** में हाल ही में चोरी और सेंधमारी की कई घटनाएं सामने आई हैं, जिससे स्थानीय नागरिकों में चिंता का माहौल है। इन घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए थाना जोगिंदरनगर की ओर से नागरिकों के नाम एक जागरूकता संदेश जारी किया गया है। थाना प्रभारी सकीनी कपूर ने नागरिकों से अपील की है कि वे सतर्क रहें और सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने में पुलिस का सहयोग करें। थाना प्रभारी सकीनी कपूर ने बताया कि पुलिस टीम पूरी मुस्तैदी से इन मामलों की जांच कर रही है, लेकिन अपराधों पर नियंत्रण के लिए समुदाय की भागीदारी भी उतनी ही जरूरी है। नागरिकों से अनुरोध किया गया है कि वे सतर्कता बरतें और कुछ जरूरी सुरक्षा उपायों को अपनाकर अपराधों को रोकने में योगदान दें।

### सिर्फ शिकायत करने से हल नहीं होगी समस्या

**थाना** प्रभारी सकीनी कपूर ने कहा कि सिर्फ शिकायत करने से समस्या हल नहीं होगी। अगर हम समाधान का हिस्सा बनें, तो पुलिस और जनता मिलकर किसी भी चुनौती का सामना कर सकते हैं। उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की कि किसी भी आपात स्थिति या संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल थाना जोगिंदरनगर में दें।

पुलिस द्वारा जारी दिशा-निर्देशों में कहा गया है कि कोई भी व्यक्ति किरायेदार को रखने से पहले उसका रेंट एग्रीमेंट और पुलिस सत्यापन अवश्य करवाए। इसी तरह, घरेलू नौकरों और मजदूरों का आधार कार्ड लेना और पुलिस को जानकारी देना भी आवश्यक है। यह छोटी-छोटी सावधानियां कई बड़ी घटनाओं से बचा सकती हैं। संदिग्ध गतिविधियों की निगरानी के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाने पर भी जोर दिया गया है। थाना प्रभारी ने कहा कि दुकानों, घरों और गलियों में सीसीटीवी कैमरे अपराधियों की पहचान में अत्यंत सहायक होते हैं। साथ ही नागरिकों से अनुरोध किया गया है कि वे रात को अपने घरों के बाहर लाइट जलाकर रखें और खराब पड़ी सोलर लाइटों की सूचना पंचायत प्रतिनिधियों को दें।

# मंडी में मनाया ईश्वरअंबा दिवस

**अनंत ज्ञान, मंडी।** श्री सत्य साई बाबा की माता जी की पुण्य तिथि के उपलक्ष्य में सत्य साई समिति मंडी में ईश्वरअंबा दिवस मनाया। इस दिन को बाल दिवस के रूप में मनाया जाता है।

साई चरण कमल मंदिर समखेतर मंडी में बच्चों के द्वारा भजन, नैतिक शिक्षा पर आधारित कविताएं, भाषण व नाटक प्रस्तुत किए गए। समिति के संयोजक योगेंद्र पॉल सरोच ने बताया कि साई समिति द्वारा बच्चों को नैतिक शिक्षा के लिए बाल विकास की कक्षाएं साल भर चलती है, जिसमें बच्चों को उच्च मानवीय मूल्यों पर आधारित शिक्षा दी जाती है। कार्यक्रम के अंत में बच्चों को पारितोषिक भी प्रदान किए गए।

# धर्मपुर में 9 को और सधोट में 16 को होगी मजदूरों की ई-केवाईसी: भूपेंद्र

अनंत ज्ञान, सरकाघाट

**राज्य** श्रमिक कल्याण बोर्ड उप कार्यालय द्वारा 9 मई को ग्राम पंचायत धर्मपुर ऑफिस और 16 को सधोट में मजदूरों की ई-केवाईसी के लिए शिविर आयोजित किए जाएंगे। ये जानकारी राज्य श्रमिक कल्याण बोर्ड के सदस्य एवं मजदूर संगठन सीटू के जिला प्रधान भूपेंद्र सिंह ने दी है।

उन्होंने बताया कि जो मनरेगा एवं अन्य निर्माण मजदूर बोर्ड से पंजीकृत हैं और उन्हें मिलने वाली सभी प्रकार की वित्तिय सहायता जारी करने से पहले अब ई-केवाईसी करना अनिवार्य कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि धर्मपुर खंड में 15 हजार से ज्यादा मजदूर बोर्ड के सदस्य हैं जिन्हें अपनी ई-केवाईसी करवानी होगी। धर्मपुर में होने वाले शिविर में आसपास की ग्राम पंचायतों के मजदूर ई-केवाईसी करवाने आ सकते हैं और उन्हें अपने साथ गत वर्ष 2023-24 का नब्बे दिनों के रोजगार का प्रमाण पत्र, बोर्ड का पंजीकरण कार्ड, आधार कार्ड, बैंक खाता संख्या, परिवार नकल इत्यादि दस्तावेज साथ लाने होंगे। उन्होंने कहा कि ई-केवाईसी न होने के कारण मजदूरों की पिछली वित्तिय सहायता भी रुकी हुई है और उसे जारी करने के लिए बोर्ड ने 30 जून की समय सीमा तय की है, लेकिन उससे पहले मजदूरों को अपनी ई-केवाईसी करवानी होगी। जिसके लिए, सीटू से सबंधित मजदूर यूनियन ने क्षेत्रीय स्तर पर कैंप आयोजित करने की मांग की है और उसी के मुताबिक बोर्ड कर्मचारियों द्वारा यूनियन के सहयोग से ये कैंप आयोजित किये जा रहे हैं।

### सरकाघाट में मोटिवेटर का पद दो साल से खाली

**भूपेंद्र** सिंह ने बताया कि सरकाघाट बोर्ड कार्यालय में मोटीवेटर की पोस्ट पिछले दो साल से खाली पड़ी है और उसे भरने के बारे में कई बार बोर्ड में मांग उठ चुका है, लेकिन इस खाली पोस्ट को नहीं भरा जा रहा है जिसके कारण यहां पर काम समय पर और सुचारू रूप से नहीं हो रहा है। इसलिए यूनियन ने खाली पद को जल्दी भरने और पिछले चार साल के लंबित मामलों की वित्तिय सहायता जारी करने की मांग को लेकर सरकाघाट में प्रदर्शन करने का निर्णय लिया है।

# वन मित्रों को वनों को आग से बचाने के दिए टिप्स

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** सुकेत वन मंडल में वन मित्रों का पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम मंगलवार को सम्पन्न हो गया। कार्यक्रम के दौरान वन मित्रों को उप-अरण्यपाल सुकेत राकेश कटोच और असिस्टेंट कंजरवेटर सुकेत वन मंडल मुनीष रांगरा सहित वन खंड अधिकारी विपिन, वरिष्ठ वनरक्षक राजेश, वरिष्ठ वनरक्षक खेमचंद, विषय वाद विशेषज्ञ जाईका विजय और जितेंद्र द्वारा प्रशिक्षित किया गया। वन मित्रों को ड्यूटी के दौरान विभाग व लोगों के प्रति अपेक्षित व्यवहार तथा वर्दी की प्रतिष्ठा और मान सम्मान को कैसे बनाए रखना है बारे भी बताया गया। इस दौरान वन मित्रों को फील्ड विजिट भी करवाई गई जिसमें नर्सरी प्रबंधन, पौधरोपण तकनीक व वनाग्नि से निपटने की प्रणाली का अभ्यास शामिल था।

# गंदगी से अटे पड़े हैं आयुर्वेदिक डिस्पेंसरी सहित 3 अन्य संस्थान

भीम बसेड़ु, महादेव

**राजकीय** आयुर्वेदिक डिस्पेंसरी महादेव सहित तीन अन्य संस्थान जिनमें पटवार खाना, सहकारी डिपो व पब्लिक स्कूल गंदगी भरी नाली और बास मारते कूड़े-कचरे से अटे पड़े हैं। महादेव बाजार क्षेत्र आदि को जाते मार्ग पर इन संस्थानों को वर्षों से प्रदूषित हालत में देखा गया है, परन्तु यहां वातावरण को स्वच्छ बनाने के लिए न ग्राम पंचायत और न ही संबंधित विभाग के उच्च पद पर बैठे अधिकारियों ने कड़े कदम उठाए जिससे स्थिती बद से बदतर होती जा रही है।


महादेव आयुर्वेदिक डिस्पेंसरी के पास पड़ी गंदगी।

बता दें कि महादेव बाजार के आसपास से आती दोहरी नाली में बह कर आती गंदगी से नालियां अवरुद्ध पड़ी हैं जिन्हें बड़े पैमाने पर साफ नहीं किया जा रहा है और जहां से गंदगी बेरोकटोक आ रही है। वहां किसी किस्म के निर्देश आदि नहीं ऐसी बुरी स्थिति में सारे बाजार की गंदगी के अंबार लगना स्वाभाविक सी बात है। लोगों ने उपायुक्त मंडी से मांग की है कि शीघ्र ही इस समस्या से निजात दिलाई जाए। (अनंत ज्ञान)

# हिमाचल सरकार बनी युवाओं का सहारा

## करसोग में 76 लाख से अधिक राशि व्यय कर युवाओं को किया लाभान्वित

अनंत ज्ञान, करसोग

**प्रदेश** सरकार द्वारा श्रम एवं रोजगार विभाग के माध्यम से चलाई जा रही योजनाएं ग्रामीण युवाओं के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन ला रही हैं। करसोग उपमंडल में बेरोजगारी भत्ता, कौशल विकास भत्ता जैसी योजनाएं युवाओं के लिए आगे बढ़ने का जरिया बन रही हैं। उपमंडल में राज्य सरकार द्वारा वर्ष 2024-25 के दौरान इन योजनाओं के अंतर्गत लगभग 76 लाख रुपये से अधिक की राशि व्यय कर लगभग 2 हजार युवाओं को लाभान्वित किया गया है।

कौशल विकास भत्ता योजना उन युवाओं के लिए है जो प्रशिक्षण के दौरान आर्थिक रूप से सक्षम नहीं हैं। इस योजना के तहत करसोग में 1,444 युवाओं को 52 लाख रुपए से अधिक की राशि प्रदान की गई है। इस योजना में रोजगार की तलाश कर रहे पंजीकृत युवा पात्र होते हैं। करसोग में 461 युवाओं को लगभग 24 लाख रुपये की राशि इस योजना के तहत प्रदान की गई है। इसके अलावा, औद्योगिक कौशल विकास भत्ता योजना तकनीकी और औद्योगिक प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे युवाओं के लिए शुरू की गई है। इस योजना के तहत भी युवाओं को सहायता प्रदान की जा रही है। लाभार्थियों का कहना है कि सीएम सुक्खू के नेतृत्व में सरकार युवाओं को रोजगार, प्रशिक्षण और आत्मनिर्भरता की दिशा में सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

### दो साल के लिए हर माह 1000 से 1500 भत्ता

**रोजगार** कार्यालय करसोग के प्रभारी रोहित गुप्ता ने बताया कि इन योजनाओं के तहत पात्र युवाओं को अधिकतम दो वर्षों के लिए भत्ता प्रदान किया जाता है। सामान्य युवाओं को प्रति माह 1000 रुपये जबकि 50 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग युवाओं को 1500 रुपये प्रति माह प्रदान किया जाता है।

### 2 लाख से कम होनी चाहिए पारिवारिक आय

**रोहित** गुप्ता ने यह भी बताया कि इन योजनाओं का लाभ लेने के लिए युवाओं के परिवार की वार्षिक आय 2 लाख रुपये से कम होना अनिवार्य है। इसके अलावा युवाओं को रोजगार कार्यालय में पंजीकृत होना भी जरूरी है।

जानकारी | सेप्टिक टैंक के स्लज का सुरक्षित निष्पादन सुनिश्चित करेगा जल शक्ति विभाग, लोगों से सहयोग की अपील

# सुंदरनगर में 25 लाख से स्लज डीवाटरिंग मशीन परियोजना शुरू

उमेश भारद्वाज, सुंदरनगर

**स्वच्छता** और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए जल शक्ति मंडल सुंदरनगर ने सेप्टिक टैंक से निकलने वाले स्लज के सुरक्षित निष्पादन के लिए एक नई परियोजना शुरू की है। इस परियोजना के अंतर्गत लगभग 25 लाख रुपए की लागत से सुंदरनगर के चांदपुर स्थित सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट यानी एसटीपी परिसर में स्लज डीवाटरिंग मशीन स्थापित की गई है।

इस मशीन के माध्यम से सेप्टिक टैंक से आने वाले फीकल स्लज और सेप्टेज का वैज्ञानिक और पर्यावरण अनुकूल तरीके से उपचार किया जाएगा। इस सह-उपचार सुविधा से न केवल मल कीचड़ के प्रबंधन में सुधार होगा, बल्कि सुंदरनगर की स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण में भी अहम योगदान मिलेगा।


जल शक्ति मंडल सुंदरनगर के अधिशाषी अभियंता ई. रजत गर्ग।


सुंदरनगर के एसटीपी परिसर में स्थापित की गई स्लज डीवाटरिंग मशीन।

जल शक्ति मंडल सुंदरनगर के अधिशाषी अभियंता ई. रजत गर्ग ने जानकारी देते हुए बताया कि यह सुविधा सरकार की कोर ट्रीटमेंट फैसिलिटी स्कीम के अंतर्गत शुरू की गई है। एसटीपी में जैव ठोस पदार्थों के सुरक्षित संचालन की भी पूरी व्यवस्था की गई है। विभाग ने सीवरेज नेटवर्क से नहीं जुड़े घरों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को निर्देश दिए हैं कि वे सेप्टिक टैंक से निकलने वाले मल कीचड़ को टैंकरों के माध्यम से एसटीपी सुंदरनगर में निर्धारित स्थल पर ही पहुंचाएं। रजत गर्ग ने कहा कि सेप्टिक टैंक का स्लज सीधे सीवरेज लाइनों में डालना

### सीधे सीवरेज लाइनों में स्लज डालने पर दर्ज होगा केस

कानून अपराध है, जिससे सीवरेज लाइनें जाम होती हैं और प्रदूषण फैलता है। इससे एसटीपी के संचालन में भी बाधा आती है। उन्होंने चेतावनी दी कि ऐसा करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी और एफआईआर भी दर्ज की जा सकती है। जल शक्ति विभाग ने सभी लोगों और टैंकर मालिकों से इस पहल को सफल बनाने के लिए सहयोग की अपील की है। यह परियोजना सुंदरनगर को स्वच्छ, स्वस्थ और पर्यावरण अनुकूल शहर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी। (अनंत ज्ञान)

# खरयालता पंचायत का प्रधान निलंबित

## मनरेगा एवं अन्य विकास कार्यों में अनियमितता और वित्तीय गड़बड़ी के आरोप सिद्ध

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

उपमंडल बंगाणा की खरयालता पंचायत के प्रधान पर भारी अनियमितताओं और मनरेगा वित्तीय गड़बड़ियों के आरोपों के बाद जिला पंचायत अधिकारी ने कड़ा एक्शन लेते हुए निलंबन की कार्रवाई कर दी है। मनरेगा विकास कार्यों में अनियमितता, विशेष रूप से मनरेगा और अन्य योजनाओं में धन के दुरुपयोग के गंभीर आरोपों के तहत यह कार्रवाई अमल में लाई गई है। स्थानीय पंचायत प्रधान पर आरोप था कि उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं के तहत प्राप्त राशि का सही उपयोग नहीं किया।

जिला पंचायत अधिकारी द्वारा खंड विकास अधिकारी बंगाणा की एक गठित जांच समिति ने जब पंचायत के विभिन्न विकास कार्यों की फाइलों और जमीनी हकीकत की जांच की, तो भारी अनियमितताएं सामने आईं। पंचायत द्वारा प्रस्तुत आंकड़े और वास्तविक खर्च में भारी अंतर पाया गया। कई मामलों में कार्य कागजों पर ही पूरे दिखाए गए, जबकि




### जिला पंचायत अधिकारी ने कमेटी बनाकर करवाई थी आरोपों पर जांच

मौके पर उनका कोई अस्तित्व नहीं था। इन गड़बड़ियों के चलते सरकार को लाखों रुपए का नुकसान हुआ। जांच में आरोप सिद्ध होने के बाद संबंधित अधिकारियों ने प्रधान से रिकवरी की प्रक्रिया भी शुरू की। बताया जा रहा है कि अब तक लाखों रुपए की रिकवरी भी डाली जा चुकी है।

रिकवरी की प्रक्रिया पूरी न करने और दोषी पाए जाने के चलते पंचायत प्रधान को निलंबित करने का निर्णय लिया गया। पंचायत अधिकारियों का कहना है कि यह कदम एक उदाहरण के तौर पर लिया गया है ताकि अन्य पंचायतों में भी पारदर्शिता बनी रहे और सरकारी योजनाओं का लाभ सही पात्र लोगों तक पहुंचे। उपमंडल अधिकारी बंगाणा ने बताया कि पंचायतों में भ्रष्टाचार को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और यदि कहीं भी इस तरह की शिकायतें मिलती हैं, तो कठोर कार्रवाई की जाएगी।

स्थानीय ग्रामीणों ने प्रशासन की इस कार्रवाई का स्वागत किया है। कई लोगों ने कहा कि लंबे समय से वे पंचायत में हो रही गड़बड़ियों की शिकायत कर रहे थे, लेकिन अब जाकर न्याय हुआ है।

ग्रामीणों ने मांग की है कि संबंधित अधिकारियों की भी जांच हो, जो इन गड़बड़ियों में शामिल रहे हैं।

### जिला प्रशासन को सौंपी थी जांच रिपोर्ट : सुशील

**बंगाणा** के खंड विकास अधिकारी बंगाणा सुशील कुमार ने कहा कि खरयालता पंचायत प्रधान द्वारा मनरेगा एवं अन्य बिकास कार्यों में की गई धांधली की पूरी रिपोर्ट जिला पंचायत अधिकारी को सौंप दी थी।उक्त पंचायत में मनरेगा एवं अन्य बिकास कार्यों में जांच में बड़ी धांधली पाई गई थी। कही मनरेगा में बिकास कार्य केवल कागजों में ही दर्शाए गए थे। लेकिन धरातल पर कुछ नहीं था। जांच की पूरी रिपोर्ट देखने के बाद जिला पंचायत अधिकारी ने उक्त पंचायत प्रधान को यह निलंबित का फैसला लिया है।

### भ्रष्टाचार की जांच को आगे बढ़ाया जाएगा : श्रवण

**जिला** पंचायत अधिकारी श्रवण कुमार का कहना है कि उपमंडल बंगाणा की खरयालता पंचायत प्रधान के द्वारा की गई पंचायत में मनरेगा एवं अन्य विकास कार्यों में गड़बड़ी की लिखित शिकायत मिली थी और हमने खंड विकास अधिकारी बंगाणा की अध्यक्षता में एक जांच कमेटी गठित करके उक्त पंचायत के विकास कार्यों की जांच करवाई। जांच में कई प्रकार की अनियमिताएं पाई गईं। जब उक्त पंचायत प्रधान से उसके बारे में पूछ गया तो उससे कोई संतोषजनक न तो उत्तर मिला और न ही धरातल पर कोई कार्य पूर्ण हुआ मिला। उक्त प्रधान को कुछ रिकवरी भी डाली गई और अब उक्त प्रधान को निलंबित कर दिया है और भ्रष्टाचार की जांच को आगे बढ़ाया जाएगा।

## आपात स्थिति को लेकर ऊना प्रशासन सतर्क

**अनंत ज्ञान, ऊना।** केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अंतर्गत युद्ध जैसी आकस्मिक परिस्थितियों में नागरिक सुरक्षा और आपदा प्रबंधन तंत्र की तैयारियों को परखने के उद्देश्य से शिमला में 7 मई को सिविल डिफेंस मॉकड्रिल आयोजित की जाएगी। वहीं, इसी क्रम में आने वाले समय में प्रदेश के सभी जिलों में भी ये ड्रिल की जाएंगी। इसको लेकर मंगलवार को प्रदेश के मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना की अध्यक्षता में एक उच्चस्तरीय वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें सभी जिलों के उपायुक्तों सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया।

बैठक में मॉकड्रिल की रूपरेखा, विभागीय भूमिकाएं, समन्वय तंत्र, और संसाधनों की त्वरित उपलब्धता को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। प्रारंभ में 'ऑपरेशन अभ्यास' नाम से यह मॉक ड्रिल शिमला स्थित राज्य मुख्यालय में ही आयोजित की जाएगी बाद में इसे जिला स्तर पर भी क्रियान्वित किया जाएगा। उपायुक्त ऊना जतिन लाल ने जिले की तैयारियों की जानकारी देते हुए बताया कि मॉकड्रिल के आदेश मिलते ही जिला मुख्यालय में चेतावनी सायरन बजाया जाएगा। इसके उपरांत संपूर्ण क्षेत्र में ब्लैकआउट लागू किया जाएगा। इस दौरान नागरिकों से अनुरोध रहेगा कि वे किसी भी प्रकार की प्रकाश व्यवस्था का उपयोग न करें।

# लकड़ी पंजाब ले जाते चार वाहन पकड़े

## वन विभाग की टीम ने वन माफिया पर की कड़ी कार्रवाई



प्रतिबंधित प्रजाति के पेड़ों की लकड़ी पंजाब लेकर जाते वाहन वन विभाग की टीम ने पकड़े।

**अनंत ज्ञान, गगरेट**

प्रदेश में प्रतिबंधित प्रजाति के पेड़ों के कटान पर बेशक प्रतिबंध लगा हुआ है लेकिन वन माफिया बावजूद इसके धड़ाधड़ पेड़ों को काट रहा है। हैरत की बात यह है कि कटान सिर्फ प्रदेश के सीमावर्ती जिलों में ही नहीं हो रहा बल्कि प्रदेश के भीतरी इलाकों में भी अवैध कटान बदस्तूर जारी है।

वन विभाग की टीम ने हमीरपुर जिले के नादौन क्षेत्र के साथ कांगड़ा जिले से प्रतिबंधित प्रजाति की लकड़ी लेकर पंजाब जा रही चार गाड़ियों को मंगलवार रात्रि अंबोटा-आशादेवी मार्ग पर पकड़ने में सफलता हासिल की है। वन विभाग की टीम ने इस बावत लकड़ी सहित वाहनों को जब्त कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

प्रदेश में प्रतिबंधित प्रजाति के पेड़ों के कटान पर लगे प्रतिबंध का ही असर है कि पंजाब में लकड़ी की डिमांड बढ़ने के साथ इसके दाम में भी उछाल आया है। यही वजह है कि वन माफिया ज्यादा मुनाफा कमाने के चक्कर में अब अवैध कटान को आगे रख कर चल रहा है।

बेशक सीमावर्ती जिला ऊना में वन विभाग वन माफिया को पकड़ने के लिए ज्यादा सतर्कता बरत रहा है, लेकिन हद यह है कि अन्य जिलों में शायद इस ओर ध्यान कम ही दिया जा रहा है। यही वजह है कि हमीरपुर व कांगड़ा जिले से प्रतिबंधित प्रजाति के पेड़ों की लकड़ी लेकर गाड़ियां बेधड़क पंजाब सीमा तक पहुंच रही हैं लेकिन रास्ते में इन्हें पूछने वाला कोई नहीं है। मंगलवार रात्रि वन खंड अधिकारी अशोक कुमार, उप वन खंड अधिकारी दिनेश कुमार, वन रक्षक बलदेव सिंह, विक्रांत सिंह व पंकज कुमार पर आधारित टीम ने अंबोटा-आशा देवी मार्ग पर नाका लगाया था कि रात्रि करीब साढ़े ग्यारह बजे लकड़ी लेकर पंजाब जा रहे चार वाहनों को पकड़ा गया। जब पड़ताल की इनमें प्रतिबंधित प्रजाति के पेड़ों की लकड़ी पाई गई, जिनके कटान पर पूर्णतया प्रतिबंध है। न तो वन विभाग इन्हें काटने की अनुमति देता है और न ही इन्हें प्रदेश से बाहर ले जाने की इजाजत है।

आखिर जिन क्षेत्रों में यह अवैध कटान हो रहा है, वहां वन विभाग के कर्मियों को इसकी सूचना क्यों नहीं है। वन मंडल अधिकारी सुशील राणा ने बताया कि वन विभाग की टीम ने चार वाहनों को पकड़ने में सफलता हासिल की है। इनमें से तीन वाहन नादौन क्षेत्र के हैं तो एक वाहन कलोहा क्षेत्र से है। इनके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है।

## परिश्रम का फल जरूर मिलता है : डीसी



छात्राओं को संबोधित करते उपायुक्त जतिन लाल।

**अनंत ज्ञान ऊना।** जिले में अपना विद्यालय योजना के तहत मंगलवार को उपायुक्त जतिन लाल ने स्थानीय कन्या उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय का दौरा किया। उपायुक्त ने इस विद्यालय को गोद लिया है।

इस दौरान उन्होंने छात्राओं को सफलता के मूल सिद्धांतों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि परिश्रम करने से सफलता जरुर मिलती है। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने जीवन में निर्धारित लक्ष्य को कैसे पूरा करें यह भी बताया। इससे पहले विद्यालय पहुंचने पर उनका भव्य स्वागत किया गया।

# बंगाणा उपमंडल में बीज लेने पहुंचे किसान निराश लौटे

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

बंगाणा उपमंडल में कृषि विभाग की गंभीर लापरवाही सामने आई है। किसानों का कहना है कि वे दो दिनों से ज्वार, बाजरा और मक्की के बीज लेने विभागीय कार्यालय बीज केंद्र पहुंच रहे हैं, लेकिन वहां कोई भी कर्मचारी मौजूद नहीं है। इससे किसानों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

राकेश कुमार, नितीश कुमार, आंचल, पूनम, राजेश, सुशील और नेहा सहित कई लोगों ने बताया कि वे पिछले दो दिन से लगातार विभाग के चक्कर काट रहे हैं। जब भी फोन किया जाता है तो कभी सुबह, कभी दोपहर आने को कहा जाता है, लेकिन हर बार उन्हें खाली हाथ लौटना पड़ता है। किसानों ने क्षेत्रीय विधायक विवेक शर्मा से मांग की है कि कृषि विभाग की इस तरह की लापरवाही पर संज्ञान लिया जाए ताकि भविष्य में किसानों को इस प्रकार की समस्याओं का सामना न करना पड़े।

### क्या कहते हैं कृषि विभाग अधिकारी

इस संदर्भ में कृषि विभाग विभाग बंगाणा के अधिकारी सतपाल धीमान ने कहा कि कृषि विभाग में तीन-चार सालों से कोई नई भर्ती नहीं हुई है, जिससे स्टाफ की कमी हो जाने के कारण यह समस्या किसानों को हो रही है। उन्होंने कहा कि लोगों की मांग के अनुसार जब तक कोई विभागीय कर्मचारी इस पद पर नहीं आता है तो मैं अपने फॉर क्लास के कर्मचारियों को बैठा दिया जाएगा, ताकि लोगों को आ रही समस्या से समाधान मिल सके। कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा स्टाफ का संज्ञान लेने के लिए विधायक विवेक को अवगत करवाया दिया गया है।

## आध्यात्मिक गुरु दलाईलामा से मिले सुमित



**अनंत ज्ञान, ऊना।** धर्मशाला विधानसभा दौरे के दौरान भाजपा प्रदेश सचिव सुमित शर्मा ने बुद्धिस्ट आध्यात्मिक गुरु दलाई लामा से उनके निवास स्थान पर पहुंचकर आशीर्वाद लिया। उनके साथ भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ. विशाल नैहरिया एवं एचपीसीए निदेशक प्रेम ठाकुर भी उपस्थित रहे।

सुमित शर्मा ने बताया कि जिला कांगड़ा के दौरे में जहां संगठन के भीमराव अंबेडकर की जयंती से संबंधित प्रबुद्धजन समाज व संगठक से मिलना हो रहा है, उसी कड़ी में दलाईलामा से मिलना हुआ। उन्होंने बताया कि इस दौरान संविधान निर्माता अंबेडकर के जीवन पर जहां चर्चा हुई। वहीं, देश के वर्तमान संदर्भ में राजनीतिक और सामाजिक विषयों पर भी आध्यात्मिक गुरु का आशीर्वाद मिला। दलाईलामा ने खेल के क्षेत्र में सांसद अनुराग ठाकुर के प्रयासों की प्रशंसा की और कहा कि राष्ट्र के उत्थान के लिए समाज की युवा पीढ़ी को और प्रत्येक वर्ग को आगे आना चाहिए।

# भागवत श्रवण से मनुष्य का जीवन होता है सफल : डोगरा

**अनंत ज्ञान, अंब**



उपमंडल अंब की जुबेहड़ पंचायत के गांव जंदोह स्थित प्राचीन बाबा सिद्ध चानो मंदिर में इन दिनों श्रीमद् भागवत कथा का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस धार्मिक आयोजन में प्रतिदिन सैकड़ों श्रद्धालु भाग ले रहे हैं। मंगलवार को कथा के दूसरे दिन प्रसिद्ध कथावाचक तरुण डोगरा ने राजा परीक्षित की कथा का भावपूर्ण और विस्तारपूर्वक वर्णन किया।

तरुण डोगरा ने श्रद्धालुओं को बताया कि किस प्रकार राजा परीक्षित को श्राप मिलने के बाद उन्होंने शुकदेव जी से सात दिन तक भागवत कथा श्रवण किया और प्रभु भक्ति के मार्ग को अपनाया। उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं, भक्त प्रहलाद, ध्रुव, एवं अन्य प्रमुख पात्रों की दिव्य कथाओं को भी संगीतमय शैली में प्रस्तुत किया, जिसे श्रद्धालुओं ने अत्यंत श्रद्धा और प्रेमपूर्वक सुना। यह धार्मिक आयोजन न केवल लोगों को अध्यात्म से जोड़ रहा है, बल्कि गांव में एक सकारात्मक और एकजुट वातावरण भी बना रहा है।

कथा का समापन आगामी दिनों में हवन और पूर्णाहुति के साथ होगा। इस अवसर पर बाबा सिद्ध चानो मंदिर के पुजारी राम पाल लंबरदार मंदिर कमेटी के सदस्य विजय सिंह, डॉ. जगदीश कौंडल, तिलक राज, राजमेल जस्वाल, मोनू प्रधान, विजय चोपड़ा, सुभाष पूर्व प्रधान, लाला सतीश कुमार, ज्योति बाला व अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## भाजपा ने उठाए सवाल; कांग्रेस सरकार पर साधा निशाना, बोले-

# प्रदेश सरकार ने पाकिस्तानियों पर नहीं उठाए ठोस कदम

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी**

भाजपा जिला अध्यक्ष बलवीर चौधरी ने चिंतपूर्णी में पत्रकार वार्ता के दौरान कहा कि केंद्र सरकार ने पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद सख्त कदम उठाते हुए भारत में रह रहे पाकिस्तानी नागरिकों के वीजा रद्द कर उन्हें तत्काल देश छोड़ने के निर्देश जारी किए हैं, लेकिन हिमाचल प्रदेश की कांग्रेस सरकार इस पर कोई ठोस कदम नहीं उठा पाई है।

बलवीर चौधरी ने कहा कि प्रदेश सरकार की इस निष्क्रियता पर कड़ा सवाल उठाते हुए कहा कि यह स्थिति चिंताजनक है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार की यह लापरवाही देश हित के साथ समझौता है और प्रदेश की जनता इसे कभी स्वीकार नहीं करेगी। बलवीर चौधरी ने कहा कि राज्य सरकार को तत्काल संज्ञान लेकर प्रदेश में रह रहे सभी पाकिस्तानी नागरिकों की पहचान कर उन्हें वापस भेजने की प्रक्रिया शुरू करनी चाहिए।

यदि राज्य सरकार इस दिशा में ठोस कार्रवाई नहीं करती तो भारतीय जनता पार्टी प्रदेश स्तर पर जन आंदोलन खड़ा करने से परहेज नहीं करेगी। बलवीर चौधरी ने कहा कि यदि सरकार ने अपनी नीतियों में बदलाव नहीं किया तो भाजपा आंदोलन का रास्ता अपनाएगी। इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ता वेद प्रकाश, अजय कालिया, अजय कुमार, संजीव रतन उपस्थित थे।



पत्रकार वार्ता के दौरान बलबीर चौधरी और अन्य भाजपा नेता।

### चिंतपूर्णी महोत्सव के बारे में भी लगाए आरोप

बलवीर चौधरी ने आरोप लगाया कि उत्सव मनाने के लिए कांग्रेस सरकार के नुमाइंदे लोगों से उगाही कर रहे हैं, जो कि बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि चिंतपूर्णी महोत्सव में महामाई का गुणगान न गाकर वहां पर अश्लील गीत गाए गए।

# स्कूल प्रवक्ता संघ ने स्कूलों में समायोजन प्रथा का किया विरोध

**अनंत ज्ञान, ऊना**

हिमाचल प्रदेश स्कूल प्रवक्ता संघ ने प्रदेश में स्कूलों में समायोजन प्रथा का विरोध किया है। उनका कहना है कि यह छात्रों और स्कूलों की तरक्की में अड़चन होगी। संघ के अध्यक्ष देवेंद्र सिंह बेली और महासचिव शशि पाल सैनी तथा अन्य सदस्यों ने कहा कि हम प्राथमिक अध्यापक फेडरेशन के निलंबित हुए अध्यापकों को जल्द से जल्द बहाल करने की मांग करते हैं।

प्रवक्ता संघ यह भी मांग की है कि समायोजन जैसे संवेदनशील मुद्दों पर सरकार संवेदनशीलता के साथ विचार करे, क्योंकि इसके साथ सैकड़ों छात्रों का भविष्य जुड़ा हुआ है। प्रदेश भर में बहुत से विद्यालय ऐसे हैं, जहां विभिन्न रिक्त पदों के चलते स्कूलों में छात्रों की संख्या बढ़ाना बहुत ही मुश्किल है क्योंकि अभिभावक नहीं चाहेंगे कि बिना अध्यापक वाले स्कूल में हमारे बच्चे पढ़ें और यह उनके भविष्य से खिलवाड़ करने जैसा होगा। सरकार को चाहिए कि पहले सभी रिक्त पदों को भरा जाए और अगले सत्र से समयोजन जैसे गंभीर विषय पर कदम उठाए। यह बहुत बड़ी विडंबना है कि अगर किसी विद्यालय में साइंस विषय वाणिज्य, कला संकाय के पद खाली हैं तो वहां पर एडमिशन के लिए बच्चों को कैसे प्रेरित किया जाए।

हिमाचल की भौगोलिक स्थिति भी ऐसी है की चार-पांच किलोमीटर की रेडियस में दूसरे स्कूल में जाने के लिए भी खड्ड या नाले से या जंगल से होकर जाना पड़ता है और बस सर्विस भी नहीं है, ऐसी ऐसी स्थिति में माता-पिता बच्चों को किसी नजदीक के प्राइवेट स्कूल में भेजना पसंद करेंगे। समायोजन एक गंभीर विषय है, सरकार मुख्यमंत्री तथा शिक्षा मंत्री इस मामले में हस्तक्षेप करें और सबसे पहले अध्यापकों के निलंबन को रद्द करें तथा समाजोजन जैसे मुद्दे पर छात्रों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए उचित कदम उठाएं अन्यथा मजबूर होकर प्रदेश का प्रत्येक प्रवक्ता सड़कों पर उतरकर इसका पुरजोर विरोध करेगा।

# चौकीमन्यार कॉलेज की पत्रिका 'ध्यूंसर' का विमोचन

**अनंत ज्ञान, चौकीमन्यार**

राजकीय महाविद्यालय चौकीमन्यार के प्रधानाचार्य डॉक्टर बलविंदर सिंह राणा द्वारा महाविद्यालय की वार्षिक पत्रिका 'ध्युंसर' के प्रथम संस्करण का विमोचन किया गया। 'ध्यूंसर' शब्द का चयन चौकीमन्यार के समीप स्थित सदाशिव महादेव तलमेहड़ा के ध्यूंसर स्वरूप से किया गया, जो भारतीय दर्शन और संस्कृति का सशक्त प्रतीक है। ध्यूंसर का स्वरूप, जो ऊर्जा और ज्ञान की निरंतर का प्रतीक है।

महाविद्यालय की शैक्षिक दृष्टि और उद्देश्यों के साथ गहरे रूप से जुड़ा हुआ है। महाविद्यालय के इतिहास में यह पहली बार है, जब महाविद्यालय अपनी वार्षिक पत्रिका का प्रकाशन कर रहा है, जो शिक्षा और रचनात्मकता के प्रति संस्थान की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। वर्ष 2016 में महाविद्यालय की स्थापना के उपरांत यह अवसर एक महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक मील का पत्थर है। जब संस्थान ने ज्ञान और रचनात्मक विचारों के मार्ग पर कदम रखा है। महाविद्यालय के शिक्षक और विद्यार्थियों का संयुक्त प्रयास और समर्पण की भावना ही पत्रिका 'ध्यूंसर' को इस स्वरूप में ला पाई।



चौकीमन्यार कॉलेज के प्रधानाचार्य व शिक्षक पुस्तक का विमोचन करते हुए।

प्रो. कविता कौशल ने मुख्य संपादक के रूप में मार्गदर्शन प्रदान किया, जबकि डॉ. रामकुमार नेगी ने पहाड़ी अनुभाग के संपादक के रूम में योगदान दिया। डॉ. राम सिंह ने वाणिज्य अनुभाग की जिम्मेदारी संभाली। डॉ. शगुन डोगरा ने अंग्रेजी अनुवाद का संपादन किया और प्रो. नवीन शर्मा ने हिंदी अनुवाद की जिम्मेदारी ली। यह पत्रिका विद्यार्थियों और शिक्षकों के विचारों, रचनाओं और संवाद के क्षमता को प्रदर्शित करती है और महाविद्यालय के शैक्षिक वातावरण को समृद्ध करती है। महाविद्यालय के इस प्रयास से न केवल शैक्षिक वातावरण को सुदृढ़ किया गया है बल्कि विद्यार्थियों में लेखन और रचनात्मकता के प्रति रुचि भी बढ़ी है।

आने वाले वर्षों में यह पत्रिका महाविद्यालय की सांस्कृतिक और शैक्षिक पहचान का महत्वपूर्ण हिस्सा बनेगी। पत्रिका विमोचन के अवसर पर महाविद्यालय के शिक्षक वर्ग प्रोफेसर कविता कौशल, डॉ. रामकुमार नेगी, डॉ. राम सिंह, डॉ. शगुन डोगरा, प्रो. नवीन शर्मा, सुपरिंटेंडेंट राकेश शर्मा, सीनियर असिस्टेंट दिनेश कुमार, क्लर्क अमन शर्मा तथा अन्य कार्यालय स्टाफ भी विशेष रूप से उपस्थित रहा।

## श्रीराम का किया जाएगा गुणगान

**अनंत ज्ञान, हरोली।** हरोली क्षेत्र के गांव धर्मपुर के किरनी डीग स्थित पोनाहारी मंदिर में 8 से 17 मई तक धार्मिक समागम का आयोजन किया जा रहा है। मंदिर के सेवादार डॉक्टर प्यारा सिंह व शिव शशि कंवर ने बताया समागम में श्री राम कथा सप्ताह के शुभारंभ पर 8 मई को भगवान श्रीराम भगवान की महिमा का गुणगान करते हुए शोभायात्रा निकाली जाएगी।

धार्मिक समागम की कलश यात्रा मंदिर से सुबह 9 बजे शुरू होगी। यात्रा दौरान भगवान श्रीराम की महिमा का गुणगान गांव में किया जाएगा। धार्मिक समागम में कथा व्यास राधा जी शामिल होंगी व कथा का गुणगान करेंगी। मंदिर में 9 से 17 मई तक श्रीराम कथा साप्ताहिक कथा रोजाना स्मय सुबह 11 से दोपहर 2 दोपहर तक होगी। कथा उपरांत हर रोज लंगर की व्यवस्था होगी। 17 मई को कथा सप्ताह समाप्ति पर विशाल भंडारे का आयोजन भी होगा। उन्होंने धार्मिक समागम का लाभ उठाने के लिए श्रद्धालुओं को निमंत्रण दिया है।

**मौका-ए-मुआयना** अफसरशाही की मौज वित्तीय संकट पर भी भारी

# सरकारी अस्पताल में बिजली का दुरुपयोग

**राजेश शर्मा, ऊना**

भले ही सरकार पर वित्तीय संकट हो, लेकिन अफसरशाही की मौज कम नहीं होनी चाहिए। ऊना के क्षेत्रीय अस्पताल में बिना डॉक्टर के उनकी कुर्सी को ठंडा रखने के लिए घंटों एयर कंडीशनर चालू रखकर बिजली की फिजूल खर्ची की जा रही है।

अनंत ज्ञान टीम द्वारा एक दफा पहले भी अस्पताल का मौका-ए मुआयना करके रिकॉर्ड रखा था, लेकिन मंगलवार को भी मौका-ए मुआयना में वैसी ही स्थिति देखी गई। करीब पौने एक बजे अस्पताल में एक चिकित्सक अपने कमरे से निकल गए, लेकिन उनके कमरे का एयर कंडीशनर चालू हालत में रहा। करीब पौने दो बजे तक उस कमरे में कोई नहीं पहुंचा और दरवाजा भी खुला था। ऐसे में एयर कंडीशनर महज डॉक्टर साहब की कुर्सी को ही ठंडा करता रहा।

लाखों रुपए का वेतन लेने वाले ऐसे लोग अगर लापरवाही करेंगे तो जिम्मेदारी कौन समझेगा।

बता दें कि सरकारी अस्पताल में अव्वल दर्जे की सरकारी नौकरी है और डॉक्टर साहबों का नाम भी चलता है, ऐसे में वे एयर कंडीशनर कमरे की सुविधा तो ले रहे हैं, लेकिन इसका दुरुपयोग जमकर कर रहे हैं। उनके सामने बोलने की हिम्मत कौन करेगा, बिजली का बिल तो सरकार भरेगी। ऐसे ही जब कुछ रोज पहले देखा गया।

अक्सर चिकित्सकों और गैर चिकित्सकों के कमरों की स्थिति भी ऐसे रहती है। (अनंत ज्ञान)

### डॉक्टर्स के खाली कमरों को ठंडा करते हैं एयर कंडीशनर



ऊना अस्पताल में खाली कमरे को ठंडा करता चालू एयर कंडीशनर।

### अस्पताल प्रबंधन ने सख्त निर्देश जारी किए

ऊना अस्पताल प्रबंधन ने भी मामले में सख्त कार्रवाई के संकेत दिए हैं। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. संजय मनकोटिया ने बताया कि उचित कार्रवाई की जाएगी।

# करियर काउंसिलिंग पर छात्रों को किया जागरूक



राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बुधान में करियर काउंसिलिंग और मार्गदर्शन विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया।

**अनंत ज्ञान, लठियाणी**

उपमंडल बंगाणा के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बुधान में करियर काउंसलिंग और मार्गदर्शन विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में विशेषज्ञ कुमारी आंचल कालिया ने मार्गदर्शन और परामर्श, आत्म विश्वास, जीवन का उद्देश्य, संचार कौशल विषय पर काफी रोचक जानकारी दी।

उन्होंने विद्यार्थियों को 'कृत्रिम बुद्धिमता' विषय पर भी जानकारी दी। कार्यक्रम की कार्यशाला में विद्यालय के नौवीं से जमा दो के विद्यार्थियों ने भाग लिया। कुमारी आंचल कालिया द्वारा दी गई जानकारी सभी विद्यार्थियों ने बहुत ही अच्छे ढंग से समझने के उपरांत कई विद्यार्थियों ने प्रश्न भी किया और आंचल कालिया ने बहुत ही अच्छे ढंग से विद्यार्थियों द्वारा पूछे गए प्रश्नों को विस्तृत रूप से समझाया।

इस अवसर पर प्रधानाचार्य अनिल ठाकुर ने कहा कि विद्यार्थियों को जीवन में आगे बढ़ने के लिए बहुत ही अच्छा मार्गदर्शन कुमारी आंचल कालिया ने विद्यार्थियों को जानकारी देने के साथ-साथ उन्हें जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा भी दी, उप-प्रधानाचार्य अनिल कुमार ने कहा कि कुमारी आंचल द्वारा दी गई जानकारी को सभी विद्यार्थियों को जीवन में आगे बढ़ाने के बारे में जानकारी देने के लिए धन्यवाद किया और कहा कि इस प्रकार का आयोजन हमारे स्कूल में होना बहुत ही गर्व की बात है, लेकिन विद्यार्थियों को भी दी गई जानकारी पर ध्यान देकर जीवन में आगे बढ़ना चाहिए।

इस अवसर पर मनोज कुमार, राजीव डोगरा, चमन लाल, मोहिंदर पॉल, रमेश चंद सहित अन्य उपस्थित थे।

## मोबाइल की लत से बच्चों को बचाएं : डॉ. अनिल

**अनंत ज्ञान, ऊना।** हिमोत्कर्ष साहित्य, संस्कृति एवं जनकल्याण परिषद की ओर से एमसी पार्क में स्थित वरिष्ठ नागरिक भवन ऊना में आंखों का निशुल्क चेकअप कैंप का आयोजन किया। इस शिविर में दो दर्जन से अधिक लोगों ने अपनी आंखों की जांच करवाई और निशुल्क दवाइयां प्राप्त की। इस कैंप में आइज अस्पताल धुसाड़ा से नेत्र विशेषज्ञ डॉ. अनिल कुमार काकड़े, क्लर्क धर्मेंद्र कुमार व ओटी अजय कुमार ने अपनी सेवाएं दी। शिविर में मरीजों के जांच के दौरान डॉ. अनिल कुमार काकड़े ने आंखों की कमजोर नजर वाले लोगों को डॉक्टर की सलाह लेने की बात कहीं और हरी व पत्तेदार सब्जियां के साथ फलों का सेवन करने पर जोर दिया। उन्होंने प्रत्येक व्यक्ति को सुबह के समय ताजा पानी से अपनी आंखों को धोने की सलाह दी है और मोबाइल फोन पर गेम्स आदि खेलने की लत से बच्चों को बचाने को कहा। इस अवसर पर हिमोत्कर्ष संस्था से करनपाल सिंह मनकोटिया, नरेश सैनी, अशोक ऐरी, एचआर गुलेरिया, रविंद्र डोगरा, सुधीर चौधरी आदि मौजूद रहे।

# आज से मनाया जाएगा 135 वर्ष पुराना आनी मेला

## आनी क्षेत्र में फैली महामारी के खात्मे पर राजा ने देवताओं के सम्मान में लगाया था मेला

**जितेंद्र गुप्ता, आनी**

बाह्य सिराज क्षेत्र का आनी मेला राजा हीरा सिंह की याद दिलाता है। उपमंडल मुख्यालय आनी में बुधवार से शुरू हो रहे चार दिवसीय जिला स्तरीय आनी मेले का इतिहास 135 वर्ष पुराना है, जो यहां के तत्कालीन राजा हीरा सिंह की याद दिलाता है।

आनी के वरिष्ठ नागरिक भाग चंद ठाकुर का कहना है कि आनी क्षेत्र सांगरी रियासत का एक भाग था और यहां के तत्कालीन राजा हीरा सिंह लोगों को यहां बेहतर न्याय प्रदान करते थे। कालांतर में एक समय आनी क्षेत्र में एक भयंकर महामारी फैल गई थी, जिसमें सैकड़ों लोग ग्रस्त हो गए थे। महामारी से हर तरफ हाहाकार मच गया। महामारी से बचाव के लिए लोग राजा हीरा सिंह के दरबार में पहुंचे और उनसे बीमारी से बचाव की गुहार लगाई। उस समय उपचार की कोई व्यापक व्यवस्था न होने के कारण राजा ने इस बारे



जिला स्तरीय आनी मेले में नाटी डालते हुए लोग। (फाइल फोटो)

में राज पुरोहित से मशविरा किया और मशविरे के अनुसार राजा यहां के आराध्य देवता शमशरी महादेव, देहुरी नाग तथा पनेवी नाग के दरबार में पहुंचे और देवताओं से महामारी के खात्मे की फरियाद लगाई। देवताओं ने राजा की फरियाद सुनी और महामारी का खात्मा किया। राजा हीरा सिंह ने इस उपकार के लिए सभी देवताओं का आभार जताया और इस खुशी के मौके पर उनके सम्मान में आनी में एक मेला लगाने का एलान किया। राजा ने मेले के लिए राज पुरोहित से शुभ दिन मुकर्र करने को कहा, जो बैसाख की 25 प्रविष्ठे को तय हुआ। राजा हीरा सिंह ने तब निर्धारित तिथि को तीनों आराध्य देवताओं को मेले में अतिथि के रूप में आमंत्रित किया, जिस पर सभी देवी-देवता वादययंत्रों की थाप पर अपने दिव्य रथ में सुसज्जित होकर कारकूनों व देवलुओं संग मेले में पधारे, जहां राजा ने अपने दरबार में देवताओं का भव्य स्वागत किया। मेले में आनी व निरमंड क्षेत्र सहित साथ लगते मंडी जिले के चवासी क्षेत्र मगरू क्षेत्र तथा शिमला जिले के तेशन प्राशन व कुमारसैन क्षेत्र के लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और देवताओं के संग अपनी लोक संस्कृति का खूब लुत्फ उठाया।

वरिष्ठ नागरिक भाग चंद का कहना है कि राजा उस समय पालकी में सवार होकर मेले में शिरकत करने आते थे और ग्रामीणों संग नाटी नृत्य में भाग लेकर लोक संस्कृति को आत्मसात करते थे। प्राचीन समय में लोग रात भर नाटी नृत्य करते थे। राजा हीरा सिंह के स्वर्गवास के उनके पुत्र राजा रघुबीर सिंह इस रियासत के उतराधिकारी बने और वर्षों तक यहां एक कुशल प्रशासक का दायित्व निभाया और भारत की आजादी के बाद हिमाचल गठन से पहले पंजाब प्रांत में पूरे कुल्लू की एक ही विधानसभा क्षेत्र से विधायक व राज्य मंत्री भी बने। राजा रघुवीर सिंह के समय में भी आनी मेला बड़ी धूमधाम से मनाया जाता रहा। आनी क्षेत्र की जनता अपने राजा को आज भी याद करती है। आज के दौर में मेले का प्राचीन स्वरूप बदल गया है। आज मेले पर आधुनिकता की परत चढ़ गई है। आनी मेला आज भी बैसाख 25 प्रविष्ठे को मनाया जाता है, जो अब चार दिनों तक चलता है और पिछले करीब 30 सालों से मेले का स्तर जिला स्तरीय हो गया है। मेला पहले स्थानीय प्रशासन द्वारा मनाया जाता था, मगर सरकार के निर्णय अनुसार, अब यह मेला स्थानीय निकाय की देखरेख में मनाया जाता है। इस वर्ष यह मेला 7 से 10 मई तक मनाया जा रहा है। इसमें यहां के आराध्य देवता शमशर महादेव, पनेवी नाग, देहुरी नाग के अलावा कुलक्षेत्र महादेव तथा ब्युन्गली नाग शोभायमान होंगे।

## आनी के विधायक करेंगे मेले का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, आनी।** 7 से 10 मई तक आयोजित होने वाले जिला स्तरीय आनी मेले की सांस्कृतिक संध्याओं के स्टार कलाकारों का मेला कमेटी ने चयन कर लिया है। मेला कमेटी के अध्यक्ष और ग्राम पंचायत आनी के प्रधान लाल सिंह ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए बताया कि पहले दिन 7 मई को लोक गायक सुरेश शर्मा, राजीव शर्मा, पूनम सरमैइक, राजेंद्र वर्मा, शेर सिंह कौशल और अमर राठौर प्रस्तुति देंगे, जबकि 8 मई की दूसरी सांस्कृतिक संध्या में पहाड़ी लोक गायक विक्की चौहान, एसएमएस च्वासी, हनी नेगी और किशन वर्मा अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे। वहीं, 9 मई की सांस्कृतिक संध्या में कुमार साहिल, रमना भारती, काकू चौहान और रमेश ठाकुर दर्शकों का मनोरंजन करेंगे। उन्होंने बताया कि मेले में छह देवी-देवताओं का आगमन होगा। इनमें क्षेत्र के आराध्य देवता शमशरी महादेव, बयुंगली नाग देवता, देवरी नाग देवता, पनेउई नाग देवता, कुलछेत्र महादेव और व्यास ऋषि कुईरी महादेव शामिल हैं। मेला कमेटी ने स्थानीय लोगों से कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग मांगा है। मेले का शुभारंभ विधायक लोकेंद्र कुमार करेंगे, जबकि समापन लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह करेंगे।

# काजा में वन अधिकार अधिनियम की बारीकियों से करवाया अवगत



पंचायत प्रतिनिधियों के लिए आयोजित कार्यशाला व जागरूकता कार्यक्रम में मौजूद लोग।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, काजा**

जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति के अतिरिक्त उपायुक्त कार्यालय काजा के सम्मेलन कक्ष में कार्यशाला एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। दो दिवसीय वन अधिकार अधिनियम-2006 के तहत आयोजित हो रहे इस प्रशिक्षण कार्यशाला व जागरूकता कार्यक्रम में तहसील काजा के अंतर्गत आने वाली सभी 13 पंचायतों के प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं।

मंगलवार को पहले दिन पांच पंचायतों के प्रधानों, उपप्रधानों, पंचायत सचिवों व संबंधित पंचायतों के एफआरसी प्रधान, उपप्रधान व राजस्व तथा वन-विभाग के कर्मचारियों ने इस शिविर में भाग लिया। इस जागरूकता शिविर में विभिन्न पंचायतों के लगभग 65 जन-प्रतिनिधियों ने भाग लिया। शेष आठ पंचायतों के लिए आज शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुए कार्यकारी अतिरिक्त उपायुक्त काजा शिखा ने मास्टर ट्रेनर एवं टीएसी सदस्य सोनम तरगे और मास्टर ट्रेनर एवं एफआरए सचिव टकपा तेनजिन सहित प्रशिक्षण के लिए विभिन्न पंचायतों से आए जनप्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए कहा कि इस प्रशिक्षण एवं जागरूकता शिविर के आयोजन से वन अधिकार अधिनियम संबंधी विभिन्न प्रक्रियाओं की जानकारी हासिल करेंगे, जिससे प्रक्रिया में और तेजी आएगी। कार्यशाला में मास्टर ट्रेनर सोनम तरगे और टकपा तेनजिन ने संसाधन व्यक्ति के रूप में उपस्थित जनों को वन अधिकार अधिनियम की बारीकियों से अवगत करवाया।

## न्यूज ब्रीफ

### भुंतर, बजौरा के आसपास क्षेत्रों में आज बिजली बंद

**अनंत ज्ञान, भुंतर।** जिला कुल्लू के भुंतर व बजौरा और साथ लगते क्षेत्रों में बुधवार को बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। सहायक अभियंता बिजली बोर्ड भुंतर ने बताया कि 11 केवी उच्च ताप लाइनों के शिफ्टिंग और जरूरी रख-रखाव संबंधित कार्य के कारण 11 केवी कलैहली फीडर में बुधवार को शाढ़ाबाई, लोअर कलैहली, मशगां, रेरी, बजौरा, लोअर बजौरा, हाट, एलएमएस कॉलोनी व आसपास के इलाकों में सुबह 10 से सायं 5 बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी।

### भुंतर-कुल्लू ब्यास नदी किनारे बने वॉकिंग ट्रेल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** हिमाचल प्रदेश में जाइका प्रोजेक्ट के तहत जहां पर्यावरण और संस्कृति के संरक्षण को लेकर कार्य हो रहा है। वहीं, अब जिला कुल्लू में भी अनछुए पर्यटन स्थलों को जाइका प्रोजेक्ट के माध्यम से विकसित किया जाएगा। जिला कुल्लू के मौहल स्थित नेचर पार्क में वन विभाग के द्वारा जाइका प्रोजेक्ट के तहत किए जा रहे कार्य को लेकर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कुल्लू के विधायक सुंदर ठाकुर विशेष रूप से उपस्थित रहे। वहीं, इस दौरान जैक प्रोजेक्ट के तहत काम कर रहे सेल्फ हेल्प ग्रुपों के महिलाओं के द्वारा भी अपने उत्पादों को रखा गया और उनके द्वारा तैयार किए गए उत्पादों तथा पैकिंग को भी सराहा गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक कुल्लू सुंदर ठाकुर ने कहा कि काईस धार में भी जाइका प्रोजेक्ट के तहत एक ईको ट्रेल का निर्माण किया गया और आज हजारों लोग वहां पहुंच रहे हैं। जाइका के प्रोजेक्ट के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र की अर्थव्यवस्था मजबूत हो रही है और इससे पर्यावरण संरक्षण सहित अन्य गतिविधियां भी सफलतापूर्वक चलाई जा रही हैं। विधायक सुंदर ठाकुर ने कहा कि अब जाइका प्रोजेक्ट से मांग रखी जाएगी कि भुंतर से लेकर कुल्लू तक ब्यास नदी के किनारे एक वाकिंग ट्रेल बनाई जाए। इसमें पैदल चलने के साथ-साथ साइकिल और इलेक्ट्रिक गाड़ियों के चलने की व्यवस्था हो।

# भुंतर में 6 ग्राम चिट्टे के साथ एक व्यक्ति गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, भुंतर**

जिला कुल्लू के भुंतर में पुलिस टीम ने 6 ग्राम चिट्टे के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है।

पुलिस की जानकारी के अनुसार नशा तस्करी का मामला बीती रात उस दौरान का है, जब पुलिस जल शक्ति विभाग के पंप हाउस के समीप गश्त पर थी। इस दौरान पुलिस ने एक व्यक्ति की शक के आधार पर तलाशी ली, तो उसके कब्जे से 6 ग्राम हेरोइन (चिट्टा) बरामद हुआ। पुलिस ने नशे की खेप को कब्जे में लेकर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। उधर, पुलिस अधीक्षक डॉ. कार्तिकेयन ने बताया कि पुलिस ने आरोपी कालू राम (45) पुत्र हंस राज निवासी गांव व डाकघर डोभी तहसील व जिला कुल्लू के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत के तहत मामला दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है। उन्होंने बताया कि नशे की खरीद-फरोख्त का पता लगाया जा रहा है।



भुंतर में पुलिस की टीम की गिरफ्त में चिट्टे के साथ युवक।

## क्रिश्चियन नर्सिंग कॉलेज ढालपुर में नर्सिंग सप्ताह का आगाज

# बोर्ड सजावट प्रतियोगिता में दिखाई प्रतिभा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

क्रिश्चियन नर्सिंग कॉलेज ढालपुर में नर्सिंग सप्ताह का आगाज हुआ। हर वर्ष 6 से 12 मई तक नर्सिंग सप्ताह मनाया जाता है।

इसी कड़ी में मंगलवार को शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर फ्लोरेंस नाइटिंगेल-द लेडी विद द लैंप को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। क्रिश्चियन नर्सिंग कॉलेज कुल्लू द्वारा बीएससी प्रथम वर्ष और जीएनएम प्रथम वर्ष बैच 2024-2025 की नर्सिंग छात्राओं के लिए शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत संस्थान की एसोसिएट निदेशक कुमारी ज्योति मार्या मसीह और अन्य टीचर्स द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया और साथ ही नर्सिंग सप्ताह की शुरुआत भी की। सभी गणमान्य लोगों ने सभा को संबोधित किया और छात्राओं को उनके भविष्य के प्रयासों के लिए आशीर्वाद दिया। इसके बाद विद्यार्थियों की रचनात्मकता और विषय ज्ञान को बढ़ावा देने के लिए एक बोर्ड सजावट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में बीएससी नर्सिंग और जीएनएम की छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और स्वास्थ्य विषयों पर सुंदर, शिक्षाप्रद तथा आकर्षक बोर्ड प्रस्तुत किए। प्रस्तुति, सामग्री और सौंदर्य के आधार पर निर्णायकों द्वारा तीन विजेताओं का चयन किया गया। प्रथम पुरस्कार जीएनएम सेकेंड ईयर, द्वितीय पुरस्कार बीएससी नर्सिंग सेकेंड सेमेस्टर, तृतीय पुरस्कार बीएससी नर्सिंग 7वां सेमेस्टर ने हासिल किया। इस मौके पर कॉलेज की ऐसोसिएट डायरेक्टर ने विजेताओं को बधाई दी और सभी प्रतिभागियों की सराहना की। उन्होंने कहा, ऐसी गतिविधियां विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, टीमवर्क और नवाचार को विकसित करती हैं।



नर्सिंग सप्ताह के पहले दिन आयोजित गतिविधियों में भाग लेती छात्राएं व संस्थान के पदाधिकारी।

# सरचू गई पुलिस टीम का बीआरओ ने रोका रास्ता

**अनंत ज्ञान, केलांग।** मनाली-लेह सामरिक सड़क मार्ग की बहाली में देरी के कारण लाहौल और लद्दाख का पर्यटन कारोबार प्रभावित हो गया है। इस मामले को लेकर लाहौल-स्पीति पुलिस और सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) के बीच विवाद का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। लाहौल-स्पीति पुलिस ने दावा किया है कि बीआरओ ने हिमाचल और लद्दाख की सरहद सरचू तक सड़क बहाल कर दिया है, लेकिन वाहनों को आवाजाही को बीआरओ ने हरी झंडी नहीं दी है। वहीं, सोमवार को हालात का जायजा लेने सरचू गई लाहौल-स्पीति पुलिस टीम का बीआरओ ने रास्ता रोक दिया। सड़क को जगह-जगह बर्फ डालकर बंद कर दिया गया है। इस दौरान पुलिस की टीम बड़ी मुश्किल से वापस लौटी। वहीं, सड़क बंद होने को लेकर पुलिस और बीआरओ के जवान में बहसबाजी हुई।

# मौहल स्कूल में नाटक से नशे पर किया प्रहार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

रंगमंच गांव-गांव आंगन-आंगन की अवधारणा के अंतर्गत केहर सिंह ठाकुर द्वारा इस शृंखला की एकल अभिनय के नाट्य 'कहानियों की कहानी-की 13वीं प्रस्तुति राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मौहल में बहुत ही सहज और सुंदरता से की गई।

बच्चों और अध्यापकों ने इसे खूब पसंद किया और स्कूलों की ही तरह यहां भी नाटक में जाति-पाति और वर्गों जैसी सामाजिक कुरीतियों को उजागर किया गया। साथ ही नाटक में समाज में फैल रहे नशे पर भी प्रहार किया गया। नाटक में दिखाया गया कि हम आज एक युवा को शब्दों में तो बोल देते हैं कि भाई यह नशा ठीक नहीं है पर और कोई तरीका नहीं है हमारे पास जिससे उस युवा को एहसास हो कि नशा बुरा है। नाटक में बताया कि उस युवा को लगता है कि इससे तो मुझे मजा आ रहा है इसका मतलब ये ही बेवकूफ हैं, जो कह रहे हैं कि नशा बुरा है और उसे यह भी लगता है कि इन्होंने इसका स्वाद चखा नहीं तभी ऐसा कह रहे हैं, जिस दिन चख लेंगे इन्हें भी मजा आ जाएगा। फिर कभी नहीं कहेंगे कि नशा बुरा है, अर्थात् हम उस युवा का नशे से ऊपर को स्वाद दे ही नहीं पा रहे, जिससे वह नशे जैसे निचले स्वाद में ही अपना स्वर्ग बना बैठा है। विद्यालय के प्रिंसिपल प्रेम ठाकुर ने कहा कि इस प्रकार की एकल अभिनय की प्रस्तुतियां बच्चों के व्यक्तित्व विकास के लिए तो अच्छी ही हैं, जबकि अध्यापकों के लिए भी कारगर सिद्ध हो सकती हैं।



राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मौहल में छात्राएं नाटक का लुत्फ उठाते हुए।

# लाहौल-स्पीति की जनता को गुमराह कर रही स्थानीय विधायक: डॉ. मार्कंडेय

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

पूर्व मंत्री डॉ. रामलाल मार्कंडेय ने कहा कि जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति में आज जो भी विकास कार्य हो रहे हैं, वह सब केंद्र सरकार के बजट के बलबूते हो रहे हैं। मंगलवार को केलांग में पत्रकार वार्ता के दौरान पूर्व मंत्री डॉ. मार्कंडेय ने यह बात कही। मार्कंडेय ने कहा कि स्थानीय विधायक लोगों को यह बात कह कर गुमराह कर रही है कि केंद्र सरकार से जिले के लिए बजट नहीं मिल रहा है।



उन्होंने कहा कि सच्चाई यह है कि केंद्र से जनजातीय इलाकों को उनके हक के मुताबिक पूरा बजट मिल रहा है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि राज्य सरकार जनजातीय इलाकों के इस बजट को कहीं और खर्च कर रही है। उनके कार्यकाल के समय लाहौल का बजट 84 करोड़ रुपए था, लेकिन आज यही बजट घटकर महज 13 करोड़ रह गया है। पूर्व मंत्री ने आरोप लगाते हुए कहा कि लोनिवि और जल शक्ति विभाग में लगभग 50 करोड़ रुपए की देनदारी से खड़ा है। जबकि दोनों विभागों में बजट 10 लाख भी नहीं है। ऐसी कंगाली में राज्य सरकार पिछले कामों का भुगतान करेगी या फिर नए काम खुद सरकार को इसका पता नहीं है। मार्कंडेय ने कहा कि उनके कार्यकाल में लाहौल-स्पीति में 22 पुल बने और हर घर बिना भेदभाव किए ट्रैक्टर, स्प्रिंकलर, पावर टिलर, स्प्रे मशीन समेत कई कृषि उपकरण पहुंचे हैं। राज्य सरकार एक षड्यंत्र के तहत जनजातीय इलाकों में शिक्षण संस्थान बंद कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार जल्द ही जिले के एकमात्र कुमकुमसेरी डिग्री कॉलेज को बंद करने जा रही है, जो कि गलत है।

## तीन बेटों की बुजुर्ग मां फिर भी दर-दर ठोकरें खाने को मजबूर

# रहने को नहीं कोई ठिकाना, बेटों ने घर से निकाला

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कुल्लू इकाई ने एक बुजुर्ग महिला के लिए इंसाफ की मांग प्रदेश सरकार व जिला प्रशासन से की है।

इकाई अध्यक्ष अभिनव कश्यप ने बताया कि पिछले काफी दिनों से एक बुजुर्ग महिला, जिसे उसके परिवार द्वारा घर से निकाल दिया है वह कुल्लू के आसपास घूमती हुई नजर आ रही है। उन्होंने बताया कि देवभूमि कुल्लू को अपनी समृद्धि संस्कृति व भोली-भाली जनता के लिए जाना जाता है, जहां लोग देवताओं में आस और मानवता में विश्वास रखते हैं, लेकिन यह जानकर सभी को हैरानी होगी कि देवों की भूमि कुल्लू में भी बड़े शहरों की तरह एक बुजुर्ग महिला को उसके परिवार ने घर से बाहर निकाल दिया है। बीते कुछ



**एबीवीपी ने बुजुर्ग महिला के लिए रखी इंसाफ की मांग**

दिनों से एक बूढ़ी औरत हमें बार-बार ढालपुर मैदान के इर्द-गिर्द घूमती हुई नजर आ रही थी। एबीवीपी के कार्यकर्ताओं ने जब उनसे पूछा तो पता चला कि उन्हें अपने ही घर से निकाल दिया गया है। सवित्रा पत्नी तारा चंद निवासी चामुंडानगर, जिला कुल्लू, बीते कुछ महीनों से इस उम्र में दर-दर भटक रही हैं। न इनके पास खाने को राशन है और न रहने के लिए कोई ठिकाना है। महिला के तीन बेटे होने के बावजूद भी वह सड़क पर बेसहारा घूमने को मजबूर है। अभिनव ने बताया कि जिस उम्र में माता-पिता का ऋण उनकी संतानों को उतारना चाहिए, उस उम्र में अपनी ही माता के साथ ऐसा दुर्व्यवहार किया जा रहा है, जो कि निंदनीय और शर्मनाक है। ऐसे में एबीवीपी कुल्लू ने मांग रखी कि ऐसे बेटों पर जो अपनी ही मां का ख्याल न रख सकें, उनके ऊपर कड़ी से कड़ी कार्रवाई हो और सवित्रा को जल्द से जल्द जीवन बसर करने के लिए कोई ठिकाना या वृद्ध आश्रम में रहने का प्रबंध किया जाए।

# पेंशनर्स को जल्द किया जाए बकाया राशि का भुगतान



सिविल पेंशनर्स एंड सोशल वेल्फेयर एसोसिएशन के पदाधिकारी।

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल**

सिविल पेंशनर्स एंड सोशल वेल्फेयर एसोसिएशन खंड नग्गर की बैठक खंड अध्यक्ष वीर सिंह बौद्ध की अध्यक्षता में डे-केयर सेंटर मनाली में आयोजित हुई। बैठक में नग्गर खंड सिविल पेंशनर्स एंड सोशल वेल्फेयर एसोसिएशन के सदस्य उपस्थित रहे।

सचिव मेहर चंद ठाकुर एवं उपाध्यक्ष मेंहदी रता, कोषाध्यक्ष जोगिंद्र राणा, सहसचिव बाला राम, बुध राम, महिला उपाध्यक्ष कुमारी शांता देवी के साथ जिले के अध्यक्ष सेस राम ठाकुर, उपाध्यक्ष गिरधारी लाल डोगरा, कोषाध्यक्ष भादर चंद के साथ कुल्लू खंड के महासचिव अमर सिंह ठाकुर, भुंतर इकाई के सचिव राम लाल ठाकुर एवं उपाध्यक्ष महेंद्र डोगरा, वरिष्ठ पेंशनर अनंत राम के साथ दुगलु राम ठाकुर, उपाध्यक्ष सुरेश कुमार शर्मा ने बैठक में भाग लिया। सभी पेंशनर्स ने सरकार पर आरोप लगाया कि पेंशनर्स की लंबित बकाया राशि नहीं दे रही है।

उन्होंने कहा कि 2016 से 2021 तक बढ़ा हुआ एरियर, मेडिकल रिवर्समेंट, लीव इन केशमेंट आदि को लेकर सरकार गंभीर नहीं दिख रही। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि पेंशनर्स को जल्द से जल्द बकाया राशि का भुगतान किया जाए।

**कार्यक्रम** सीएम बंजार के लोगों को आज देंगे करोड़ों की सौगात, करेंगे शिलान्यास व लोकार्पण

# बंजार में आज 'सरकार गांव के द्वार'

**अनंत ज्ञान, बंजार**

जिला कुल्लू के बंजार विधानसभा क्षेत्र में आज सरकार गांव के द्वार पहुंचेगी। बंजार विस क्षेत्र के शरची में बुधवार को सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम का आयोजन होगा। इसमें प्रदेश के मुख्यमंत्री विशेष रूप से शिरकत करेंगे। मुख्यमंत्री सुक्खू बंजार विधानसभा क्षेत्र के प्रवास पर होंगे और बंजार की जनता को करोड़ों की सौगातें देंगे।



मुख्यमंत्री बंजार में करोड़ों रुपए की विभिन्न विकास योजनाओं के उद्घाटन एवं शिलान्यास करेंगे। राज्य सरकार के महत्वकांशी कार्यक्रम सरकार गांव के द्वार का आयोजन बंजार विधानसभा क्षेत्र के शरची में किया जा रहा है और मुख्यमंत्री सुक्खू इस कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में शिरकत करेंगे। मुख्यमंत्री का 7 मई को ठहराव शरची गांव में रहेगा। मुख्यमंत्री शरची में सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम में शिरकत कर लोगों से परिचित होंगे और जनसमायाओं को सुनेंगे।

इससे पहले मुख्यमंत्री ग्रेट हिमालय नेचर पार्क देहुरी में विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे और करोड़ों की विकास योजनाओं के शिलान्यास एवं उद्घाटन करेंगे। इस अवसर पर शरची गांव में विभिन्न विभागों की विकास प्रदर्शनियां भी लगाई जा रही हैं, ताकि लोगों को सरकार की योजनाओं की जानकारी प्राप्त हो सके। इस अवसर पर शरची में निशुल्क मेडिकल चेकअप कैंप और शरची में विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया जा रहा है। उधर, डीसी कुल्लू तोरुल एस रवीश ने कहा है कि मुख्यमंत्री के प्रवास को लेकर प्रशासन ने सभी तैयारियां पूर्ण कर ली हैं और सभी विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं।

**शरची में विभिन्न विभागों की लगेंगी विकास प्रदर्शनियां**

### सीएम के दौरे को लेकर बैठक आयोजित

**बंजार** विधानसभा मुख्यालय स्थित लोनिवि के विश्राम गृह में कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने बैठक का आयोजन किया। बैठक की अध्यक्षता एपीएमसी कुल्लू एवं लाहौल-स्पीति के चैयरमेन राम सिंह मियां ने की। बैठक में बंजार विधानसभा कांग्रेस पार्टी 24 के सभी वरिष्ठ, कनिष्ठ महिला युवा फ्रंटल ऑर्गेनाइजेशन से जुड़े कांग्रेसी जनों ने भाग लेकर मुख्यमंत्री के प्रस्तावित बंजार प्रवास कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए साझी रणनीति तैयार की। एपीएमसी चेयरमैन राम सिंह मियां ने बंजार विधानसभा चुनाव क्षेत्र की आम जनता से अपील की है कि मुख्यमंत्री के बंजार प्रवास को सफल बनाने के लिए बढ़-चढ़कर भाग लें।

### सीएम का होगा जोरदार स्वागत

**अनंत ज्ञान, मनाली।** इंटक के प्रदेश प्रवक्ता डीआर जोशी ने कहा कि पहली बार बंजार क्षेत्र के दौरे पर आ रहे प्रदेश के मुख्यमंत्री सुक्खू का जोरदार स्वागत किया जाएगा। डीआर जोशी ने कहा कि मुख्यमंत्री आज 11 बजे बंजार के धमेलु पलाहच हेलिपेड में उतरेंगे। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री लगभग एक बजे देउरी पहुंचेंगे और करोड़ों के विकास कार्यों का शिलान्यास व शुभारंभ करेंगे। जोशी ने कहा कि इस दौरान मुख्यमंत्री जनसभा को भी संबोधित करेंगे। उन्होंने जिला कुल्लू की जनता से आग्रह किया कि मुख्यमंत्री के इस महत्वपूर्ण कार्यकम में बढ़-चढ़कर भाग लें। जोशी ने कहा कि कार्यक्रम इंटक, युवा कांग्रेस, सेवादल, महिला कांग्रेस, ब्लॉक व जिले के समस्त निवर्तमान पदाधिकरी व कार्यकर्ता मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि सरकार गांव की ओर कार्यक्रम के तहत शरची गांव में रात्रि ठहराव करेंगे और लोगों की समस्याओं को सुनेंगे।

# बजौरा स्कूल में युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति किया जागरूक



बजौरा स्कूल में आयोजित कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थी व शिक्षकों के साथ टीम सहभागिता।

**अनंत ज्ञान, भुंतर**

हिमाचल प्रदेश के युवाओं में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति को देखते हुए टीम सहभागिता द्वारा केंद्र सरकार द्वारा चलाए जा रहे नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत राजकीय मॉडल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बजौरा में कार्यक्रम हुआ। जागरूकता कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना और उन्हें एक स्वस्थ जीवन की ओर प्रेरित करना था। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता आकाश वर्मा (मनोचिकित्सक सामाजिक कार्यकर्ता, भुंतर पुनर्वास केंद्र) ने विद्यार्थियों को नशे की लत और उसके मानसिक, शारीरिक एवं सामाजिक प्रभावों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को किसी भी प्रकार के नशे से दूर रहकर सकारात्मक जीवनशैली अपनाने की सलाह दी। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या कविता कपूर ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए नशे से दूर रहने की अपील की और कहा कि नशा युवाओं के भविष्य को अंधकार की ओर ले जाता है। उन्होंने टीम सहभागिता के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम समय-समय पर होने चाहिए, ताकि विद्यार्थी सही मार्गदर्शन पा सकें और जागरूक बनें। वहीं, टीम सहभागिता के अध्यक्ष बीजू हिमदल का कहना है कि टीम सहभागिता की नींव ही नशा विरोधी जन आंदोलन के रूप में रखी गई थी।

## न्यूज ब्रीफ

### 15 छात्रों का दल शैक्षणिक भ्रमण के लिए केरल रवाना

**अनंत ज्ञान, नाहन।** समग्र शिक्षा के अंतर्गत एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम के तहत जिला सिरमौर के विभिन्न विद्यालयों से लगभग 15 मैधावी छात्र-छात्राएं शैक्षणिक भ्रमण के लिए केरल रवाना हुए। दल के साथ एक अनुरक्षक अध्यापक मिस रेनू राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बनकला प्रवक्ता जीव विज्ञान सम्मिलित हैं। एक भारत श्रेष्ठ भारत की जिला समन्वयक मोनिका ने बताया कि इन बच्चों का चयन उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर किया गया है। इस शैक्षणिक भ्रमण का उद्देश्य केरल राज्य की सांस्कृतिक एवं शैक्षिक गतिविधियों को जानना है।

### धुंदन स्कूल के सुनील बने एसएमसी अध्यक्ष

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय धुंदन में प्रधानाचार्य सरताज सिंह राठौर की अध्यक्षता में आमसभा का आयोजन किया गया। इस आम सभा में विद्यालय प्रबंधन समिति के रिक्त पदों के लिए चुनाव हुए। सर्वसम्मति से सुनील कुमार को विद्यालय प्रबंधन समिति का अध्यक्ष चुना गया। इसके अलावा कृष्ण लाल शर्मा, श्यामलाल, प्रेम भगत, मेहर चंद बद्दू, धर्मवीर, जोगिंद्र कुमार, मंजू, हेमा देवी, विमला, दीपिका, निशा, सरिता, ममता और लता देवी कार्यकारिणी के सदस्य चुने गए। प्रधानाचार्य सरताज सिंह राठौर ने नई कार्यकारिणी को बधाई और शुभकामनाएं दीं। उन्होंने उम्मीद व्यक्त की कि नई कार्यकारिणी विद्यालय के विकास के लिए सहयोग करेगी। मंच का संचालन वरिष्ठ प्रवक्ता व स्कूल प्रबंधन समिति प्रभारी महेंद्र पाल कौंडल ने किया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार के सभी स्टाफ सदस्य, विद्यार्थियों के अभिभावक गण और विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

### पाइनग्रोव स्कूल में मनाया मजदूर दिवस

**अनंत ज्ञान, सोलन।** पाइनग्रोव स्कूल धर्मपुर में कर्मचारियों के समर्पण का सम्मान करने के लिए मजदूर दिवस मनाया गया। छात्रों ने एक शानदार कार्यक्रम प्रस्तुत किया। इसमें एक भावपूर्ण गीत सेवा, सम्मान तथा कृतज्ञता की भावना उजागर करता एक नाटक प्रस्तुत किया गया। अमन और आर्यन पठान ने अपने जीवंत नृत्य प्रदर्शन से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। विद्यालय के प्रधान शिक्षक संजय चौहान ने विद्यालय को सचारु रूप से चलाने में सहायक कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका को स्वीकारते हुए उनकी सराहना की। इसके साथ ही एक विशेष हाई टी की व्यवस्था की गई तथा सभी सहयोगी स्टाफ सदस्यों को प्रशंसा स्वरूप उपहार देकर सम्मानित किया गया।

### कृषि मंत्री आज से सिरमौर के प्रवास पर

**अनंत ज्ञान, नाहन।** कृषि एवं पशुपालन मंत्री प्रो. चंद्र कुमार 7 मई को जिला सिरमौर के प्रवास पर होंगे। यह जानकारी सरकारी प्रवक्ता ने देते हुए बताया कि कृषि मंत्री प्रातः 11 बजे राजगढ़ में आयोजित किसान मेला की अध्यक्षता करेंगे।

### आपात स्थिति में पूर्ण तैयारी रखने के दिए निर्देश



**अनंत ज्ञान, सोलन।** हिमाचल प्रदेश के मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना की अध्यक्षता में नागरिक सुरक्षा सलाहकार समिति की बैठक वर्चुअल माध्यम से आयोजित की गई। बैठक में हिमाचल प्रदेश के शिमला जिले में होने वाली आज नागरिक सुरक्षा मॉकड्रिल के सफल आयोजन पर चर्चा की गई। मनमोहन शर्मा ने कहा कि भारत सरकार के निर्देशानुसार प्रदेश के शिमला जिले में ही नागरिक सुरक्षा मॉकड्रिल का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने प्रदेश के शेष सभी जिलों में युद्ध के अनुरूप पूरी तैयारी रखने और आवश्यक सेवाओं को जारी रखने के संबंध में उचित दिशा-निर्देश दिए। डीसी ने कहा कि बैठक में मुख्य सचिव ने सुरक्षित भवनों को चिन्हित करने, खाद्य सामग्री, पेट्रोल तथा गैस का भंडारण रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी आपात स्थिति के लिए स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ करें व दवाइओं का उचित भंडारण रखें। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को पुलों, सड़कों व वैकल्पिक मार्गो का निरीक्षण करने के निर्देश दिए। उन्होंने पेयजल भंडारण टैंकों का निरीक्षण करने तथा दूरसंचार सुविधाओं को सुदृढ़ रखने के निर्देश दिए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक सोलन गौरव सिंह, अतिरिक्त उपायुक्त राहुल जैन, गृह रक्षा सोलन के आदेशक संतोष शर्मा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राकेश प्रताप सहित संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

### नगर परिषद की बैठक में विकास कार्यों पर चर्चा

**अनंत ज्ञान, परवाणू।** नगर परिषद की मासिक बैठक में कसौली विधायक विनोद सुल्तानपुरी शामिल हुए। बैठक में शहर के विकास को लेकर अहम मुद्दों पर चर्चा की गई। इसमें स्ट्रीट लाइट, सीसीटीवी कैमरा, राष्ट्रीय ध्वज स्थापित करना वेंडिंग जोन टेंडर डंगे लगाना, बैडमिंटन हाल आदि मुद्दों पर चर्चा की गई। पिछले कुछ समय से नगर परिषद परवाणू के पार्षदों में चल रही गुटबाजी इस बैठक में खुल कर सामने आई। नगर परिषद की इस बैठक में 9 में से केवल चार ही पार्षद बैठक में उपस्थि रहे। इनमें अध्यक्ष मोनिशा शर्मा, रंजीत ठाकुर, उपाध्यक्ष लखविंदर सिंह व ठाकुर दास शर्मा शामिल रहे। वहीं, दूसरी ओर पूर्व नप अध्यक्ष डेजी ठाकुर, चंद्रावती देवी, किरण ठाकुर व पूर्व नप उपाध्यक्ष सोनिया शर्मा बैठक में शामिल नहीं हुईं। बता दें कि उपमंडल अधिकारी को नगर परिषद के कार्यकारी का अतिरिक्त पद देने से कुछ पार्षद नाराज चल रहे थे। उनका आरोप था कि नप विकास कार्यों को लेकर पक्षपात किया जा रहा था, जिसका विरोध भाजपा द्वारा भी किया गया था। नगर परिषद द्वारा कराए जा रहे कार्यों पर भी लोगों द्वारा सवाल उठाए जा रहे हैं। इनमें मुख्यतः 25 लाख के बंदर पकड़ना और पीपल का पेड़ काटने का मामला शामिल है। विधायक द्वारा परवाणू से गरीब प्रवासियों के लिए सस्ती जमीन देने के आश्वासन के बाद इस बैठक में कोई चर्चा नहीं की गई। नप कार्यों में हो रही अनियमितताओं के कारण पार्षदों द्वारा परवाणू के लिए कार्यकारी अधिकारी की नियुक्ति की मांग स्थानीय विधायक द्वारा की गई थी, लेकिन इस पर विधायक द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। बैठक में विकास कार्यों से अधिक राजनीतिक उथल-पुथल देखने को मिली, जिसकी राजनीतिक गलियारों में काफी चर्चा है। बैठक में कार्यकारी अधिकारी महेंद्र प्रताप सिंह, मनोनीत पार्षद कांता कपूर, रविंदर गर्ग, सुखविंद्र सिंह (मंगा) तथा संजय यादव व नगर परिषद के अधिकारीगण मौजूद रहे।

# गलानग के बजाए बसाल में बनेगा हेलिपोर्ट

## संकरी सड़क और शहर से ज्यादा दूरी के कारण गलानग में प्रोजेक्ट हुआ रिजेक्ट

**आर मोहन चौहान, सोलन**

अनंत ज्ञान खास खबर



बसाल में बना हेलिपैड।

प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने प्रत्येक जिला मुख्यालय में हेलिपोर्ट बनाने की योजना बनाई है। इसके दृष्टिगत सोलन के गलानग में प्रस्तावित हेलिपोर्ट प्रोजेक्ट के प्लान में अब फेरबदल किया है।

हेलिपोर्ट अब गलानग में नहीं, बल्कि बसाल में बनेगा। यहां मौजूदा हेलिपैड को हेलिपोर्ट में बदलने की प्रक्रिया तेज हो गई है। जिला प्रशासन की ओर से लैंड ट्रांसफर का प्रोसेस लगभग पूरा हो गया है। कुछ औपचारिकताएं शेष हैं, जिन पर पर्यटन विभाग काम कर रहा है। हेलिपोर्ट का यह प्रोजेक्ट पहले शहर की मशहूर फेंटमहिल स्थित गांव गलानग में प्रस्तावित था। इसके लिए यहां 11 बीघा भूमि ट्रांसफर कर टूरिज्म डिपार्टमेंट के नाम कर दी गई है, लेकिन संकरी सड़क और शहर से ज्यादा दूरी के कारण गलानग में प्रोजेक्ट को रिजेक्ट कर बसाल शिफ्ट कर दिया है। बसाल में पहले से हेलिपैड है, जहां अब तक एक हेलिकॉप्टर लैंडिंग की सुविधा है। हेलिपैड को हेलिपोर्ट में तब्दील करने के लिए साथ लगती जिला प्रशासन की अतिरिक्त भूमि टूरिज्म डिपार्टमेंट को ट्रांसफर कर दी है, ताकि यहां हेलिपोर्ट बनने पर तीन से चार हेलिकॉप्टर लैंड और पार्क हो सकें। विशेषज्ञों के अनुसार बेहतर रोड कनेक्टिविटी और नेशनल हाईवे के समीप होने के कारण इस प्रोजेक्ट के लिए बसाल उपयुक्त स्थान है। यहां हेलिपोर्ट बनने से पर्यटकों को हवाई सेवाओं का लाभ मिलेगा। साथ ही सोलन मुख्यालय सहित आसपास के हिल स्टेशन चायल, कसौली, डगशाई में भी पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। (अनंत ज्ञान)

### ट्रैकिंग रूट्स और होटल व्यवसाय को मिलेगा बढ़ावा

**शहर के** समीप बसाल पंचायत प्राकृतिक सुंदरता से लबरेज है। करोल पर्वत के ठीक नीचे बसी इस पंचायत में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं। बसाल से सोलन शहर का विहंगम दृश्य देखा जा सकता है। करोल पर्वत पर जाने के लिए इसी पंचायत से गुजरना पड़ता है, जिस कारण यहां कई पिकनिक स्पॉट हैं, अब यहां हेलिपोर्ट बनने से स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर सृजित होंगे। हेलिपोर्ट बनने से क्षेत्र में होटल इंडस्ट्री, पैराग्लाइडिंग को तो बढ़ावा मिलेगा ही साथ ही केफेटेरिया, ट्रेकिंग रूट्स और होटल व्यवसाय में भी वृद्धि होगी। इस प्रोजेक्ट के यहां लगने के कारण चंबाघाट से करोल रोपवे योजना को भी पंख लगेंगे।

**बसाल** में हेलिपोर्ट बनाने की प्रक्रिया चल रही है। यहां मौजूदा हेलिपैड को डेवलप कर हेलिपोर्ट बनाया जाएगा। भूमि से संबंधित कुछ औपचारिकताएं शेष हैं, जिस पर काम चल रहा है। गलानग में बेहतर रोड कनेक्टिविटी बाधा बन रही थी। वाया जटोली हेलिपोर्ट की दूरी भी ज्यादा हो रही थी, जिस कारण प्रोजेक्ट बसाल शिफ्ट कर दिया गया है। बसाल नजदीक है और यहां हेलिपैड के साथ हेलिपोर्ट बनाने के लिए पर्याप्त जमीन भी है।
**पदमा, जिला पर्यटन अधिकारी सोलन।**

**शहर के साथ** लगती पंचायत बसाल में हेलिपोर्ट बनाने के लिए जमीन ट्रांसफर की प्रक्रिया पूरी हो गई है। कुछ टेक्निकल खामियों के कारण प्रोजेक्ट गलानग से बसाल शिफ्ट किया है। बसाल में पहले से हेलिपैड है, उसका विस्तार कर हेलिपोर्ट बनाया जाएगा, ताकि यहां 3 से 4 हेलिकॉप्टर लैंड और पार्क हो सकें। जल्द सभी औपचारिकताएं पूरी कर हेलिपोर्ट बनाने का निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा।
**मनमोहन शर्मा, डीसी सोलन।**

# कन्या स्कूल सराहां को मर्ज करने की चर्चा पर लोगों ने जताई नाराजगी

**अनंत ज्ञान, सराहां**

राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सराहां को ब्वायज सीनियर सेकेंडरी स्कूल सराहां में मर्ज करने की चर्चा को लेकर स्थानीय लोगों में गहरा रोष है।

इसी को लेकर एसएमसी की प्रधान शीतल शर्मा व किसान संघ खंड पच्छाद के अध्यक्ष व समाज सेवक विनोद शर्मा के नेतृत्व में संयुक्त रूप से उनके प्रतिनिधि एसडीएम पच्छाद डॉ. प्रियंका चंद्रा से मिले व उनके द्वारा शिक्षा मंत्री को इस स्कूल के अस्तित्व से छेड़छाड़ न करने को लेकर ज्ञापन दिया। उनका मानना है कि उपमंडल पच्छाद की 34 पंचायतों के लोगों व आसपास के क्षेत्रों की छात्राओं को लाभान्वित करने वाला यह इकलौता विद्यालय है। इलाके के बहुत से अभिभावक हैं, जो अपनी बेटियों को सह शिक्षा में नहीं पढ़ाना चाहते हैं, इसलिए इस कन्या विद्यालय को न केवल कन्या विद्यालय ही रहने देना चाहिए, बल्कि इसमें और सुधार कर कन्याओं के लिए छात्रावास की सुविधा भी उपलब्ध करवाई जानी चाहिए। इस अवसर पर एसएमसी सदस्य रचना ठाकुर, रमा ठाकुर, सीता देवी, पूर्व एसएमसी प्रधान मोहन दत्त, किसान संघ खंड पच्छाद के सदस्य राम किशन, रावत शर्मा, विनय शर्मा, वीरेंद्र, परविंदर, अशोक शर्मा, शुभम, सौरभ सहित कई लोग मौजूद थे।



एसडीएम पच्छाद डॉ. प्रियंका चंद्रा के माध्यम से शिक्षा मंत्री को ज्ञापन भेजते लोग।

# शराब फैक्टरी में अवैध प्रकरण को लेकर एसआईटी का गठन

**अनंत ज्ञान, नाहन**

कालाअंब स्थित त्रिलोक संस ब्रेवरेज एंड डिस्टलरी बॉटलिंग प्लांट में आबकारी विभाग की छापेमारी के बाद बड़ा खुलासा हुआ है। फैक्टरी में भारी मात्रा में अवैध देसी और अंग्रेजी शराब तथा लाखों की संख्या में शराब ब्रांड लेबल मिलने के बाद अब मामला पुलिस को सौंप दिया गया है।



जिला पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए एडिशनल एसपी योगेश की अगुवाई में एक विशेष जांच टीम (एसआईटी) का गठन कर दिया है। टीम अब फैक्टरी की ओनरशिप से लेकर सप्लाई और खरीद तक की हर कड़ी को खंगाल रही है। फैक्टरी के पंजीकृत मालिक और प्रमुख प्रबंधन स्टाफ फिलहाल फरार हैं। सूत्रों के अनुसार, फैक्टरी जनवरी से बंद पड़ी थी और दिन में एसटीईओ यानी इंस्पेक्टर केवल चाबी जांचने आता था, लेकिन रात को उसके जाने के बाद दरवाजा तोड़कर चाबी निकाल ली जाती थी और फिर अवैध लेबर के जरिए देसी और अंग्रेजी ब्रांड की शराब तैयार होती थी। छापेमारी के वक्त पकड़ी गई रात की शिफ्ट की लेबर फैक्टरी के रजिस्टर में दर्ज नहीं थी। एसआईटी अब यह भी जांच कर रही है कि शराब निर्माण में इस्तेमाल होने वाला ईएनए ब्रांड लेबल और खाली बोतलें कहां से मंगाई गई थी। इसके अलावा यह भी जानने की कोशिश की जा रही है कि इस अवैध शराब को कहां बेचा गया। इंस्पेक्टर अंकित सिंह ने स्वीकार किया कि फैक्टरी का उनका कमरा जबरन खोला गया। उन्होंने कहा कि वह पुलिस जांच में पूरा सहयोग करेंगे। वहीं, एसपी निश्चिन सिंह ने कहा कि जांच बहुत गहराई से की जा रही है और एसआईटी जल्द ही और खुलासे करेगी।

# जमीन खरीदने के नाम पर ठगी करने के तीन आरोपी काबू

**अनंत ज्ञान, सोलन**



सोलन निवासी अशोक कुमार ने पुलिस थाना सदर सोलन में रिपोर्ट दर्ज करवाई कि इनके पास टेक चंद व राजेंद्र सिंह निवासी कंडाघाट जिनके साथ इनकी पहले से ही जान-पहचान है आए व बतलाया कि नरेंद्र व संजय गुप्ता, जो उत्तराखंड व हरियाणा के रहने वाले हैं।

कंडाघाट के आसपास 50 विघा जमीन अस्पताल व गुरुद्वारा बनाने के लिए बाबा मलकीयत सिंह के लिए लेना चाहते हैं, जो कंडाघाट में गुरुदारा व अस्पताल बनाना चाहते हैं, जिस पर इन्होंने कहा कि कंडाघाट के आसपास काफी जमीन है, जो गुरुद्वारा व अस्पताल बनाने के लिए सही है। टेक चंद ने इनसे कहा कि यह अपने रिश्तेदार राजेंद्र से बात करवा देगा तथा नरेंद्र व संजय गुप्ता को लेकर उसके पास आएंगे। जनवरी 2023 को टेक चंद अपने साथ राजेंद्र, नरेंद्र, संजय गुप्ता को लेकर इनके पास आए और जमीन के बारे में पूछताछ की, जिस पर उन्होंने कंडाघाट में आशा देवी की जमीन जो लगभग 50 बीघा थी, उपरोक्त व्यक्तियों को दिखाई, जिन्होंने 4/5 दिनों के बाद उपरोक्त जमीन को पसंद कर लिया और कहा कि उन्होंने बाबा को भी जमीन दिखा दी है, जिन्हें यह जमीन पसंद आ गई है।

उक्त जमीन पर अस्पताल व गुरुद्वारा बनाने के लिए राजी हो गए। इन्होंने उन्हें उक्त जमीन की कीमत लगभग 100 करोड़ बतलाई, जिस पर उक्त व्यक्तियों ने इन्हें यह विश्वास दिलाया कि यदि यह उपरोक्त जमीन को आशा देवी से कम दामों में खरीद करते हैं, तो बाबा को आगे जमीन बेचने में ज्यादा फायदा होगा और यह मुनाफा आधा-आधा बांट लेंगे। यह उनकी बातों में आ गया तथा उक्त जमीन जो आशा देवी पत्नी रजनीश वासूदेवा की थी उसको खरीदने के लिए राजी हो गया, लेकिन यह इस बात से अनभिज्ञ था कि वे सभी लोग मिले हुए हैं। उसके बाद डीडी मोदगिल नामक व्यक्ति, जो शोघी का रहने वाला है, जो रजनीश वासूदेवा का दोस्त है, इन्हें आशादेवी के घर ले गया तथा जमीन खरीदने की मध्यस्थता करवाई तथा आशा देवी के पति रजनीश वासूदेवा ने इनसे सोलन में आकर इकरार नामा बनाने की बात कही। उक्त जमीन की कीमत रजनीश वासूदेवा के घर पर 64 करोड़ तय की गई थी तथा इकरानामा सोलन में आकर बनाने की बात कही थी, जिस पर रजनीश वासूदेवा उसके 2/3 दिन बाद डीडी मोदगिल व सुनील त्रिपाठी के साथ इनके पेट्रोल पंप खूंठीधार में आए, उसके कुछ देर बाद नरेंद्र, संजय गुप्ता, संजीव गर्ग व कुछ अन्य व्यक्ति भी इनके पेंट्रोल पंप पर आ गए। रजनीश वासूदेवा ने इनसे कहा कि यह आज ही इकरारनामा करना चाहते है क्योंकि इन्हें पैसों की सख्त जरूरत है, जिस पर उन लोगों ने इनसे 1 करोड़ रुपए कैश व 7.5 करोड़/ 7.5 करोड़ रुपए के दो चैक ले लिए तथा इनसे कहा कि यह बाबा जी से मिलकर इकरारनामा बनवा देंगे। उसके बाद उक्त व्यक्तियों ने इनके साथ कोई बात न की तथा इनके फोन भी उठाने बंद कर दिए तथा जो चैक उन लोगों ने इनसे लिए थे, उन्हें भी बाउंस करवाकर दिल्ली में पैसा ऐंठने की नीयत से झूठे तथ्यों के आधार पर इनके खिलाफ 138 एनआई एक्ट के तहत केस करवा दिया। गहनता से अध्ययन किया गया तथा पर्याप्त साक्ष्यों के आधार पर पुलिस थाना सदर सोलन की टीम द्वारा अभी तक की जांच में उक्त मामले में संलिप्त 3 मुख्य आरोपियों संजय कुमार गुप्ता पुत्र स्व. राकेश कुमार अमर विहार जगाधरी जिला यमुनानगर हरियाणा उम्र 52 वर्ष, मलकियत सिंह पुत्र धर्म सिंह निवासी नाडा साहिब तहसील व जिला पंचकूला हरियाणा उम्र 60 वर्ष व संजीव कुमार गर्ग पुत्र स्व. मुकेश कुमार निवासी अमर विहार जगाधरी हरियाणा उम्र 52 वर्ष को देहरादून से गिरफ्तार किया गया।

### कार्यकारिणी को मांगों के बारे में बताया

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** दाड़लाघाट में आयोजित बैठक में हिमाचल प्रदेश राज्य बिजली बोर्ड सेवानिवृत्त एसोसिएशन दाड़लाघाट एवं नम्होल यूनिट के सदस्यों को सोलन में आयोजित 20वें स्थापना दिवस समारोह के बारे में अवगत करवाया गया। इस समारोह में एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इसमें उन्होंने केंद्रीय कार्यकारिणी के समक्ष विभिन्न मांगों के बारे में अवगत करवाया। केंद्रीय कार्यकारिणी द्वारा 25 अप्रैल को बोर्ड प्रबंधन के समक्ष उठाए गए मुद्दों के बारे में धन्यवाद किया गया। उम्मीद है कि बोर्ड प्रबंधन जल्द ही सभी समस्याओं के बारे में आवश्यक कार्रवाई के निर्देश जारी करेगा। अध्यक्ष प्रेम केशव ने केंद्रीय कार्यकारिणी को स्थापना दिवस पर बधाई दी। बैठक में प्रेम केशव, रणजीत सिंह, परस राम काली दास ने भाग लिया।

### सोलन कॉलेज में कृत्रिम बुद्धिमत्ता को लेकर कार्यक्रम आयोजित

## कृत्रिम बुद्धिमत्ता के लोकतंत्रीकरण पर की चर्चा

**अनंत ज्ञान, सोलन**

राजकीय महाविद्यालय सोलन में 'शिक्षा में कृत्रिम बुद्धिमत्ता अनुसंधान पद्धति और नवचारी शिक्षण उपकरणों का उपयोग के उभरते रुझान' पर संकाय विकास कार्यक्रम दूसरे दिन भी पूरे उत्साह के साथ जारी रहा। इस कार्यक्रम का आयोजन कॉलेज की आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ द्वारा करवाया जा रहा है।

इस कार्यक्रम में कॉलेज की प्राचार्या डॉक्टर मनीषा कोहली विशेष रूप से मौजूद रही। यह कार्यक्रम भी दो सत्रों में विभक्त था पहले सत्र में डॉक्टर अमर राज सिंह ने संसाधन व्यक्ति के रूप में अपने वक्तव्य 'शिक्षा में कृत्रिम बुद्धिमत्ता-सीखने के अनुभवों में बदलाव' में विस्तृत रूप से कृत्रिम बुद्धिमत्ता के लोकतंत्रीकरण पर चर्चा की और बताया कि हम शिक्षा और अनुसंधान में कृत्रिम बुद्धिमत्ता उपकरणों का उपयोग कैसे कर सकते हैं। यह दैनिक जीवन में किस प्रकार महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। दिन के दूसरे सत्र में प्रोफेसर सीपी भसीन ने संसाधन व्यक्ति के रूप में भाग लिया। उन्होंने वैश्विक संदर्भ में भारतीय शिक्षा की स्थिति और हम विश्व स्तर पर शिक्षा में अग्रणी कैसे हो सकते हैं इस पर प्रतिभागियों से अपने विचार साझा किए। प्रोफेसर भसीन ने वैश्विक और एशियाई संदर्भ में भारत के विभिन्न विश्वविद्यालयों और कॉलेजों की स्थिति, रैंकिंग और शिक्षा की गुणवता पर प्रकाश डाला। इस कार्यक्रम में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के समन्वयक डॉक्टर अनिल ठाकुर सहित समिति सदस्य, कॉलेज के वरिष्ठ प्राध्यापक और अन्य स्थानीय और बाहरी कॉलेजों से आए प्रतिभागी मौजूद रहे।




सोलन कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में प्रिंसिपल को सम्मानित करते आयोजक।

### पांवटा साहिब में 8 मई को हैंडबॉल स्टेट टीम के लिए होंगे ट्रायल

**अनंत ज्ञान, नाहन।** 32वीं सीनियर स्टेट हैंडबॉल चैंपियनशिप एमएलएसएम कॉलेज सुंदरनगर जिला मंडी में 10 11 मई को होगी। सिरमौर हैंडबॉल एसोसिएशन के प्रेजिडेंट वीरेंद्र शर्मा ने बताया कि जिला सिरमौर हैंडबॉल एसोसिएशन ने सीनियर वुमेन स्टेट के लिए खिलाड़ियों के ट्रायल 8 मई को पांवटा साहिब के कोटड़ी व्यास खेल ग्राउंड में रखे हैं। सिरमौर हैंडबॉल एसोसिएशन सभी सीनियर खिलाड़ियों, जिनकी डेट ऑफ बर्थ 2009 से पहले की है व हैंडबॉल ट्रायल में भाग ले सकते हैं इन ट्रायल में 8 मई को शाम 3.30 बजे कोटड़ी व्यास के खेल ग्राउंड मे रिपोर्ट करें। इसके लिए खिलाड़ी आधार कार्ड व बर्थडे सर्टिफिकेट साथ लाएं। वीरेंद्र शर्मा सेक्रटरी हुक्कम शर्मा व धर्मेंद्र चौधरी ने बताया कि ट्रायल में बेस्ट खिलाड़ियों का चयन सिरमौर सीनियर स्टेट की टीम के लिए होगा।

कार्यालय ग्राम पंचायत बैरी
विकास खण्ड सुजानपुर टीहरा, जिला हमीरपुर (हि.प्र.)

निविदा सूचना

ग्राम पंचायत वैरी विकास खंड सुजानपुर जिला हमीरपुर हिमाचल प्रदेश में निम्नलिखित विवरण अनुसार कुटेशन आमंत्रित की जाती हैं।
1.) 500 LTR WATER TANK (500 LTR 6 LAYERS BRANDED WATER TANK SHOULD BE UNBREAKABLE @100 VERGIN MATERIAL WITH WARRANTY)
अतः इच्छुक फर्म अपनी कुटेशन सात दिन के भीतर ग्राम पंचायत कार्यालय में डाक या स्वयं जमा करवा सकती हैं।

प्रधान/सचिव
ग्राम पंचायत बैरी
विकास खण्ड सुजानपुर टीहरा, जिला हमीरपुर (हि.प्र.)

सुविधा: चयनित जमीन का वन विभाग की टीम ने किया निरीक्षण, एफसीए का केस तैयार

# फॉरेस्ट क्लीयरेंस का इंतजार, जल्द होगा कॉलेज का निर्माण

**अनंत ज्ञान, नाहन**

सीनियर सेकेंडरी स्कूल में चल रहे श्री रेणुका जी महाविद्यालय को जल्द ही अपना भवन मिलने जा रहा है।

प्रदेश सरकार द्वारा कॉलेज के निर्माण के लिए दी गई वन विभाग की 35 बीघा जमीन के लिए एफसीए केस तैयार कर लिया गया है। इस जमीन का निरीक्षण डीएफओ नाहन वन मंडल एबी राय की अगुवाई में वन विभाग की टीम ने मंगलवार को किया। वन विभाग ने फॉरेस्ट कंजर्वेशन एक्ट के तहत मसौदा तैयार कर लिया है, जिसे अब भारत सरकार को भेजा जाएगा, जैसे ही फॉरेस्ट क्लीयरेंस रिपोर्ट प्राप्त होती है, कॉलेज भवन निर्माण का कार्य शुरू कर दिया जाएगा। प्रदेश सरकार ने इस कॉलेज के निर्माण के लिए 5 करोड़ रुपए का बजट स्वीकृत किया है, जिसमें से 25 लाख रुपए लोक निर्माण विभाग को पहले ही दे दिए गए हैं। यह कॉलेज श्री रेणुका जी विधानसभा क्षेत्र के विधायक व विधानसभा उपाध्यक्ष विनय कुमार की प्राथमिकता में शामिल है और वे इस प्रोजेक्ट की लगातार निगरानी कर रहे हैं।

इस समय यह कॉलंत सीनियर सेकेंडरी स्कूल श्री रेणुका जी ददाहू के हॉस्टल में संचालित हो रहा है, जहां स्नातक स्तर के 250 स्टूडेंट्स केवल चार छोटे कमरों में पढ़ाई कर रहे हैं। भवन बनने के बाद 25 से अधिक पंचायतों के छात्रों को उच्च शिक्षा का बड़ा लाभ मिलेगा। हालांकि, इस समय पीजी कक्षाएं नहीं हैं, लेकिन नए भवन में शुरू किए जाने की संभावनाएं हैं। वर्तमान में पीजी पढ़ाई के लिए छात्रों को नाहन या शिमला जाना पड़ता है।



श्री रेणुका जी महाविद्यालय के लिए जमीन का निरीक्षण करती हुई वन विभाग की टीम।

### 35 बीघा भूमि पर बनेगा आधुनिक महाविद्यालय परिसर

**करीब** 2.9 हेक्टेयर यानी 35 बीघा जमीन पर बनने वाले इस कॉलेज का नक्शा तैयार होकर एएनसी शिमला को भेजा जा चुका है। प्रस्तावित योजना में अकादमिक भवन के साथ बेहतर खेल मैदान का प्रावधान भी किया गया है। भवन बनने के बाद कॉलेज की छात्र संख्या 800 से अधिक पहुंचने की संभावना है। संबंधित वन भूमि की जियो टैगिंग भी की जा चुकी है। मंगलवार को साइट विजिट के दौरान डीएफओ अवनी भूषण राय, रेंज ऑफिसर सुमित, बीओ प्रवीण ठाकुर, फॉरेस्ट गार्ड शीतल, कॉलेज प्रिंसिपल डॉ. पवन कुमार, अधीक्षक ग्रेड-2 आकाश विश्नोई सहित अन्य प्रमुख अधिकारी मौजूद रहे। इस खबर की पुष्टि डीएफओ अवनी भूषण राय व कॉलेज प्रिंसिपल डॉ. पवन कुमार ने की है।

# मां भंगायणी पैंथर्स ने गेहल-ए टीम को हराकर जीती वॉलीबाल ट्रॉफी



मां भंगायणी मेला हरिपुरधार के दौरान आयोजित वॉलीबाल प्रतियोगिता में मौजूद खिलाड़ी।

**अनंत ज्ञान, नाहन**

मां भंगायणी मेला हरिपुरधार के दौरान आयोजित वॉलीबाल प्रतियोगिता में मां भंगायणी पैंथर्स हरिपुरधार की टीम ने गेहल-ए टीम को हराकर 51000 के नकद पुरस्कार और ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। इस दो दिवसीय वॉलीबाल प्रतियोगिता में उत्तरी भारत से 6 टीमों ने भाग लिया।

भारत के लिए दो बार खेल चुके रोहडू के खिलाड़ी अक्षय काप्टा को वॉलीबाल का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी घोषित किया गया और उन्हें बेस्ट प्लेयर की ट्रॉफी देकर नवाजा गया। दूसरी ओर कबड्डी प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला बारिश के कारण कैंथल हरियाणा और मां भंगायणी पैंथर्स हरिपुरधार के बीच नहीं हो सका इसलिए 51000 और 31000 का प्रथम और द्वितीय पुरस्कार दोनों टीमों में बराबर बांटकर प्रथम पुरस्कार की ट्रॉफी हरियाणा से आई कैथल की टीम को दे दी गई, जबकि द्वितीय पुरस्कार की ट्रॉफी स्थानीय टीम मां भंगायणी पैंथर्स हरिपुरधार को दी गई।

मां भंगायणी मेला हरिपुरधार के दौरान यह पहला मौका था, जब मेले में आए हजारों लोगों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों की खेल प्रतिभा को देखने का मौका मिला। मां भंगायणी मेला कमेटी हरिपुरधार के महासचिव बलवीर ठाकुर ने खिलाड़ियों को पुरस्कार प्रदान किए।

कार्यालय ग्राम पंचायत हटवास
विकास खंड नगरोटा बगवां , जिला कांगड़ा (हि.प्र.)

निविदा आमंत्रण सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत हटवास द्वारा मनरेगा व अन्य मदों हेतू वर्ष 2025-26 में करवाए जाने वाले विभिन्न विकास कार्यों हेतू निम्नलिखित निर्माण सामग्री उपलब्ध करवाने के लिए जी0एस0टी0 नंबर एवं टिन नंबर वाले ठेकेदारों से सीलबंद निविदाएँ आमंत्रित हैं:-
**सामग्री का विवरण**- 1. रेत खड्डु-प्रति घन मीटर, 2. रेत क्रशर-प्रति घन मीटर, 3. बजरी खड्डु- प्रति घन मीटर. 4. बजरी क्रशर 20एमएम, 40एमएम, 60एमएम व अन्य साइज़ - प्रति घन मीटर, 5. सोलिंग बोल्डर पत्थर- प्रति घन मीटर, 6.पक्का पत्थर (कट स्टोन)- प्रति नं., 7. ईंट अव्वल/दोम- प्रति नं., 8. शटरिंग लकड़ी व स्टील की- प्रति वर्ग फुट, 9.पत्थर तुड़ाई खाडू फाड़ा-प्रति पत्थर, 10. सीमेंट ढुलाई उतराई नगरोटा से कार्यस्थल तक-प्रति बोरी, 11. टैक्टर, थ्री-व्हीलर व जीप द्वारा सामान ढुलाई पंचायत क्षेत्र में-प्रति फेरा, 12. घोड़ों द्वारा सामग्री ढुलाई -प्रति फेरा, 13. कूड़ेदान पिट सप्लाई- प्रति नं., 14. विकास कार्य सूचना बोर्ड पेंटिंग व लिखाई सहित-प्रति न0, 15. इंटरलॉक टाइल्स (सभी साइज़)-प्रति टाइल,16. पानी का टैंकर-प्रति टैंकर, 17. मिक्सचर- प्रति दिन, 18. मिटटी का टिप्पर -प्रति टिप्पर, 19.बोर्ड निर्माण व लिखवाई-Per sq ft. 20. वाटर कूलर- Per Item, 21. बेन्चेस कंक्रीट/आयरन /कास्ट आयरन-Per bench, 22. पंचायत द्वारा अन्य कार्य। इच्छुक ठेकेदार दिनांक 19/05/2025 को शाम 02 बजे से पहले किसी भी समय अपनी निविदाएँ पंचायत कार्यालय में डाक द्वारा भेज सकते हैं। बिना डाक वाली निविदाएँ मान्य नहीं होंगी। निविदाएँ 20/05/2025 को प्रातः 11 बजे खोली जाएँगी। दो या दो से अधिक निविदायों की दरें समान होने पर निविदा रद्द/पास करने व विशेष परिस्थितियों में सामान की सप्लाई की समय अवधि बढ़ाने या घटाने का अधिकार पंचायत कार्यकारिणी/प्रधान के पास होगा। किसी भी प्रकार का विवाद होने पर निविदा का प्रमाण पंचायत कार्यकारिणी/प्रधान के पास होगा।

प्रधान/सचिव
ग्राम पंचायत हटवास
विकास खंड नगरोटा बगवां , जिला कांगड़ा (हि.प्र.)




## न्यूज ब्रीफ

### मॉकड्रिल आपकी सुरक्षा के लिए जरूरी : जितेंद्र

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** चंडीगढ़ प्रशासन द्वारा प्रस्तावित मॉक ड्रिल को लेकर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष जितेंदर पाल मल्होत्रा ने शहरवासियों से सहयोग की अपील की है। उन्होंने कहा कि ऐसी ड्रिल्स जनता की सुरक्षा व्यवस्था को परखने और आपदा प्रबंधन की तैयारियों को मजबूत करने के लिए की जाती हैं। मल्होत्रा ने कहा, मॉकड्रिल केवल एक औपचारिकता नहीं, बल्कि एक गंभीर अभ्यास है जिससे यह सुनिश्चित किया जाता है कि किसी भी आपात स्थिति में प्रशासन और आम जनता दोनों की तैयारियां कैसी हैं। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे मॉक ड्रिल के दौरान धैर्य और जिम्मेदारी का परिचय दें, प्रशासन के निर्देशों का पालन करें और अफवाहों से बचें। उन्होंने विश्वास जताया कि चंडीगढ़ की जागरूक जनता इसमें सकारात्मक भूमिका निभाएगी और प्रशासन का पूरा सहयोग करेगी।

### बस दुर्घटना मामले में अधिकारियों पर कार्रवाई

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने महेंद्रगढ़ जिले के कनीना के निकट हुई स्कूल बस दुर्घटना मामले में लापरवाही बरतने पर कड़ा संज्ञान लेते हुए जिला परिवहन कार्यालय, नारनौल के पांच अधिकारियों व कर्मचारियों के विरुद्ध हरियाणा सिविल सेवा नियम 7 के तहत कार्रवाई की हैं। मुख्यमंत्री सड़क दुर्घटनाओं के प्रति अति संवेदनशील हैं। इसी कड़ी में जांच होने के बाद पांच अधिकारियों व कर्मचारियों पर कार्रवाई की गई है। वहीं जिला परिवहन अधिकारी के रूप में तैनात पुलिस उपाधीक्षक राजकुमार व मनोज कुमार, सहायक सचिव प्रदीप शर्मा, मोटर व्हीकल अधिकारी पुलिस निरीक्षक अनिल कुमार तथा परिवहन उप निरीक्षक नवीन के खिलाफ यह कार्रवाई अमल में लाई गई है।

### मलोया में एमसीसी ने किया निरीक्षण

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** मलोया में जल प्रदूषण और खराब जल निकासी के बारे में बढ़ती शिकायतों के जवाब में, एमसीसी के वरिष्ठ अधिकारियों और क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों द्वारा आज एक संयुक्त फील्ड निरीक्षण किया गया। एमसी कमिश्नर अमित कुमार, आईएएस के निर्देशों के बाद, मुख्य अभियंता संजय अरोड़ा के नेतृत्व में निरीक्षण दल ने चंडीगढ़ हाउसिंग बोर्ड, प्रशासन के संबंधित कार्यकारी अभियंताओं और एमसीसी के अन्य अधिकारियों के साथ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया।

# आज बजेगा हवाई हमले का सायरन

## मॉकड्रिल में 10 मिनट का रहेगा ब्लैकआउट, लोग करें सहयोग

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

आपदा तैयारियों को मजबूत करने और आपातकालीन प्रतिक्रिया एजेंसियों के बीच समन्वय बढ़ाने के मद्देनजर, निशांत कुमार यादव, उपायुक्त, यूटी, चंडीगढ़ ने आज प्रमुख हितधारकों के साथ एक व्यापक समीक्षा बैठक बुलाई।

बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) कंवरदीप कौर, चंडीगढ़ प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी, रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन, मार्केट वेलफेयर एसोसिएशन और अन्य एसोसिएशन के प्रतिनिधि शामिल हुए। बैठक में चंडीगढ़ में दो स्थानों पर इमारत ढहने और आग लगने की घटना के लिए पूर्ण पैमाने पर मॉकड्रिल के लिए निष्पादन योजना और रसद तैयारियों पर ध्यान केंद्रित किया गया। अभ्यास के एक भाग के रूप में, 7 मई को शाम 7:30 बजे पूरे शहर में हवाई हमले की चेतावनी देने वाले सायरन बजाए जाएंगे, जिसके जवाब में शहर के सभी निवासियों द्वारा स्वेच्छा से शाम 7:30 बजे से 7:40 बजे तक (10 मिनट के लिए) पूर्ण ब्लैकआउट लागू किया जाना है।



ब्लैकआउट के दौरान, नागरिकों से अनुरोध है कि वे घरों में रहें और सभी इनडोर और आउटडोर लाइटें बंद कर दें। यदि वे गाड़ी चला रहे हैं, तो वे अपने वाहन को सड़क किनारे पार्क करें और लाइटें बंद कर दें। शाम 07:40 बजे के बाद, नागरिक सामान्य/नियमित गतिविधियां कर सकते हैं। उपायुक्त ने आम जनता से मॉकड्रिल के दौरान अपना पूरा सहयोग देने की अपील की है। नागरिकों से अनुरोध है कि वे शांत रहें, घबराएं नहीं और उस दिन की गतिविधियों के बारे में किसी भी अफवाह पर विश्वास न करें या उसे प्रसारित न करें। यह ड्रिल पूरी तरह से तैयारी का अभ्यास है और इससे कोई वास्तविक खतरा नहीं है।

### मॉकड्रिल में सलाह

* रात को अपना फोन और पावर बैंक चार्ज कर लें।
* बुनियादी सामान/आपातकालीन आपूर्ति तैयार रखें, वैध आईडी कार्ड।
* पानी, सूखा भोजन, बुनियादी दवाइयां जरूरी।
* पारिवारिक अभ्यास का अभ्यास करें, लाइट बंद करें, 1-2 मिनट के भीतर सुरक्षित क्षेत्र में इकट्ठा हों।

### ब्लैकआउट में जरूरी

**घर** के अंदर रहें और खिड़कियों से दूर रहें। अगर आप गाड़ी चला रहे हैं, तो अपने वाहन को किनारे पर पार्क करें और लाइटें बंद कर दें। जहां हैं वहीं रहें और इधर-उधर न जाएं। वहीं अलर्ट के दौरान सभी इनडोर और आउटडोर लाइटें बंद कर दें, जिसमें इन्वर्टर या वैकल्पिक बिजली आपूर्ति को डिस्कनेक्ट करना शामिल है। ब्लैकआउट की घोषणा होने/सायरन चालू होने पर गैस/बिजली के उपकरण बंद कर दें। वहीं ड्रिल के बाद जब तक अन्यथा निर्देश न दिया जाए, सामान्य गतिविधि फिर से शुरू करें।

### अवैध खनन मामले में 6 अधिकारियों पर कार्रवाई

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के दिशा-निर्देशों पर अवैध खनन की गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखते हुए इन गतिविधियों में शामिल अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। इसी कड़ी में जिला नूंह के अवैध खनन से जुड़े एक पुराने मामले में संज्ञान लेते हुए मुख्यमंत्री ने खनन विभाग के 6 अधिकारियों को चार्जशीट करने के साथ-साथ पंचायत और वन विभाग के कर्मचारियों की संलिप्तता पर भी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि नूंह जिले के फिरोजपुर झिरका, तहसील के गांव रावा में नवंबर 2011 से जनवरी 2025 के बीच आवंटित खनन पट्टे से अधिक खुदाई से खनन सामग्री निकालने के संबंध में शिकायत प्राप्त हुई थी, जिसकी खान एवं भू-विज्ञान विभाग द्वारा गहनता से जांच की गई। जिस पर कड़ा संज्ञान लेते हुए मुख्यमंत्री ने विभाग के 6 अधिकारियों को हरियाणा सिविल सेवा नियम 7 के तहत चार्जशीट करने के निर्देश दिए हैं, जिनमें सहायक खनन अधिकारी आरएस ठाकरान, खनन अधिकारी भूपेंद्र सिंह, बीडी यादव, राजेंद्र प्रसाद, अनिल कुमार—2 तथा अनिल अटवाल शामिल हैं।

# गर्म महीनों में हाइड्रेटेड रहना बहुत जरूरी : डॉक्टर ओंकार

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

अस्थमा एक पुरानी सूजन वाली फेफड़ों की बीमारी है, जिसमें सांस लेने में कठिनाई होती है और अगर समय रहते इसका इलाज न किया जाए तो यह अक्सर लोगों की दैनिक गतिविधियों को बाधित कर सकती है।

विश्व अस्थमा दिवस पर बोलते हुए, मैक्स अस्पताल, मोहाली में पल्मोनोलॉजी के प्रिंसिपल कंसल्टेंट डॉ. ओंकार गुप्ता ने कहा, गर्मियों में अक्सर कई कारकों के संयोजन के कारण अस्थमा के लक्षण बढ़ जाते हैं, जिसमें पराग कणों की संख्या में वृद्धि, प्रदूषकों के संपर्क में आना और गर्मी और आर्द्रता जैसी चरम मौसम की स्थिति शामिल हैं, ये तत्व लक्षणों को ट्रिगर या बढ़ा सकते हैं, खासकर मौसमी एलर्जी या पहले से मौजूद अस्थमा वाले व्यक्तियों में, गर्मी के महीनों में अच्छी तरह से हाइड्रेटेड रहना बहुत ज़रूरी है। प्रदूषण के स्तर अधिक होने पर बाहरी गतिविधियों को सीमित करना भी उचित है। अगर बाहर जाना ज़रूरी है, तो सुबह जल्दी या शाम को गतिविधियों की योजना बनाना, जब हवा की गुणवत्ता आम तौर पर बेहतर होती है, आम ट्रिगर्स से बचने में मदद कर सकता है।

## प्रशासन ने सेक्टर-25 की जनता कॉलोनी में गिराए अवैध आशियाने

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** यूटी प्रशासन के एस्टेट ऑफिस ने मंगलवार सुबह छह बजे सेक्टर 25 की जनता कॉलोनी को तोड़ने की कार्रवाई शुरू कर दी, जो अब लगभग कार्रवाई पूरी हो चुकी है। इस दौरान करीब 10 एकड़ की जमीन खाली कराई गई है, जिसकी कीमत करीब 350 करोड़ रुपये बताई जा रही है। यहां पर 1000 से ज्यादा अस्थायी झुग्गियां थी जिसे जेसीबी से तोड़ा गया है। प्रशासन के अधिकारियों के अनुसार यहां रहने वाले लोगों को काफी दिन पहले नोटिस दिया गया था और मकान खाली करने को कहा गया था लेकिन नोटिस का समय पूरा होने के बाद भी लोगों ने मकान खाली नहीं किए, जिसके बाद मंगलवार को तोड़ने की कार्रवाई की गई। सुबह 6 बजे से जेसीबी ने कार्रवाई शुरू की।

## पंचकूला में करवाया भजन उत्सव

**अनंत ज्ञान, पंचकूला**

विश्व व समाज में सुख-शांति व कल्याण हेतु 2023 से हर वर्ष सिद्ध जोगी पौणाहारी जी का वार्षिक भजन उत्सव व हिमाचली धाम का आयोजन सिद्ध जोगी सेवा चैरीटेबल ट्रस्ट रजि ट्राईसिटी द्वारा कम्युनिटी सेंटर, सेक्टर 26 पंचकूला में संपन्न हुआ।

ट्रस्ट के चेयरमैन विक्रांत शर्मा तथा प्रधान अशोक कुमार ने बताया कि इतिहास में ये पहली बार हुआ कि नौ नाथ स्वरूप जागरूक सनातनी झंडा फेरी यात्रा का आयोजन की शुरुआत कर दी गई है। अब ये हर वर्ष मई माह के पहले रविवार को आयोजित हुआ करेगी ओर 6मई को सर्व सांझा भजन उत्सव आयोजित रहेगा।

रविंद्र नकई व संजीव चौधरी, संदीप लवाणा ने बताया कि नौ नाथ झंडा फेरी यात्रा पंचकूला से सुबह सात बजे सेक्टर 11 से सेक्टर 26 कार्यक्रम स्थल तक निकाली गई। रास्ते में बाबाजी के कई श्रद्धालुओं ने झंडा फेरी यात्रा का भरपूर स्वागत् किया। हिमाचली भजन गायक माता ज्वालाजी से सौरभ शर्मा तथा संजीव कुमार ओर मोनिका शर्मा कुरुक्षेत्र वाली ने अपने भजनों से लोगों को नचाने पर मजबूर कर दिया। देशराज राज, अश्विनी बरवाला व रोशन लाल शर्मा, तिलकराज राणा ने बताया कि इस कार्यक्रम में हिमाचल प्रदेश की संस्कृति का विशेष जायका हिमाचली धाम में लगभग आधा दर्जन से ज्यादा व्यंजनों की हिमाचली धाम (भंडारा) शाम आठ बजे से ही शुरू हो गया था।

### जलापूर्ति प्रबंधन के लिए इंजीनियरों को जिम्मेदारी सौंपी

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** शहर की जलापूर्ति व्यवस्था में सुधार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए नगर निगम चंडीगढ़ के आयुक्त अमित कुमार, आईएएस ने अपने इंजीनियरिंग कर्मचारियों को क्षेत्रवार जिम्मेदारियां सौंपकर नगर निगम के परिचालन ढांचे को सुव्यवस्थित किया है। इस पहल के तहत, जूनियर इंजीनियरों (जेई) और सब-डिवीजन इंजीनियरों को चंडीगढ़ भर में विशिष्ट क्षेत्रों और इलाकों के लिए नामित कर्तव्य दिए गए हैं। आयुक्त ने कहा कि इस कदम का उद्देश्य शिकायतों, रखरखाव और पानी के टैंकरों की आवश्यकता सहित सभी जल-संबंधी मुद्दों के लिए बेहतर जवाबदेही और त्वरित प्रतिक्रिया समय सुनिश्चित करना है।

## जरूरतमंदों की आंखों के करवाए ऑपरेशन

**अनंत ज्ञान, पंचकूला**

मानव स्वास्थ्य को समर्पित श्री श्याम परिवार ट्रस्ट पंचकूला इन दिनों जरूरतमंद लोगों के आंखों के निशुल्क ऑपरेशन करवा रहा है। ट्रस्ट के सेवादार राकेश बंसल ने बताया कि जरूरतमंद लोगों के ,ऑपरेशन के दौरान होने वाले सभी प्रकार के खर्च, दवाइयां एवं चश्मे ट्रस्ट की तरफ से निशुल्क दिए जा रहे हैं। ट्रस्ट की तरफ से लगाया जा रहे निशुल्क कैंप में सैकड़ो लोग लाभ उठा रहे है।

राकेश बंसल ने बताया कि अगर कोई भी जरूरतमंद व्यक्ति अपने आंखों का ऑपरेशन करवाना चाहता है तो वह पंचकूला सेक्टर 14 एससीओ नंबर 133 , श्री श्याम परिवार ट्रस्ट पंचकूला में आकर करवा सकता हैं। उन्होंने बताया कि आंखों का ऑपरेशन करने से पहले



विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा मरीज की जांच की जाएगी। आधुनिक टेक्नोलॉजी के साथ विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा ऑपरेशन किया जाएगा। गौरतलब है कि श्री श्याम परिवार ट्रस्ट पंचकूला में ओपीडी मात्रा 11 रुपए एवं एक दिन की दवाई 11 में दी जाती है। इस ट्रस्ट में एक्स-रे, अल्ट्रासाउंड, खून से संबंधित सभी प्रकार के टेस्ट बाजार से बहुत ही कम दरों में किया जा रहे हैं। ट्रस्ट की इस सेवा का हजारों की संख्या में मरीज लाभ उठा रहे हैं।

### वर्षा जल संचयन पर किया ब्रीफिंग सत्र का आयोजन

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** नगर निगम चंडीगढ़ ने जल शक्ति केंद्र, वाटर वर्क्स, सेक्टर 37 में विभिन्न रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन (आरडब्ल्यूए) के सदस्यों के लिए वर्षा जल संचयन (आरडब्ल्यूएच) तकनीक और जल संरक्षण के लिए संरचनाओं/गड्ढों के निर्माण के बारे में जागरूकता और समझ को बढ़ावा देने के लिए एक व्यापक ब्रीफिंग सत्र आयोजित किया।

सत्र का उद्देश्य आरडब्ल्यूए को स्थायी जल प्रबंधन प्रथाओं को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना और उनके संबंधित आवासीय क्षेत्रों में वर्षा जल संचयन प्रणालियों को लागू करने के तकनीकी पहलुओं में उनकी सहायता करना था। वर्षा जल संरक्षण पर लाभों पर चर्चा की गई।

### मिजोरम में 30 करोड़ की मैथामैफ्टामाइन गोलियां जब्त

**एजेंसी, आइजोल।** मिजोरम के चम्फाई जिले में भारत-म्यांमा सीमा के पास 30.72 करोड़ रुपए मूल्य की मैथामैफ्टामाइन गोलियां जब्त की गई हैं। पुलिस अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने गश्त के दौरान वनजाऊ गांव के पास संदेह के आधार पर एक वाहन को रोका और गहन तलाशी के दौरान कार में छिपाकर रखी गईं दो लाख टैबलेट बरामद कीं जिनका वजन 236 किलोग्राम था। उन्होंने बताया कि चम्फाई के वेंगथर इलाके के रहने वाले लालटनपुइया (30) और वनरोपुइया (27) नामक दो लोगों को मादक पदार्थ की तस्करी के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। ऐसा संदेह है कि मैथामैफ्टामाइन की ये गोलियां म्यांमा से तस्करी कर लाई गई थीं।

### बंगाल में हिंसा फैलाने के लिए बाहर से लाया जा रहा दंगाइयों को : ममता

**एजेंसी, सुति (पश्चिम बंगाल)।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को आरोप लगाया कि हिंसा फैलाने के लिए बाहर से दंगाइयों को राज्य में लाया जा रहा है। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि वे 'भाजपा या धार्मिक कट्टरपंथियों' की बातों में आकर आपस में फूट न पड़ने दें। मुर्शिदाबाद में एक सरकारी कार्यक्रम में बनर्जी ने दोहराया कि बंगाल में वक्फ (संशोधन) अधिनियम लागू नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा, ''बंगाल में बाहर से दंगाइयों को लाया जा रहा है, उनके बहकावे में न आएं, भाजपा या किसी धार्मिक कट्टरपंथी की बातों में आकर आपस में फूट न डालें।'' मुख्यमंत्री ने लोगों से वक्फ संशोधन अधिनियम के खिलाफ विरोध प्रदर्शनों में हिंसा में शामिल ना होने का भी आग्रह किया।



### अमरनाथ यात्रा में सुविधाएं बढ़ाने पर हुई समीक्षा

**एजेंसी, जम्मू।** जम्मू में प्राधिकारियों ने आगामी अमरनाथ यात्रा की खातिर जनसुविधाएं बढ़ाने की योजना की समीक्षा की। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि समीक्षा में बुनियादी ढांचे और स्वच्छता में सुधार पर ध्यान केंद्रित किया गया ताकि दक्षिण कश्मीर के हिमालयी क्षेत्र में 3,880 मीटर की ऊंचाई पर स्थित अमरनाथ गुफा मंदिर की वार्षिक तीर्थयात्रा में हिस्सा लेने वाले हजारों श्रद्धालुओं के लिए बेहतर अनुभव सुनिश्चित किया जा सके। इस वर्ष 38 दिवसीय तीर्थयात्रा तीन जुलाई को दो मार्गों दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले में पारंपरिक 48 किलोमीटर लंबे पहलगाम मार्ग और गांदरबल जिले में 14 किलोमीटर लंबे लेकिन अपेक्षाकृत अधिक खड़ी चढ़ाई वाले बालटाल मार्ग से शुरू होगी। जम्मू आधार शिविर से पहला जत्था दो जुलाई को रवाना होगा। एक आधिकारिक प्रवक्ता ने बताया कि जम्मू के संभागीय आयुक्त रमेश कुमार ने जम्मू संभाग में यात्रा मार्ग पर जन सुविधाओं में वृद्धि और नवीनीकरण कार्य की विकास योजना की समीक्षा के लिए एक बैठक की अध्यक्षता की।

## जम्मू-कश्मीर के पुंछ में बस खाई में गिरी, जवान समेत चार की मौत

**एजेंसी, मेंढर/जम्मू**

जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में मंगलवार सुबह एक निजी यात्री बस गहरी खाई में जा गिरी। हादसे में एक जवान समेत चार लोगों की मौत हो गई, जबकि 44 अन्य घायल हो गए। हादसे पर शोक जताते हुए उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने प्रभावित परिवारों के प्रति संवेदना प्रकट की।

मुख्यमंत्री अब्दुल्ला ने राहत कार्यों की निगरानी के लिए अपने मंत्री और मेंढर के विधायक जावेद अहमद राणा को घटनास्थल पर भेजा। अधिकारियों ने बताया कि यह बस घानी गांव से मेंढर जा रही थी, जब सुबह करीब 9 बजकर 20 मिनट पर चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया और यह खाई में जा गिरा। घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोगों ने बचाव कार्य शुरू किया। पुलिस, सेना और सीआरपीएफ के जवानों ने भी मोर्चा संभाला।

वहीं, उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने हादसे पर शोक जताते हुए कहा कि पुंछ में हुए इस दुखद सड़क हादसे में जान गंवाने वालों के प्रति मेरी संवेदनाएं। दुख की इस घड़ी में मेरी प्रार्थनाएं पीड़ित परिवारों के साथ हैं। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं।

## देश-विदेश

# भारत में 2032 तक 12.3 करोड़ होंगे इलेक्ट्रिक वाहन : रिपोर्ट

**एजेंसी, नई दिल्ली**



भारत में 2032 तक सबसे अच्छी स्थिति में भी 12.3 करोड़ इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) सड़कों पर होंगे। मंगलवार को जारी इंडिया एनर्जी स्टोरेज अलायंस (आईईएसए) और कस्टमाइज्ड एनर्जी सॉल्यूशंस (सीईएस) की रिपोर्ट में यह कहा गया है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि पर्यावरण अनुकूल विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम और 2070 तक शुद्ध शून्य कार्बन उत्सर्जन के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) को अपनाने की आवश्यकता है। इससे भारत की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी और 2030 के लिए निर्धारित महत्वाकांक्षी लक्ष्य 30 प्रतिशत ईवी को समर्थन किया जा सकेगा। इस तीव्र वृद्धि को सहायक सरकारी नीतियों, जैसे कि फेम-2 योजना द्वारा बढ़ावा मिला है, जो सार्वजनिक चार्जिंग बुनियादी ढांचे के लिए पूंजी सब्सिडी के साथ-साथ इलेक्ट्रिक दोपहिया, तिपहिया और चार पहिया वाहनों के लिए मांग प्रोत्साहन प्रदान करती है। यह राष्ट्रीय ईवी लक्ष्य (एनईवी) परिदृश्य के अनुरूप है, जो पर्यावरण अनुकूल परिवहन को बढ़ावा देने और कार्बन उत्सर्जन को कम करने के लिए देश की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

### अवैध प्रवासियों को देश छोड़ने के लिए 1,000 डॉलर देगा ट्रंप प्रशासन

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन ने कहा कि वह देश में अवैध रूप से रह रहे उन प्रवासियों को 1,000 अमेरिकी डॉलर का भुगतान करेगा, जो स्वेच्छा से स्वदेश लौटने की योजना बना रहे हैं। गृह सुरक्षा विभाग ने एक समाचार विज्ञप्ति में कहा कि वह यात्रा सहायता के लिए भी भुगतान करेगा और जो लोग सीबीपी होम नामक ऐप का इस्तेमाल करके सरकार को बताएंगे कि वे घर लौटने की योजना बना रहे हैं, उन्हें उनके देश वापस भेजे जाने की व्यवस्था की जाएगी।

# चिनाब नदी का पानी रोकने से पाकिस्तान में गहराया जल संकट

**एजेंसी, इस्लामाबाद**

**भारत ने दो बांध बंद किए, पाक के 24 शहरों में 3 करोड़ लोगों पर असर**

भारत ने जम्मू-कश्मीर में चिनाब पर बने सियाल और बगलिहार बांध के गेट बंद कर दिए हैं। इसके चलते पाकिस्तान जाने वाला चिनाब का पानी रुक गया है और वाटर लेवल घटकर 15 फीट रह गया है। पाकिस्तान में चिनाब का पानी 22 फीट था जो 24 घंटे में 7 फीट घट गया। चिनाब के लगातार सिकुड़ने से 4 दिन बाद पंजाब के 24 अहम शहरों में 3 करोड़ से ज्यादा लोगों को पीने के पानी के लिए तरसना पड़ सकता है।



पाकिस्तान के फैसलाबाद और हाफिजाबाद जैसे घनी आबादी वाले शहरों की 80 प्रतिशत आबादी पेयजल के लिए चिनाब के सतही पानी पर निर्भर है। सिंधु जल प्राधिकरण ने आशंका जताई कि भारत के इस कदम से खरीफ की फसलों के लिए पानी में 21 प्रतिशत की कमी आएगी। पाकिस्तानी संसद ने इसे युद्ध छेड़ने की कार्रवाई बताया है।

# पटना में बीपीएससी अभ्यर्थियों पर लाठीचार्ज

**एजेंसी, पटना**



पटना में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के सरकारी आवास के पास मंगलवार को शिक्षक भर्ती परीक्षा के पूरक परिणाम जारी करने की मांग को लेकर धरना दे रहे अभ्यर्थियों पर पुलिस ने लाठीचार्ज किया, जिससे वहां अफरा-तफरी मच गई। प्रदर्शनकारियों ने शिक्षक भर्ती परीक्षा (टीआरई-3) के पूरक परिणाम जारी करने की मांग को लेकर एक अणे मार्ग स्थित मुख्यमंत्री आवास के गेट के बाहर प्रदर्शन किया। पूरा इलाका उच्च सुरक्षा वाला क्षेत्र है और वहां इस तरह के किसी भी प्रदर्शन की इजाजत नहीं है।

बड़ी संख्या में प्रदर्शनकारियों ने हाथों में तख्तियां लेकर राज्य सरकार और परीक्षा आयोजित करने वाले बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) के खिलाफ नारेबाजी की। सचिवालय-1 की अनुमंडल पुलिस अधिकारी (एसडीपीओ) अनु कुमारी ने प्रदर्शनकारियों से तुरंत क्षेत्र खाली करने का अनुरोध किया, क्योंकि वहां ऐसी गतिविधियां प्रतिबंधित हैं। जब प्रदर्शनकारियों ने वहां से हटने से इनकार कर दिया तो पुलिस ने उन्हें तितर-बितर करने के लिए लाठीचार्ज किया। हालांकि, एसडीपीओ ने पत्रकारों से बात करने से इनकार कर दिया। प्रदर्शनकारियों ने दावा किया कि लाठीचार्ज में कई लोग घायल हुए, जिसे अधिकारियों ने नकार दिया।

# इंडोनेशिया में बस पलटने से 12 यात्रियों की मौत

**एजेंसी, पडांग (इंडोनेशिया)**

इंडोनेशिया के पश्चिम सुमात्रा प्रांत में मंगलवार को 34 यात्रियों को लेकर पहाड़ी मार्ग पर नीचे की तरफ जा रही बस के अनियंत्रित होकर पलट जाने से कम से कम 12 यात्रियों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य लोग घायल हो गए।



पश्चिमी सुमात्रा यातायात पुलिस के निदेशक रेजा चैरुल अकबर सिदिक ने बताया कि अंतर-प्रांतीय बस उत्तरी सुमात्रा प्रांत के मेदान से इंडोनेशिया की राजधानी जकार्ता जा रही थी, तभी पश्चिमी सुमात्रा के पडांग शहर में एक बस टर्मिनल के पास उसके ब्रेक में शायद खराबी आ गई। उन्होंने कहा कि पुलिस दुर्घटना के कारणों की जांच कर रही है, लेकिन जीवित बचे लोगों ने अधिकारियों को बताया कि ब्रेक में खराबी आने के बाद पडांग में कई खड़ी पहाड़ियों वाले क्षेत्र में चालक ने वाहन पर से नियंत्रण खो दिया। उन्होंने कहा कि 23 घायलों सहित सभी पीड़ितों को पास के दो अस्पतालों में ले जाया गया। सिदिक ने कहा कि 13 घायलों को गंभीर चोटें लगी हैं जिनका इलाज किया गया है। चालक समेत कई लोगों की हालत गंभीर है।

### तेलंगाना : 14 माओवादियों ने किया आत्मसमर्पण

**एजेंसी, हैदराबाद।** तेलंगाना के भद्राद्री कोठागुडेम जिले में प्रतिबंधित भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा)-माओवादी समूह के 14 सदस्यों ने मंगलवार को पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। भाकपा (माओवादी) छत्तीसगढ़ का प्रतिबंधित संगठन है। विज्ञप्ति के मुताबिक, एरिया कमेटी के दो सदस्यों (एसीएम) सहित 14 लोगों ने माओवाद का रास्ता छोड़कर अपने परिवारों के साथ शांतिपूर्ण जीवन जीने का फैसला किया। (माओवादियों ने भद्राद्री कोठागुडेम के पुलिस अधीक्षक बी रोहित राजू के समक्ष आत्मसमर्पण किया।

## बाजार

### सेंसेक्स 156 अंक गिरा तो निफ्टी 81 गिरकर बंद

# मॉक ड्रिल की खबर से सहमा बाजार

**एजेंसी, मुंबई**



मंगलवार को शेयर बाजार में गिरावट देखने को मिली. बाजार के लिए ग्लोबल संकेत मिलेजुले थे। इसके बाद बाजार सपाट खुला और शुरुआती कारोबार में ही बाजार लाल निशान में आ गया, पूरा दिन कमजोरी बनी रही। आखिर में सेंसेक्स 156 और निफ्टी 81 गिरकर बंद हुआ।

दरअसल बुधवार यानी 7 मई को देशभर में हवाई हमले से सुरक्षा के मद्देनजर मॉकड्रिल का आयोजन होगा। मॉकड्रिल से पहले बाजार पर दबाव बना हुआ है। दरअसल बाजार भारत-पाकिस्तान के बीच युद्ध होने की आशंका से सहमा हुआ है। बाजार में ब्रॉडर मार्केट का प्रदर्शन ज्यादा बुरा रहा। मिडकैप दो प्रतिशत से ज्यादा और स्मॉलकैप अढ़ाई प्रतिशत टूटा। हैरान करने वाली बात यह रही कि मंगलवार को डिफेंस शेयरों में भी गिरावट रही। रेलवे और सरकारी कंपनियों के शेयरों में भी गिरावट रही. निफ्टी पीएसयू बैंक करीब 5 प्रतिशत और रियल्टी 3 प्रतिशत से ज्यादा टूटा।

सेंसेक्स 80,907 पर खुला। दिन में यह 80,481 के निचले स्तर पर पहुंचा। आखिर में सेंसेक्स 0.19 प्रतिशत या 156 अंक गिरकर 80,641 पर बंद हुआ वहीं,निफ्टी 24,501 पर खुला और आखिर में निफ्टी 0.33 प्रतिशत या 81 अंक गिरकर 24,380 पर बंद हुआ।

### पाकिस्तान अगले बजट में रक्षा खर्च में 18 प्रतिशत करेगा वृद्धि

**एजेंसी, इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की गठबंधन सरकार भारत के साथ तनाव के कारण अगले बजट में रक्षा खर्च में 18 प्रतिशत की वृद्धि कर इसे 2,500 अरब रुपए से अधिक करने की तैयारी कर रही है। मंगलवार को मीडिया रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। सरकार एक जुलाई से शुरू होने वाले नए वित्त वर्ष से पहले जून के पहले सप्ताह में 2025-26 का बजट पेश करने की तैयारी में है।

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले के बाद से भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ गया है। सूत्रों के अनुसार, पाकिस्तान पीपल्स पार्टी (पीपीपी) के प्रमुख बिलावल भुट्टो जरदारी के नेतृत्व में पार्टी के प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को बजट मामलों पर चर्चा करने के लिए प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और उनकी आर्थिक टीम से मुलाकात की।

## आईपीएल-18 रिकॉर्ड



ऑरेंज कैप
विराट कोहली
505



पर्पल कैप
प्रसिद्ध कृष्णा
19



सिक्सर किंग
निकोलस पूरन
34

## अंक तालिका

| क्रमांक | टीम | मैच | जीत | हार | रद्द | अंक |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | बेंगलुरु | 11 | 08 | 03 | 00 | 16 |
| 2. | पंजाब | 11 | 07 | 03 | 01 | 15 |
| 3. | मुंबई | 11 | 07 | 04 | 00 | 14 |
| 4. | गुजरात | 10 | 07 | 03 | 00 | 14 |
| 5. | दिल्ली | 11 | 06 | 04 | 01 | 13 |
| 6. | कोलकाता | 11 | 05 | 05 | 01 | 11 |
| 7. | लखनऊ | 11 | 05 | 06 | 00 | 10 |
| 8. | हैदराबाद | 11 | 03 | 07 | 01 | 07 |
| 9. | राजस्थान | 12 | 03 | 09 | 00 | 06 |
| 10. | चेन्नई | 11 | 02 | 09 | 00 | 04 |

## स्पोर्ट्स विंडो

### मुंबई की नीलामी में आकर्षण का केंद्र होंगे म्हात्रे, रघुवंशी और कोटियन


**एजेंसी, मुंबई।** टी20 मुंबई लीग की नीलामी में बुधवार को जब 280 खिलाड़ियों की बोली लगेगी तो उभरते सितारे आयुष म्हात्रे, अंगकृष रघुवंशी और तनुश कोटियन आकर्षण का केंद्र होंगे। आठ टीमों वाली लीग का तीसरा सत्र 26 मई से आठ जून तक वानखेड़े स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। आईपीएल के वर्तमान सत्र में शानदार प्रदर्शन करके क्रिकेट जगत का ध्यान अपनी तरफ खींचने वाले 17 वर्षीय म्हात्रे के अलावा रघुवंशी, कोटियन और मुशीर खान पर भी बड़ी बोली लगने की संभावना है। इस पूल में घरेलू क्रिकेट में लगातार अच्छा प्रदर्शन करने वाले सिद्धेश लाड और शम्स मुलानी जैसे खिलाड़ी भी शामिल हैं। टीमों ने पहले ही आइकन खिलाड़ियों को अपनी-अपनी टीम में शामिल कर लिया है, जिसमें सूर्यकुमार यादव (ट्रायम्फ नाइट्स मुंबई नॉर्थ ईस्ट), अजिंक्य रहाणे (बांद्रा ब्लास्टर्स), श्रेयस अय्यर (सोबो मुंबई फाल्कन्स), पृथ्वी साव (नॉर्थ मुंबई पैंथर्स), शिवम दुबे (एआरसीएस अंधेरी), शार्दुल ठाकुर (ईगल ठाणे स्ट्राइकर्स), सरफराज खान (आकाश टाइगर्स मुंबई वेस्टर्न सबर्ब्स) और तुषार देशपांडे (मुंबई साउथ सेंट्रल मराठा रॉयल्स) शामिल हैं।

### तानिया सचदेव का ग्लैमर स्टाइल

**तानिया** सचदेव एक भारतीय शतरंज खिलाड़ी हैं, जिन्होंने अंतरराष्ट्रीय मास्टर और महिला ग्रैंडमास्टर के कई खिताब जीते हैं। वह एक शतरंज प्रस्तोता और कमेंटेटर भी हैं। तानिया भारत के सर्वोच्च खेल सम्मान, अर्जुन पुरस्कार की प्राप्तकर्ता हैं, जो उन्हें 2009 में मिला था।



### घरेलू परिस्थितियां हमारी अपेक्षा के अनुरूप नहीं थी: डेनियल विटोरी



**एजेंसी, हैदराबाद।** सनराइजर्स हैदराबाद का बल्लेबाजी में अति आक्रामक रवैया इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के पिछले दो सत्र में चर्चा का विषय रहा था लेकिन इस बार उसका यह दृष्टिकोण नहीं चल पाया और टीम के मुख्य कोच डेनियल विटोरी ने इसके लिए घरेलू परिस्थितियां अनुकूल नहीं होने को जिम्मेदार ठहराया। सनराइजर्स ने पिछले साल लगातार 200 से अधिक का स्कोर बनाया था, लेकिन इस बार उसके प्रमुख बल्लेबाज ट्रैविस हेड, अभिषेक शर्मा, इशान किशन और हेनरिक क्लासेन नहीं चल पाए और उसकी टीम प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो गई। विटोरी ने सोमवार को यहां दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मैच बारिश की भेंट चढ़ने के बाद पत्रकारों से कहा, ''मैंने निश्चित रूप से हर मैच के बाद यह नहीं कहा कि मैं आक्रामक रुख का समर्थन कर रहा हूं। मैंने कहा कि हम परिस्थितियों का आकलन कर रहे हैं और मुझे लगता है कि इस साल परिस्थितियां वैसी नहीं थीं जैसी हमने उम्मीद की थी।'' उन्होंने कहा, ''अगर आप पिछले साल को देखें, तो यहां कई बड़े स्कोर वाले मैच खेले गए थे लेकिन इस बार पिच थोड़ी अलग थी।

## आईपीएल — कोलकाता और चेन्नई का मैच आज, प्लेऑफ की दौड़ से चेन्नई बाहर

# धोनी के रंग में रंग सकता है ईडन गार्डन्स

**एजेंसी, कोलकाता**



कोलकाता नाइट राइडर्स और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच बुधवार को यहां होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैच में ईडन गार्डन्स महेंद्र सिंह धोनी की पीली जर्सी के रंग में रंग सकता है जो संभवतः इस ऐतिहासिक मैदान पर आखिरी बार खेलेंगे। पांच बार की चैंपियन चेन्नई की टीम प्लेऑफ की दौड़ से पहले ही बाहर हो चुकी है, लेकिन धोनी का जलवा अभी पहले की तरह बरकरार है और केवल उनकी उपस्थिति से ही नाइट राइडर्स का घरेलू मैदान पीले रंग में रंग सकता है।

कोलकाता ऐसा शहर है जिससे धोनी के करीब भी संबंध रहे हैं। उनकी ससुराल पक्ष के लोग इसी शहर में रहते हैं और उन्होंने जूनियर क्रिकेट में अपना अधिकतर समय इसी शहर में बिताया है। ऐसे में बुधवार का दिन इस 43 वर्षीय खिलाड़ी और उनके प्रशंसकों के लिए भावनात्मक हो सकता है।

ईडन गार्डन्स धोनी की कई उपलब्धियों का गवाह भी रहा है जिनमें प्रथम श्रेणी क्रिकेट में पहला शतक और टेस्ट क्रिकेट में दो शतक भी शामिल हैं। उन्होंने यहां क्लब क्रिकेट भी खेला है, जिसमें शामबाजार क्लब के लिए यादगार पी सेन ट्रॉफी फाइनल भी शामिल है।

धोनी का प्रदर्शन अब पहले की तरह आकर्षक नहीं रहा है, लेकिन उनके चाहने वालों का उनके साथ भावनात्मक लगाव है और इसलिए वे बड़ी संख्या में यहां पहुंच सकते हैं।

चेन्नई की टीम पिछले मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से दो रन से हार गई थी। धोनी ने इस मैच में आठ गेंद पर 12 रन बनाए, लेकिन वह अंतिम ओवर की तीसरी गेंद पर आउट हो गए जिससे चेन्नई की टीम लक्ष्य तक नहीं पहुंच पाई थी। धोनी ने मैच के बाद हार की जिम्मेदारी ली थी। चेन्नई की टीम के लिए अब खोने के लिए कुछ भी नहीं है और वह इस मैच में अधिक स्वच्छंद होकर खेलेगी लेकिन कोलकाता के लिए यह मैच करो या मरो जैसा है क्योंकि उसे प्लेऑफ की अपनी उम्मीद बरकरार रखने के लिए बाकी बचे तीनों मैच में जीत हासिल करनी होगी।

कोलकाता के अभी 11 अंक हैं और अगले तीनों मैच में जीतने पर उसके 17 अंक हो जाएंगे। यहां पहुंचने पर भी उसकी प्लेऑफ में सीट पक्की हो जाएगी कहा नहीं जा सकता क्योंकि अन्य टीमों के परिणाम पर भी काफी कुछ निर्भर करेगा और ऐसे में नेट रन रेट पर भी मामला अटक सकता है।

चेन्नई के बाद कोलकाता को सनराइजर्स हैदराबाद और आरसीबी के खिलाफ उनके घरेलू मैदान पर मैच खेलने हैं, लेकिन फिलहाल वह राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ मिली एक रन की जीत की लय को कायम रखना चाहेगा। (अनंत ज्ञान)

**मैच : शाम 7.30 बजे से**

### संभावित टीमें

**कोलकाता नाइट राइडर्स :** अजिंक्य रहाणे (कप्तान), रिकू सिंह, क्विंटन डी कॉक (विकेटकीपर), रहमानुल्लाह गुरबाज (विकेटकीपर), अंगकृष रघुवंशी, रोवमैन पॉवेल, मनीष पांडे, लवनिथ सिसौदिया, वेंकटेश अय्यर, अनुकूल रॉय, मोइन अली, रमनदीप सिंह, आंद्रे रसेल, एनरिक नॉर्टजे, वैभव अरोड़ा, मयंक मारकंडे, स्पेंसर जॉनसन, हर्षित राणा, सुनील नारायण, वरुण चक्रवर्ती और चेतन सकारिया।

**चेन्नई सुपर किंग्स :** एमएस धोनी (कप्तान, विकेटकीपर), शेख रशीद, आयुष म्हात्रे, दीपक हुडा, सैम कुरेन, रवींद्र जडेजा, डेवाल्ड ब्रेविस, शिवम दुबे, नूर अहमद, खलील अहमद, मथीशा पथिराना, अंशुल कंबोज, आर अश्विन, कमलेश नागरकोटी, रामकृष्ण घोष, जेमी ओवरटन, विजय शंकर, राहुल त्रिपाठी, श्रेयस गोपाल, डेवोन कॉनवे, रचिन रवींद्र, मुकेश चौधरी, नाथन एलिस, सी आंद्रे सिद्धार्थ, वंश बेदी ।

## गुजरात ने मुंबई को दिए शुरुआती झटके



**एजेंसी, मुंबई**

आईपीएल 2025 का 56वां मैच मुंबई इंडियंस और गुजरात टाइटंस के बीच वानखेड़े स्टेडियम में खेला गया। गुजरात ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी जो उसके लिए फायदेमंद साबित हुई। गुजरात के गेंदबाज मुंबई की टीम पर हावी नजर आए। मुंबई ने पहले ही ओवर में अपना विकेट गंवा दिया। सलामी बल्लेबाज रायन रिकेलटन महज 2 रन बनाकर आउट हो गए। उन्हें मोहम्मद सिराज ने साई सुदर्शन के हाथों कैच कराया।

इसी ओवर में साई सुदर्शन से विल जैक्स का कैच ड्रॉप भी हो गया। इसके बाद चौथे ओवर में मुंबई ने दूसरा विकेट भी गंवा दिया। रोहित शर्मा सात रन बनाकर आउट हो गए। उन्हें अरशद खान ने प्रसिद्ध कृष्णा के हाथों कैच कराया। इसके बाद साई सुदर्शन से दूसरा कैच छूट गया। 5वें ओवर में सूर्यकुमार यादव को जीवनदान मिला। प्रसिद्ध कृष्णा के ओवर की 5वीं बॉल पर साई सुदर्शन से शॉर्ट लेग पर उनका कैच ड्रॉप हुआ। हालांकि इसके बाद विल जैक्स संभलकर खेले और उन्होंने अपनी टीम के स्कोर को थोड़ा ऊपर पहंचाया, लेकिन वह भी 53 रन बनाकर आउट हो गए।

इसके बाद सूर्यकुमार भी 24 गेंदों में 35 रन बनाकर आउट हो गए। वहीं हार्दिक पांड्या भी एक रन बनाकर आउट हो गए। समाचार लिखे जाने तक मुंबई की टीम ने 12 ओवर में पांच विकेट के नुकसान पर 106 रन बना लिए थे। क्रीज पर तिलक वर्मा तीन रन बनाकर खेल रहे थे, जबकि उनका साथ निभाने के लिए नमन धीर आए थे।

## खुश रहने के लिए छोड़ी कप्तानी : कोहली

**एजेंसी, बेंगलुरु**



लगभग एक दशक तक भारत और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) का नेतृत्व करने और उनकी बल्लेबाजी पर रखी जा रही कड़ी निगरानी के बाद विराट कोहली ने सोचा कि अब बहुत हो गया और उन्होंने जिंदगी में खुश रहने के लिए आखिर में कप्तानी छोड़ने का फैसला किया।

कोहली ने 2021 में विश्व कप के बाद टी20 कप्तान के पद से इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद उन्होंने आरसीबी की कप्तानी भी छोड़ दी। इसके एक साल बाद, दक्षिण अफ्रीका से हार के बाद उन्होंने टेस्ट कप्तानी छोड़ दी थी।

कोहली ने कहा कि वह अपने करियर में एक ऐसे मुकाम पर पहुंच गए थे जहां लगातार ध्यान केंद्रित करना मुश्किल हो गया था।

कोहली ने 'आरसीबी बोल्ड डायरीज' पॉडकास्ट में कहा, ''एक समय ऐसा आया जबकि यह मेरे लिए बहुत मुश्किल हो गया था क्योंकि मेरे करियर में काफी कुछ घटित हो रहा था। मैं सात आठ साल से भारत की कप्तानी कर रहा था। मैंने नौ साल तक आरसीबी की कप्तानी की। मैं जो भी मैच खेलता उसमें बल्लेबाजी में मुझसे काफी उम्मीद की जाती थी।''

उन्होंने कहा, ''मुझे इस बात का एहसास ही नहीं था कि मैं ध्यान केंद्रित करने के लिए संघर्ष कर रहा हूं। अगर कप्तानी में ऐसा नहीं होता तो बल्लेबाजी में ऐसा हो रहा था। मैं हर समय इसके बारे में सोचता था।

यह मेरे लिए काफी मुश्किल हो गया था और आखिर में यह मुझ पर बहुत अधिक हावी हो गया था।'' कोहली ने 2022 में क्रिकेट से एक महीने का ब्रेक लिया था। उनके जीवन में एक समय ऐसा भी आया था जबकि वह सार्वजनिक जीवन में खुश रहने के लिए संघर्ष कर रहे थे। (अनंत ज्ञान)

## हरप्रीत बराड़ ने दलाईलामा से लिया आशीर्वाद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

मंगलवार के दिन पंजाब किंग्स टीम के स्पिन गेंदबाज हरप्रीत बराड़ ने अपनी धर्मपत्नी संग मैक्लॉडगंज स्थित तिब्बती धर्मगुरु दलाईलामा के निवास पहुंचे और उनका आशीर्वाद लिया। इस दौरान टीम के मालिक मोहित बर्मन भी विशेष रूप से दलाईलामा से मुलाकात के लिए पहुंचे।

उन्होंने कहा कि वह हर वर्ष धर्मशाला में मैचों के दौरान तिब्बती धर्मगुरु से आशीर्वाद लेने आते हैं। उन्होंने कहा कि मुझे यहां आकर हमेशा आंतरिक शांति और सकारात्मक ऊर्जा का अनुभव होता है। मोहित बर्मन ने कहा कि इस बार पंजाब किंग्स टीम का प्रदर्शन काफी संतोषजनक रहा है और उन्हें पूरी उम्मीद है कि धर्मशाला में होने वाले तीनों मैचों के साथ-साथ इस बार का पूरा आईपीएल सीजन भी उनकी टीम जीतने में सफल होगी। टीम प्रबंधन और खिलाड़ियों द्वारा इस तरह आध्यात्मिक स्थलों पर जाना न केवल मानसिक संतुलन बनाए रखने में सहायक होता है, बल्कि टीम के मनोबल को भी नई ऊर्जा प्रदान करता है।


दलाईलामा से मिलने जाते हरप्रमीत बराड़ व उनकी पत्नी।

**मोहित बर्मन बोले - आईपीएल सीजन जीतने में सफल होगी टीम**

धर्मशाला में पहला मैच जीतने पर मोहित बर्मन ने टीम की जीत का श्रेय खिलाड़ियों की कड़ी मेहनत और टीम भावना को दिया।

उन्होंने कहा कि टीम ने सभी खिलाड़ियों के अच्छे प्रदर्शन के साथ मिलकर काम किया और इसी वजह से जीत हासिल की। उन्होंने टीम के सदस्यों और प्रशंसकों का आभार भी व्यक्त किया।

## धर्मशाला पहुंची दिल्ली कैपिटल्स की टीम

**संजय अग्रवाल, धर्मशाला**

**8 मई को पंजाब किंग्स से होगा मुकाबला**

धर्मशाला इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में 8 मई को होने वाले दूसरे मुकाबले में पंजाब किंग्स की टीम से भीड़ने को दिल्ली कैपिटल्स की टीम धर्मशाला पहुंच गई है। मंगलवार को दोपहर बाद टीम कांगड़ा एयरपोर्ट पहुंची जहां सुरक्षा घेरे के साथ खिलाड़ियों को धर्मशाला लाया गया। दोनों टीमों के बीच आठ मई को शाम 7:50 बजे शुरू होगा। पिछले मुकाबले में वर्षा के कारण दिल्ली की टीम को नुकसान उठाया पड़ा है।

अक्षर पटेल की अगुवाई वाली दिल्ली कैपिटल्स की टीम पंजाब टीम के विरुद्ध जीत की राह पर लौटने के इरादे से उतरेगी। तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क की अगुवाई में दुष्मंता चमीरा और मुकेश कुमार जैसे अनुभवी गेंदबाजों के साथ दिल्ली की टीम मजबूत स्थिति में है। अक्षर पूरी तरह से फिट होते हैं तो दिल्ली कैपिटल्स के पास आईपीएल 2025 में सबसे ताकतवर आक्रमण में से एक है। केकेआर के विरुद्ध पिछले मैच में स्टार्क और अक्षर ने मिलकर पांच विकेट लिए थे। हालांकि मौजूदा आइपीएल चैंपियन ने फिर भी 200 से अधिक का स्कोर बनाया जो माना जा सकता है विकेट की प्रकृति के कारण संभव हुआ।

बता दें कि आईपीएल 2025 के 55वें मैच बारिश की भेंट चढ़ गया। इसके चलते सनराइजर्स हैदराबाद प्लेऑफ की रेस बाहर हो गई। वहीं, दिल्ली का भी खेल बिगड़ गया है। दिल्ली ने हैदराबाद को 134 रन का लक्ष्य दिया था। दूसरी पारी शुरू होने से पहले ही बारिश आ गई और फिर मैच रद्द कर दिया गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए दिल्ली की शुरुआत बेहद खराब रही। 62 के स्कोर पर 6 विकेट गंवा दिए थे। इसके बाद अशुतोष शर्मा (41) और ट्रिस्टन स्टब्स (नाबाद 41) ने दिल्ली के लिए लड़ने लायक स्कोर तक पहुंचाया। दिल्ली ने 20 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 133 रन बनाए। पैट कमिंस ने सर्वाधिक तीन विकेट लिए। (अनंत ज्ञान)



**अक्षर ने किया अब तक शानदार प्रदर्शन**

**दिल्ली** कैपिटल्स की टीम अभी 10 मैच में 12 अंक के साथ पांचवें स्थान पर है। अक्षर ने अब तक शानदार प्रदर्शन किया और अगर वह नहीं खेलते या मैच में उनकी भूमिका सीमित होती है तो इससे टीम के प्रदर्शन पर असर पड़ेगा।

## 68वें राष्ट्रीय स्कूली खेलों में हिमाचल का रहा शानदार प्रदर्शन, जीते 33 पदक

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

68वीं राष्ट्रीय स्कूली खेल प्रतियोगिता में हिमाचल प्रदेश के अंडर-19 और अंडर-17 वर्ग के छात्र-छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रदेश का नाम पूरे देश में रोशन किया। पहली बार स्कूली खेलों में हिमाचल के खिलाड़ियों ने 3 स्वर्ण, 6 रजत और 24 कांस्य पदकों सहित कुल 33 पदक जीतकर नया इतिहास रच दिया। इन प्रतियोगिताओं में कुल 718 खिलाड़ियों ने भाग लिया, जो देश के विभिन्न राज्यों में आयोजित की गई थीं। उच्च शिक्षा निदेशक डॉ. अमरजीत कुमार शर्मा, जो स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के महासचिव भी हैं, ने इस उपलब्धि पर गर्व व्यक्त करते हुए कहा कि हिमाचल के खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रदेश को गौरवान्वित किया है।

स्कूल शिक्षा निदेशक आशीष कोहली ने कहा कि हिमाचल के स्कूली खिलाड़ियों ने पहली बार राष्ट्रीय प्रतियोगिता में 33 पदक जीतकर इतिहास रच दिया है। यह उपलब्धि प्रदेश के खेल विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। अतिरिक्त निदेशक बीआर शर्मा ने इस सफलता का श्रेय प्रदेश के फिजिकल एजुकेशन शिक्षकों की मेहनत और समर्पण को दिया। संयुक्त निदेशक डॉ. जगदीश कुमार ने कहा कि हिमाचल के खिलाड़ियों ने प्रतिस्पर्धात्मक भावना के साथ खेलते हुए श्रेष्ठ प्रदर्शन किया और प्रदेश के लिए सम्मान अर्जित किया।

हिमाचल प्रदेश स्कूली क्रीड़ा संगठन के महासचिव संतोष चौहान ने सभी टीमों के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर बधाई दी। विशेष रूप से कुराश और बॉक्सिंग के खिलाड़ियों ने 10-10 पदक जीतकर प्रदेश का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है। एडीपी हैडक्वार्टर तिलक बृजवान ने सभी पदक विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी और कहा कि शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर तथा निदेशक आशीष कोहली के नेतृत्व में हिमाचल खेलों के क्षेत्र में निरंतर प्रगति कर रहा है। इस अवसर पर शारीरिक शिक्षक राकेश ने भी सभी खिलाड़ियों और पदक विजेताओं को हार्दिक बधाई दी। इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू और शिक्षा मंत्री ने सभी विजेता खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं।


विजेता खिलाड़ी अपने मेडल दिखाते हुए साथ मौजूद हैं कोच व अन्य।

**मुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री ने खिलाड़ियों को दी बधाई**

## वनडे सीरीज — भारत महिला त्रिकोणीय सीरीज में दक्षिण अफ्रीका की टीम से भिड़ंत

# भारत की निगाह फाइनल में जगह बनाने पर

**एजेंसी, कोलंबो**



भारत महिला त्रिकोणीय एकदिवसीय क्रिकेट शृंखला में बुधवार को यहां जब दक्षिण अफ्रीका की टीम से भिड़ेगा तो वह पिछले मैच में श्रीलंका से मिली हार से उबरकर फाइनल में अपनी जगह पक्की करने को उत्सुक होगा। हरमनप्रीत कौर और उनकी टीम का आठ मैचों की जीत का सिलसिला रविवार को मेजबान श्रीलंका से हार के साथ समाप्त हो गया।

भारतीय टीम हालांकि अब भी अपने बेहतर रन रेट के कारण फाइनल में पहुंचने की प्रबल दावेदार है लेकिन वह अपने अगले मैच में जीत हासिल करके इस मुकाम पर पहुंचना चाहेगी। भारतीय टीम तीन मुकाबलों में चार अंक हासिल करके अंक तालिका में शीर्ष पर है। वे दूसरे स्थान पर मौजूद श्रीलंका से आगे हैं, जिसके भी चार अंक हैं लेकिन उसका नेट रन रेट-0.166 है। भारत का नेट रन रेट 0.433 है। दक्षिण अफ्रीका की टीम ने अभी तक कोई मैच नहीं जीता है लेकिन उसे अभी दो मैच खेलने हैं और इनमें जीत हासिल करने पर वह भी फाइनल में जगह बना सकती है। इस शृंखला में भारत की बल्लेबाजी एक बड़ा सकारात्मक पक्ष रही है। सलामी बल्लेबाज प्रतिका रावल दो अर्धशतक सहित 163 रन बनाकर सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में शीर्ष पर हैं। अन्य बल्लेबाजों ने भी इसमें योगदान दिया है।

स्नेह राणा ने गेंदबाजी में कमान अच्छी तरह से संभाली है। उन्होंने तीन मैचों में 4.25 की इकोनॉमी से गेंदबाजी करते हुए 11 विकेट लिए हैं। राणा ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पिछले मैच में पांच विकेट लिए थे और वह उस प्रदर्शन को दोहराना चाहेंगी।

पहले दो मैचों में गेंदबाजों ने भारत को जीत दिलाई, लेकिन श्रीलंका के खिलाफ उनका प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा था। इस मैच में ऑलराउंडर काशवी गौतम केवल पांच ओवर करने के बाद मैदान से बाहर चली गई थी। कप्तान हरमनप्रीत ने हार के बाद कहा था, ''गेंदबाजी एक ऐसा क्षेत्र है जहां हमें सुधार करने की जरूरत है। आज मौके थे, लेकिन हम उनका फायदा नहीं उठा सके।''

जहां तक दक्षिण अफ्रीका का सवाल है तो उसकी टीम संघर्ष करती हुई नजर आ रही है। उसे पिछले नौ एकदिवसीय मैचों में से आठ में हार का सामना करना पड़ा है, जिसमें इस शृंखला के दोनों मैच भी शामिल हैं। दक्षिण अफ्रीका ने अपने पहले मैच में भारत के सामने कड़ी चुनौती पेश की थी लेकिन अगले मैच में उसे श्रीलंका से बुरी तरह हार का सामना करना पड़ा। (अनंत ज्ञान)

**सुबह 10 बजे शुरू होगा मैच**

### संभावित टीमें

**भारत :** प्रतिका रावल, स्मृति मंधाना, हरलीन देयोल, हरमनप्रीत कौर (कप्तान), जेमिमा रोड्रिग्स, ऋचा घोष, दीप्ति शर्मा, काशवी गौतम, अरुंधति रेड्डी, स्नेह राणा, नल्लापुरेड्डी चरणानी, यास्तिका भाटिया, अमनजोत कौर, तेजल हसबनिस, शुचि उपाध्याय।

**दक्षिण अफ्रीका :** लौरा वोल्वार्ड्ट (कप्तान), ताज़मिन ब्रिट्स, सुने लुस, एनेरी डर्कसन, लारा गुडॉल, नादिन डी क्लार्क, क्लो ट्रायॉन, सिनालो जाफ्ता , नॉनकुलुलेको म्लाबा, मसाबाता क्लास, अयाबोंगा खाका, कराबो मेसो, मियां स्मिट, नोंदुमिसो शंगासे, सेशनी नायडू ।

## सैफ अंडर-19 फुटबॉल चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम की घोषणा

**एजेंसी, इटानगर**



मुख्य कोच बिबियानो फर्नांडिस ने नौ से 18 मई तक अरुणाचल प्रदेश में होने वाली सैफ अंडर-19 फुटबॉल चैंपियनशिप के लिए 23 सदस्यीय भारतीय टीम की घोषणा की। भारतीय टीम के 25 संभावित खिलाड़ी 30 अप्रैल को इटानगर पहुंचे थे और बेंगलुरु में शुरुआती शिविर के बाद उपमहाद्वीपीय टूर्नामेंट से पहले शहर में ट्रेनिंग कर रहे हैं।

फर्नांडिस ने कहा, ''हमने ट्रायल के लिए पहुंचे लगभग 50 खिलाड़ियों के साथ बेंगलुरु में एक महीने से अधिक समय पहले शुरुआत की थी। उन्होंने कहा, ''मैं इन खिलाड़ियों को खोजने के लिए की गई स्काउटिंग की गुणवत्ता से बेहद खुश हूं। वहां से टीम बनाने की यह एक लंबी प्रक्रिया रही है।' भारत को नेपाल और श्रीलंका के साथ चैंपियनशिप के ग्रुप बी में रखा गया है और वह अपना अभियान नौ मई को गोल्डन जुबली स्टेडियम में श्रीलंका के खिलाफ शुरू करेगा। भारतीय टीम में गोलकीपर आरुष हरि, अहीबाम सूरज सिंह, रोहित। डिफेंडर में आशिक अधिकारी, ताखेलंबम बंगसन सिंह, जोड्रिक अब्रांचेस, मालेमंगंबा सिंह थोकचोम, मोहम्मद कैफ, सुमित शर्मा ब्रह्मचारिमयम, सोहम उतरेजा, रोशन सिंह थंगजाम। मिडफील्डर में डैनी मैतेई लैशराम, गुरनाज सिंह ग्रेवाल, मोहम्मद अर्बाश, निंगथौखोंगजाम ऋषि सिंह, सिंगमायम शमी।

फारवर्ड में अहोंगशांगबाम सैमसन, भरत लैरेनजाम, चफामायम रोहेन सिंह, ओमंग दोदुम, प्रशान जाजो, हेमनीचुंग लुंकिम, योहान बेंजामिन। मुख्य कोच में बिबियानो फर्नांडिस, सहायक कोच शफीक हसन एम, गोलकीपर कोच दीपांकर चौधरी, स्ट्रैंथ एवं अनुकूलन कोच चेल्स्टन पिंटो शामिल हैं। (अनंत ज्ञान)